दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :47
प्रतापगढ़ | गुरूवार ,19 दिसम्बर -2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

शंभू बॉर्डर पर बैठे किसानों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी से बातचीत करने से किया इंकार

▶▶ सुझाव और मांग के लिए कोर्ट के दरवाजे हमेशा खुले-सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आंदोलनकारी किसान अगर सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के सामने नहीं जाना चाहते हैं तो वे सीधे सुप्रीम कोर्ट आ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट उनकी बातों को सुनने के लिए तैयार है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत पर चिंता जताते हुए कल यानी 19 दिसंबर को फिर सुनवाई करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने कहा कि डल्लेवाल की ज़िंदगी बहुत महत्वपूर्ण है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर उनको कुछ होता है तो बहुत मुश्किल हो जाएगी। कोर्ट ने कहा कि डल्लेवाल को बचाने के लिए जो भी जरूरी कदम उठाने हों, मेडिकल हेल्प देना होगा, राज्य सरकार तत्काल कदम उठाए। इससे पहले 13 दिसंबर को भी कोर्ट ने कहा था कि पंजाब और केंद्र सरकार के प्रतिनिधि डल्लेवाल से मिलकर उन्हें आमरण अनशन तोड़ने के लिए समझाएं, पर अनशन तोड़ने के लिए किसी तरह की जबर्दस्ती न की जाए। कोर्ट ने कहा था कि प्रदर्शनकारी किसानों पर पुलिस बल का इस्तेमाल नहीं किया जाए। उन्हें गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन का अधिकार है। कोर्ट ने किसानों को भी नसीहत दी कि अपना प्रदर्शन शांतिपूर्ण बनाए रखें।

सुप्रीम कोर्ट ने 2 सितंबर को एमएसपी और अन्य मुद्दों पर किसानों की चिंताओं से संबंधित मामलों को लेकर पंजाब और हरियाणा के पूर्व जज जस्टिस नवाब सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी में जस्टिस नवाब सिंह के अलावा हरियाणा के पूर्व डीजीपी पीएस संधु, प्रोफेसर देवेंद्र शर्मा, पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. सुखपाल सिंह और चौधरी चरण सिंह एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, हिसार के कुलपति प्रोफेसर बीआर कंबोज शामिल हैं। कोर्ट ने कमेटी के चेयरपर्सन को निर्देश किया कि वो एक सदस्य सचिव की नियुक्ति करें जो पंजाब एवं हरियाणा सरकार से बैठकों के लिए समन्वय करेंगे और रिकॉर्ड का रखरखाव करें।

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने 10 जुलाई को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हरियाणा सरकार को एक हफ्ते में शंभू बॉर्डर के बैरिकेड्स खोलने का निर्देश दिया था। हरियाणा सरकार ने हाई कोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हरियाणा सरकार का कहना है कि कानून व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर उसने रास्ता बंद रखा हुआ है। हाई कोर्ट को ऐसा आदेश नहीं देना चाहिए।

कांग्रेस ने वर्षों तक अंबेडकर और एससी-एसटी समुदाय को अपमानित किया: नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस और उसका पारिस्थितिक तंत्र दुर्भावनापूर्ण झूठ से कई वर्षों के अपने कुकर्मों को छिपाने की कोशिश कर रहा है। भारत के लोगों ने बार-बार देखा है कि कैसे एक वंश के नेतृत्व वाली पार्टी ने डॉ. अंबेडकर की विरासत को मिटाने और एससी-एसटी समुदाय को अपमानित करने के लिए हर संभव गंदी चाल चली है।गृहमंत्री अमित शाह के मंगलवार को राज्यसभा में दिए गए एक बयान को कांग्रेस ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान बताया है। इसके चलते पार्टी के सदस्यों ने बुधवार को संसद के दोनों सदनों में हंगामा किया और कामकाज नहीं होने दिया। कांग्रेस के नेता देशभर में इसे मुद्दा बना रहे हैं। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने इसे कांग्रेस का झूठ करार देते हुए पलटवार करना शुरू कर दिया है। स्वयं प्रधानमंत्री ने भी अब इस मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला किया है।प्रधानमंत्री ने कहा, ÷अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान करने और एससी-एसटी समुदायों की अनदेखी करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया। उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से वे स्पष्ट रूप से स्तब्ध हैं, यही कारण है कि वे अब नाटकीयता में लिप्त हैं! दुख की बात है कि उनके लिए लोग सच्चाई जानते हैं।चरणबद्ध एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के खिलाफ कांग्रेस के पापों की सूची में कई विशेष शामिल हैं। डॉ. अंबेडकर को दो बार हराया गया, पंडित नेहरू ने उनके खिलाफ प्रचार किया और उनकी हार को प्रतिष्ठा का मुद्दा बनाया। उन्हें भारत रत्न देने से इनकार किया गया। उनके चित्र को सेंट्रल हॉल में गौरव का स्थान देने से इनकार किया गया। कांग्रेस कितनी भी कोशिश कर ले लेकिन वे इस बात से इनकार नहीं कर सकती की एसटी-एसटी समुदाय के खिलाफ सबसे भयानक नरसंहार उसके शासनकाल में हुए। वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद भी उन्होंने इन समुदायों को सशक्त बनाने का कोई प्रयास नहीं किया।मोदी ने कहा कि हमारी सरकार डॉ अंबेडकर के दृष्टिकोण को पूरा करने का अथक प्रयास कर रही है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकलना एसटी-एसटी अधिनियम को मजबूत करना, स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना और जितनी भी योजनाएं हैं उन्होंने गरीब और हाशिए पर गए लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

महाकुंभ के दौरान ट्रेनों में मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं - रेल मंत्रालय

नई दिल्ली, (हि.स.)। रेल मंत्रालय ने अगले साल जनवरी माह में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को ट्रेनों में मुफ्त यात्रा संबंधी खबरों का खंडन किया है। रेलवे ने कहा है कि महाकुंभ या किसी अन्य अवसर के दौरान मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं है।रेल मंत्रालय ने महाकुंभ मेले के दौरान मुफ्त यात्रा के बारे में भ्रामक रिपोर्टों पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया आउटलेट ऐसी रिपोर्ट प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा की अनुमति दी जाएगी।रेल मंत्रालय ने बयान में ऐसी खबरों को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा, ÷भारतीय रेलवे इन रिपोर्टों का स्पष्ट रूप से खंडन करता है, क्योंकि ये पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं।मंत्रालय ने बयान में यह भी याद दिलाया है कि भारतीय रेलवे के नियमों और विनियमों के तहत वैध टिकट के बिना यात्रा करना सख्त वर्जित है और यह दंडनीय अपराध है। इसमें कहा गया है, ÷महाकुंभ मेले या किसी अन्य अवसर के दौरान मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं है।बयान में कहा गया है कि भारतीय रेलवे महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों के लिए निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यात्रियों की अपेक्षित आमद को प्रबंधित करने के लिए विशेष होल्डिंग क्षेत्रों, अतिरिक्त टिकट काउंटरों और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थापना सहित पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है।उल्लेखनीय है कि महाकुंभ मेला 13 जनवरी, 2025 को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ शुरू होगा और 26 फरवरी, 2025 को महाशिवरात्रि के दिन संपन्न होगा।

आप सांसद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ीं, गोवा के सीएम की पत्नी ने 100 करोड़ की मानहानि का ठोका मुकदमा

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की पत्नी सुलक्षणा सावंत ने संजय सिंह के खिलाफ ?100 करोड़ का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। संजय सिंह ने इस महीने की शुरुआत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गोवा में कैश-फॉर-जॉब्स घोटाले में कथित तौर पर सुलक्षणा सावंत का नाम लिया था। सुलक्षणा सावंत ने संजय सिंह के खिलाफ गोवा के बिचोलिम में सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया।

उत्तराखंड में जनवरी से लागू होगी समान नागरिक संहिता, सभी तैयारियां पूरी

▶▶ समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा उत्तराखंड

▶▶ मुख्यमंत्री - जनसामान्य को सुगम सेवाएं देने के लिए पोर्टल और मोबाइल एप भी किया गया विकसित

देहरादून,(हि.स.)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता लागू होगी। समान नागरिक संहिता राज्य को संविधानिक दृष्टि से मजबूत बनाने के साथ-साथ सामाजिक और न्यायिक व्यवस्था में भी महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। इस दिशा में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उत्तराखंड यह कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा।मुख्यमंत्री धामी बुधवार को सचिवालय में आयोजित उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने धामी ने कहा कि राज्य सरकार अपने संकल्प के अनुसार समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया कि मार्च 2022 में नई सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही इस संबंध में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था, जिसका नेतृत्व सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई ने किया था। समिति की रिपोर्ट के आधार पर 7 फरवरी, 2024 को राज्य विधानसभा से समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च 2024 को अधिसूचित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने अब इस कानून की नियमावली भी तैयार कर ली है और सभी अधिकारियों को इस संहिता के प्रावधान लागू करने के लिए प्रशिक्षण देने का निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि जनसामान्य को सुगमता से सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी विकसित किया गया है, जो पंजीकरण व अपील जैसी सुविधाएं ऑनलाइन प्रदान करेगा। धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता उत्तराखंड में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण का एक बड़ा कदम होगा और यह कानून राज्य की सामाजिक दिशा को एक नया मोड़ देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना को प्रोत्साहित करेगा।

दिल्ली के बुजुर्गों के लिए केजरीवाल की संजीवनी स्कीम

▶▶ 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों का मुफ्त होगा इलाज

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। दिल्ली के हमारे सभी बुजुर्गों के लिए खुशख़बरी। दिल्ली में 60 साल से ज़्यादा उम्र के सभी नागरिकों का इलाज मुफ़्त होगा। ये केजरीवाल की गारंटी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बुढ़ापे में एक चीज सभी को तकलीफ देती है। जैसे जैसे उम्र बढ़ती है वैसे वैसे 100 बीमारियां आदमी को आकर घेर लेती हैं। सबसे बड़ी चिंता इलाद की होती है। ऐसे लोगों को भी जानता हूं जो अच्छे खासे परिवार से आते हैं। लेकिन उनके बच्चे उनका ख्याल नहीं रखते हैं। बुढ़ापे में मैंने अच्छे अच्छे परिवार के मां-बाप, बुजुर्गों को तड़पते देखा है। मां-बाप को उनके बच्चों ने छोड़ दिया। लेकिन आप चिंता मत करना आपका ये बेटा अभी जिंदा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रामायण में एक कहानी पढ़ते हैं न जब लक्ष्मण मूर्छित हुए थे तो हनुमान जी उनके लिए संजीवनी बूटी लेकर आए थे। आज दिल्ली के बुजुर्गों के लिए मैं संजीवनी योजना का ऐलान करने जा रहा हूं। आम आदमी पार्टी की यह योजना मुख्य रूप से बुजुर्गों के स्वास्थ्य और पेंशन पर केंद्रित होगी। संजीवनी योजना के तहत बुजुर्ग पेंशन बढ़ाई जा सकती है।अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज मैं देख रहा हूं कि दिल्ली के कोने कोने से सम्मानित बुजुर्ग हमारे बीच आए हुए हैं।

आज मैं जो घोषणा करने जा रहा हूं वो शायद भारत के इतिहास में कभी घोषणा नहीं की गई। केजरीवाल ने कहा कि हम बुजुर्गों का बहुत मान सम्मान करते हैं और आपकी वजह से आज हम हैं। देश को आप ही लोगों ने यहां तक पहुंचाया। 24 घंटे मेहनत करके अपने परिवार को पाला और समाज व देश को आगे बढ़ाया। अब बुढ़ापे में हमारा फर्ज बनता है कि हम आपका ख्याल रखें। हमने दिल्ली में श्रवण कुमार से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा शुरु की। इस योजना के तहत अब तक एक लाख बुजुर्ग देश के कोने कोने में तीर्थ यात्रा कर चुके हैं। इसमें रामेश्वर, शिरडी, अयोध्या, वृंदावन, अजमेर शरीफ, पूरी, द्वारकाधीश काफी सारे स्थान आते हैं। आप लोग वहां तीर्थ यात्रा करके आए सारा खर्च दिल्ली सरकार देती है। आपको आपके घर से एक बस आती है लेने के लिए। वहां से रेलवे स्टेशन पर एसी ट्रेन होती है और वहां आपकी पूरी खातिर की जाती है। रास्ते का पूरा सामान आपको एक थैले में दिया जाता है। जहां पहुंचते हैं वहां बस का इंतजाम रहता है।

बिहार में हाजीपुर के बाद एनआईए का मुजफ्फरपुर छापा

पटना, (हि.स.)। बिहार में हाजीपुर के बाद अब एनआईए की टीम ने मुजफ्फरपुर में छापा मारा है। कुढनी प्रखंड के मलकौनी गांव में सुबह एनआईए की टीम पहुंची और मुखिया नंदकुमार राय उर्फ भोला राय के आवास पर छापा मारा।सुबह पांच बजे से यह कार्रवाई चल रही है। टीम मुखिया भोला राय के घर का चप्पा-चप्पा खंगाल रही है। इस दौरान कैश और अन्य संदिग्ध चीजों के बरामद होने की सूचना है। पूर्व में मुखिया का बेटा एके-47 की बरामदगी पर जेल जा चुका है। एनआईए और पुलिस अधिकारी विवरण बताने से परहेज कर रहे हैं।इससे पहले 13 दिसंबर को एनआईए ने सीतामढ़ी के बाजपट्टी में एक मुर्गा बेचने वाले दुकानदार अब्दुल अलीम के घर छापा मारा था। टीम ने अब्दुल से कई घंटे तक पूछताछ की थी।

बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सैन्य अभ्यास के दौरान ब्लास्ट में सेना के दो जवानों की मौत, एक घायल

जयपुर, (हि.स.)। राजस्थान के बीकानेर स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के नॉर्थ कैंप में बुधवार को सैन्य अभ्यास के दौरान तोप से फायर करते समय हुए ब्लास्ट में दो जवानों की मौत हो गई जबकि एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल जवान को सूरतगढ़ के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि यह हादसा चार्ली सेंटर पर उस वक्त हुआ जब सैनिक गोला-बारूद लोड कर रहे थे। चार्जर में अचानक विस्फोट होने से तीन जवान इसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में जान गंवाने वाले दोनों सैनिकों के नाम और रैंक की जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।उल्लेखनीय है कि महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चार दिनों के भीतर यह दूसरा बड़ा हादसा है। दोनों घटनाओं में कुल तीन जवानों की जान गई है।

बीते रविवार को फायरिंग रेंज के ईस्ट कैंप में भी युद्धाभ्यास के दौरान एक जवान की मौत हो गई थी। आर्टिलरी 199 मीडियम रेजिमेंट में तैनात हवलदार चंद्र प्रकाश पटेल (31) निवासी मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश, तोप को टोइंग वाहन से अटैच कर रहे थे। इस दौरान तोप फिसल गई और चंद्र प्रकाश उसके और वाहन के बीच में फंस गए। गंभीर हालत में उन्हें सूरतगढ़ आर्मी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चंद्र प्रकाश 13 वर्षों से सेना में सेवा दे रहे थे। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज सेना के अभ्यास के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां नियमित तौर पर तोप और अन्य हथियारों का परीक्षण किया जाता है। सेना और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी होंगे एक राष्ट्र एक चुनाव समिति में शामिल-सूत्र

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। सूत्रों ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव समिति में लोकसभा से प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी, सुखदेव भगत और राज्यसभा से रणदीप सुरजेवाला शामिल होंगे। मंगलवार को तीखी बहस के बाद लोकसभा में एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था वाले दो विधेयक पेश किए गए। विपक्ष ने इस कदम को तानाशाहीपूर्ण बताया जबकि कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह कानून राज्यों को प्राप्त शक्तियों से छेड़छाड़ नहीं करेगा।केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने करीब 90 मिनट की बहस और मत विभाजन के बाद संविधान (129वां संशोधन) विधेयक लोकसभा में पेश किया। विधेयक के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 सदस्यों ने मतदान किया।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मनीष तिवारी ने विधेयक को संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि अनुसूची 7 से परे मूल ढांचा है जिसे बदला नहीं जा सकता और विचाराधीन विधेयक संविधान पर हमला है।उन्होंने विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की। तिवारी के विरोध के बाद कई अन्य विपक्षी दलों ने भी यही रुख अपनाया कि यह विधेयक संविधान की भावना के खिलाफ है। सपा नेता धर्मेंद्र यादव, टीएमसी के कल्याण बनर्जी और डीएमके के टीआर बालू, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी उन प्रमुख नामों में शामिल थे जिन्होंने विधेयक का विरोध किया।

विधानसभा घेरने जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ, (हि.स.)। उप्र विधानसभा घेरने के लिए जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर अस्थाई रुप से इकोगार्डन में बनाये गये जेल भेज दिया। कांग्रेस नेता जैसे ही तय समय पर प्रदेश कार्यालय से विधानसभा घेराव करने के लिए निकले, वैसे ही पुलिस अधिकारियों ने प्रदेश कार्यालय पर ही उन्हें रोक लिया।

इसके बाद काफी देर तक तूं-तूं, मैं-मैं हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और राष्ट्रीय महासचिव व उप्र प्रभारी अविनश पांडेय ने कहा कि सरकार प्रशासन के दम पर लोकतंत्र का गला घोंट रही है। यहां किसी को आवाज उठाने की भी इजाजत नहीं है।उधर दूसरी तरफ यूपी कांग्रेस के विधानसभा घेराव को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा में फूट हो चुकी है।

संभल मामले में भी दो धड़ों में सपा और कांग्रेस बंटे नजर आ रहे हैं। सपा और कांग्रेस दोनों जनाधार खो चुके हैं। इनको जनता भी समझ चुकी है। आने वाले चुनाव में ये शून्य पर सिमट जाएंगे।उधर, कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमें अपनी बात रखने और प्रदर्शन करने का अधिकार है। प्रदर्शन में सपा के साथ होने की बात पर उन्होंने कहा इस बारे में हमसे मत पूछें। ज्ञात हो कि कांग्रेस पार्टी के विधानसभा घेराव के ऐलान के बाद कांग्रेसी नेताओं का लखनऊ पहुंचना शुरू हो गया है। इस दौरान उन्हें रोकने के लिए जिलों में कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है और जगह-जगह बैरिकेडिंग कर दी गई है। वहीं, लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय के बाहर आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के जवानों की तैनाती कर दी गई है।इसके पहले बुधवार सुबह जैसे ही कांग्रेसी नेताओं का लखनऊ पहुंचना शुरू हुआ। उन्हें रोकने के लिए जिलों में कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है और जगह-जगह बैरीकेडिंग कर दी गई। लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय के बाहर आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के जवानों की तैनाती कर दी गई। कांग्रेस कार्यालय के बाहर मौजूद नेताओं की गिरफ्तारी की तैयारी शुरू कर दी गई।इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि नुकीली बैरीकेडिंग लगाकर प्रशासन हमारे कार्यकर्ताओं को रोक रहा है। ये %भाले% हमारे कार्यकर्ताओं को गंभीर चोट पहुंचाएंगे। ऐसा पहली बार हो रहा है। ये सरकार हमारे कार्यकर्ताओं को मारना चाहती है। हमारे कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा है लेकिन हम इस सबके बाद भी विधानसभा में प्रवेश करेंगे।

जियाउर्रहमान बर्क अपनी गिरफ्तारी पर रोक के लिए पहुंचे इलाहाबाद हाईकोर्ट, दायर की याचिका

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने बुधवार को संभल हिंसा मामले में अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।अपनी याचिका में उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है।बर्क ने दलील दी कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया, तो यह अपूरणीय क्षति साबित होगी।संभल हिंसा में जियाउर्रहमान बर्क आरोपी हैं। अब शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई होगी।बता दें कि संभल हिंसा को लेकर सात एफआईआर दर्ज की गई हैं। सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। दोनों पर संभल हिंसा भड़काने का आरोप है।एसपी कृष्णा बिश्नोई ने बताया था कि संभल हिंसा मामले में अब तक 27,00 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। संभल के समाजवादी पार्टी से सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज है।बर्क ने 29 नवंबर को आईएएनएस से बातचीत में कहा था, हम सर्वोच्च न्यायालय इसलिए गए थे, क्योंकि हमें उम्मीद थी कि इंसाफ जरूर मिलेगा। कोर्ट ने अच्छा आदेश दिया है। निचली अदालतों में सुनवाई पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा, सर्वे की रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखने को कहा गया है।

मां गंगा की तीन धारा को एक धारा में प्रवाहित कर भगीरथ बना योगी सरकार का सिंचाई विभाग

संगम नोज पर श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में स्नान की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ एक धारा में प्रवाहित हो रहीं मां गंगा

➪सीएम योगी के निर्देश पर तकनीक और विशेषज्ञों की मदद से लौटा मां गंगा का वास्तविक स्वरूप, पहले भी एक ही धारा में बहती थीं मां गंगा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिव्य और भव्य महाकुम्भ को आयोजित कराने के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने अपनी कड़ी मेहनत से जो सफलता प्राप्त की है, वह सचमुच में %भगीरथ प्रयास% की याद दिलाती है। अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए घोर तपस्या करके भगीरथ मां गंगा को धरती पर लेकर आए थे। वहीं वर्तमान में विभिन्न कारणों से अपने प्राकृतिक स्वरूप से तीन धाराओं में बँटी मां गंगा को एक धारा में प्रवाहित करके सिंचाई विभाग ने %भगीरथ% की भूमिका निभायी है। प्रयागराज में शास्त्री ब्रिज से लेकर संगम नोज तक मां गंगा तीन धाराओं में विभाजित हो गई थीं, जिससे न केवल पवित्रता प्रभावित हो रही थी, बल्कि महाकुम्भ के आयोजन में भी कठिनाइयां आ रही थीं। ऐसे में दोबारा एक धारा में प्रवाहित कर मां गंगा को वास्तविक स्वरूप प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ को दिव्य-भव्य आयोजित कराने एवं श्रद्धालुओं को संगम पर सुगम स्नान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिये थे। ऐसे में महाकुम्भ में आने वाले करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए संगम नोज पर तीन धाराओं में बह रहीं मां गंगा को एक धारा में प्रवाहित करने की रणनीति तैयार की गयी। इससे मां गंगा के तट पर ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को एक साथ स्नान की सुविधा मिलने के साथ पहली बार तीन अलग-अलग जगह स्नान की जगह एक ही स्थान पर स्नान की सुविधा मिलेगी। मेले की सुचारू व्यवस्था के लिए गंगा नदी के प्रवाह को एकरूप करना बहुत आवश्यक था। शास्त्री ब्रिज से लेकर संगम नोज तक मां गंगा तीन धाराओं में बटी हुई थी, जिससे मेला क्षेत्र सीमित और अव्यवस्थित होता जा रहा था। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस चुनौती से निपटने के लिए मां गंगा की बायीं और दायीं धाराओं को एक प्रवाह में लाने की योजना बनाई गई।

योजना को साकार करने के लिए आईआईटी गुवाहाटी के विशेषज्ञ टीम की मदद ली गई। सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर संगम क्षेत्र के मां गंगा प्रवाह के विस्तार के लिए तीन विशाल ड्रेजिंग मशीनों को लगाया गया है। शुरुआत में मां गंगा का तेज प्रवाह और ऊंचा जल स्तर इस कार्य में सबसे बड़ी बाधा साबित हो रहा था। इससे ड्रेजिंग मशीनों को तेज धारा में स्थिर रखना और नदी की दोनों धाराओं को बीच की धारा में मिलाना कठिन हो रहा था। इस पर शास्त्री ब्रिज के पास तीनों ड्रेजरों को अलग-अलग बिंदुओं पर लगाया गया। इसके साथ ही मेला क्षेत्र को विस्तार देने के लिए बालू की आवश्यकता थी। काम के दौरान मां गंगा की प्रबल धारा के कारण भारी-भरकम ड्रेजिंग मशीनें बार-बार अस्थिर हो रही थीं। डिस्चार्ज पाइप मुड़ जाते और मशीनों को नियंत्रित करना कठिन हो जाता। टीम ने इन चुनौतियों का सामना करने के लिए बड़े एंकरों और पॉटून ब्रिज का सहारा लिया। मोटे रस्सों का उपयोग कर ड्रेजरों को नदी के किनारों से स्थिर रखा गया।

करीब 22 हेक्टेयर अतिरिक्त जगह मिली, एक साथ स्नान कर सकेंगे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

प्रयागराज। ड्रेजिंग कार्य तीन शिफ्टों में युद्धस्तर पर किया गया। जब तेज प्रवाह के कारण एक ड्रेजर का स्पड (समर्थन पिन) क्षतिग्रस्त हो गया और दूसरा किनारे की ओर धकेल दिया गया, तब भी टीम ने धैर्य नहीं खोया। उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन और टीम के दृढ़ संकल्प से कार्य लगातार प्रगति करता रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सलाह पर चौथे ड्रेजर को तैनात किया गया, जिससे कार्य की गति और गुणवत्ता में सुधार हुआ। अंततः अथक परिश्रम और समर्पण से गंगा की तीन धाराओं को एक प्रवाह में समाहित कर दिया गया। संगम क्षेत्र का सर्कुलेशन एरिया अब पहले से कहीं अधिक विस्तृत और सुव्यवस्थित है।

वर्तमान में मां गंगा के एक धारा में प्रवाहित होने से मेला क्षेत्र को करीब 22 हेक्टेयर अतिरिक्त जगह मिली है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक साथ एक जगह पर स्नान कर सकेंगे। इस जगह को समतल करने के लिए पांच लाख मीट्रिक टन बालू की व्यवस्था की गयी।

आशा डेंटल केयर द्वारा आर ए एफ कैंप में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

101 RAF के 35 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क दन्त चिकित्सा शिविर

लोकमित्र ब्यूरो

फाफामऊ। 101 आर.ए.एफ के 35वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कैम्प परिसर के युनिट अस्पताल में निःशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट-101 आर.ए.एफ. के नेतृत्व में आशा हेल्थ एण्ड वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से किया गया।निःशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन आशा दन्त चिकित्सालय शान्तिपुरम के डॉ. अंशुल शुक्ला व उनकी टीम द्वारा किया गया, जिसमें 101 क्र.स्व. के जवानों एवं उनके परिवारजनों के दाँतों की जाँच की गयी और निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया।उक्त अवसर पर 101 बटालियन के कमाण्डेन्ट महोदय ने डॉ. अंशु शुक्ला (B.D.S,M.I.D.S) व उनकी टीम का विशेष आभार प्रकट किया एवं उन्हे पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और कहा कि भविष्य में भी इसी तरह बटालियन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहेगा।इस अवसर पर डॉ. अशोक कुमार (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), टी.एन. सिंह (उप0कमा0), सुमन पाल (सहा0कमा0), संजीव कुमार, (सहा0 कमा0), राम चन्द्र राम (सहा0 कमा0), मो0 इमरान, (सहा0 कमा0), अधीनस्थ अधिकारी, कार्मिक एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

विधि विधान से किया गया उदासीन आश्रमों का भूमिपूजन

प्रयागराज। विगत कुंभ में मेले का मुख्य आकर्षण रहे श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक (म.प्र.) उदासीन संगत ऋषि आश्रम रानोपाली अयोध्या एवं श्री हरिहर उदासीन आश्रम नई दिल्ली का आज भूमि पूजन विधि विधान के साथ कुंभ मेला क्षेत्र लोअर संगम मार्ग सेक्टर-19 झूसी के निकट पैंसठ हजार स्क्वायर फीट के परिक्षेत्र में संपन्न हुआ। भूमि पूजन पारंपरिक मान्यताओं और उदासीन परंपरा का निर्वहन करते हुए महंत श्री भरत दास जी महाराज के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। जिसमें उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा के मुखिया महंत श्री दुर्गा दास जी महाराज, महंत अद्वैतानंद जी महाराज, महंत रामनौमी दास जी महाराज, श्री महंत धर्मेंद्र दास जी महाराज, महंत श्री कश्यप दास जी महाराज, महंत श्री सर्वज्ञ मुनि जी महाराज, श्रीमान् ज्ञानेश कमल जी महाराज, निर्वाण श्री राजाबाबा जी एवं हजारों संत भक्तों की सन्निधि में विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। अयोध्या का सुविख्यात रानोपाली आश्रम आजकल मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का अयोध्या यात्रा का अस्थाई आवास के रूप में विख्यात है। इसी आश्रम में रहकर मुख्यमंत्री ने श्री राम मंदिर का निर्माण करवाया है। ये तीनों शिविर 10 जनवरी से सुचारू रूप से प्रारंभ हो जाएंगे। जिसमें विशाल अनक्षेत्र, नियमित भण्डारा, सत्संग-भजन, त्रिदेव आराधना, महादेव का रुद्राभिषेक, चंडी यज्ञ सहित नित्य पूजन संस्कार और भगवान श्री चंद्रदेव जी महाराज की नित्य पारंपरिक आराधना आरती पूजन सभी संतों भक्त जनों के मध्य संपन्न होगा। परंपरा के अनुसार यह शिविर तपस्वी संतो एवं योगी जनों की साधना का मूल स्थान है। इस स्थान की गरिमा कुंभ क्षेत्र का सदा से आकर्षण रही है। इन शिविरों में उदासीन मान्यताओं के अनुसार दान-धर्म को सर्वोपरि मानते हुए सभी आयोजन परंपरा अनुरूप होते हैं।

विश्व के सभी देशों को आकर्षित कर रहा कुंभ मेला- प्रो. आशीष सक्सेना

जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग द्वारा विशिष्ट व्याख्यान आयोजित

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग द्वारा कुम्भ मेला के समाजशास्त्रीय आयाम विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमे रिसोर्स पर्सन प्रोफेसर आशीष सक्सेना विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय रहे। अपने व्याख्यान में प्रोफेसर सक्सेना ने कुम्भ मेला के समाजशास्त्री आयाम पर महत्वपूर्ण विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने सामाजिक आर्थिक राजनीतिक एवं धार्मिक आयाम की चर्चा की। प्रोफेसर सक्सेना ने बताया कि कुम्भ मेला भारतीय समाज को विश्व धरातल पर ऊंचाईयों पर ले जाने का काम कर रहा है। साथ ही विश्व के सभी देशों को भारतीय समाज की तरफ आकर्षित भी कर रहा है। इसके अतिरिक्त प्रोफेसर सक्सेना ने मिश्रित संस्कृति, लघु परंपरा, वृहद परंपरा, इलीट कैनोपी, कल्पवास इत्यादि बातों की चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर आशिमा घोष के स्वागत भाषण से हुआ। समाजशास्त्र विभाग की संयोजिका प्रोफेसर नंदिनी मुखर्जी ने प्रोफेसर आशीष सक्सेना का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन समाजशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ शालिनी सिंह ने दिया। समाजशास्त्र विभाग के डॉ अनुज वर्मा एवं डॉ ऐश्वर्य सिंह नए कार्यक्रम में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं अंतराल एवं सुहानी ने किया।

कार्यक्रम में महविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं डॉ शिखा दीक्षित, डॉ काजल देव, डॉ आशीष मिश्रा, डॉ नम्रता देवी, डॉ फातिमा नूरी, डॉ प्रो प्रेमा द्विवेदी इत्यादि मौजूद रहे।

करियर काउंसलिंग के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में कैरियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा एक तीन दिवसीय क्रोशिया कार्यशाला का शुभारंभ आज किया गया। कार्यशाला की प्रमुख प्रशिक्षिका सेंटर फॉर फैशन डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की सुश्री नीलम सिंह और सुश्री अनामिका मिश्रा रहीं।

प्राचार्या प्रो आशिमा घोष ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला का संयोजन कैरियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डॉ रमा गुप्ता ने किया। कार्यशाला में छात्राओं को क्रोशिया के रोजगार अवसरों के बारे में बताया गया और छात्राओं ने क्रोशिया चलाना और छोटे-छोटे उत्पाद बनाना सीखा।

कार्यक्रम मे डॉ रीना यादव, प्रो. काजल देब, डॉ माधुरी राठौर , डॉ फातिमा नूरी और डॉ अंजलि शिवहरे उपस्थित रहीं।

बेरोजगारों को शिविर के जरिए कराएंगे उपलब्ध रोजगार

जिले के विभिन्न इंटर कॉलेज में 23 दिसंबर से 20 जनवरी तक लगेगा शिविर

प्रयागराज। जिला विद्यालय निरीक्षक पी0 एन0 सिंह ने बताया है कि जनपद के सभी इंटर कॉलेज में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु तिथिवार शिविर का आयोजन किया जायेगा।

डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय ने बताया कि एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है, जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर व आफिसर ग्रेड की नियुक्ति की जायेगी।

प्रत्येक इंटर कॉलेज में तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां इंटर कॉलेज स्तर पर निर्धारित की गई है। जिसमें इंटर कॉलेज 1. शिवाजी इंटर कॉलेज सहसों प्रयागराज में 23 व 24 दिसंबर को, 2. पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज भूपतपुर सहसो प्रयागराज में 25 व 26 दिसंबर को, 3. सीताराम सिंह इंटर कॉलेज बाबूगंज फूलपुर प्रयागराज में 27 व 28 दिसंबर को, 4. श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा प्रयागराज में 29 दिसंबर व 6 जनवरी को, 5. के0वी0एम0 इंटर कॉलेज कमला नगर प्रयागराज में 7 व 8 जनवरी को, 6. लाला जांगीलाल इंटर कॉलेज कोहडार मेजा प्रयागराज में 9 व 10 जनवरी को, 7. रामानुज इंटर कॉलेज कोहडार मेजा प्रयागराज में 11 व 12 जनवरी को, 8. आर0 पी0 रस्तोगी इंटर कॉलेज मलाक हरहर सहसों प्रयागराज में 13 व 16 जनवरी को, 9. सरस्वती देवी परमानंद सिन्हा इंटर कॉलेज सरस्वती पुरम कौड़ीहार प्रयागराज में 17 व 18 जनवरी को, 10. मेवालाल अयोध्या प्रसाद इंटर कॉलेज सोरांव प्रयागराज में 19 व 20 जनवरी को, शिविर का आयोजन किया जाएगा। जौनपुर ट्रेनिंग सेंटर के इंचार्ज डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय बताया कि सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर और ऑफिसर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच, वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। वही सुपरवाइजर और अधिकारी के लिए इंटर और बीए पास होना चाहिए और लंबाई 170 सेंटी मीटर और उम्र 19 से 40 वर्ष जो देखने में होनहार हो। ऐसे इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथियों पर अपनी सुविधानुसार संबंधित इंटर कॉलेज में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350 रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें सरकारी और गैर सरकारी जगहों के तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा।

कांग्रेस नेता वीरेंद्र शर्मा के निधन पर शोक की लहर

नैनी (प्रयागराज)। नैनी निवासी जन समस्याओं को लेकर निरंतर ही संघर्षरत रहने वाले शहर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज में निवर्तमान शहर सचिव पंडित वीरेंद्र शर्मा के आकस्मिक निधन पर नैनी सहित शहर कांग्रेस कमेटी में शोक की लहर, इसी परिपेक्ष्य में शहर कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने भी शोक जताया है।

भारतीय पत्रकार संघ की बैठक 20 को

नारीबारी (प्रयागराज)। भारतीय पत्रकार संघ के बारा एवं यमुनापार इकाई की एक बैठक एसआर के गुरुकुलम विद्यालय नारीबारी में 20 दिसंबर को अपराह्न एक बजे आयोजित किया जाएगा।

जूना अखाड़े का ऐलान, गैर सनातनियों को नहीं मिलेगा कुंभ मेला में प्रवेश

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुंभ मेले में आए अखाड़ों ने सनातन धर्म की शुचिता और शुद्धता को बनाए रखने के लिए कुछ नियम तय किए हैं। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों को महाकुंभ मेले में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। साथ ही इस उल्लंघन के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

प्रयागराज महाकुंभ एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गया है। महाकुंभ में गैर सनातनियों की एंट्री पर अखाड़ा परिषद द्वारा रोक लगाए जाने के बाद अब नागा संन्यासियों ने भी इस पर अपनी गाइडलाइन जारी की है। इस गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागा संन्यासियों ने फरमान जारी किया है कि वे महाकुंभ क्षेत्र में केवल उन्हीं आगंतुकों को प्रवेश देंगे जिनके माथे पर तिलक और कलाई में कलावा होगा। जूना अखाड़े के नागा संन्यासी शंकर भारती ने कहा कि हिंदू धर्म को भ्रष्ट करने वाली घटनाओं के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। उनका कहना है कि धर्म की शुचिता की रक्षा के लिए यह गाइडलाइन लागू की गई है, जो लोग इसका उल्लंघन करेंगे, उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। नागा संन्यासियों ने यह भी कहा कि अखाड़ों के सभी प्रवेश द्वारों पर पुलिस तैनात किए जाएंगे, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि इस गाइडलाइन का पालन हो। अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उसे दंडित किया जाएगा। जूना अखाड़े की महिला संन्यासी दिव्या गिरी ने इस गाइडलाइन का समर्थन करते हुए कहा कि महिला संन्यासियों के अखाड़ों में भी यही व्यवस्था लागू होगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अखाड़े के बाहर एक महिला संत तैनात रहेंगी, जो माथे पर तिलक लगाकर ही लोगों को प्रवेश देंगी।नागा संन्यासियों ने स्पष्ट किया कि यह कदम भारतीय संस्कृति और संगम नगरी की पवित्रता को बचाने के लिए उठाया गया है। नागा संन्यासियों ने यह भी कहा कि उनके अखाड़े और इससे जुड़े संत पूरे मेला क्षेत्र पर नजर रखेंगे। अगर कोई भी गैर सनातनी हमारी संस्कृति के साथ खिलवाड़ करता है या मेला क्षेत्र में प्रवेश करता है तो उसे पकड़ कर सख्त सजा दी जाएगी। नागा संन्यासियों का कहना है कि वे खुद इस मुद्दे पर कार्रवाई करने में सक्षम हैं। इससे पहले भी अखाड़ा परिषद ने गैर सनातनियों का महाकुंभ में प्रवेश वर्जित करने की घोषणा की थी। अब नागा संन्यासियों ने भी इसका समर्थन किया है और इसे लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं।

शिक्षा सेवा चयन आयोग पर अभ्यर्थियों ने दिया धरना

टीजीटी-पीजीटी के 25 हजार रिक्त पदों को विज्ञापन में जोड़ने सहित कई अन्य मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

प्रयागराज। टीजीटी-पीजीटी के 25000 रिक्त पदों को विज्ञापन में जोड़ने, आफिशियल परीक्षा तिथि घोषित करने तथा असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के पोर्टल खोलने को लेकर युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सचिव को सौंपा गया। अनिल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग पर सैकड़ों प्रतियोगियों ने धरना दिया और सचिव से मुलाकात कर 25000 रिक्त पड़े पदों को विज्ञापन में जोड़ने, पोर्टल खोलने व आफिशियल परीक्षा तिथि घोषित करने की मांग की।

इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन आयोग के सचिव को सौंपा गया। सचिव ने आश्वासन दिया कि दो दिन के अंदर आफिशियल परीक्षा तिथि घोषित कर दी जाएगी। इसके लिए प्रक्रिया जारी है। सचिव ने अधियाचन व 25000 सीट वृद्धि को लेकर बैठक में विचार करने व शासन की सहमति पर निर्णय लेने की बात कही। प्रभाकर सिंह परिहार ने कहा कि एक भर्ती कराने में आयोग को तीन से चार वर्ष लग जाते हैं जिससे छात्रों का मानसिक,आर्थिक परेशानी होती है। विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के चलते छात्रों को समुचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में 25000 रिक्त पदों का आंकड़ा पेश किया था, लेकिन रिक्त पदों पर भर्ती कब होगी यह अस्पष्ट है बेहतर यही होगा कि विज्ञापन 2022 में सभी रिक्त पदों को जोड़कर आयोग को परीक्षा करानी चाहिए। युवा मंच के अर्जुन कुमार व अजय कुमार ने बताया कि सरकार यदि रिक्त पदों को भरने के लिए गंभीर है तो विज्ञापन में सीट जोड़ कर भर्ती प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाए। इस अवसर पर युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अनिल सिंह, विनय कुमार मौर्य, अमित पांडेय, जेबी पटेल, पूनम सिंह, अखिलेश त्रिपाठी, सत्येंद्र, मनोज, उदय सिंह, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

डीपीएस प्रांगण में वार्षिक खेल दिवस के साथ इंटर डीपीएस नेशनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

नैनी(प्रयागराज)। मंगलवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रयागराज ने अपने प्रांगण में विगत दो दिनों से चल रहे बास्केटबॉल टुर्नामेंट का समापन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से किया। डी0पी0एस0 प्रयागराज सदैव से ही अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध रहा है। आत्मविश्वास और कठिन अभ्यास से गायन ,वादन और देवों के देव देवाधिदेव महादेव के जीवन से संबंधित नृत्य नाटिका ने संगम के तट पर स्थित इस पवित्र प्रांगण में बैठे जनसमूह को अभिभूत कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुश्री मंजु रानी चौहान (इलाहाबाद उच्च न्यायालय) , विशिष्ट अतिथि- सुश्री नीता विजय कुमार (ज्वाइंट डाइरेक्टर डी०पी० एस0 सोसाइटी ,न्यू दिल्ली) के करकमलों से दीप प्रज्ज्वलन के साथ आरंभ हुआ। विद्यालय के सभी छात्रों ने उत्साह और उमंग के साथ अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अध्यक्षा माननीया सोनू सिंह , प्राचार्या डॉ सुजाता सिंह, के मार्गदर्शन में प्रस्तुत इन विविध कार्यक्रमों को देख कर उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो उठा। बास्केटबॉल टूर्नामेंट में विजेता टीम डीपीएस वसन्त कुंज, प्रथम रनर-अप डीपीएस फरीदाबाद और द्वितीय रनर-अप डीपीएस बोकारो स्टील सिटी को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी टीमों ने खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया।। सभी टीमों ने ईमानदारी से खेल में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सबको मुग्ध कर लिया।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ सुजाता सिंह ने सबका धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने प्रेरणास्पद वक्तव्यों द्वारा बच्चों को जीवन में खेल के महत्व को समझाते हुए समूह में परस्पर प्रेम सहयोग की भावना पर बल दिया, जिससे जीवन पथ पर सुगमता से अग्रसर होते हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की सीख दी।

पाला पड़ने के आसार, किसान आलू की फसल में बरतें सावधानी

नवल किशोर मिश्र

होलागढ़ (प्रयागराज)। सोरांव क्षेत्र आलू की फसल का गढ़ माना जाता है। अभी तक किसानों की मुख्य फसल आलू की खेती बहुत अच्छी है। किंतु बीते एक सप्ताह से शाम, सुबह और रात में गलन बढ़ गयी है। जिससे तापमान दिनोंदिन गिरता जा रहा है। कम तापमान पर ही पाला का असर होता है।

पाला के असर से आलू की खेती खराब हो जाती है। झुलसा रोग भी बढ़ने लगता है। ऐसे मे किसान आलू की फसल को पाला लगने से बचाने के उपाय करना शुरू कर दें। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) मनीष अग्रहरि एवं बीटीएम सुशील कुमार पटेल ने बताया कि आलू की फसल में नियमित ताजे पानी से सिंचाई करें। प्रतिदिन निरीक्षण करते रहें। सल्फर अथवा राख का छिड़काव् करें। खेत के पास धुँआ करें। यदि झुलसा लगना शुरू हो जाय तो कार्बेंडाजिम और माइक्रोजेल अर्थात एम पैंतालिस का एक प्रतिशत छिड़काव् करें। हालाँकि बीटीएम सुशील कुमार पटेल ने बुधवार को पंचायत भवन काशीपुर के पास बोई गयी किसानों के आलू की खेती का निरीक्षण किया। बताया कि अभी तक आलू की फसल अच्छी है।

शिशिरोत्सव कार्यक्रम के पांचवें दिन कथक नृत्य, लोक गीत एवं गजल तथा हास्य कला और संस्कृति का अद्भुत संगम

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। भरवारी स्थित भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में इन्फोसिस फाउंडेशन बेंगलुरु एवं भारतीय विद्या भवन प्रयागराज केंद्र द्वारा आयोजित शिशिरोत्सव कार्यक्रम के पांचवें दिन कथक नृत्य, गजल,लोक गीत और कॉमेडी के माध्यम से कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि संदीप सक्सेना एवं विशिष्ट अतिथि नागा लक्ष्मी राव के मां सरस्वती के माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुई। इसके बाद नृत्यांगना पूजा अग्रवाल ने कथक नृत्य की पहली पेशकश दी, जिन्होंने ऑडिटोरियम में बैठे लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। भारतीय विद्या भवन बेंगलुरु की संयुक्त निदेशक एवं आज के कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि नाग लक्ष्मी राव एवं गोविंद कुलकर्णी ने बताया कि कथक नृत्य उत्तर भारतीय शास्त्रीय नृत्य है जिसको कथक नृत्यिका पूजा अग्रवाल ने बेहतरीन एवं अत्यंत ही मनमोहक एवं अभूतपूर्व तरीके से किया। दर्शकों ने नृत्य का भरपूर आनंद लिया। इसके अलावा, गजल गायक जलज श्रीवास्तव ने अपनी मधुर आवाज में गजल प्रस्तुति दी।गजल गायक की प्रस्तुति ने ऑडिटोरियम में बैठे समस्त श्रोता गणों को अद्वितीय अनुभव प्रदान किया।उनकी मधुर आवाज एवं गजलों की गहराइयों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में लोक गीत गायक उमेश कनौजिया एवं उनके ग्रुप द्वारा लोकगीत प्रस्तुत की गई।लोक गीत की विविधता हमारी संस्कृति की समृद्धि को दर्शाती है।गीतों के माध्यम से सभी दर्शकों को ये बताने की कोशिश की गई कि लोक गीतों का महत्व हमारी संस्कृति को बनाए रखने में है। कार्यक्रम के अंत में, स्टैंडअप कॉमेडियन के रूप में अमित शर्मा ने अपनी हास्य भरी प्रस्तुति से दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।कार्यक्रम के दौरान पूरा ऑडिटोरियम दर्शकों की तालियों से गुंजायमान रहा। इस कार्यक्रम में भरवारी के विभिन्न क्षेत्रों से आए दर्शकों,छात्रों एवं अभिभावकों ने भाग लिया और कला और संस्कृति के इस अद्भुत संगम का आनंद लिया।

कार्यक्रम के बीच में भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी के कक्षा 8 के छात्र विष्णु गुप्ता ने योग एवं साधना के माध्यम से आंख पर काली पट्टी बांधकर किताबों को पढ़ दिया एवं हाल में बैठे लोगों के कपड़ों के रंगों को बताने लगा जो कि अत्यंत ही आश्चर्य कर देने वाली बात थी।छात्र के इस तरह के अदभुत कारनामे से ऑडिटोरियम में बैठे सभी लोगों ने खड़े होकर बच्चे की अदभुत कला का सम्मान किया एवं ताली बजाई।भवंस मेहता विद्याश्रम के इस छात्र को अनेकों प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुका है। इन्फोसिस द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए मुख्य अतिथि एवं निदेशक संदीप सक्सेना ने इन्फोसिस फाउंडेशन तथा बेंगलुरु से पधारी नागा लक्ष्मी राव, गोविंद कुलकर्णी एवं विजय पारीजा के विशेष योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं बधाई दी जिन्होंने इस कार्यक्रम को इतनी सफलता पूर्वक आयोजित करने में सहयोग प्रदान किया।आज के कार्यक्रम को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।ज्ञात हो कि उक्त कार्यक्रम 20 दिसंबर तक लगातार चलता रहेगा।कार्यक्रम के उपरांत समस्त कलाकारों एवं उनकी टीम को भवंस मेहता विद्याश्रम के सीनियर अध्यापकों में अवधेश मिश्र,विवेक केशरवानी,पूनम सिंह,साहिबा जरीन,विवेक शंकर चतुर्वेदी,शिवम केसरवानी,सूरज मिश्र एवं रवि नारायण उपाध्याय ने शाल देकर उनकी कला को सम्मानित किया।कार्यक्रम में मुख्यतःश्री मती सोनी सक्सेना,भवंस मेहता डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर सुशील श्रीवास्तव, भवंस महाविद्यालय के समस्त प्रोफेसर, हुबलाल इंटर कालेज के प्रबंधक वीरेंद्र केसरवानी, प्रधानाचार्य जीवन लाल चौधरी, जगदीश शिवहरे एवं भरवारी एवं आस पास के अनेकों गणमान्य लोग परिवार के साथ उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने आए हुए समस्त कलाकारों,पत्रकार बंधुओं एवं समस्त दर्शकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में निरंतर सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया।

वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित मो0 अहसान निवासी वार्ड नं0 08 लियाकत नगर मुरादपुर रोही थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को प्राइमरी स्कूल रोही के पास से गिरफ्तार किया गया।

▶▶ वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक सुनील कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना सिविल लाइन्स से सम्बन्धित वारण्टी सुनील कमार सिंह निवासी केवट का पुरवा थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया।

▶▶ वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 99 वाहनों का ई-चालान किया गया।

▶▶ निरोधात्मक कार्यवाही में 22 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से 01, थाना करारी से 07, थाना सराय अकिल से 01, थाना पिपरी से 02, थाना सैनी से 01, थाना कड़ाधाम से 10 कुल 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों के लिए ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण बैठक संपन्न

बारा, कौशाम्बी। विकास खंड में ब्लॉक संसाधन केंद्र कौशाम्बी में खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों और ग्राम प्रधानों के लिए ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी और उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं की जानकारी देना, निपुण भारत मिशन और ऑपरेशन कायाकल्प ,विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति और सरकार द्वारा चल रहे विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर चर्चा करना था। इसमें ग्राम प्रधान, परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, और नोडल अधिकारी शामिल हुए। प्रतिभागियों को शिक्षा में सुधार और विद्यालयों के समग्र विकास के लिए योजनाओं का पालन करने की सलाह दी गई।

पानी आते ही जगह जगह कटी नहर, जलमग्न हुई फसल

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। रामगंगा कमांड में पानी का प्रवाह होते ही कई जगहों पर नहर में कटान होने से दर्जनों बीघे खेत जलमग्न होने से गेहूं,सरसों ,मटर आलू की फसल चौपट हो गई। जबकि सिल्ट सफाई के बाद पहली बार पानी छोडा गया है। रोस्टर के मुताबिक नहरो की सिल्ट सफाई के दौरान खानापूर्ति के चलते मंगलवार की रात राम गंगा नहर से निकले गोरियों रजबहा में सिराथू पावरहाउस ,नगियामई, मटियरा व रूपनारायणपुर गोरियों के पास फुटेज में कटान होने से धर्मराज पांडे, रविंद्र कुमार, पंचम लाल, सीताराम, सुरेश कुमार सहित दो दर्जन से अधिक किसानों के खेत में पानी भर जाने से फसल खराब हो गई। जानकारी मिलने पर नहर विभाग के कर्मचारियों ने जेसीबी से मिट्टी डाल कर पानी के बहाव को रोका है।

ससुरालियों ने महिला को पीटकर घर से भगाया, दी तहरीर

चायल, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर गांव की रानू पटेल के मुताबिक उसका पति गिरिजा शंकर परदेश में रहकर काम करता है। घर पर ससुरालीजन आए दिन उसके साथ बदसलूकी कर मारपीट करते हैं। इससे आजिज महिला अपने मायके में पिता के संग रहने लगी। शनिवार को पति के घर आने की जानकारी पाकर महिला अपनी मामी और मासूम दो बेटियों प्राची और पायल के साथ ससुराल दरियापुर गई थी। आरोप है कि जेठ गाली गलौज कर घर का दरवाजा बंद कर लिया। विरोध करने पर पति ने जमकर उसकी पिटाई कर घर भगा दिया। शोर सुनकर मौके पर जुटे पड़ोसियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल महिला ने थाने पहुंच आरोपी ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी।

आउट ऑफस्कूल बच्चों को उनकी कक्षा के अनुसार बनाए दक्ष

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। बीआरसी सिराथू के सभागार में सोमवार से आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए नोडल शिक्षकों का ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के प्रथम बैच का समापन बुधवार को हुआ। प्रशिक्षण सोमवार से शुरू होकर 21 दिसंबर तक दो बैच में पूर्ण होगा। प्रथम बैच में विकासखण्ड के 100 परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों से कहा कि आउट ऑफस्कूल बच्चों को उनकी कक्षा के अनुरूप दक्ष बनाया जाना इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है।

प्रशिक्षण ले रहे नोडल शिक्षक बच्चों को दक्ष बनाना सुनिश्चित करें। आउट ऑफ स्कूल बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं उनकी शिक्षण-अधिगम व्यवस्था पर समुचित ध्यान देने की जरूरत है। यदि ध्यान नहीं दिया गया तो इन बच्चों के पुनः ड्राप आउट होने की आशंका बनी रहेगी।

संदर्भदाता अरुण बाजपेयी, अनुराग मिश्रा, विनोद यादव व नेहा शर्मा ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों के ठहराव और नियमित उपस्थिति के लिए रुचिकर शिक्षण, खेल आदि के विभिन्न तरीके बताए। इस दौरान शिक्षक राम मिलन मौर्या, सतेन्द्र सिंह,शारदा तिवारी, सबीना बेगम आदि उपस्थित रहे।

बहुद्देशीय पंचायत भवन के निर्माण के लिए जिलाध्यक्ष भाजपा ने किया भूमि पूजन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। विधानसभा सिराथू के ग्राम पंचायत टेंगाई में बहुद्देशीय पंचायत भवन के निर्माण हेतु आज भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने बतौर मुख्यातिथ भूमि पूजन व शिलान्यास कर शुभारंभ किया। उपस्थित लोगों को जिलाध्यक्ष ने बताया कि बहुद्देशीय पंचायत भवन का मुख्य काम ग्राम पंचायत के विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के लिए एक केंद्रीय स्थान प्रदान करना है यह भवन ग्राम पंचायत के सदस्यों और अधिकारियों के लिए एक कार्यालय के रूप में कार्य करता है जहां वह ग्राम पंचायत के विकास से संबंधित निर्णय लेते हैं और विभिन्न योजनाओं को लागू करते हैं ऐसे तमाम सरकार द्वारा हो रहे विकाश कार्यों को बताया। इस मौके पर सिराथू ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि ठाकुर कुबेर सिंह, शक्तिकेन्द्र संयोजक लव सिंह जी, रामू सिंह, व संबंधित अधिकारी,समस्त ग्रामवासीगण उपस्थित रहें।

उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय अंग्रेजी उपचारात्मक प्रशिक्षण का हुआ समापन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। 18 दिसंबर 2024 तक उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय अंग्रेजी उपचारात्मक प्रशिक्षण का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण 16 दिसंबर 2024 से 18 दिसंबर 2024 तक प्रातः 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक डायट ऑडिटोरियम हाल में हुआ। उपचारात्मक प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मुख्य धारा से जाड़ना है। बच्चा, जो अपनी कक्षा में जो पीछे रह जाता है, उसके लिए रिमेडियल क्लास चलकर उस पिछड़े बच्चे को उसकी कक्षा के अनुसार करना है। उपरोक्त प्रशिक्षण में नोडल प्रभारी के रूप में डॉक्टर संदीप तिवारी, उपायोजक के रूप में डॉक्टर कमलेन्द्र कुशवाहा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशाम्बी, आयोजक के रूप में निधि शुक्ला, उप शिक्षा निदेशकध् प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर- कौशांबी थीं। प्रशिक्षण में संदर्भदाता के रूप में डॉक्टर संदीप तिवारी, सुरेंद्र मौर्य , लवकुश , नैना थी । प्रशिक्षण में नेवादा, सरसवा के अलावा अन्य ब्लॉक के शिक्षक थे।

बेनीराम कटरा चौराहे पर जलभराव से राहगीरों को कठिनाई

लोकमित्र ब्यूरो

बेनीराम कटरा, कौशाम्बी। बेनीराम कटरा चौराहे पर पेयजल पाइप लीक के कारण सड़क पर जलभराव रहता है। बताया जाता है कि इधर लगभग दो महीने से पेयजल सप्लाई लाइन की फट जाने से सड़क पर जगह-जगह जलभराव रहने से आवागमन में राहगीरों को जहाँ तरह तरह के परेशानी झेलनी पड़ती है तो दूसरी ओर कहीं कहीं किसी के घरों का गंदा पानी भी सड़क पर बहने से भी राहगीरों को आवागमन में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा इस संबंध मे जिम्मेदार लोगों की लापरवाही सामने आ रही है तथा जिससे आये दिन दो पहिया वाहन जरा सी चूक मे गिर कर चोटहिल होतें रहते हैं तथा जिम्मेदार लोग किसी दुखद घटना का इंतजार करने मे साबित हो रहें हैं।

जिलाधिकारी द्वारा फरियाद लेकर आये बच्चें-तुलसी देवी एवं शिवा को दिया स्वेटर, स्कूल ड्रेस, जूता-मोजा एवं बैग

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज कार्यालय कक्ष में ग्राम-बसोहनी विकास खण्ड सिराथू से फरियाद लेकर आये बच्चें-तुलसी देवी एवं शिवा की हालत को देखकर उन्हें स्वेटर, स्कूल ड्रेस, जूता-मोजा एवं बैग दिया गया।

बच्चों द्वारा बताया गया कि वे बेसहारा हैं, उनकी माता जी एवं पिता जी की मृत्यु हो चुकी हैं। मैं तुलसी बड़ी बहन हूँ, मैं ही अपने दोनो भाइयों का ख्याल रखती हूँ। मेरे बड़े पिता जो अभी तक हम लोगों की देख-भाल करते थे, उनकी भी मृत्यु हो चुकी है। हमारी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हैं। घर में विद्युत कनेक्शन न होने से सायंकाल में प्रकाश की व्यवस्था नहीं रहती है, घर में प्रकाश की व्यवस्था न होने के कारण हमारी पढ़ाई-लिखाई बाधित हो रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से सोलर पैनल लगवाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि उचित कार्यवाही करते हुए जो सम्भव हो, वे सभी मदद बच्चों को पहुँचायी जायें।

किसान कल्याण केन्द्र, मंझनपुर में किसान दिवस बैठक का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। किसान कल्याण केन्द्र, मंझनपुर में आज किसान दिवस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ0 आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा पशु-पालन विषय पर कृषकों को जानकारी दी गई। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 राकेश कुमार द्वारा पशुओं का टीकाकरण समय से कराने एवं उनके आहार के बारे में तथा पशुओं का बीमा कराये जाने से सम्बन्धित जानकारी कृषकों को प्रदान की गयी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्री इन्द्रजीत यादव द्वारा कृषकों को लाइन से बुवाई करने पर होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। किसान दिवस में कृषकों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित विभाग के उपस्थित प्रतिनिधियों के द्वारा समस्या का समाधान बताया गया। फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में भी कृषकों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत यादव, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 राकेश कुमार, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक ऑफ बड़ौदा रविकान्त मौर्य आदि अधिकारीगण एवं कृषि विज्ञान केन्द्र महगाँव से आये हुए वैज्ञानिक डॉ0 आशीष कुमार श्रीवास्तव तथा विभिन्न विकासखण्डों से आये हुए कृषकगण उपस्थित रहें।

निपुण लक्ष्य ऐप पर नियमित अभ्यास से निपुण होंगे बच्चे- नीरज कुमार

▶▶ गणित व भाषा पढाने वाले सहायक अध्यापकों की नियमित हो रहीं समीक्षा बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में कक्षा एक एवं कक्षा दो में अध्यनरत छात्रों के ग्रेट कम्पिटेन्सी का आकलन निपुण लक्ष्य एप्प के माध्यम से डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा 19 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 के बीच होना प्रस्तावित है। विकासखंड कड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि कड़ा विकास खण्ड के कुल 125 प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालयों में से 16 विद्यालयों का आकलन प्रथम राउंड में 24 दिसंबर 2024 को होगा। शेष विद्यालयों का आकलन द्वितीय राउंड में फरवरी 2025 में किया जाएगा। विकासखंड कड़ा के सभी विद्यालय थर्ड पार्टी असेसमेंट में निपुण हो इसके लिए बीआरसी कड़ा में रोस्टर के अनुसार सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, गणित तथा भाषा पढाने वाले सहायक अध्यापकों की नियमित समीक्षा बैठक की जा रही है। इसी क्रम में आज प्रथम चरण में चयनित 16 विद्यालय के प्रधानाध्यापको एवं सहायक अध्यापकों की बैठक की गई। प्रवाहपूर्ण पठन, लेखन, संख्या पहचान,जोड, घटाव, गुणा, भाग,करेंसी, पैटर्न आदि दक्षता बच्चे प्राप्त कर सके इसके लिए विकासखंड स्तर से एकेडमिक रिसोर्स पर्सन द्वारा अभ्यास पत्रक तैयार कराकर विद्यालयों को प्रेषित किए जा रहे हैं जिस पर भाषा एवं गणित के शिक्षक सभी बच्चों को नियमित अभ्यास करा रहे। विकास खण्ड कड़ा के सभी छात्र मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान मे ग्रेट कम्पिटेसी को हासिल कर पाए इसके लिए शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से संदर्शिका, वर्क बुक, गणित किट के अधिकाधिक प्रयोग करने व निपुण लक्ष्य एप्प पर नियमित अभ्यास कराने के निर्देश दिए गए। बैठक मे खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार ने संघर्षशील बच्चों के साथ रेमेडियल शिक्षण करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को पठन, लेखन व गणितीय अवधारणा मे आने वाली कठिनाईयों की पहचान करते हुए शिक्षण योजना, अभ्यास पत्रक, गतिविधि व पीयर लर्निंग के माध्यम से उन कठिनाइयों को दूर करने पर विशेष ध्यान दें जिससे सभी छात्र ग्रेट कम्पिटेसी आकलन में निपुण हो। बैठक में ही सभी अध्यापकों को निपुण लक्ष्य एप्प के नए वर्जन को अपडेट कराया। बैठक के समापन पर उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों से अपने विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने एवं विकासखण्ड कड़ा को निपुण विकासखंड बनाने के लिए निपुण शपथ भी दिलाई।

जिलाधिकारी ने पीसीएस परीक्षा-2024 के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्र-करारी इंटरमीडिएट कॉलेज का निरीक्षण कर लिया जायजा, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा 22 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाली पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा-2024 के दृष्टिगत जनपद में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों में से करारी इंटरमीडिएट कॉलेज कोड-43/022 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र व्यवस्थापक व विद्यालय के अन्य अध्यापक उपस्थित रहें। उन्होंने परीक्षा को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील बनाये रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी सीसीटीवी कैमरों की जाँच कर लिया जाय। उन्होंने परीक्षा कक्ष में प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एस0पी0 वर्मा सहित केन्द्र व्यवस्थाक एवं अध्यापकगण उपस्थित रहें।

संक्षिप्त खबरें

बालिका वर्ग के सभी मुकाबले में महावीर सिंह खींची इंटर कालेज विजेता ब्लाक स्तरीय ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

प्रतापगढ़। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग व खेल संघ द्वारा खंड स्तरीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल के तहत जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में लक्ष्मणपुर ब्लॉक के महावीर सिंह खींची इंटर कॉलेज पूरे गिरवर रानीगंज अजगरा में विभिन्न वर्गों में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रधानाचार्य रामेंद्र प्रताप सिंह ने शुभारंभ किया।बालक वर्ग में 11 व बालिका वर्ग में 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। सब जूनियर बालक वर्ग में फाइनल मुकाबले में महावीर सिंह खींची इंटर कॉलेज को शिकस्त देकर पूरे बीरबल की टीम विजेता एव महावीर सिंह खींची इंटर कॉलेज उपविजेता रही। जूनियर बालक वर्ग में महावीर सिंह खींची इंटर कॉलेज विजेता व यूपीएस रानीगंज अजगरा की टीम उपविजेता रही। सीनियर बालक वर्ग में ढखवा विजेता, लक्ष्मणपुर की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग के सभी मुकाबले में महावीर सिंह खींची इंटर कॉलेज की टीम विजेता रही। जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मोहम्मद आसिफ खान, कौशलेंद्र प्रताप सिंह,शैलेश सिंह शैलू,लाल जी त्रिपाठी निर्णायक व स्कोरिंग पुष्पा सिंह व सृष्टि मिश्रा ने किया। संचालन जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव डॉ.धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

मारपीट व धमकी में दो पर केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भटनी गांव की उमा देवी पत्नी विशंभरनाथ तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह दिसंबर को सुबह गांव के दिनेश तिवारी व उनकी पत्नी अवधरानी ने रंजिशन उसके खेत में पानी भरकर आलू की फसल को नष्ट करने का प्रयास करने का प्रयास किया। पीड़ित के उलाहना देने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए पीड़िता व उसके पति को मारापीटा व कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पृथ्वीगंज से बंधवा जाने वाली रोड के किनारे अजगर निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप

पट्टी प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र अंतर्गत रोड के किनारे अजगर निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पृथ्वी गंज चौकी इंचार्ज की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया। पट्टी तहसील क्षेत्र के पृथ्वीगंज से बंधवा जाने वाली रोड के किनारे बुधवार को सुबह 8 बजे अजगर निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत ही इसकी सूचना पृथ्वीगंज के चौकी इंचार्ज लक्ष्मीकांत सेंगर को दी। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने डंडे की मदद से अजगर को बोरी में भरकर कस्बे से दूर जंगल में छोड़ दिया। चौकी इंचार्ज लक्ष्मीकांत सेंगर ने बताया कि किसी प्रकार के जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। चौकी इंचार्ज के इस कार्य की ग्रामीण सराहना करते हुए नजर आ रहे हैं।

सेल्समैन के साथ मारपीट व छिनैती का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन के साथ आरोपियो पर मारपीट तथा पैतीस हजार रूपये छीन लिए जाने के आरोप को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। सांगीपुर थाना के सिंघनी निवासी विक्रान्त मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बुधवार को लगभग सुबह ग्यारह बजे पेट्रोल पम्प पर तीन आरोपी पहुंचे और वहां मौजूद सेल्समैन विशाल सिंह के साथ मारपीट करने लगे। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने मारपीट कर सेल्समैन के पास मौजूद पैतीस हजार रूपये छीनकर ले गये। घटना के बाबत एसओ सांगीपुर मनीष त्रिपाठी का कहना है कि तहरीर मिली है, पुलिस की प्रारंभिक जांच में मारपीट की घटना सामने आयी है। जांच कर सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

तीन के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना को लेकर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना के पूरे रामदास मंगापुर गांव की फूलकुमारी पत्नी जगन्नाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मंगलवार को दोपहर करीब बारह बजे गांव के राजेन्द्र, सुरेन्द्र व संत प्रसाद पुत्रगण कौशल कुमार तथा बाबूलाल व उनके पुत्र कृष्ण कुमार एवं शत्रुघ्न आदि ने एकराय होकर रास्ते के विवाद को लेकर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर पीड़िता तथा उसके देवर बैजनाथ व पुत्री शिवानी को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। एसओ राधेबाबू का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

लालगंज, प्रतापगढ़। बाइक से घर आ रहे युवक को रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के लखहरा निवासी पैतालिस वर्षीय सुभाष पुत्र लहुरी मंगलवार देर शाम बाइक से रायबरेली से घर जा रहे थे। मंगापुर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जानकारी होने पर परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। एसओ राधेबाबू का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

किसान भाई केले की अच्छी फसल लेने के लिये उद्यान विभाग के सुझाव पर दे ध्यान

प्रतापगढ़। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि कृषक भाई केले की अच्छी फसल लेने के लिये दिसम्बर माह में उद्यान विभाग के सुझावों पर ध्यान अवश्य दें। उन्होने बताया है कि 20 दिसम्बर के पहले डीएपी 80 ग्राम, मैग सल्फ 8 ग्राम, फेरस सल्फेट 15 ग्राम, मैक्स 1 ग्राम, कैल्शियाम नाइटेऊट 15 ग्राम प्रति पौध, पौधों के जड़ के पास देना चाहिये तथा पाले से बचाव हेतु कापर आक्सीक्लोराइड का 5 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिये तथा 30 दिसम्बर तक एनपीके 20:20:20:-75 ग्राम कोम्बीकाल 75 ग्राम, फर्टिसाल 75 ग्राम एवं स्टीकर 50 मिली0 प्रति टैंक की हिसाब से छिड़काव करें। पौधों को आवश्यकतानुसार पानी देते रहना चाहिये। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।

अब ब्लड के अभाव में नहीं जाएगी किसी की जान

▶▶ रक्तदान संस्थान की मुहिम ने लाया रंग, सब जगह हो रही तारीफ

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। एक समय ऐसा था जब लोग अपने सगे-संबंधी एवं अन्य दूसरे लोगों को अपना ब्लड देने से कतराते थे और ब्लड के अभाव में लोगों की सांसें थम जाती थीं, लेकिन अब वह जमाना लद गया। प्रतापगढ़ जनपद के मरीजों को आज रक्तदान संस्थान की ओर से एक फोन कॉल पर आसानी से ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्थान के अध्यक्ष का दावा है कि पांच वर्षों में अब तक वह सत्रह सौ से अधिक मरीजों को ब्लड मुहैया करा चुके हैं।शहर के रूपापुर निवासी निर्मल कुमार पाण्डेय ने कोरोना महामारी के दौरान रक्तदान संस्थान की स्थापना की। दैनिक लोकमित्र से वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि कोरोना के दौरान प्लेटलेट्स गिरने अथवा समय पर ब्लड उपलब्ध न होने के कारण ज्यादातर लोगों की जान चली गई। ऐसे में उनके मन में विचार आया कि अब रक्त के अभाव में किसी की जान नहीं जाएगी। शुरुआती दिनों में उन्हें डोनर मिलने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया गया और यह भी समझाया गया कि स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करने पर उसके शरीर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। निर्मल कुमार पाण्डेय ने बताया कि पहले लोगों को विश्वास नहीं हो रहा था कि संस्थान की ओर से मरीजों को नि॰ शुल्क ब्लड मुहैया कराया जा रहा है। लेकिन जब लोगों को लगा कि वास्तव में हमारी संस्था आम लोगों के लिए कार्य कर रही है तो धीरे-धीरे लोग जुड़ते गए और आज प्रतापगढ़ के अलावा प्रयागराज, जौनपुर व सुल्तानपुर जनपद में किसी भी मरीज व तीमारदार को ब्लड की जरूरत है तो वह संस्थान से संपर्क कर सकता है। संबंधित व्यक्ति को डोनर भेजकर रक्त मुहैया कराया जाएगा।

▶▶ सत्रह सौ यूनिट ब्लड करा चुके हैं उपलब्ध

रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल कुमार पाण्डेय विगत पांच वर्षों में अब तक सत्रह सौ यूनिट ब्लड लोगों को मुहैया करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे संस्थान के विस्तार का प्रयास किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

▶▶ चैरिटेबल ब्लड सेंटर में कराया स्वैच्छिक रक्तदान

शहर के बलीपुर स्थित आशा चैरिटेबल ब्लड सेंटर में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रक्तदान संस्थान की ओर से देवकली निवासी पंकज त्रिपाठी, गिरीश मिश्र व रोहित ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल कुमार पाण्डेय ने बताया कि ब्लड सेंटर के माध्यम से जरूरतमंदों को अब रक्त मुहैया कराने में काफी सहूलियत मिलेगी। इस दौरान आशा चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संस्थापक अमित सिंह, महेश दुबे, पवन नंदन भट्ट, कुसुम लता गुप्ता, संदीप मिश्रा, सौरभ, शिवम् कुमार, महेंद्र आदि मौजूद रहे।

▶▶ रक्तदाता की सूचना पर महिला मरीज को उपलब्ध कराया ब्लड

रक्तदान संस्थान के रक्तदाता पंकज त्रिपाठी ने बुधवार को संस्थान के अध्यक्ष निर्मल कुमार पाण्डेय को फोन पर सूचित किया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक महिला मरीज को ब्लड की जरूरत है। इस पर महिला मरीज के तीमारदारों से संपर्क कर महिला मरीज सहोदरपुर निवासी आरती तिवारी को एक यूनिट ब्लड मुहैया कराया गया।

धोखे से पोते से की जमीन का बैनामा एवं मकान में कब्जे की शिकायत

पट्टी प्रतापगढ़। पोते से आबादी की जमीन का धोखे से बैनामा करा लिया तथा मकान पर कब्जा कर लिया। महिला को जानकारी हुई तो वह घर पहुंची तथा विरोध पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी पट्टी से शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के बरूईपुर गांव निवासी फखरुल निशा विधवा वकील अहमद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके बेटे की मौत हो गई है। उसका पोता साहिल पुत्र स्वर्गीय शकील उम्र 22 वर्ष जन्म से ही अपने ननिहाल ग्राम इसलामगंज जनपद सुल्तानपुर स्थित अपने ननिहाल में रहता है। आरोप है कि उसके गांव के ही कुछ लोगो ने पोते को धोखे में रखकर कूट रचित दस्तावेज तैयार करके उसकी आबादी की जमीन, जिस पर उसका मकान बना हुआ था बैनामा करा लिया। बैनामा कराने के बाद उक्त लोगों ने उसके मकान पर कब्जा कर लिया। पीड़ित महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी पट्टी से मामले की शिकायत बुधवार को सुबह 9 बजे करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

युवा सशक्तीकरण की मजबूती के संकल्प के साथ मनाया गया राघव का समारोहपूर्वक जन्मदिन

▶▶ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के नाती व सीएलपी नेता मोना के पुत्र राघव मिश्र के जन्मदिन पर केक काटकर खुशियां हुई साझा

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर बुधवार को राघव मिश्रा यूथ बिग्रेड द्वारा युवा सशक्तीकरण पर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद युवाओं तथा कांग्रेसियों ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के नाती व क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के पुत्र राघव मिश्र का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राघव मिश्र के जन्मदिन की खुशियां साझा की।

वहीं वक्ताओं ने राघव मिश्र को युवाओं तथा मेधाशक्ति के लिए प्रेरणा का श्रोत बताया। जन्मदिन कार्यक्रम में युवा मताधिकार तथा संचार क्रांति समेत शैक्षिक मूल्यों पर भी वक्ताओं ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व संयोजन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र ने किया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी विशिष्ट अतिथि रहे।

सह संयोजक कैम्प कार्यालय प्रभारी आशीष उपाध्याय ने युवा भारत की मजबूती पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव छोटे लाल सरोज व आभार प्रदर्शन सभासद शेरू खां ने किया। इस मौके पर समाजसेवी धर्मेन्द्र तिवारी पप्पू, रामू मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुड्डू, अनिल त्रिपाठी महेश, गीता सिंह, राजकुमार मिश्र, दिनेश सिंह, संजय सिंह, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, मुरलीधर तिवारी, बृजेश द्विवेदी, पन्ने लाल पाल, दारा सिंह, आशीष कौशल, ज्ञानप्रकाश वर्मा, राकेश तिवारी गुड्डू, चंद्रप्रकाश तिवारी मुन्ना, विनय पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, श्रीकांत मिश्र, जगदीश तिवारी बबलू, राहुल मिश्र, धर्मपाल सरोज आदि रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला व छात्र समेत तीन लोग घायल हो गये। ट्रामा सेण्टर में घायल महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के बेलहा गांव की सत्तावन वर्षीया महेशा देवी पत्नी जगन्नाथ सरोज बुधवार दोपहर करीब बारह बजे लालगंज से आटो से अपने मायके लीलापुर थाना अन्तर्गत गोविंदापुर गांव जा रही थी। गांव समीप हाइवे किनारे आटो से उतरने के बाद जैसे ही आगे बढ़ी कि पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। इसी बीच एक बाइक से जा रहे छात्र व छात्रा भी उसी वाहन की चपेट में आने से मामूली रूप से चुटहिल हो गये। वहीं दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को समाजसेवी जाकिर अली अपनी कार से इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर ले गये। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। वही दुर्घटना में घायल छात्र व छात्रा प्राथमिक उपचार के बाद घर चले गये। मृतका के पति मजदूरी करते हैं। उसके तीन पुत्रियां व दो पुत्र में सभी विवाहित है। एसओ लीलापुर अरूण कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

जनसंघ के पहले विधायक बाबूलाल जी को कायस्थ समाज ने दी श्रद्धांजलि

▶▶ साईकिल से गांव- गांव जाकर संघ की जगाई थी अलख

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। सन 1962 में जनसंघ से चुनाव लड़कर सदर से जीत हासिल कर विधान सभा में कायस्थ कुल का गौरव बढ़ाने वाले स्व बाबूलाल श्रीवास्तव की आज पुण्य तिथि नगर के साकेत गर्ल्स डिग्री कॉलेज में संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में स्वर्गीय बाबूलाल के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला गया। अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि बाबूजी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा श्रोत है।भाजपा नेता गोकुल श्रीवास्तव ने कहा कि बाबूजी का जीवन संघ को जनपद के कोने कोने तक पहुंचाने के लिए समर्पित था। उन्होंने सायकिल से चलकर तथा गांव गांव जाकर संघ की अलख जगाई थी।

भाजपा के जिला अध्यक्ष अशीष श्रीवास्तव ने कहा कि बाबूलाल जी हमारे समाज ही नहीं सर्व समाज के थे। जिन्हें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गुरु गोलवलकर से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक स्नेह और सानिध्य प्राप्त था। बैजनाथ सिन्हा ने कहा कि बाबूलाल ने जनपद में एक अधिवक्ता के रूप में भी अपनी अलग पहचान बनाई थी। डॉ क्षितिज श्रीवास्तव ने कहा कि बाबूलाल जी हमारे समाज के आदर्श पुरुष थे। उनके बताए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जीजीआईसी की प्रधानाचार्य पूनम श्रीवास्तव ने कहा कि उनका जीवन हम सबके लिए पथ प्रदर्शक है। हमें उसे आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर राजकुमार सिंहा, डॉ रवि श्रीवास्तव, डॉ अतुल श्रीवास्तव, डॉ ए के कुलश्रेष्ठ,डॉ अविनाश,डॉ राजीव श्रीवास्तव ,संतोष खरे,संजय खरे,कमला श्रीवास्तव,रचना सक्सेना,मीना श्रीवास्तव,गौरव श्रीवास्तव, निशिकांत श्रीवास्तव,देश दीपक श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव,रमेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

मानव योनि चौरासी लाख योनियों में सर्वश्रेष्ठ-निरंकारी संत

▶▶ विशाल संत निरंकारी समागम आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। संत निरंकारी मण्डल दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित नवनिर्मित संत निरंकारी सत्संग भवन, टेऊगा प्रतापगढ़ सिटी में विशाल संत निरंकारी समागम जोन 60ए से चलकर आये ज्ञान प्रचारक महात्मा जी. यस. तिवारी जी की पावन हुजूरी में मर्यादापूर्वक ढंग से सकुशल संम्पन्न हो गया। इसमें कई जनपद से संत महात्माओं ने शिरकत किया। सतगुरु का पावन सन्देश देते हुए महापुरुषों ने बताया कि मानव योनि चौरासी लाख योनिओ में सर्वोत्तम योनि है। मानव योनि पाकर इन्सान अगर खुद की पहचान ना कर पाया तो शीघ्र खुद को खुदा से ना जोड़ पाया। इस निराकार प्रभु - परमात्मा को ना जान पाया तो उसका जीवन व्यर्थ चला जाता है। समय के रहते मनुष्य को समय के पीर पैगम्बर, समय के मसीहा सतगुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव जी महराज के पावन चरणों से अपने को जोड़कर सतगुरु के ब्रम्हज्ञान से जुड़ कर अपने को धन्य कर ले। अपने मानव जन्म को सफल बना ले, तभी लोक सुखी और परलोक सुहेला होगो । सभी को एक प्रभु -परमात्मा से जुड़ने का सन्देश दिया, एक को जानो, एक को मानो और एक हो जाओ। सत्संग में राधे श्याम मौर्य संयोजक ÷जी ने सम्पूर्ण व्यवस्था साधु संगत के लिए किये था। संगत का संचालन बाल मुकुंद जी ने किया। सत्संग का समय पूर्व निर्धारित समय 11बजे से 02 बजे तक संपन्न हुआ।

सिने स्टार का बेल्हा में हुआ भव्य स्वागत एवं सम्मान

▶▶ ठाकुर अभय ने दर्जनों टीवी सीरियलों एवं फिल्मों में अभिनय का मनवाया है लोहा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। सई से लेकर समुद्र तक का सफर तय कर फिल्मी जगत में कीर्तिमान स्थापित कर बेल्हा का नाम रोशन करने वाले बेल्हा की माटी में पले बढ़े सिने स्टार व फिल्म निर्माता,निर्देशक ठाकुर अभय सिंह का मुम्बई से मंगलवार को देर शाम बेल्हा आगमन पर बेल्हा वासियों ने भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। स्वागत एवं सम्मान से गदगद सिने स्टार ठाकुर अभय सिंह ने कहा कि यहां के लोगों से जो स्नेह और प्यार मिलता है उसे कभी बुलाया नहीं जा सकता है। आप सबके बीच आज आकर हम अपने को गौरवित महसूस कर रहे हैं। हमारे अभिनय की शुरुआत तो अपने ही मिट्टी से आप लोगों के बीच से हुआ है। इस पावन जमीं को और यहां के लोगों को कभी भुला नहीं सकते। इस दौरान अंबेडकर चौराहे स्थित आशीष न्यूज़ एजेंसी पर अधिवक्ता शिवेश शुक्ल, संजय कनौजिया,समाज सेवी रोशन लाल उमरवैश्य के नेतृत्व में अपने सिने स्टार का राह जोह रहे लोगों ने माला फूल के साथ अंगवस्त्रम भेंट कर एवं मुंह मीठा करा कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इसके उपरांत चली चाय की चुस्कियो के साथ पुरानी और नई यादों को ताजा किया। बता दें कि फिल्म निर्माता एवं निर्देशक सिने स्टार ठाकुर अभय सिंह प्रतापगढ़ जिले के बिहारगंज कस्बे के मूल निवासी हैं। उन्होंने बेल्हा की जमीं गंगा दायिनी सई की जमीं से नुक्कड नाटक एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम से अपने अभिनय की शुरुआत की और आज वह माया नगरी मुम्बई तक पहुंच कर चिड़िया घर, लम्पटगंज,सजन रे फिर झूठ मत बोलना,तेरा क्या होगा आलिया,किशन कन्हैया जैसे कई दर्जन टीवी सीरियलों मुख्य भूमिका अदा करके अपने अभिनय का लोहा मनवाया और कई फिल्मों में अभिनय करने के साथ ही फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक के रुप में डेढ़ लाख का दूल्हा फिल्म का निर्माण करके कीर्तिमान स्थापित किया। इसी के साथ अभी कई अन्य फिल्म शीघ्र रीलीज होना है, जिसमें गंगा घाट जल्द रिलीज होगी। इस मौके पर ओम सिंह,चंदन सिंह, विवेक यादव, अनवर, रमेश,अजीत आदि मौजूद रहे।

समारोहपूर्वक मनाया गया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

लालगंज, प्रतापगढ़। खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुननवी में बुधवार को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हजरत मौलाना मो. रहमानी मियां ने कहा कि मुल्क को सभी को बराबरी का हक हासिल है। उन्होने कहा कि हर जरूरतमंद को उसका वाजिब हक दिलाना और मुल्क की मजबूती के लिए खड़े होना हम सबकी जिम्मेदारी है। इलाकाई विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल जलसे में शामिल हुए। उन्होने लोगों को विधायक मोना की ओर से अल्पसंख्यक अधिकार दिवस की मुबारकबाद सौंपी। संचालन करते हुए मो. बेलाल रहमानी ने कहा कि अल्पसंख्यकों के रहन सहन को बेहतर बनाने तथा तालीम के क्षेत्र में बेहतर मौका दिया जाना चाहिए। इस मौके पर जर्रार अहमद, अम्मार रहमानी, सैयद खालिद, ऐश खान, इजहार हुसैन, बसर रहमानी, भोला, दिनेश सिंह आदि रहे।

संक्षिप्त खबरें

गंगा गोमती रिसर्च इंस्टीट्यूट व द्वाबा विकास उत्थान समिति की मंझनपुर में हुई बैठक

कौशाम्बी। जिला मुख्यालय मंझनपुर में स्थित ब्रुक इंडिया के कार्यालय में बुधवार को गंगा गोमती रिसर्च इंस्टीट्यूट कड़ा धाम और द्वाबा विकास उत्थान समिति करारी एवं यूनिसेफ एनजीओ के साथ संयुक्त रूप से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कार्य योजना बनाई गई। साथ ही एक दूसरे से सुझाव लिए गए। ब्रुक इंडिया द्वारा जिला कौशांबी सतत अश्व कल्याण हेतु कार्यरत है जो पशु पालक को अश्वों के बीमारी के कारण लक्षण और बचाव व प्राथमिक उपचार के बारे मे जागरूक कर रहा है। बैठक मे ब्रुक इंडिया के लखनऊ रीजन के अधिकारी सौम्या, कौशांबी के पीओ ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव व गंगा गोमती रिसर्च के अध्यक्ष विनय पाण्डेय, हीरा लाल, वसी अहमद, प्रदीप , अरविंद पाण्डे एवं ब्रुक इंडिया के कौशाम्बी और प्रतापगढ़ के स्टाफ मौजूद रहें।

सर्दी से राहत देने नगर पंचायत ने की अलाव की व्यवस्था

सिराथू, कौशाम्बी। कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन के आदेश के बाद नगर पंचायत अजुहा में अधिशासी अधिकारी ने कस्बे के प्रमुख चौराहो सहित वार्ड में अलाव की व्यवस्था कर दी है। क्षेत्र में बढ़ी ठंड को देखते हुए नगर पंचायत अजुहा की अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने अजुहा कस्बे के आधा दर्जन से अधिक प्रमुख चौराहों व वार्डो में अलाव की व्यवस्था कराई । इस दौरान अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने बताया कि बढ़ते ठंड को देखते हुए नगर पंचायत अजुहा में भोला चौराहे के पास नेशनल हाईवे किनारे , टेंडरी के पास , शायरी माता चौराहा , सब्जी मंडी , सनई मंडी , जी टी रोड गल्ला मंडी , रैन बसेरा के पास अलाव की व्यवस्था कराई गई है जिससे कस्बे वासियों व राहगीरों को ठंड से निजात मिल सके।

पत्नी ने पति पर लगाया मारपीट कर घर से भगाने का आरोप

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गाव की रहने वाली एक महिला ने पति पर मारपीट कर घर से भगाने का आरोप लगाते हुए मामले की लिखित शिकायत सैनी पुलिस को देते हुए कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के थूलगुला की रहने वाली विजमा देवी ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि लगभग 12 वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी , पति से उसके तीन बच्चे है । विजमा देवी का आरोप है कि उसका पति आएदिन गाली गलौच व मारपीट कर घर से भगाता है साथ ही खाना खर्चा भी नहीं देता , ससुर के विरोध करने पर उनके साथ ही भी झगड़े पर आमादा हो जाता है , पीड़िता के मुताबिक किसी तरह मजदूरी कर बच्चों का भरण पोषण करती है , पीड़िता ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

साहब पति की मौत के बाद ससुरालीजन ढाई लाख की मांग करते हुए मारपीट कर घर से भगाते है

सैनी, कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कड़ा के कजियाना की रहने वाली नेहा बानो ने बुधवार को सीओ सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि लगभग छः वर्ष पहले मोहल्ले के स्व0 मो0 आफ्ताब से मुस्लिम रीति रिवाज के साथ शादी हुई थी, पति से उसके दो छोटे बच्चे है। नेहा बानो ने बताया कि उसके पति रोजी रोटी के सिलसिले में सऊदी अरब में थे जहां बीमारी के चलते एक माह पहले उनका निधन हो गया। नेहा बानो का आरोप है कि पति की मौत के बाद उसकी सास, जेठ व देवर आए दिन प्रताडित कर ढाई लाख रुपयों की मांग करते हुए मारपीट कर घर से भगाते है साथ ही उसके दोनों बच्चों को छीनने का प्रयास कर रहे है, पीड़िता के मुताबिक उसके कड़ा धाम पुलिस से शिकायत की लेकिन कार्यवाही नहीं हुई, पीड़िता ने न्याय के लिए सीओ सिराथू से गुहार लगाई है।

पड़ोसियों ने मामूली बात को लेकर महिला के साथ की मारपीट, केस दर्ज

सिराथू, कौशाम्बी। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला के साथ पड़ोस के रहने वाले कुछ लोगों ने मामूली बात को लेकर मारपीट कर जख्मी कर दिया , पीड़िता ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी से की , परंतु कोई कार्यवाही न होने पर महिला ने सदर कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।सदर कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर नारा गांव की रहने वाली सावित्री देवी पत्नी अभिनाश ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि छः दिसंबर को पड़ोस का एक व्यक्ति आधा दर्जन लोगों के साथ घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे , सावित्री देवी का आरोप है कि जिसकी शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी से की लेकिन कार्यवाही नहीं हुई , पीड़िता की शिकायत पर सदर कोतवाली पुलिस ने दबंगों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

मेठ ने पैसे मांगने पर ईंट भट्ठा मजदूरों को धमका कर भगाया

चरवा, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में बकाया मजदूरी मांगने पर भट्ठा के मुंशी ने गाली गलौज कर मजदूरों को भगा दिया। बुधवार को पीड़ित मजदूरों ने थाने जाकर मुंशी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है। चरवा क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव निवासी फूलचंद पुत्र चिकारे, बबलू पत्र छेदीलाल, छंगू पुत्र पंक्षी लाल, भल्लू पुत्र हुब्बा, वीरन पुत्र हुब्बा और करण पुत्र फूलचंद ने बताया कि गांव का नन्हें पुत्र घूरे उन सभी को बिहार प्रांत के औरंगाबाद जिला स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए ले गया था। उन्होंने पूरा सीजन भट्ठे पर ईंट पथाई का काम किया। काम खत्म होने के बाद मुंशी ने घर पहुंचकर बकाया पैसे देने को कहा। आरोप है कि छः माह से वह टालमटोल कर लाखों रुपए मजदूरी का नहीं दे रहा है। इससे उनके सामने खाने पीने का भी संकट खड़ा हो गया है।मजदूरों के अनुसार बुधवार को बकाया रुपया मांगने पर मुंशी ने उनके साथ गाली गलौज कर भगा दिया। पीड़ित मजदूरों ने थाने पहुंच आरोपी मुंशी के खिलाफ तहरीर देकर मजदूरी दिलाने की गुहार लगाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष जगदीश प्रसाद का कहना है कि मुंशी को बुलाया गया है। मामले की जांच कर कर्रवाई की जाएगी।

प्राथमिकता पर कराए विद्यालय व आगनवाड़ी केंद्रो का कायाकल्प का कार्य

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू ब्लांक में बुधवार को प्रभारी खंड विकास अधिकारी अवर अभियंता लघु सिंचाई रामचंद्र यादव ने सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की।

जिसमें ग्राम पंचायत में चल रहे राज्य, केंद्रीय व मनरेगा योजना से विकास कार्यों की जानकारी ली किस दौरान उन्होंने कहा परिषदीय विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रो का कायाकल्प प्राथमिकता कराया जाएगा जिसे मार्च माह तक हर हाल में पूरा करना है। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे अन्य विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य को गुणवत्ता पूर्ण समय पर कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पात्र लाभार्थियों का चयन कर जनहितकारी योजनाओं को लाभ दिलाने को कहा। इस मौके पर एडीओ पंचायत विश्वबंधु, एपीओ मनरेगा अशोक कुमार सहित ग्राम पंचायत सचिव पुरन चंद्र, राजमणि, विनय चौधरी, राहुल सिंह, प्रदीप सरोज, बृजेश सिंह, दीक्षा शिवहरे आदि मौजूद रहें।

ग्राम पंचायतों में 25 दिसम्बर तक अभियान चलाकर करे समस्याओं का निस्तारण- सीडीओ

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी कौशांबी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के आठ विकास खंडों के बीडीओ व एडीओ पंचायत को पत्र भेजकर 18 दिसंबर से 25 दिसंबर तक अभियान चलाकर ग्राम पंचायतों में समस्याओं के निराकरण का आदेश दिया है । सीडीओ ने बताया कि शासन के निर्देश पर 18 से 25 दिसंबर तक ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर प्रतिदिन आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का सत्यापन कर पांच पांच शिकायतों का मौके पर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराए जाने , आशा व आंगनबाड़ी के सहयोग से प्रतिदिन दस दस पात्र लाभार्थियों को प्रत्येक ग्राम पंचायतों में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाने , प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रतिदिन 25 फैमिली आई सडी कार्ड बनाए जाने, प्रत्येक विकास खंड में 300 का अतिरिक्त पीएम सूर्यघर का पंजीकरण कराए जाने, शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में वृद्धा पेंशन , निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन के पात्र लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कराए जाने व ग्राम पंचायतों में लंबित परिवार रजिस्टर की नकल जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र , जन सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सूचना उपलब्ध कराए जाने एवं चौपाल में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लाभार्थियों को प्रमाणपत्र आंगनबाड़ी कीटो का वितरण आदि कराए जाने के निर्देश दिए है।

बीआरसी सिराथू में टीचर्स प्रीमियर लीग के विजेताओं को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। टीपीएल 2024 की विजेता टीम सिराथू को खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू अनिल कुमार सिंह ने बुधवार को सिराथू बीआरसी में सम्मानित किया । सम्मानित खिलाडियों मे सुशील तिवारी(जिला कप्तान) करुणेश यादव ,सत्येंद्र सिंह, आलोक पटेल, नीरज कुमार, मनोज कुमार ,सुरेश कैथल, प्रशांत यादव , जितेंद्र तिवारी, संजय कुमार , मनमोहन सिंह चौहान, महेंद्र सिंह, आशीष आर्या ,विजयपाल यादव ,आशीष त्रिपाठी ,विष्णु वर्मा प्रमुख रहे। इस अवसर पर टीपीएल आयोजन के कड़ा ब्लॉक अध्यक्ष अफ्रोज आलम एवं नोडल मारुति नंदन त्रिपाठी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी साथ ही साथ ईश्वरी प्रसाद शुक्ला व गुड्डू राय ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। टीपीएल के तीसरे संस्करण का आयोजन गत वर्ष की उपविजेता टीम विकासखंड कड़ा ने करवाया जिसमें विकासखंड सिराथू ने फाइनल में मंझनपुर को हराकर विजेता बनी। शिक्षकों के बीच होने वाली इस प्रकार की प्रतियोगिता फिट इंडिया मुहिम के अंतर्गत एक अहम हिस्सा माना जा रहा है। अब वर्ष 2025 में होने वाले टीपीएल संस्करण की मेजबानी सिराथू करेगी।

बढ़ती ठंड में बिना गर्म कपड़े, जूता मोजा के स्कूल पहुंच रहे बच्चे

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में बुधवार की सुबह 9 बजे पारा 11 डिग्री सेल्सियस रहा। पारा प्रतिदिन कम होता जा रहा है। इस तापमान में सर्द हवाएं भी ठंड को और बढ़ा रही हैं। इसका असर स्कूलों में छात्र छात्राओं की उपस्थिति पर पड़ने लगा है। स्कूलों में बच्चों की मौजूदगी कम होने लगी है। इसका अहम कारण बच्चों के पास गर्म कपड़ों का अभाव और स्कूल भवन में मौसम की मार से बचाव की माकूल व्यवस्था न होना है।

बताते चले कि जिले में 162293 छात्र-छात्राए है, जिसमे से 153828 के आधार सही करवा कर अभिभावकों के बैंक खाते में प्रति छात्र 12-12 सौ रुपए डीबीडी के माध्यम से भेजा गया है। शेष बच्चों के अभिभावकों के बैंक खाते अपडेट न होने से बैंक में पैसा नहीं जा सका था। अब बैंक खाते अपडेट हो गए हैं। जल्द ही स्वेटर, ड्रेस, जूता, मोजा, बैग आदि का 12-12 रुपए भेज दिया जाएगा। विडंबना यह हैं कि पहले से ही जिन अभिभावकों के खाते में पैसा भेजा गया हैं उनकी ही ओर से अपने बच्चों के लिए स्वेटर नहीं खरीदा गया है। इससे उनके बच्चे बिना स्वेटर के ही पुराने ड्रेस में स्कूल आ रहे हैं, और ठंड की मार सह रहे हैं। अभिभावकों की लापरवाही शासन की मंशा पर पानी फेर रहा है। बच्चों को पुराने ड्रेस, जूता, मोजा पहनकर और कटे फटे बैग लेकर स्कूल आने को मजबूर कर रहा है। बच्चों को कुंठित कर रहा है।

इस मामले में बीएसए कौशाम्बी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि 162293 नामांकन की सापेक्ष 161021 गार्जियन और 155560 स्टूडेंट का आधार वेरीफाई हुआ है, और 153828 के खाते में धनराशि प्रेषित की जा चुकी है। इस संबंध में अभिभावकों को जागरुक भी किया जा रहा है। संबंधित हेड मास्टर और कक्षा अध्यापक द्वारा ऑनलाइन डीबीटी जो अपलोड की जाती है उसमें जनपद कौशांबी के 86 परसेंट बच्चों की फोटो अपलोड की गई है। इनके खाते में धनराशि प्रेषित की गई है। इस संबंध में ग्राम प्रधानगण, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से लगातार हम लोग इस पर कम्पेन चलाए हुए हैं।

और हर एक बच्चे को सर्दी से बचने के लिए निर्धारित यूनिफॉर्म अवश्य खरीदेंगे। इसके अलावा सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनने के लिए बोला गया है। बच्चों को धूप में भी पढ़ने के निर्देश दिए गए हैं। अलाव की भी सामान व्यवस्था है तो उसमें बैठ सकते हैं। समय-समय पर बच्चों का मेडिकल भी करते रहते हैं। हम लोग मुख्य रूप से गार्जियन को जागरुक कर रहे हैं यूनिफॉर्म में ही बच्चों को विद्यालय भेजें।

अमिरसा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का एबीएसए ने किया शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। राज्य परियोजना वार्षिक खेलकूद कार्यालय के निर्देशानुसार जिले में पीएमश्री विद्यालय के रूप में चयनित विद्यालयों में वार्षिक खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के तहत बुधवार को नेवादा ब्लॉक के पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय अमिरसा में प्रधानाध्यापक व राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका अनुराधा पांडेय के नेतृत्व में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान ब्लॉक के व्यायाम शिक्षक शकीलुद्दीन ने बताया कि विद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए ऑक्टोपस दौड़,मेढक कूद,नींबू चम्मच दौड़, गुब्बारा रेस,डम्बल पीटी,म्यूजिक पीटी के साथ 50 व 100 मीटर की दौड़ आयोजित की गई ।अलग-अलग प्रतियोगिताओं श्रेष्ठ प्रदर्शन कर पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को प्रधानाध्यापक ने प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में खेल को बच्चों के शारीरिक विकास के लिए आवश्यक बताया। बताया कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि यह मानसिक शक्ति, अनुशासन और टीम भावना को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में नोडल शिक्षक राजीव जायसवाल,शिक्षक सत्यनिधि शुक्ला,प्रियंका गुप्ता,नीलम कुमार आदि का सहयोग रहा।

लकड़ी माफिया बेखौफ, हरे पेड़ो को किया धराशाई

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र में हरे पेड़ों के कटान पर रोक नहीं लग पा रही है वन विभाग से लेकर पुलिस तक हरे पेड़ों के कटान को नहीं रोक पा रहे हैं। लकड़ी माफिया बेखौफहै और सवेरे से दर्जनों लकड़हारों को साथ में लेकर पेट्रोलिंग आरा मशीन से धड़ाधड़ पेड़ों को काट रहे हैं।

इलाके में लकड़ी माफिया सक्रिय है पेड़ काटने के बाद लकड़ी काटने वाले माफियाओं पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है। बतादें कि सैनी कोतवाली क्षेत्र के बरीपुर गांव में बुधवार को महुआ के दो विशालकाय हरे पेड़ों को काट कर लकड़ी माफिया उठा ले गये। हरे पेड़ों का कटान का काम पूरे दिन चलता रहा लोगों ने पुलिस को सूचना भी दिया लेकिन पुलिस ने सक्रियता नहीं दिखाई पेड़ काटने के बाद कई वाहन में लकड़ी भरकर लकड़ी माफिया मौके से उठा ले गए हैं झलासी और जड़ मौके में पड़ी है जो पेड़ काटने का सबूत दे रही है। वन विभाग के अधिकारी और स्थानीय पुलिस मूक दर्शक बनी रह गयी है।

जिससे वन विभाग और पुलिस की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं और बृहद पौधारोपण की बात बेमानी साबित हो रही है आखिर कब तक हरे पेड़ के कटान में लकड़ी माफियाओं का राज चलता रहेगा और व्यवस्था से जुड़े लोग केवल पेड़ के काटने के पीछे वसूली करते रहेंगे यह बड़ा सवाल खड़ा है यदि शासन प्रशासन ने मामले में जांच कराई तो हरे पेड़ काटने वाले माफियाओं के साथ-साथ विभागीय लोगों पर भी कार्यवाही होना तय है।

चोरों ने सामुदायिक भवन का ताला तोड़कर सामान किया पार

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के भीटी गांव में बुधवार की रात चोरों ने सामुदायिक भवन का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार कर दिया।सुबह कमरे के ताला टूटा देख ग्राम प्रधान के होश उड़ गए। उन्होंने ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी थी। तहरीर पाने के बाद पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

संदीपन घाट क्षेत्र के भीटी गांव के ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि मंगलवार को वह सामुदायिक भवन को बंद कर घर चले गये थे।इसी दौरान चोर सामुदायिक भवन के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस गये और वहां रखा कम्प्यूटर, कीबोर्ड, इंवर्टर,बैट्री,दरी और रजिस्टर समेत लाखों रुपए का सामान उठा ले गए। सुबह भवन का टूटा ताला देख कर उनके होश उड़ गए। उन्होंने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

मदरसा जामिया इमदादुल उलूम में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का हुआ आयोजन

करारी, कौशाम्बी। कस्बा करारी स्थित मदरसा जामिया इमदादुल उलूम में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद इमरान प्रधानाचार्य ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र कुरान से कारी मोहम्मद जाकिर ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य मोहम्मद इमरान ने विस्तार पूर्वक अल्पसंख्यकों के अधिकार पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया की 1992 में संयुक्त राष्ट्र में 18 दिसंबर को समूचे विश्व में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने भारत के संविधान के अनुच्छेद 29,30 मे विशेष अधिकारों पर रोशनी डाली। इस अवसर पर मौलाना फहद अजहरी ने अपने संबोधन में कहा कि जो छात्र आर्थिक रूप से अल्पसंख्यक हैं, हमारी जिम्मेदारी है कि उनकी आर्थिक मदद करें ताकि शिक्षा ग्रहण करने में उनको कहीं भी कठिनाई न हो। इस अवसर पर मदरसा के हाल में गुलफैज, अबू बकर तथा ओवैस ने गजल प्रस्तुत की तथा खूब तालियां बटोरी। अंत में मौलाना मेराज अहमद ने देश में शांति और उन्नति के लिए दुआ मांगी और कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर मुख्य रूप से मुफ्ती हबीबुल्लाह, कारी रफीउल्लाह, मौलाना शाहिद हसन, हाफिज लईक अहमद, हाफिज मोहम्मद इस्माईल, मौलाना मोहम्मद अकरम रजा, शहंशाह आलम, हाफिज रफीक, हाफिज समीउल्लाह, खुर्शीद अख्तर, यासीन, कारी कमाल, मोहम्मद यूसुफ इशराक, समीर, अमीन, हाफिज सिफाअत आदि मौजूद रहें।

प्रेमी युवक ने मोबाइल पर युवती की सगाई तोड़वाने की दी धमकी

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के एक गांव में सोमवार की शाम प्रेमी युवक ने मोबाइल पर युवती की सगाई तोड़वाने की धमकी दी। उलाहना देने पर वह मारपीट पर आमादा हो गया। पीड़ित परिवार ने थाने जाकर युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

संदीपन घाट क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसने अपनी पुत्री का रिश्ता पिपरी कोतवाली क्षेत्र के मेडुआ पर गांव में तय किया है। दोनों की शादी 5 फरवरी 2025 को होना तय हुआ है। सोमवार को गांव के एक युवक का फोन उसके पास आया। युवक ने युवती की शादी न करने को कहा।कारण पूछने पर उसने खुद उसके साथ शादी करने को कहा।साथ ही चेतावनी दिया कि उसके साथ शादी न करने पर वह सगाई तुड़वा देगा। परिजनों के उसके घर उलाहना देने पर वह मारपीट पर आमादा हो गया। पीड़ित परिवार ने थाने जाकर युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र में लुटेरों ने मचाया आतंक

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र में लुटेरों का आतंक चरम पर है। लुटेरे किसी का बैग, पर्स, मोबाइल, मोटर साइकिल लूट कर लोगों को कंगाल कर रहे हैं। जिसमें महिलाओं समेत युवा, कारोबारियों एवं अन्य लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं शिकायतों के बाद पुलिस सिर्फ घटनाओं पर पर्दा डालने के अलावा कुछ नहीं कर रही है।

एयरपोर्ट क्षेत्र के कादिलपुर गांव निवासी मधु पत्नि जयसिंह पटेल प्रयागराज के राजरूपुर में परिजनों के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को वह क्षेत्र के अकबरपुर मिर्जापुर किसी काम के सिलसिले में अपनी स्कूटी से आई हुई थीं। वापस लौटते समय वह गांव के सार्वजनिक नलकूप के पास दोपहर करीब तीन बजे अपने खेतों में बोई गेहूं की फसल देखने लगी। आरोप है कि इसी बीच एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक पहुंचे। एक युवक ने मोटर साइकिल से उतर कर उनका बैग छीन लिया। जब तक वह कुछ समझ पति तीनों युवक बाइक सवार होकर भाग निकले। महिला के मुताबिक बैग में पांच हजार रुपये, एंड्रॉयड मोबाइल फोन और कुछ जरूरी कागजात थे। ग्रामीण नरेश दिवाकर, फैजी, बबलू, ज्ञान सिंह ने बताया कि इसके पहले घटनास्थल से कुछ ही दूरी स्थित पचनी का पूरा मार्ग के समीप एक आटो सवार महिला का नकदी भरा बैग छीन कर भाग निकले थे। महिला सराय अकिल से प्रयागराज आटो सवार होकर जा रही थी। वहीं मंदर मोड़ के समीप एक बाइक सवार महिला का बैग और मोबाइल छीन लिया था।

स्थानीय लोगों के मुताबिक इसके अलावा कई अन्य लोगों से नकदी, मोबाइल और मोटर साइकिल छीनने एवं लूटने की कई घटनाएं भगवतपुर स्थित अंडर पास के समीप हो चुकी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह का कहना है कि बदमाशों का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही बदमाश सलाखों के पीछे किए जाएंगे।

चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर खाद्यान्न किया पार

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के भीटी गांव में चोरों ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों एमडीएम का खाद्यान्न पार कर दिया।सुबह कमरों के ताला टूटा देख प्रधानाध्यापिका के होश उड़ गए। उन्होंने ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी थी। तहरीर पाने के बाद पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।संदीपन घाट क्षेत्र के भीटी गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वीना कुमारी ने बताया कि मंगलवार को वह विद्यालय बंद कर स्टाफ के साथ घर चली गई थीं।इसी दौरान चोर विद्यालय के कमरों का ताला तोड़कर अंदर घुस गये और वहां रखा गैस सिलेंडर और खाद्यान्न समेत लगभग बीस हजार रुपए का सामान उठा ले गए। सुबह विद्यालय का टूटा ताला देख कर उनके होश उड़ गए। उन्होंने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

भाकियू अम्बावता ने त्रिभुवन लाल को मीडिया प्रभारी पद पर किया मनोनीत

चायल, कौशाम्बी। भारतीय किसान यूनियन अम्बावता गुट के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय ने कस्बा चायल निवासी त्रिभुवन लाल पुत्र राम जियावन को जिला मीडिया प्रभारी, रामचन्द्र पुत्र मैकूलाल को तहसील चायल प्रभारी और शंकरलाल पुत्र हरी लाल को तहसील चायल युवा अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि मनोनीत पदाधिकारी जनपद और तहसील के किसान भाइयों की समस्याओं के लिए संघर्षरत रहते हुए उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास करते रहेंगे। वह भारतीय किसान यूनियन अंबावता की लोकप्रियता को किसानों में बनाए रखेंगे और राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल अम्बावता के सपनों को साकार करने हेतु प्रयत्नशील रहेंगे।उनके मनोनीत होने पर क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई।इस अवसर राम प्रकाश पाठक, राजकुमार राजपूत, मुन्नालाल, दिल कुमार, अवधेश कुमार मिश्रा, राजकरण पटेल और सुर्जन सिंह यादव आदि मौजूद रहें।

सम्पादकीय

आंदोलन का प्रभाव सीमित ही बना हुआ

तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 20 महीनों तक संघर्षरत रहने के बाद एसकेएम को कामयाबी मिली। लेकिन इस तरीके को हर संघर्ष की सफलता का सूत्र मान लेना कितना उचित है, इस पर एसकेएम के अ-राजनीतिक गुट को अवश्य विचार करना चाहिए।अपने को गैर राजनीतिक कहने वाले संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) का संघर्ष लगातार गतिरोध का शिकार बना हुआ है, तो उसके पीछे खुद इस गुट की अपनी सोच कम जिम्मेदार नहीं है। एक तरीका एक मामले में सफल हुआ, तो उसे ही अन्य या कहीं व्यापक मुद्दों पर अपनाने की समझ समस्याग्रस्त है। 2020 में तीन कृषि कानून पारित होने से किसानों के सामने एक फौरी चुनौती पेश आई थी, जिस पर प्रतिरोध जताने के लिए के वे दिल्ली आए। चूंकि दिल्ली में उन्हें प्रवेश नहीं करने दिया गया, तो तीन दिशाओं से आए किसान दिल्ली से लगी तीन सीमाओं पर बैठ गए। 20 महीनों इसी रूप संघर्षरत रहने के बाद उन्हें कामयाबी मिली। इसे हर संघर्ष में सफलता का सूत्र मान लेना कितना उचित है, इस पर अ-राजनीतिक गुट को अवश्य विचार करना चाहिए।इस गुट ने बाकी समूहों की तुलना में खुद को अधिक रैडिकल दिखाने के लिए एसकेएम की एकता तोड़ दी। जब एसकेएम ट्रेड यूनियनों और अन्य जन संगठनों के साथ मिल कर अपने आंदोलन को बड़ा संदर्भ देने की दिशा में बढ़ रहा था, तब इस समूह ने दलील दी कि किसानों को किसान मुद्दों तक ही सीमित रखना चाहिए। इस रूप में देश की राजनीतिक-अर्थव्यवस्था के वर्तमान स्वरूप के प्रति इस समूह एक तरह का भोलापन दिखाया। अपनी मांगों को मनवाने के लिए उसने फिर दिल्ली कूच किया, जिसे हरियाणा के पहले ही शंभू बॉर्डर पर रोक दिया गया। तब से वे हीं बैठे रहे हैं।अब छह दिसंबर से उन्होंने फिर से दिल्ली आने की मुहिम शुरू की है, जिसको लेकर दो दिन उनका पुलिस से टकराव हो चुका है। किसानों की मांगों में एमएसपी की कानूनी गारंटी, कृषि कर्ज माफी, बिजली की कीमतें ना बढ़ाना, किसान और खेत में काम करने वाले मजदूरों के लिए पेंशन जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा वे 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 को बहाल करने और 2020-21 के आंदोलन में मरे किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे की भी मांग कर रहे हैं। फिर भी आंदोलन का प्रभाव सीमित ही बना हुआ है।

समान नागरिक संहिता के लिए बीजेपी का नया प्लान, संसद से नहीं विधानसभा से होगा लागू

अजय कुमार,लखनऊ

बीजेपी ने हमेशा से देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की वकालत की है, और यह मुद्दा जनसंघ के समय से ही पार्टी के एजेंडे का हिस्सा रहा है। जब से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है, तब से इस मुद्दे पर पार्टी ने लगातार जोर दिया है। बीजेपी ने राम मंदिर, अनुच्छेद 370 को हटाने और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों को अपने राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाया था। राम मंदिर का सपना तो साकार हो चुका है, अनुच्छेद 370 को खत्म किया जा चुका है, अब सिर्फ समान नागरिक संहिता को लागू करने का काम बाकी है, जिसे बीजेपी और मोदी सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।सुप्रीम कोर्ट के जरिए अयोध्या में राम मंदिर बनाने का रास्ता साफ हुआ, और मोदी सरकार ने संसद के जरिए अनुच्छेद 370 को खत्म किया। साथ ही, संसद के जरिए ÷एक देश, एक चुनाव÷ की दिशा में भी कदम बढ़ाए गए हैं। अब, समान नागरिक संहिता को लागू करने की प्रक्रिया को लेकर बीजेपी ने एक नई रणनीति बनाई है। बीजेपी इस मुद्दे को संसद के बजाय राज्य विधानसभा के माध्यम से आगे बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में अपने बयान के माध्यम से संकेत दिए थे।अमित शाह ने राज्यसभा में संविधान पर चर्चा करते हुए समान नागरिक संहिता के महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 44 के तहत हमारा संविधान समान नागरिक संहिता की बात करता है, लेकिन यह अभी तक देश में लागू नहीं हो पाया है। इसके लिए उन्होंने कांग्रेस को दोषी ठहराते हुए कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू किया था, और कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति शुरू कर दी थी। अमित शाह ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कई बार समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की है, लेकिन कांग्रेस ने हर बार इसे टाल दिया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तराखंड में बीजेपी सरकार ने यूसीसी को लागू किया है और इसी मॉडल के तहत बीजेपी शासित अन्य राज्यों में भी यूसीसी को लागू किया जाएगा।समान नागरिक संहिता का मतलब है कि देश में सभी नागरिकों के लिए एक ही कानून हो। इसका उद्देश्य विवाह, तलाक, संपत्ति के बंटवारे और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर हर नागरिक के लिए समान कानून लागू करना है। वर्तमान में, मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत मुस्लिम समुदाय के लोग अपने पारिवारिक मामलों का हल करते हैं, लेकिन समान नागरिक संहिता के लागू होने से सभी समुदायों के लिए एक समान कानून होगा। बीजेपी ने इस मुद्दे को जनसंघ के समय से उठाया था, और पार्टी का मानना है कि यह देश की धर्मनिरपेक्षता और समानता को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मुद्दे पर कई बार अपनी राय दी है। उन्होंने संविधान पर चर्चा के दौरान सेकुलर सिविल कोड के संवैधानिक महत्व की बात की और संकेत दिए कि सरकार समान नागरिक संहिता लाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने 15 अगस्त को लाल किले के प्रचीर से भी यह कहा था कि जिन कानूनों से देश को धर्म के आधार पर बांटा जाता है, उन्हें समाप्त किया जाना चाहिए। उनके अनुसार, देश को एक सेकुलर सिविल कोड की आवश्यकता है, और गलत कानूनों का आधुनिक समाज में कोई स्थान नहीं है।इस संदर्भ में अमित शाह ने उत्तराखंड की तर्ज पर अन्य बीजेपी शासित राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीजेपी शासित राज्यों में यूसीसी को लागू करने के लिए विधानसभा के रास्ते पर आगे बढ़ा जाएगा। इस रणनीति के तहत, बीजेपी पहले उत्तराखंड में यूसीसी को लागू कर चुकी है, और अब दूसरे बीजेपी शासित राज्यों में इसे लागू करने की योजना बनाई जा रही है। उत्तराखंड में बीजेपी ने विधानसभा चुनावों के दौरान यूसीसी को लागू करने का वादा किया था, और सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने इस पर अमल किया। उत्तराखंड में पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी, जिसने यूसीसी के लिए सिफारिशें दीं, और उसके आधार पर राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की गई।उत्तराखंड के बाद अब असम की बीजेपी सरकार भी समान नागरिक संहिता को लागू करने की तैयारी कर रही है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने हाल ही में इस बात का ऐलान किया था। राजस्थान और गुजरात जैसी राज्य सरकारें भी यूसीसी को लागू करने के पक्ष में हैं, और उनकी योजनाओं के तहत इस दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। इन राज्यों में बीजेपी अपने शासित क्षेत्रों में यूसीसी को लागू करने में सफल हो सकती है, और इस तरह से पार्टी देश के बड़े हिस्से में समान नागरिक संहिता को लागू करने का मॉडल पेश कर सकती है।बीजेपी के लिए यह रणनीति महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके जरिए वह न केवल अपने शासित राज्यों में यूसीसी लागू कर सकती है, बल्कि वह अन्य विपक्षी दलों पर भी सियासी दबाव बना सकती है। यूपी, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, असम, गोवा, गुजरात, ओडिशा, त्रिपुरा, मणिपुर, महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में बीजेपी की सरकारें हैं। इनमें से गोवा में पहले से ही यूसीसी लागू है, और उत्तराखंड में भी इसे लागू किया जा चुका है। यदि बीजेपी इन राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू करने में सफल हो जाती है, तो यह पूरे देश के लिए एक मिसाल बन सकता है।हालांकि, इस प्रक्रिया में कुछ चुनौतियां भी हैं। एनडीए के कई सहयोगी दल, जैसे जेडीयू और टीडीपी, इस मुद्दे पर बीजेपी के साथ नहीं हैं। इसके अलावा, बीजेपी को संसद में यूसीसी के बिल को पास करने के लिए दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी, जो वर्तमान में मुश्किल प्रतीत हो रही है। मुस्लिम वोटों की सियासी मजबूरी के कारण जेडीयू और टीडीपी इस मुद्दे पर बीजेपी का समर्थन नहीं कर सकते।

इसलिए, बीजेपी ने संसद के बजाय विधानसभा का रूट अपनाने का निर्णय लिया है, ताकि राज्यों में इसे लागू करने का रास्ता तैयार किया जा सके।इस रणनीति के जरिए बीजेपी शासित राज्यों में यूसीसी को लागू करने का प्रयास करेगी, और इसके बाद अन्य राज्यों में भी इसे लागू करने के लिए दबाव डाला जाएगा। यह बीजेपी के लिए एक बड़ी राजनीतिक उपलब्धि हो सकती है, क्योंकि इससे पार्टी अपनी धर्मनिरपेक्षता और समानता के एजेंडे को साकार कर सकेगी। इसके साथ ही, बीजेपी अपने सहयोगी दलों को भी इस मुद्दे पर विश्वास में लेकर सियासी फायदे की दिशा में बढ़ सकती है।बीजेपी की सरकारों को यह मौका मिलेगा कि वे अपने शासित राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू करके उदाहरण प्रस्तुत कर सकें। अगर ये राज्यों में सफलतापूर्वक लागू हो जाती है, तो यह राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रभावी बदलाव का संकेत होगा, और फिर बीजेपी अन्य राज्यों को भी इसे लागू करने के लिए प्रेरित कर सकती है। इस प्रकार, समान नागरिक संहिता का मुद्दा बीजेपी के लिए न केवल एक महत्वपूर्ण राजनीतिक एजेंडा है, बल्कि यह देश की धर्मनिरपेक्षता और समानता की दिशा में एक अहम कदम भी हो सकता है।अगर बीजेपी शासित राज्यों में यह प्रक्रिया सफल हो जाती है, तो यूसीसी को लागू करने के लिए विपक्षी दलों पर दबाव बढ़ सकता है, खासकर उन दलों पर जो मुस्लिम वोट बैंक को लेकर चिंतित रहते हैं। बीजेपी अपने शासित राज्यों को एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर सकती है, जिससे यह साबित हो सके कि समान नागरिक संहिता सभी समुदायों के हित में है और समाज में समानता लाने में मददगार है। इससे पार्टी अपने सहयोगी दलों और विपक्षी दलों को भी इस मुद्दे पर मजबूर कर सकती है, और फिर इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने का रास्ता खोल सकती है। इस प्रकार, बीजेपी अपने शासित राज्यों के जरिए देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में प्रभावी कदम उठा सकती है, जो अंततः देश को एक समान और धर्मनिरपेक्ष समाज की ओर ले जाने में मदद करेगा।

सरोकार

मकर संक्रांति पर खतरनाक चीनी मांझा- सरकार को अभी से जागृत होने की जरुरत है

अशोक भाटिया

हमें केवल चीन से ही नहीं चीनी मांझे से भी दूर रहना है । 15 जनवरी को मकर संक्राति है । मकर संक्रांति तिल गुड़ की मिठास के साथ पतंगबाजी के उत्साह से भरा पर्व है। इस पर्व पर पतंग उड़ाने की परंपरा है ।पूरा बाजार पतंगों से पटता जा रहा है। ऐसे में अभी से भी पतंग उड़ाने की शुरुवात हो चुकी हो । ये आप भी जानते हैं कि कैसे देश वासियों में पतंग उड़ाने का जुनूनी शौक है। देश में कैसे मकर संक्राति के मौके पर पूरा आसमान विभिन्न आकारों की रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाता है, महाराष्ट्र में तो अभी से लेकर जनवरी तक यह शौक फ़रमाया जाता है । ये किसी भी छिपी नहीं है। पतंगबाजी का यह शौक आज इसलिए खतरनाक होता जा रहा है क्योंकि पतंगबाज चीनी मांझा का इस्तेमाल कर रहे हैं और यह मांझा न सिर्फ पतंग बल्कि लोगों की जिंदगी भी डोर भी काट रहा है।गत वर्ष ही घर आने-जाने के दौरान मुंबई के डिंडोशी पुलिस में तैनात एक पुलिसकर्मी का गला मांझे से कट गयाथा , जिससे उसकी मौत हो गई इन शिकायतो के बाद ही पिछले दिनों में शहर के कम से कम पांच पुलिस स्टेशनों ने चीनी मांझा बेचते, स्टॉक करते या उपयोग करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ मामले दर्ज किए । गौरतलब हो कि खेरवाड़ी पुलिस के अधिकार क्षेत्र में कांस्टेबल समीर जाधव की जान भी चली गई थी जब वकोला फ्लाईओवर से लटके चीनी मांझे से उनका गला कट गया। जवाब में खेरवाड़ी पुलिस ने आईपीसी की धारा 304-ए के तहत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ स्वत- संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। इस दुखद घटना के बाद पुलिस ने चीनी मांझा की बिक्री और खरीद में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के अपने प्रयास तेज कर दिए । लोगों का कहना है कि यह त्वरित कार्यवाई हुई है जबकि चीनी मांजा तो वर्षों से बाज़ार में बिक रहा है । नायलॉन की डोर से पतंग उड़ाते हुए पकड़े गए दो भाइयों को खेरवाड़ी पुलिस ने पकड़ लिया और उन्हें डोर बेचने वाले दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया है । बांगुर नगर पुलिस ने 56 वर्षीय एक महिला को बेचने के इरादे से मांझा जमा करने के आरोप में हिरासत में लिया। इसके अतिरिक्त डिंडोशी पुलिस ने 19 वर्षीय व्यक्ति पर मामला दर्ज किया मालवणी पुलिस ने 36 वर्षीय व्यक्ति पर मामला दर्ज किया, और सहार पुलिस ने मांजा बेचने के लिए 70 वर्षीय व्यक्ति पर मामला दर्ज किया। सभी आरोपी व्यक्तियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 336 के तहत आरोप लगाए गए हैं।कुछ समय पूर्व चीनी मांझे की चपेट में आने से अभिनव नाम का एक लड़का बुरी तरह घायल हो गया, जिसके बाद उसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह लड़का अभी भी अस्पताल में भर्ती है जहां उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।ऐसा नहीं है इस तरह की ये पहली घटनाए है। कई सालों से इस तरह की कई दर्दनाक घटनाएं हो चुकी है। पिछले वर्ष भी बाइक पर सवार एक व्यक्ति चीनी मांझा से उस समय घायल हो गया जब वह फ्लाईओवर से गुजर रहा था। बाइक चलाते समय मांझा उसके गले में लिपट गया। मांझा की चपेट में आने से उसके गले में करीब 2 इंच गहरा घाव हो गया। इस मामले में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया। चाइनीज मांझा से हुआ यह पहला हादसा नहीं था । चाइनीज मांझा न सिर्फ इंसानों के लिए बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी बहुत खतरनाक है और हर साल सैकड़ों पक्षी इसमें फंसकर अपनी जान गंवा देते हैं। दरअसल पतंगबाजी का मजा लेने वाले बच्चे व बड़े आपस में पतंग को लड़ाकर उसका मजा लेते हैं। पतंग लड़ाने के लिए लोग डोर को कटने से बचाने के लिए मजबूत धागे के लिए चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करते हैं। यह मांझा सादे धागे के मुकाबले सस्ता और मजबूत होता है। इस कारण इसकी मांग ज्यादा रहती है। डिमांड के कारण दुकानदार प्रतिबंध के बावजूद भी चोरी छिपे बेचते हैं।आज भारत समेत दुनिया के कई देशों में पतंगबाजी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, लेकिन पतंगबाजी का सबसे पुराना प्रमाण चीन में मिलता है। हान राजवंश के शासनकाल में पतंगों का सैन्य उपयोग भी होता था। वहां के सैन्य कमांडरों ने दुश्मन सेना की स्थिति और दूरी का पता लगाने के लिए पतंगों का भी इस्तेमाल किया। कहा जाता है कि पतंगबाजी भी चीन के रास्ते भारत पहुंची है।अब आपके मन में भी यह सवाल उठ रहा होगा कि आखिर यह मांझा इतना खतरनाक क्यों है और एक पतला धागा लोगों की जान कैसे ले सकता है? इसका कारण यह है कि पतंगबाजी के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला सामान्य मांझा कपास का बना होता है, लेकिन चीनी मांझा नायलॉन और अन्य सिंथेटिक सामग्री से बना होता है। यह मांजा कांच, लोहे के पाउडर और कई अन्य रसायनों के साथ लेपित है। इस वजह से मांझा और भी तीखा और जानलेवा हो जाता है। चाइनीज मांझा साधारण मांझा की जगह स्ट्रेचेबल होता है यानी टूटने की बजाय खिंचता रहता है। इतना ही नहीं चीनी मांझा में धातु के चूर्ण के प्रयोग से यह विद्युत का सुचालक होता है, अर्थात इसमें से करंट प्रवाहित हो सकता है और इसलिए बिजली के झटके का खतरा रहता है, लेकिन इसके खतरों से वाकिफ होने के बावजूद आज बाजार में इसकी काफी मांग है, क्योंकि जब लोग पतंग उड़ाते हैं तो चाहते हैं कि उनकी पतंग न कट जाए और वे दूसरों की ज्यादा से ज्यादा पतंगें काट सकें।साल 2017 में ह्यनज्ञ यानी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इस मांझा पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। पर्यावरण विभाग के तहत 10 जनवरी 2017 को एक अधिसूचना जारी की गई थी, जिसके अनुसार पतंगबाजी के लिए नायलॉन, प्लास्टिक और किसी भी तरह की सिंथेटिक सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके अलावा कांच, धातु या अन्य नुकीली चीजों से बने धागों पर भी पतंग उड़ाने पर रोक लगा दी गई है। नियम के मुताबिक, सूती धागे से बने धागों से पतंग उड़ाई जा सकती है, लेकिन इनमें भी किसी न किसी तरह का धागा होता है, तेज वस्तुओं का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इन नियमों का उल्लंघन कड़ी सजा के साथ दंडनीय है। अगर कोई ऐसा करते पाया जाता है तो उसे 5 साल तक की कैद और एक लाख रुपये तक के जुर्माने से भी दंडित किया जा सकता है। इतने सख्त नियम होने के बावजूद आज देश भर में में चीनी मांझा का कारोबार फलफूल रहा है। व्यवसायी कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं और इन घातक मांझा को लोगों को बेच रहे हैं, और खरीदने वालों की कोई कमी नहीं है। मांझा के व्यापारी पुलिस को चकमा देने के लिए हाईटेक तरीके अपना रहे हैं और इसके लिए फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह मांजा इतना खतरनाक होता है कि अगर तेज रफ्तार से चलने वाला व्यक्ति इसकी चपेट में आ जाए तो यह न केवल त्वचा या नसों को बल्कि उसकी मांसपेशियों को भी काटकर हड्डियों तक पहुंच सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद चीनी मांझे के पीड़ितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। कई राज्यों में राज्य सरकारों ने चाइनीज मांझे पर बैन लगा चुकी है और प्रशासन को कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। हर साल पंतग के सीजन के दौरान चाइनीज मांझे का जिक्र होता है पर बाद में लोग व शासन इसे भूल जाता है । कई लोगों का मानना है कि यह मांझा चीन से आता है और अब चीनी सामानों का बहिष्कार किया जा रहा है, इसलिए इस पर बैन लगाया गया है।जानकारों की मानें तो अब मांझा चीन से नहीं बल्कि तेज धार के साथ इंडिया में भी बन रहा है। सूत्रों का कहना है कि मुंबई में मांझे की फैक्ट्रियां नहीं हैं। मुंबई में बाहर से चोरी चुपके लाया जाता है। यह मांझा प्लास्टिक का बना होता है। काफी मजबूत है। चाइनीज मांझे को मेटलिक कोटिंग से तैयार किया जाता है। चाइनीज मांझे की कई वैरायटी बन रही हैं। इसे बनाने में अधिकतर केमिकल और अन्य धातुओं का इस्तेमाल हो रहा है। इनमें शीशा, वज्रम गोंद, मैदा, एल्युमीनियम ऑक्साइड और जिरकोनिया ऑक्साइड शामिल है। इन सभी चीजों के मिक्स होने पर तेज धार वाला चाइनीज मांझा तैयार होता है। यह आसानी से टूटता नहीं है। इसमें ब्लेड जैसी धार होती है। वैसे बाजार में मिलने वाले सभी मांझे घातक होते हैं, लेकिन इनमें चाइनीज मांझा सबसे खतरनाक साबित है । पुलिस हर साल समय समय पर मांझे को लेकर नोटिफिकेशन जारी करती है। जहां भी बिक्री होती है, पुलिस एक्शन लेती है। चूंकि पतंग कटने के बाद हवा में उड़ता हुआ मांझा हादसे की वजह बनता है। ऐसे में पुलिस के सामने पतंग उड़ाने वाले का पता करना बड़ी चुनौती होती है। आखिर यह पतंग कहां से कटकर आई है। कौन उड़ा रहा था। अगर किसी को चाइनीज मांझे की बिक्री के बारे में पता चले तो फौरन पुलिस को सूचना देना चाहिए । हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि राज्य सरकार ने चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह बैन लगाया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी राज्य सरकार ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर बैन लगा दिया था।

समसमायिक

सत्ता और पद के नशे से लडखड़ाता सिस्टम

भूपेन्द्र गुप्ता

जब भी समाज घातक घटनाओं को नजरअंदाज करता है और उन पर कोई स्टैंड नहीं लेता तो वे नजीर बन जातीं हैं। अठारह साल पहले स्व जुगलकिशोर बागरी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल के एक बाबू क़ा कालर पकड़ लिया था वे तब जल संसाधन मंत्री थे।उसी काल में एक और मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने भी एक डाक्टर को थप्पड़ जड़ दिया था।घटनायें तो भुला दीं गई किंतु विकृति बढ़ती गई है।देश आज जिस राह पर है वह निश्चित ही चौंकाने वाला है।प्रतिक्रियायें हिंसक और उन्मादी होती जा रहीं हैं।सीमायें अपने आप टूट रहीं हैं।ऐसा क्यों हो रहा है।पूर्व में हुई तीन घटनाओं की तरह एक ही सप्ताह में फिर से वैसी ही नई घटनायें सामने आ गई हैं।जो झकझोरतीं हैं।इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज ने अपने सार्वजनिक भाषण में अल्पसंख्यकों को कठमुल्ला कहते हुए उन्हें देश के लिये खतरनाक बताया है।वे कथित रूप से बहुसंख्यकों के अनुसार देश चलाने की बात भी कहते हैं। उनके विरुद्ध महाअभियोग लाने की बात हो रही है।यह रेडिकिलाईजेशन (कट्टरता) की नई नजीर है।इससे भी खतरनाक घटना गाजियाबाद के जिला जज द्वारा छोटी सी बात पर वकीलों से हुए वाद विवाद में जिला न्यायाधीश और वकीलों के बीच में कथित झूमा झटकी की है, जहां पुलिस द्वारा वकीलों की जबरदस्त पिटाई के बाद वकीलों द्वारा अदालत के बाहर पुलिस चौकी में आग लगा देने की है।यह दोनों घटनायें न्यायपालिका के आचरण पर रोशनी डालती हैं अगर न्यायाधीश इतने ही प्रतिक्रियावादी हो जायेंगे तब निष्पक्ष न्याय की परिकल्पना ही व्यर्थ है।कल तक तो न्याय की मूर्ति की आंखों पर पट्टी थी लेकिन आज तो पट्टी हटा दी गई है ,तब जजों और वकीलों का यह कथित व्यवहार स्पष्ट संकेत है कि प्रतिक्रिया का उत्तेजक जहर पूरे कुंए में घुल चुका है।एक राष्ट्रीय दल के बड़े नेता के विरुद्ध विदिशा में शर्मनाक मामले में एफआईआर दर्ज हुई है।उसकी भतीजी ने ही उस पर यौन शोषण और रेप के आरोप लगाये हैं।हालांकि भाजपा ने उसे पार्टी से निष्कासित कर दिया है किंतु यह वासनागत उन्माद की पराकाष्ठा है जिसमें रिश्ते तार तार हो गये हैं।पारिवारिकता के रिश्तों को भी अब संशय की नजर से देखा जायेगा।इसके पूर्व भी पन्ना में रिश्तों को कलंकित करने वाला मामला दर्ज हुआ था।संयोग से वे भी इसी दल के नेता थे।क्या रसूख और सत्ता का गुमान दैहिक शोषण की आजादी का कारण बन रहा है,या यह केवल समाज को निरंतर उत्तेजक बनाये रखने के राजनीतिक तमाशों का अनिवार्य परिणाम है।रतलाम में मध्यप्रदेश की एक नवजात पार्टी के इकलौते विधायक और एक शासकीय डाक्टर के बीच खुल्ले गाली गलौज का वीडियो भी अपनी अपनी भूमिका में मगरूरियत का प्रमाण है।जो डाक्टर विधायक को अशोभनीय गालीयां दे रहा हो उसका व्यवहार मरीजों से कैसा होगा?दूसरी तरफ क्या विधायक को भी नियमित कार्यों में इतना अतिक्रमण करना चाहिये कि सरकारी कर्मचारी भी आक्रामक प्रतिक्रिया करने लगें।यह परिस्थिति खतरनाक है। जब सत्ता और पद का नशा सर चढ़ कर बोलता है तो सिस्टम टूटता है और विकृतियां पनपने लगतीं हैं।प्रदेश में घर से भागकर कथावाचक अघोरी और साधु बनने के लिये 13 नावालिग बच्चे उज्जैन में पकड़े गये हैं।उनमें से लगभग सभी ने बताया है कि वे रीलें देख देखकर भक्ति और लोकप्रियता के लिये घर छोड़ आये हैं।रील का नशा और झूठी चमक दमक किस तरह से समाज में तात्कालिक सफलता और अवसरों की तरफ भागने के लिये प्रेरित कर रही है ।तय है कि हमारा सामाजिक ताना-बाना इन मासूम महत्वाकांक्षाओं को समाधान देने मे असफल है।मजदूरों के खाते खुलवाकर साइबर अपराधियों को खाते बेचने वाले गिरोह पकड़े जा रहे है।जल्दी अरबपति बनने की ख्वाहिश,अभावों से जूझने की बजाय गरीबों की मजबूरी और अशिक्षा को लूट का साधन बना लेने की कलाकारियां खतरनाक हो रहीं हैं।पोस्ट आफिस में एक बुजुर्ग पेशनर महिला कज खाते से लाखों रुपया उड़ा लेने वाले पोस्ट आफिस कर्मचारी को भी क्या लालच की गिनीज बुक का रिकार्ड बना रहा है।ये विकृतियां एक जगह नहीं वल्कि समाज के हर हिस्से में दिखाई दे रहीं हैं।हमें एक ऐसे समाज में धकेला जा रहा है जहां थाट और एक्शन के बीच कोई टाईम डिस्टेंस नहीं है।क्रिया के बाद सोचा जा रहा है कि ऐसा क्यों किया गया?ऐसे काल प्रवाह में जब समाज फंसता है तो पछताने का भी अवसर नहीं मिलता,क्या पछतावे के पहले इस आक्रामकता को रोका जा सकता है।समाज सुधारक,लोकप्रिय कथावाचक ,राजनीतिक नेतृत्व और कार्यपालिका इस पर विचार करें,हालांकि देर तो हो ही चुकी है।

राशिफल

मेष	आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं, जिससे आपको प्रसन्नता होगी। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।
वृष	आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर चल रही अनबन आज समाप्त होगी। परिवार के किसी सदस्य की सेहत में सुधार होने से आप राहत महसूस करेंगे। व्यापारी वर्ग के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का फेर बदल ना करें।
मिथुन	-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपना कामकाज समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आपको रिलेक्स फिल होगा। बहुत दिनों से जिस काम को लेकर परेशान थे वो आज पूरा होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का मान-सम्मान व प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपको किसी प्रकार की बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो सकती है, जिसमें आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।
कर्क	आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान ना दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले आवश्यक कार्यों की लिस्ट बनाएं, इससे आपका समय बचेगा। प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।
सिंह	आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका मन किसी कारणवश उलझन में है, तो उसे शांत करने के लिए बच्चों के साथ थोड़ा समय बितायेंगे। यदि आप किसी प्रकार का मकान या दुकान खरीदना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।
कन्या	आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जिम्मेदारियों का निर्वाहन अच्छे से करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को, लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख और सौहार्द्र की वृद्धि होगी। कारोबार के सेल्स में बढ़ोतरी होगी, जिससे इनकम अच्छी खासी होगी।
तुला	आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। आज बेटी के परीक्षा के अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आज किसी रिश्तेदार को दिए पैसे वापस मिलेंगे।
वश्चिक	आज आपका दिन नई उमंग लेकर आया है। काफी समय से चल रही किसी समस्या का आज समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन उलझन में रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित रहेंगे। साथ ही ज्यादा समय पढ़ाई में व्यतीत करेंगे। यह देखकर आपके घरवालों को भी खुशी होगी।
धनु	आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी में मधुरता रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के नए स्रोत मिलेंगे। दांपत्य जीवन के लिए थोडा समय निकालेंगे जिससे रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा।
मकर	आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपको महत्वपूर्ण मीटिंग में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। आज प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज नया काम आपको सोच विचार कर करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी।
कुम्भ	आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। संतान पक्ष से आर्थिक सहयोग मिलेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों के घर का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है।
मीन	आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमे सफलता हासिल होगी। आज आपकी सभी समस्याओं का समाधान निकलेगा। सफलता की नई किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा।

सफलता पहले से की गई तैयारियों पर निर्भर करती है। बिना सही तैयारी के किए गए काम में असफलता मिलने की संभावनाएं बनी रहती हैं।

सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की रैंकिंग ठीक रखें, अन्यथा होगी कार्रवाई-जिलाधिकारी

▶▶ जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पोर्टल के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर कार्यो/योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। सीएम डैशबोर्ड बोर्ड की बैठक में विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, पर्यटन विभाग, प्रोबेशन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पशुपाल विभाग, मत्स्य विभाग, समाज कल्याण, सेतु निगम, राजस्व विभाग में वाणिज्य कर व स्टाम्प एवं रजिस्टेऊशन की रैंकिंग ठीक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन विभागों की योजनाओं में रैंकिंग ठीक नही है वह रैंकिंग ठीक कर लें अन्यथा की स्थिति में आगामी माह में विभागों की रैंकिंग ठीक नही पायी जायेगी तो उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सेतुओं के निर्माण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सेतु निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि दिसम्बर माह तक जिन सेतुओं के निर्माण की समयावधि निर्धारित है उसे पूर्ण कर लिया जाये अन्यथा की स्थिति में दिसम्बर माह के वेतन पर रोक लगा दिया जायेगा। उन्होने अधिकारियों से कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में निस्तारित करें, सभी सम्बन्धित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गम्भीरता से लें, सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की रैंकिंग ठीक रखें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा के दौरान पाया गया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतकर्ताओं के शिकायतों का फीडबैक असन्तोषजनक है जिस पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं से बात करके उनकी समस्या का समाधान किया जाये और जिन विभागों की शिकायतें लम्बित है उसका निस्तारण एक सप्ताह में करके रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन योजनाओं के आवेदन ब्लाक स्तर पर लम्बित है उनका निस्तारण एक सप्ताह में किया जाये, नही तो सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी जायेगी।''फैमिली आईडी-एक परिवार-एक पहचान'' की समीक्षा के दौरान पाया गया कि विकास खण्ड बिहार, लालगंज, कुण्डा, कालाकांकर व पट्टी की प्रगति ठीक नही है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि फैमिली आईडी की प्रगति में सुधार लायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। माननीय जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट अर्चना तिवारी एवं अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण कर बंदियों की समस्याओं को सुना एवं जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने बैंरकों का निरीक्षण कर बन्दियों से उनके अपराध और जिला कारागार में मिल रही है सभी व्यवस्थायें की जानकारी प्राप्त की। जिला कारागार में बने अस्पताल के निरीक्षण में मरीज भर्ती से उनके स्वास्थ्य, दवाओं व भोजन की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तो भर्ती मरीजों द्वारा बताया गया कि दवा, भोजन आदि की सुविधायें समय से मिल रही है। जनपद न्यायाधीश ने उ0प्र0 कारागार विभाग की आधुनिकीकरण

योजना के अन्तर्गत जिला कारागार चिकित्सालय में हेल्थ एटीएम व ईसीजी मशीन कक्ष का शुभारम्भ किया एवं लगाये गये उपकरणों का अवलोकन भी किया।

महिला बैरक का निरीक्षण कर बन्दियों से उनकी शिक्षा व जिला कारागार में मिल रही व्यवस्थायें की जानकारी ली तो महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि सभी व्यवस्थायें बराबर मिल रही है। जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने महिला बैरक में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया जहां पर थैले की सिलाई की जा रही थी उसका अवलोकन भी किया गया। जिला कारागार के निरीक्षण के आंवला प्रसंस्करण केंद्र पर बंदियों द्वारा निर्मित आंवला उत्पाद, आंवला जूस, आंवला अचार, आंवला मुरब्बा इत्यादि का अवलोकन किया गया एवं उनके बनाये गये उत्पाद को अधिकारियों द्वारा क्रय भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेलर अजय कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, चिकित्साधिकारी डॉ प्रवीन रंजन, डिप्टी जेलर आफ्ताब अंसारी आदि सम्बन्धित उपस्थित रहे।

विधानसभा में गूंजा बिजली विभाग के निजीकरण का मुद्दा

● सपा विधायक आरके वर्मा ने कहा कि उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा निजीकरण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। विधानसभा में बिजली विभाग के निजीकरण का मुद्दा सपा विधायक आरके वर्मा ने जोर शोर से उठाया। उन्होंने कहाकि यह कदम सिर्फ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा है।

सपा विधायक ने कहा कि बिजली विभाग अगर निजी हाथों में गया तो उपभोक्ताओं का जबर्दस्त शोषण होगा। निजी कंपनियां मनमाने दर पर उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति करेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन आईएएस अधिकारियों के हाथों में है, फिर भी विभाग का घाटा निरंतर बढ़ता जा रहा है। फिर निजी कंपनियों के पास ऐसा कौन सा अलादीन का चराग है कि वे विभाग को फायदे में ला देंगी। ऐसा तो सिर्फ उपभोक्ताओं के शोषण से ही संभव है। उन्होंने मुंबई का उदाहरण देते हुए कहाकि निजीकरण के बाद वहां बिजली महंगी हो गई। विधायक वर्मा ने सवाल किया कि क्या हमें अपने आईएएस अधिकारियों और योग्य अभियंताओं पर भरोसा नहीं है जो हम निजीकरण पर आमादा हैं।

सपा विधायक वर्मा ने कहा कि बिजली विभाग के घाटे की मुख्य वजह घटिया सामानों की आपूर्ति है, विद्युत चोरी या बिल बकाया होना बिल्कुल नहीं है। अगर घटिया सामानों की आपूर्ति के मामलों की उच्च स्तरीय जांच करा ली जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी अपने आप सामने आ जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पॉवर कॉरपोरेशन की मंशा है कि खरीद फरोख्त में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच न होने पाए और विभाग को निजी हाथों में सौंपकर अपना पिंड छुड़ा लिया जाए। इसलिए बिजली विभाग को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी है। विधायक वर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता को निजी कंपनियों के शोषण से बचाने के लिए हमें अपने अधिकारियों की योग्यता पर भरोसा करना चाहिए।

11 ग्रामों में चकबन्दी प्रक्रिया होगी प्रारम्भ-जिलाधिकारी

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबन्दी संजीव रंजन ने बताया है कि चकबन्दी आयुक्त उत्तर प्रदेश के द्वारा 11 ग्रामों में चकबन्दी क्रियायें आरम्भ करने हेतु निश्चय किया गया है। उन्होने बताया है कि चकबन्दी प्रक्रिया तहसील रानीगंज क्षेत्र के ग्राम प्रेमधर पट्टी, दूबेपट्टी, द्वारिकापुर, वेदपट्टी, नरसिंहगढ़, पूरेदुर्बन, चन्दीपट्टी सिधारी पट्टी, देवलहा में प्रारम्भ होगी। इसी प्रकार तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम सराय गोविन्दराय तथा तहसील कुण्डा क्षेत्र के ग्राम गोगौर व मुरैठी में चकबन्दी प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का लाभ लेने हेतु युवा करें आवेदन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को गति प्रदान करते हुये उद्योगों को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में 01 लाख युवाओं को वित्त पोषित कर योजनान्तर्गत स्वरोजगार मिशन द्वारा आगामी 10 वर्षो में 10 लाख सूक्ष्म इकाईयों की स्थापना कराना है। योजनान्तर्गत ऋृण कम्पोजिट लोक प्रकृति का होगा। परियोजना लागत का 10 प्रतिशत टर्म लोन के रूप में अनिवार्य होगा। ऋृण में भूमि का क्रय सम्मिलित नहीं होगा। सामान्य वर्ग हेतु 15 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 10 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति/जनजाति, दिव्यांगजन के व्यक्तियों का 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान जमा कराना होगा। परियोजना लागत का 5 लाख या जो भी कम हो का 10 प्रतिशत मार्जिन मनी (सब्सिडी) के रूप में देय होगा। परियोजना लागत का 5 लाख या जो भी कम हो लिये गये ऋृण के शत प्रतिशत ब्याज का उपादान वित्त पोषण की तिथि से अगले 04 वर्षो तक देय होगा। ब्याज उपादान त्रैमासिक आधार पर देय होगा।

उन्होने योजना की पात्रता की शर्तो के सम्बन्ध में बताया है कि आवेदक उ0प्र0 का मूल निवासी होना चाहिये एवं उसकी आयु 21 से 40 वर्ष होनी चाहिये। आवेदक न्यूनतम कक्षा 8 उर्त्तीण होना चाहिये। आवेदक द्वारा सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से कौशल सम्बन्धित प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो। पूर्व में पीएम स्वनिधि योजना के अतिरिक्त राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य योजना में ब्याज अथवा पूंजी उपादान का लाभ प्राप्त न किया होगा। आवेदन केवल आनलाइन स्वीकार किये जायेगें, आनलाइन आवेदन की वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्बउलनअंण्पपकण्वतहण्प द पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र से सम्पर्क किया जा सकता है।

सड़क दुघर्टना में कोटेदार संघ के अध्यक्ष घायल

रखहा । कंधई थाना क्षेत्र के बिबियाकरनपुर निवासी 58 वर्षीय अवधेश तिवारी बेलखरनाथ धाम ब्लाक के कोटेदार संघ के अध्यक्ष हैं ।बुधवार सायं लगभग तीन बजे वह किसी काम से पट्टी नगर गए थे,वहां से वह लगभग चार बजे बाइक से घर वापस जा रहे थे । रास्ते में पट्टी चिलबिला मुख्य मार्ग पर तरदहा गांव के पास सामने से आ रहे कार चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया जिससे वह बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये । स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां से प्राथमिक उपचार के बाद प्रतापगढ़ रेफर कर दिया गया।

गुरु घासीदास के सिद्धांतों को आत्मसात करने से ही सामाजिक समरसता को मजबूती -प्रधान बिमलेश सिंह

▶▶ समतामूलक समाज की स्थापना में गुरु घासीदास की शिक्षा प्रासंगिक -कुल भूषण शुक्ल

▶▶ तारापुर में समारोह पूर्वक मनी गुरु घासीदास की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज-प्रतापगढ़। सतनामी समुदाय के प्रवर्तक एवं तर्कवाद के पोषक गुरु घासीदास आजीवन सत्य के पालन हेतु दृढ़ संकल्पित रहे। गुरु घासीदास जातियों में भेदभाव व समाज में भाईचारे के अभाव को देख कर बहुत दुखी थे। वे लगातार प्रयास करते रहे कि समाज को इससे मुक्ति दिलाई जाए।उक्त बातें गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर बाबू जगजीवन राम नेशनल फाउंडेशन (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,भारत सरकार) के सहयोग से अनिकेत सेवा संस्थान द्वारा क्षेत्र के तारापुर गांव स्थित शंकर दीनदयाल इंटरमीडिएट कालेज के प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान तारापुर बिमलेश बहादुर सिंह एडवोकेट ने कहीं।

उन्होंने उपस्थित विद्यालय के छात्र-छात्राओं व क्षेत्रवासियों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गुरु घासीदास के जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता की मजबूती पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर आए मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुल भूषण शुक्ल ने गुरु घासीदास की शिक्षा पर बिस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि अगर इनका अनुसरण किया जाए तो आज भी रामराज्य की स्थापना संभव है। समतामूलक समाज की स्थापना, सामाजिक शुचिता व समभाव के लिए गुरु घासीदास के सिद्धांत बेहद प्रासंगिक एवं समीचीन हैं। उन्होंने सतनामी दर्शन व तर्कवाद पर भी बिस्तार से प्रकाश डाला।

समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक रामशंकर यादव एवं संचालन शिक्षक सुनील यादव ने किया। आयोजक संस्था अनिकेत सेवा संस्थान टिकरा बैजनाथ, मुसाफिरखाना अमेठी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने आए हुए सभी अतिथियों, विद्यालय परिवार व क्षेत्रवासियों का स्वागत करते हुए बैज लगाकर एवं अंगवस्त्र प्रदान करके सम्मानित किया। मुख्य अतिथि द्वारा क्विज कंपटीशन एवं चित्रकला व निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को शील्ड,मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।समारोह में मां भगवती जागरण ग्रुप (सिंगर पंकज परदेशिया) की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।संस्था द्वारा सूक्ष्म जलपान एवं स्वल्पाहार कराया गया।इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सोनम यादव,अनीस कोरी, कैलाश तिवारी बी डी सी, मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक भवानी प्रसाद तिवारी, राजकुमार उपाध्याय शिवशंकर यादव, डॉ ज्योत्सना शुक्ला,ऐश्वर्य शुक्ल,अंजू यादव ,शिव शंकर यादव,पूनम बर्मा,सुहानी सरोज, साध्वी सरोज, अनुराग सिंह, अर्पित यादव,पूनम पाल समेत विद्यालय की छात्र छात्राएं एवं क्षेत्रीय जन-मानस उपस्थित रहे।

सड़क पर काम कर रहा युवक हादसे में घायल

कुंडा प्रतापगढ़ । अमेठी सदर निवासी राम नेवाज यादव का 26 वर्षीय बेटा धनंजय यादव प्रयागराज-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणाधीन सड़क के चौड़ीकरण में कुंडा में काम कर रहा था। बुधवार को काम करने के दौरान वह मशीन की चपेट में आने से घायल हो गया। साथियों ने आनन-फानन में उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

जरूरतमंदों को बांटा गया कंबल

कुंडा प्रतापगढ़।कालाकांकर ब्लॉक के तिवारीपुर गांव में बुधवार को गांव के जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। समाजसेवी राजेश मिश्रा, प्रधान कमलेश कुमार पटेल ने संयुक्त रुप से गांव के जरूरतमंदों को कंबल दिया। इस मौके पर राजेश मिश्रा, श्यामलाल पटेल, बीडीसी अरविन्द मिश्रा, ओम प्रकाश शर्मा, राम किशोर पटेल, सुन्दरलाल पटेल, पारस नाथ सरोज, राधे मौर्या, राम आसरे मौर्या, विपिन मौर्या आदि मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को दिया गया प्रशिक्षण प्रमाणपत्र

लोकमित्र ब्यूरो

सुवंशा (प्रतापगढ़)। विकासखंड गौरा सभागार में पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को 2 दिन का प्रशिक्षण समाप्त होने पर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सही तरीके से केंद्र चलाने, बच्चों को भावनात्मक तरीके से पढ़ाने, खेलकूद कहानी के माध्यम से पढ़ाने की जानकारियां दी गई। वरिष्ठ प्रशिक्षक सीडीपीओ सदर रविंद्र कुमार उपाध्याय, सीडीपीओ गौरा बीनू सिंह आदि ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद सभी को प्रमाण पत्र बांटा गया। मुख्य सेविका सुनैना देवी, वरिष्ठ लिपिक विनोद कुमार मिश्रा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कमलेश, सुषमा कुरील, मनीष सिंह, कंचन यादव सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां प्रशिक्षण में मौजूद रहीं।

प्रशिक्षण शिविर में सम्मानित किए गए एएलएस एंबुलेंस स्टाफ

▶▶ प्रशिक्षणार्थियों को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने की दी गई जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए, निशुल्क एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस सेवा प्रदान की है, जिसका संचालन मेडकेयर 365 प्राइवेट लिमिटेड संस्था 38 माह से अधिक समय से कर रही है। संस्था द्वारा एएलएस एंबुलेंस सेवा के कार्यरत ईएमटी एवं पायलट का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर बुधवार को कचहरी रोड स्थित सीएमओ कार्यालय के सभागार शास्त्री भवन में सीएमओ डॉ. एएन प्रसाद, एम्बुलेंस नोडल अधिकारी डॉ. राजेश कुमार और डीपीएम आरबी यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मरीजों को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा उपचार प्रदान करने के बारे में मेडिकेयर के डॉ. जितेंद्र प्रताप मिश्रा ने अस्पताल पहुँचने तक गंभीर मरीजों की जान बचाने के लिए प्राथमिक उपचार देने का तरीका व मदद के लिए आने वाले फोन से लेकर पहुँचने और मरीज को ले जाते समय निभाई जाने वाली जिम्मेदारी की जानकारी प्रदान की। इस मौके पर बेहतर कार्य करने वाले ईएमटी एवं चालकों को सीएमओ डॉक्टर एएन प्रसाद और मेडकेयर 365 संस्था के प्रोजेक्ट हेड यूपी दीपक खरबंदा ने सम्मानित और पुरस्कृत किया। इस मौके पर मेडकेयर 365 संस्था के संचालन प्रबंधक रजनीश चतुर्वेदी, मेंटेनेंस प्रबंधक अनुज सिंह, जिला प्रबंधक उमेश यादव, मेन्टेनेंस अधिकारी सौरभ कुमार, सीनियर एचआर राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्कूल की छात्राओं ने देखा विधानसभा की कार्रवाई

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिले के डॉल्फिन पब्लिक स्कूल दिलीपपुर की सात छात्राओं के दल ने स्कूल के प्रबंधक अनिल त्रिपाठी के नेतृत्व में लखनऊ स्थित विधानसभा की कार्यवाही को देखा। कॉलेज की कक्षा सात की छात्रा आरिफा बानो ने बताया कि छात्राओं ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलकर विधानसभा सत्र की कार्यवाही और व्यवस्था की जानकारी ली। विधानसभा अध्यक्ष ने छात्राओं से भी विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी ली और उनके प्रश्नों का सम्यक जवाब देने पर उन्होंने सराहना की।

करंट की चपेट में महिला झुलसी, गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़ । कोतवाली क्षेत्र के लरु गांव निवासी बृजेश बहादुर सिंह की 36 वर्षीय पत्नी बेबी सिंह घर में काम करने के दौरान करंट की चपेट में आने से झुलस गई। परिजनों ने बेबी को सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई।

टैंकर की टक्कर से पिकअप पलटी, चालक जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। लखनऊ से सामान लादकर प्रयागराज जा रहे पिकअप को पानी छिड़क रहे टैंकर ने टक्कर मार दी। इससे पिकअप पलट गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला और उसे सीएचसी भेजा। कानपुर देहात निवासी अशोक सिंह का 31 वर्षीय बेटा धुव्रराज सिंह चालक है। वह पिकअप गाड़ी पर सामान लेकर लखनऊ से प्रयागराज जा रहा था। बुधवार को दोपहर मौली बाईपास के पास सड़क चौड़ीकरण में पानी का छिड़काव कर रहे टैंकर ने टक्कर मार दी, जिसमें वह पलट गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि पिकअप का अगला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया, चालक उसी में फंस गया। दरोगा गिरीशधर दुबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला और सीएचसी भेजा। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना से प्रयागराज-लखनऊ बाईपास हाईवे पर काफी देर तक अफरातफरी रही।

गोष्टी के माध्यम से किसानों को किया गया जागरुक

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। विकास खण्ड बहरिया के अन्तर्गत ग्रामसभा भरेहता के मजरा गांव सारंगपुर में प्रसार निदेशालय शुआट्स प्रयागराज द्वारा एक किसान गोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया । जिसमें कृषि वैज्ञानिक डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किसानों को अगैती आलू की खेती में झुलसा रोग से निपटने के गुर बताये । आलू में झुलसा रोग से बचाव के लिये डाईथेन एम0-45 अथवा कापर आक्सी क्लाराइड का छिड़काव करें । दवा की मात्रा 3 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिला कर करें । इसी दवा को दुबारा 15 दिन बाद छिड़काव करें । पाला का प्रकोप होने पर खेतां में हल्की सिंचाई करें या खेतों के मेड़ों पर घास-फूस जला कर धुआं करें । फलदार वृक्षों के लिये भी 3 ग्राम सल्फर प्रति ली0 पानी में मिला कर छिडकाव पत्तियों पर करें । पलाइनोफिक्स दवा को 4 मिली ग्राम दवा को 9 ली0 पानी में मिलाकर छिड़काव करने से फूल-पत्ती झड़ने की समस्या से निजात मिलेगा । डा0 सरवेन्द्र कुमार ने गेंहू एवं रवी की फसलों के बारे में भी जानकारी दी । सहायक विकास अधिकारी कृषि कुंवर शोभित मिश्र ने कृषि विभाग की चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया । प्रगतिशील कृषक राजेन्द्र तिवारी, बब्लू, सुनील मिश्र व सतीश तिवारी समेत काफी किसान लोग रहे।

कार्य क्षेत्र में महिलाओं को सुरक्षित रखता है यौन उत्पीड़न अधिनियम

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार बुधवार को न्यायालय परिसर में पोस (पीओएसएच) एक्ट से संबंधित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत प्रकोष्ठ की अध्यक्ष विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा ने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए वर्ष 2013 में इस अधिनियम को लागू किया गया था।

इसे 'यौन उत्पीड़न अधिनियम' या 'पोस एक्ट' के नाम से भी जाना जाता है। इस कानून का मकसद महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाना और उन्हें सुरक्षित कार्य वातावरण देना है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि इस अधिनियम के तहत, प्रत्येक संगठन को अपने महिला कर्मचारियों के लिए यौन उत्पीड़न से जुड़ी नीतियां, रोकथाम की प्रणालियों, और सेवा नियम तय करने होते हैं। इसके अलावा संस्था की हर शाखा में एक आंतरिक समिति का गठन करना जरूरी होता है। इस अधिनियम के तहत, अगर कोई महिला अपने या किसी और के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का सामना करती है, तो वह शिकायत कर सकती है। यह अधिनियम, पूरे भारत में किसी भी तरह के सार्वजनिक या निजी प्रतिष्ठान पर लागू होता है। इसमें संगठित और असंगठित क्षेत्र सहित गैर-सरकारी संगठन भी शामिल हैं। घर में काम करने वाली नौकरानी भी इस अधिनियम के तहत सुरक्षित है।कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत प्रकोष्ठ की सदस्य सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी सोनम गुप्ता ने बताया कि भारत में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, विधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसका उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न से उनका बचाव और रोकथाम है। यह ध्यान देने वाली बात है कि पोस अधिनियम पीड़ित महिला को किसी अन्य महिला के खिलाफ लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने की अनुमति नहीं देता है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत गरिमा के अधिकार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अधिनियम कार्यरत है।इस मौके सिविल जज जूनियर डीविजन सैफाली यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी आदि मौजूद रहीं।

परीक्षक शिक्षकों के विवरण में 23 तक करें संशोधन

चित्रकूट-जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के सचिव द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा का कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। इसमें परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापकों, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों तथा प्रयोगात्मक परीक्षा व मूल्यांकन कार्य के लिये परीक्षकों की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए समस्त प्रधानाचार्य विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के अपलोड कराये गये विवरणों (शिक्षकों के नाम, जन्मतिथि, नियुक्ति तिथि, पंजीकरण संख्या, अध्यापन का विषय, अर्हता, अध्यापन विषय का विषय कोड, विषय के नाम) की एक बार पुनः गहनता से जाँच कर लें। जिससे कोई भी शिक्षक किसी गलत विषय में परीक्षक नियुक्त न हो सके और न ही कोई अनर्ह शिक्षक परीक्षक नियुक्त हो सकें। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाय कि किसी भी दशा में एक शिक्षक का विवरण एक से अधिक विद्यालयों से अग्रसारित न होने पाएं।

किसान दिवस में डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया। जिसमें डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।किसान दिवस में किसानों ने जिलाधिकारी को समय से नहरों का संचालन कराने, सिंचाई के लिए विद्युत की निरंतर सप्लाई करने, अन्ना गौवंशों को संरक्षित कराने, बन्दर एवं नीलगाय के नियंत्रण के लिए प्रबन्ध करने, यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराने, अधिगृहित भूमि का मुआवजा दिलानें सहित अन्य समस्याएं बताई। इस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय किसानों की समस्या का समाधान कर अवगत कराने के निर्देश दिए। किसान दिवस में केवीके गनीवां के वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार के द्वारा मौसम, फसल में खरपतावार के निस्तारण एवं फसल सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए विगत किसान दिवस में उठायी गयी समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में जानकारी दी।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप कृषि निदेशक राजकुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत एसएम कश्यप, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एम एल धर्मान, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, एआर कॉपरेटिव राजकुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, डिप्टी आरएमओ अविनाश चंद्र झा, तुलसीराम, राजकुमार, देवेन्द्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, राज किशोर, जसवंत सिंह, नीलकण्ठ द्विवेदी, उदयनारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

महाकुम्भ में 'दक्ष' पुलिस करेगी 45 करोड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा

कुम्भ मेला पुलिस, ड्यूटी में आये पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण देने के साथ ही और परीक्षा के जरिए दक्ष बनाने पर दे रही जोर

कुम्भ मेला ड्यूटी के लिए आए पुलिस कर्मियों की तैयारियों को परखने के लिए ली जा रही है लिखित परीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। योगी सरकार महाकुम्भ 2025 के आयोजन के लिए विभिन्न आयामों से तैयारी कर रही है। महाकुम्भ 2025 की सुरक्षा और सफलता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार कुम्भ मेला पुलिस, ड्यूटी में आये पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण और परीक्षा के जरिए दक्ष बनाने के लिए नवीन प्रयोग कर रही है। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों की तैयारियों को परखने और उन्हें हर चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण सत्र और परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

प्रशिक्षण सत्रों में आपदा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, श्रद्धालुओं से व्यवहार और कुम्भ के धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं पर गहन जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के बाद आयोजित लिखित परीक्षा में पुलिस कर्मियों की तत्परता का मूल्यांकन किया जा रहा है, ताकि महाकुम्भ के दौरान सुरक्षा और सेवा

परीक्षा में महाकुम्भ से संबंधित सवालों पर परखी जा रही पुलिस कर्मियों की नॉलेज

का सर्वोत्तम मानक सुनिश्चित किया जा सके। वहीं लिखित परीक्षा में प्रशिक्षण के दौरान बताए गए विभिन्न आयामों से संबंधित सवालों को पूछा जा रहा है जिसमें आपदा से बचने, श्रद्धालुओं से व्यवहार और कुंभ के धार्मिक और आध्यात्मिक पहलुओं से संबंधित प्रश्न पूछे जा रहे है।

कुम्भ मेला मे आये पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के लिए पूरी तरह तैयार करने के लिए उनकी क्लास चलाई जा रही है और उनकी तैयारियों को परखने के लिए उनकी परीक्षा भी कराई जा रही है। एसएसपी कुम्भ मेला राजेश कुमार द्विवेदी के अनुसार कुम्भ मेला ड्यूटी में आने वाले सभी पुलिस कर्मियों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण क्लास चलाई जा रही है। जो सुरक्षा, आपदा और व्यावहारिक पहलुओं जैसे विभिन्न आयामों पर आधारित है।



इसके बाद क्लास में बताई गई जानकारी के अनुसार उनकी परीक्षा करायी जा रही है, जिसमे कुम्भ मेला में आपदा को पहचानना, आपदा की स्थिति में त्वरित समाधान , रास्तो की जानकारी ,कुम्भ की आध्यात्मिक एवं धार्मिक जानकारी, और भौगोलिक स्थितियों से संबंधित सवाल पूछे जा रहे है।

पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षण संदीप वर्मा ने बताया कि प्रश्नपत्र का प्रारूप बहुविकल्पीय है। 100 नंबर के प्रश्न पत्र में 20 सवाल पूछे जा रहे है। परीक्षा का समय एक घंटे निर्धारित है। परीक्षा में फेल होने पर उनको दोबारा तीन दिनों का प्रशिक्षण क्लास करने और परीक्षा देने का प्रावधान है। जिससे पुलिस कर्मी कुंभ में ड्यूटी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाए।

कुशीनगर से आए इंस्पेक्टर विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद परीक्षा देने से हम लोगों को कुम्भ की भली-भांति जानकारी हो गई है।

हर तरह से तैयार की जा रही फोर्स

प्रयागराज। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रशांत कुमार ने बताया कि महाकुंभ के दौरान पुलिसकर्मियों के लिये सभी तरह की ड्यूटी चुनौती पूर्ण होगी। इसके लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण और परीक्षा के माध्यम से हर तरह से तैयार किया जा रहा है, जिससे वो अपनी ड्यूटी से भिज्ञ रहते हुए किसी भी परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहें।

अब पुलिस मेले की ड्यूटी के लिए पूर्णतया तैयार है। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर संजय कुमार चौबे ने बताया कि यहां आने पर महाकुम्भ के बारे में नई जानकारियां मिली है, जो ड्यूटी में सहायक होंगी। महिला कांस्टेबल स्वेतलाना मौर्य ने बताया कि पूरे पुलिस फ़ोर्स को इस तरह से ट्रेंड किया जा रहा है, जिससे असली परीक्षा महाकुम्भ के शुरू होने पर वे डिस्टिंक्शन नंबरो से पास हो जाए।

देश क्रांतिकारियों का सदैव ऋणी रहेगा

पूर्व संध्या पर काकोरी कांड के बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि

प्रयागराज। अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी के नेतृत्व में मुंशी राम प्रसाद के बगिया नारायण वाटिका में काकोरी कांड को अंजाम देने वाले अमर क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह राजेंद्र नाथ लाहिड़ी एवं अशफ़ाकउल्ला खान को उनके बलिदान दिवस के पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी, भाजपा नेता कुमार नारायण, पूर्व पार्षद विजय वैश्य ने कहा कि देश सदैव क्रांतिकारियों का ऋणी रहेगा 9 अगस्त 1925 में काकोरी कांड के महानायकों ने काकोरी स्टेशन पर अंग्रेजी सरकार के द्वारा हथियार और देश की संपत्ति लूटकर देश से बाहर ले जा रहे थे। जिसे महान क्रांतिकारियों ने ट्रेन पर हमला करके देश की संपत्तियों की रक्षा की थी। इस कांड से अंग्रेजी सरकार की चूले हिल गई थी और उनकी नींद हराम हो गई थी। इस कांड को अंग्रेजी सरकार ने लूट कांड कहा और काकोरी कांड को अंजाम देने वाले महान क्रांतिकारियो को 19 दिसंबर 1927 को अलग-अलग जिले के जेलों में फांसी दी थी। पंडित राम प्रसाद बिस्मिल को को गोरखपुर की जेल में, ठाकुर रोशन सिंह को नॉर्थ मालाका जेल इलाहाबाद, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, 17 दिसंबर को गोंडा में और अशफाक उल्ला खान को फैजाबाद जेल में फांसी दी थी।

कार्यक्रम के संयोजक अभिलाष केसरवानी और शत्रुघ्न जायसवाल रहे। संचालन अजय अग्रहरि ने किया।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कुमार नारायण, राजेश केसरवानी, पूर्व पार्षद विजय वैश्य, कमलेश कुमार, किशनचंद्र जायसवाल , पद्माकर श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, दिलीप केसरवानी, संजय केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, रजनीकांत श्रीवास्तव, श्रेष्ठ चौरसिया आदि रहे।

त्रिवेणी और संगम सिटी क्लब क्वार्टर फाइनल में

प्रथम एमएम हैकेट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। संगम सिटी फुटबाल क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रथम एमएम हैकेट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता में त्रिवेणी क्लब और संगम सिटी क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

त्रिवेणीपुरम झूंसी मैदान पर बुधवार को खेले गये पहले मैच में त्रिवेणी क्लब ने सुल्तानपुर क्लब को 2-0 से हराया। विजेता टीम के लिए ऋत्विक और अनवर अहमद ने गोल किये। अनवर अहमद को वरिष्ठ फुटबालर अश्विनी पटेल ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। अमन सिंह मैच के रेफरी रहे।

दूसरे मैच में संगम सिटी क्लब ने रेड टेप यूनाइटेड को 7-0 से हराया। आमिर खान ने दो, देवेंद्र कुशवाहा, अनूप यादव, आजाद पांडेय, विश्वजीत सिंह, संतोष यादव ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम के अर्सलान को मैन ऑफ दि मैच चुना गया। मैच रेफरी जितेंद्र कुमार (जैक) रहे।

आयोजन सचिव बृजेश कुमार सिंह के अनुसार गुरुवार को एटीके जूनियर व परेड ब्वॉयज के बीच दोपहर ढाई बजे और नाइट राइडर्स व अली स्टार के बीच अपरान्ह साढ़े तीन बजे से मैच होगा।

पैरवी करने पर अधिवक्ता को धमकी

प्रयागराज। जॉर्ज टाउन थाना अंतर्गत अल्लापुर के एक अधिवक्ता को उनके गनर के सामने ही जान से मारने की धमकी दी गई है। केस की पैरवी करने पर यह धमकी मिली है। धूमनगंज पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है। अल्लापुर निवासी अधिवक्ता राकेश कुमार त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि 10 दिसंबर की रात 10 बजे वह अपने परिचित की शादी में शामिल होने के लिए अपने सुरक्षाकर्मी के साथ एनसीआर मुख्यालय के सामने स्थित गेस्ट हाउस जा रहे थे। रास्ते में रेलवे कॉलोनी की मुख्य सड़क पर लखनऊ में दर्ज मुकदमे के आरोपित विवेक कुमार और उनके तीन अन्य साथी ने उनकी गाड़ी रोक ली। गाली दी और जान से मारने की धमकी दी।

गुजरात हस्तशिल्प उत्सव 20 दिसंबर से

महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज मे फिर एक बार 20 से 29 दिसंबर तक

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुंभ के अवसर पर, इन्डेक्ष्ट-सी, गुजरात सरकार द्वारा शिल्प हाट, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज मे 20 से 29 दिसंबर तक गुजरात के शिल्पकारो की कलाकृति का प्रदर्शन-एवं-बिक्री का आयोजन किया गया है।गुजरात राज्य के उद्योग और खनन विभाग के कॉटेज एंड रूरल इंडस्ट्री तहत इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन कॉटेज (इन्डेक्ष्ट-सी) कार्यरत है। इन्डेक्ष्ट-सी का मूलभुत उद्देश्य शिल्पकारों की आजीविका को बढ़ावा देना और गुजरात राज्य के दूर दराज गांवों की जीवंत कलाकृतियों, हस्तशिल्प, कॉटेज और ग्रामोद्योग की वंशानुगत कला को जीवित रखते हुए ओर कलाकृतिओ का सर्जन करने वाले शिल्पकारो को गुजरात राज्य के विभिन्न शहर एवं देश के विभिन्न राज्यों में प्रत्यक्ष विपणन मंच (मार्केटिंग प्लेटफॉर्म) मुहैया करना है। सरकार के द्वारा आत्मनिर्भरता की दिशा मे एक कदम के रूप मे हस्तशिल्प के क्षेत्र से जुडे हुए कला-शिल्पकारो के व्यवसाय-रोजगार मे तेजी ला कर शिल्पकारो को आत्मनिर्भरता हासिल करने और आजीविका के लिए आयोजित किया गया है। इस उत्सव मे प्रवेश और पार्किंग निःशुल्क है।

इस उत्सव मे रमत गमत, युवा और सांस्कृतिक प्रवृत्तिया विभाग, गुजरात सरकार के सहयोग से दिनांक 20, 21 एंव 22 दिसंबर को गुजरात के कन्या विद्यालय अस्तान, सुरत, गुजरात-कलाकृति = प्राचीन गुजराती ट्रेंडीशनल गरबा, अर्वाचीन गरबा एवं श्री राठवा आदीवाशी जनजाती, छोटाउदेपुर, गुजरात-कलाकृति = राठवा ट्रायबल डान्स के गुजराती रास-गरबा कार्यक्रमो का आयोजन किया है।

शिल्प हाट, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में है आयोजित

यह उत्सव का उद्घाटन शिल्प हाट, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र मे 20 दिसंबर को प्रयागराज के मनोज कुमार गौतम, कमाडेन्ट के कर कमलो से किया जायेगा। इस अवसर पर उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र एवं इन्डेक्ष्ट-सी-गुजरात के अधिकारी उपस्थित रहेगें। इस उत्सव का आयोजन प्रवीण सोलंकी आईएएस, चेयरमेन, इन्डेक्ष्ट-सी एव सेक्रेटरी एव कमिश्नर कॉटेज एंड रूरल इंडस्ट्री, गुजरात सरकार के दिशा-निर्देश से किया गया है।

अन्याय और अत्याचार के खिलाफ डट कर खड़े रहेगे- राघवेंद्र यादव

प्रयागराज। बीते लगभग एक महीने से नैनी सेंट्रल जेल में बंद समाजवादी लोहिया वाहिनी राष्ट्रीव महासचिव राघेन्द्र यादव को बुधवार को रिहा कर दिया गया है। जिससे उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई आई। मंगलवार को इलाहाबाद हाइकोर्ट ने राघेन्द्र यादव को जमानत दे दी। हाइकोर्ट ने शाम साढ़े चार बजे जमानत मंजूर कर उन्हें रिहा किया गया।राघवेन्द्र उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पर चल रहे आंदोलन वन शिफ्ट वन एग्जाम और नॉर्मलाइजेशन जैसे मांगे को लेकर छात्र- छात्राओं के साथ आंदोलन कर रहे थे और लगभग 11 नवम्बर को उन्हें पुलिस गिरफ्तार कर नैनी सेंटर ले जाती है। जेल से छूटने के बाद कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों द्वारा स्वागत किया गया साथ ही जेल से रिहा होने की खबर सुनते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।

हरियाली के बीच खुशनुमा माहौल में गार्डन पार्टी का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। इलाहाबाद गार्डन एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा भार्गव की जानकी वाटिका में आज शानदार गार्डन पार्टी संपन्न हुई। वंदे मातरम् सामूहिक गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

गार्डन एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रभा भार्गव ने सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें अपने घर, पास- पड़ोस और शहर को हरा-भरा बनाने में अपना पूरा सहयोग करना चाहिए ताकि वातावरण शुद्ध ,स्वच्छ बना रहे। पर्यावरण का स्वास्थ्य से सीधा संबंध है। फूलों से सजी रंग- बिरंगी क्यारियों के बीच रंग-बिरंगे परिधानों में सजी संवरी सदस्यों के लिए गार्डनिंग से संबंधित कई खेल और क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमें सबने

बढ़- चढ़कर भाग लिया। स्मिता अग्रवाल, कीर्ति टंडन, वेणु अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, मंजुला गर्ग ने विशेष सहयोग दिया। प्रभा ने इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति विजयलक्ष्मी, डॉ शान्ति चौधरी , शर्मिला चटर्जी एवं डॉ गीता को पौधे भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप पौधे प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ रंजना त्रिपाठी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सचिव कीर्ति टंडन ने। वरिष्ठ सदस्य जमनोत्री गुप्ता, अन्नपूर्णा अग्रवाल, शशि कनोडिया, बीना गर्ग, उषा गुप्ता, इंदु गोयल, भावना शिक्षार्थी, दीपक भार्गव समेत कुल 70 सदस्य उपस्थित रहे।

पुलिस ने पैदल गश्त करके आम जनता को दिया सुरक्षा का भरोसा

थरवई । पुलिस आयुक्त , पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ए सी पी थरवई चंद्रपाल सिंह के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु थरवई थाना क्षेत्र के फोरलेन हाईवे मार्ग पर थरवई में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम के नेतृत्व में पैदल गस्त किया गया पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक रावेन्द्र श्रीवास्तव उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह उपनिरीक्षक संयम जायसवाल उपनिरीक्षक अंकित यादव महिला उपनिरीक्षक दिव्या वं गोविन्द सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी पैदल गस्त अभियान में शामिल रहे।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

सं.: MCF-RBL0PERS(Gaz.)/16/2024 दिनांक: 13.12.2024

संकेतिक नोटिस

विषयः आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 04 सेवानिवृत रेलवे अधिकारी के Re-engagement के संबंध में।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, रायबरेली, के यांत्रिक विभाग में सेवानिवृत रेलवे अधिकारी के Re-engagement हेतु 04 (चार) रिक्त पदों के सापेक्ष आवेदन मांगे गए है। जिसकी अंतिम तिथि 12.01.2025 है। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन दिनांक 12.01.2025 से पूर्व वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/राज. को भेजना सुनिश्चित करें।

नोटः इस सूचना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं निबंधन की शर्तों हेतु आरेडिका की वेबसाइट www.mcf.indianrailways.gov.in पर देखें।

कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

कार्य क्षेत्र में महिलाओं को सुरक्षित रखता है यौन उत्पीड़न अधिनियम

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार बुधवार को न्यायालय परिसर में पोस (पीओएसएच) एक्ट से संबंधित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत प्रकोष्ठ की अध्यक्ष विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा ने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए वर्ष 2013 में इस अधिनियम को लागू किया गया था।

इसे 'यौन उत्पीड़न अधिनियम' या 'पोस एक्ट' के नाम से भी जाना जाता है। इस कानून का मकसद महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाना और उन्हें सुरक्षित कार्य वातावरण देना है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि इस अधिनियम के तहत, प्रत्येक संगठन को अपने महिला कर्मचारियों के लिए यौन उत्पीड़न से जुड़ी नीतियां, रोकथाम की प्रणालियों, और सेवा नियम तय करने होते हैं। इसके अलावा संस्था की हर शाखा में एक आंतरिक समिति का गठन करना जरूरी होता है। इस अधिनियम के तहत, अगर कोई महिला अपने या किसी और के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का सामना करती है, तो वह शिकायत कर सकती है। यह अधिनियम, पूरे भारत में किसी भी तरह के सार्वजनिक या निजी प्रतिष्ठान पर लागू होता है। इसमें संगठित और असंगठित क्षेत्र सहित गैर-सरकारी संगठन भी शामिल हैं। घर में काम करने वाली नौकरानी भी इस अधिनियम के तहत सुरक्षित है।कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत प्रकोष्ठ की सदस्य सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी सोनम गुप्ता ने बताया कि भारत में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, विधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसका उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न से उनका बचाव और रोकथाम है। यह ध्यान देने वाली बात है कि पोस अधिनियम पीड़ित महिला को किसी अन्य महिला के खिलाफ लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने की अनुमति नहीं देता है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत गरिमा के अधिकार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अधिनियम कार्यरत है।इस मौके सिविल जज जूनियर डीविजन सैफाली यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी आदि मौजूद रहीं।

परीक्षक शिक्षकों के विवरण में 23 तक करें संशोधन

चित्रकूट-जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के सचिव द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा का कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। इसमें परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापकों, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों तथा प्रयोगात्मक परीक्षा व मूल्यांकन कार्य के लिये परीक्षकों की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए समस्त प्रधानाचार्य विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के अपलोड कराये गये विवरणों (शिक्षकों के नाम, जन्मतिथि, नियुक्ति तिथि, पंजीकरण संख्या, अध्यापन का विषय, अर्हता, अध्यापन विषय का विषय कोड, विषय के नाम) की एक बार पुनः गहनता से जाँच कर लें। जिससे कोई भी शिक्षक किसी गलत विषय में परीक्षक नियुक्त न हो सके और न ही कोई अनर्ह शिक्षक परीक्षक नियुक्त हो सकें। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाय कि किसी भी दशा में एक शिक्षक का विवरण एक से अधिक विद्यालयों से अग्रसारित न होने पाएं।

किसान दिवस में डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया। जिसमें डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।किसान दिवस में किसानों ने जिलाधिकारी को समय से नहरों का संचालन कराने, सिंचाई के लिए विद्युत की निरंतर सप्लाई करने, अन्ना गौवंशों को संरक्षित कराने, बन्दर एवं नीलगाय के नियंत्रण के लिए प्रबन्ध करने, यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराने, अधिगृहित भूमि का मुआवजा दिलानें सहित अन्य समस्याएं बताई। इस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय किसानों की समस्या का समाधान कर अवगत कराने के निर्देश दिए। किसान दिवस में केवीके गनीवां के वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार के द्वारा मौसम, फसल में खरपतावार के निस्तारण एवं फसल सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए विगत किसान दिवस में उठायी गयी समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में जानकारी दी।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप कृषि निदेशक राजकुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत एसएम कश्यप, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एम एल धर्मान, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, एआर कॉपरेटिव राजकुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, डिप्टी आरएमओ अविनाश चंद्र झा, तुलसीराम, राजकुमार, देवेन्द्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, राज किशोर, जसवंत सिंह, नीलकण्ठ द्विवेदी, उदयनारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

अवैध लकड़ी रोकने के लिए वन विभाग ने चलाया छापामार अभियान

चित्रकूट ब्यूरो- वन क्षेत्र से लकड़ी की अवैध कटान करके बाजार में बेचने आने वालों को पकड़ने के लिए बुधवार को वन विभाग की टीम ने छापामार अभियान चलाया। जिसमें लगभग 16 कुंतल लकड़ी बरामद की गई।प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रेलगाड़ी के जरिए जंगल की लकड़ी अवैध तरीके से ले जाने की शिकायते मिली थी। इसके चलते कई रेलवे स्टेशनों में छापे मारे गए। सात रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारियों सचल दल प्रभारी एवं अन्य कर्मचारियों की टीम ने टिकरिया, मारकण्डी व बहिलपुरवा रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों की जांच की जिसमें टिकरिया रेलवे स्टेशन पर मानिकपुर-सतना पैसेंजर ट्रेन में अवैध तरीके से ले जाने के लिए लगभग चार कुंतल लकड़ियां बरामद की गई।

इसी प्रकार बलिपुरवा रेलवे स्टेशन में प्रयागराज-झांसी पैसेंजर के ठहराव के समय जांच की गई। यहां अवैध रूप से ले जाई जा रही लगभग 12 कुंतल लकड़ियां बरामद की गई।

बरामद लकड़ियों का जब्त करने के बाद विधिक कार्यवाही की गई है। हालांकि इनमें कोई आरोपी नहीं पकड़ा गया। जांच के दौरान सम्बन्धित स्टेशन प्रबंधकों को जंगल से लकड़ी लाकर अवैध रूप से ले जाने वालों को रोकने में सहयोग की अपेक्षा की गई।

सेवा दल प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

चित्रकूट ब्यूरो- कौंग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रमोद पांडेय ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ रामायण मेला भवन में लगने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।कौंग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कौंग्रेस सेवादल का प्रदेश स्तरीय शिविर 19 दिसम्बर गुरुवार को चित्रकूट में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कौंग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी अविनाश पांडेय तथा प्रदेश कौंग्रेस अध्यक्ष अजय राय का आगमन होगा। बताया कि कार्यक्रम में 20 दिसम्बर को सांसद उज्जवल रमन सिंह व विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा 22 दिसम्बर को अखिल भारतीय कौंग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई व अखिल भारतीय कौंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी शामिल होंगे।

एग्रीस्टेक योजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने पर दिया जोर

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को ग्राम पंचायत सिद्धपुर के विकासखंड कर्वी में एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार करने सम्बन्धी कैम्प का निरीक्षण किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारी को कैम्प के माध्यम से सभी भूमिधर कृषकों का शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के निर्देश दिए। बुधवार को 20 ग्राम पंचायतों में कैम्प का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री की आईडी तैयार कराने के लिये किसानों को आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं खतौनी लेकर आना होगा। रजिस्ट्री के लिए पहले कृषि विभाग के तकनीकी सहायक ई-केवाईसी करेंगे एवं ई-केवाईसी होने के बाद लेखपाल के द्वारा मोबाईल ऐप के माध्यम से खसरें एवं खतौनी का सत्यापन करके डाटा सम्मिट किया जायेगा। इसके बाद किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की आईडी तैयार हो जायेगी। कहा कि कृषक कैम्प के अलावा अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र जाकर भी आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं खतौनी के द्वारा फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकते हैं। कहा कि फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने से किसानों के खसरे को एक साथ आधार से लिंक किया जायेगा। जिससे किसानों को केसीसी बनवाने एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पाद के विपणन में सुगमता, पीएम किसान योजना में निरंतर किश्तों की प्राप्ति सहित कृषि के साथ अन्य विभाग जैसे उद्यान, मत्स्य, खाद्य एवं विपणन आदि के द्वारा अपने योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए सुगमता होगी। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी किसानों से अपील की कि एग्रीस्टैक योजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री आईडी अवश्य बनवाए। जिससे कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कहा कि यह कैम्प प्रतिदिन चलेगा। इस मौके पर उप कृषि निदेशक राज कुमार, जिला कृषि अधिकारी आर पी शुक्ला, सहित तहसीलदार, तकनीकी सहायक, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1466741 का अंक पत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

प्रांजल गुप्ता पुत्र
विजय कुमार गुप्ता
पता- नेता नगर, मंझनपुर, कौशाम्बी

डीएम ने लिया ईको पार्क के विकास कार्यों का जायजा

चित्रकूट- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को लगभग 11 करोड़ की लागत से जनपद के गणेश बाग में निर्माणाधीन पार्क श्रीराम वाटिका इको पार्क के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निर्माणाधीन श्रीराम वाटिका इको पार्क में चिल्ड्रन पार्क, लाईटिंग, जॉगिंग, बाउंड्री वॉल से आच्छादित एवं प्राकृतिक सौंदर्य आदि सुविधाएं दी जाएगी।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम, जनपद-चित्रकूट

पत्र संख्या–42/2024–25/नामान्तरण — दिनांक 18.12.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित सूची के कॉलम नं0–02 में आवेदकों द्वारा भवन के नामान्तरण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये है, नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(1) के अन्तर्गत दी गयी व्यवस्था के अनुसार नामान्तरण हेतु प्रस्तुत निम्नांकित भवनों पर नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी पक्ष को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 30 दिन के भीतर अपनी अपनी आपत्ति मय साक्ष्य सहित नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कार्यालय कर विभाग में लिखित रूप से प्रस्तुत करा दें। यदि निर्धारित अवधि के भीतर सम्बन्धित पक्ष की कोई प्रमाणित साक्ष्य सहित आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जायेगा कि किसी भी पक्षकार को उक्त भवसन पर नामान्तरण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति नही है। तदानुसार नगर पालिका द्वारा उक्त भवनों पर नामान्तरण की कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

नामान्तरण प्रकाशन सूची

क्र0	नामान्तरण के लिए प्रार्थी/आवेदक का नाम	भवन सं0 एवं मुहल्ला एवं नामान्तरण के लिए आवेदन किया गया है	नगर पालिका परिषद अभिलेखों में दर्ज भवन स्वामी/अध्यासी का नाम	आधार
1	2	3	4	5
1	श्री सचिन पाण्डेय पुत्र जयप्रकाश पाण्डेय	156/189 लक्ष्मणपुरी कर्वी वार्ड नं0 08	जय प्रकाश पाण्डेय पुत्र रूद्रनाथ पाण्डेय	रजि0 दान
2	श्रीमती ममता पत्नी काशी प्रसाद	226/245 बल्दाऊगंज कर्वी वार्ड नं0 22	राघव अग्रवाल पुत्र लक्ष्मी प्रकाश	रजि0 बैनामा
3	श्रीमती ममता पत्नी काशी प्रसाद	227/246 बल्दाऊगंज कर्वी वार्ड नं0 22	विकास गोयल पुत्र स्व0 दया प्रकाश, ओम प्रकाश, हरी प्रकाश, पुत्रगण स्व0 प्यारे लाल राघव अग्रवाल पुत्र लक्ष्मी प्रकाश	रजि0 बैनामा जुज भाग
4	श्री सूरज गुप्ता, चन्द्र प्रकाश गुप्ता पुत्रगण स्व0 नरेन्द्र गुप्ता	418/27 बल्दाऊगंज कर्वी वार्ड नं0 23	किशोरी लाल पुत्र राजनारायन	वरासतन
5	श्री सुशील पुत्र बालगोविन्द	राघौपुरी कर्वी वार्ड नं0 05	नया भवन	रजि0 बैनामा
6	श्रीमती किरन तिवारी पत्नी सोनू पण्डा	164/131 द्वारिकापुरी कर्वी वार्ड नं0 18	काली देवी मंदिर मार्फत राजेश्वर प्रसाद अग्रवाल	संशोधन
7	श्री लल्लू प्रसाद पुत्र स्व0 बाबू लाल आदि	123/143 तीर्थराजपुरी कर्वी वार्ड नं0 09	बाबूलाल पुत्र बाउर प्रसाद, जमुना देवी पुत्री भगवानदीन	वरासतन
8	श्रीमती मीरा तिवारी पत्नी अवध नरायन तिवारी	418/368 कुबेरगंज कर्वी वार्ड नं0 17	अवध नरायन तिवारी पुत्र राम प्रताप	रजि0 दान
9	श्री उमाशंकर त्रिपाठी पुत्र रघुराज प्रसाद	गोकुलपुरी कर्वी वार्ड नं0 04	नया भवन	रजि0 बैनामा
10	श्री किशोर अमरनानी पुत्र तेज प्रकाश	282/285 लक्ष्मणपुरी/रामपुरी कर्वी वार्ड नं0 06	गोमती देवी पत्नी जमुना प्रसाद	रजि0 बैनामा
11	श्री प्रेमनारायन, श्याम नारायन पुत्रगण स्व0 बासुदेव	386/177 गोकुलपुरी कर्वी वार्ड नं0 25	बासुदेव पुत्र बाबूलाल	वरासतन
12	श्री श्यामनारायन पुत्र बासुदेव	307/176 गोकुलपुरी कर्वी वार्ड नं0 25	बासुदेव पुत्र बाबूलाल	वरासतन

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम

कार्यालय क्षेत्र पंचायत सिराथू, जनपद कौशाम्बी

पत्रांक : 2159/लेखाकार/पं0रा0वि0आ0/निविदा/2024–25 — दिनांक 16.12.2024

निविदा विज्ञप्ति

एतद्वारा क्षेत्र पंचायत सिराथू में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में 15वीं वित्त आयोग एवं पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित निर्माण कार्यों को कराने हेतु सामग्री आपूर्ति की निविदा फार्म की कय क्षेत्र पंचायत सिराथू कार्यालय कौशाम्बी से दिनांक 18.12.2024 से 28.10.2024 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति करने हेतु इच्छुक ठेकेदारोंध्आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा है कि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अपनी निविदा परियोजनावार किसी भी कार्य दिवस में टेण्डर बॉक्स में जमा कर सकते हैं। दिनांक 01.01.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निविदा फार्म को कार्यालय में रखे बॉक्स में डाला जायेगा। इसके उपरान्त टेण्डर बॉक्स को सील कर दिया जायेगा। दिनांक 01.01.2025 करे अपरान्ह 2.00 बजे टेण्डर निविदा समिति एवं उपस्थित फर्म/ठेकेदार के समक्ष खोला जायेगा। इच्छुक फर्म/ठेकेदार सभी वैध प्रपत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, सामान्य कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ जमानत धनराशि की रूप में जमा की एफ०डी०आर० जो खण्ड विकास अधिकारी सिराथू, कौशाम्बी के पक्ष में बन्धक होगी। निविदा मूल्य से सम्बन्धित धनराशि को सम्बन्धित फर्म के खाते से डिमाण्ड ड्राफ्ट/चेक के माध्यम से धनराशि जो खण्ड विकास अधिकारी के पक्ष में निर्गत हो एवं बैंक ऑफ बड़ौदा सिराथू में देय हो। या खाता संख्या–35250100015827 में निविदा फार्म के मूल्य की धनराशि जमा पर्ची उपलब्ध कराकर निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निविदा फार्म के साथ आवश्यक वैध प्रपत्र एवं डी०डी० एवं एफ०डी०आर० मूल रूप से निविदा फार्म के साथ आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराये जाये। किसी एक निविदा का अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित होगा। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय अवधि में पटल सहायक एवं अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सिराथू से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	प्राक्कलित लागत जी0एस0टी0 सहित (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि 2% (रू0 में)	निविदा का मूल्य रू0 में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	योजना का नाम
1	ग्राम पंचायत तुलसीपुर में देशराज पाल के घर से देवनाथ सरोज के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंक निर्माण कार्य	9.96	20000.00	500.00	6 माह	केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड)
2	ग्राम पंचायत मो०पइन्सा में शरीफ के घर से अनवर के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंक निर्माण कार्य	9.99	20000.00	500.00	6 माह	केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड)
3	आम पंचायत शमसाबाद के तैयबपुर में रंजय सोनकर के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य	1.12	2200.00	500.00	6 माह	केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड)
4	ग्राम पंचायत टेंगाई में कैरा पसी के घर से पसियन के पूरा तक खण्डजा मरम्मत कार्य	5.34	11000.00	500.00	6 माह	पंचम राज्य वित्त आयोग
5	ग्राम पंचायत हिसामपुर बहरेमऊ में नहर से अभिमन मौर्य के घर तक इंटरलाकिंक कार्य	9.97	20000.00	500.00	6 माह	पंचम राज्य वित्त आयोग
6	दीन दयाल का पूरा मजरा अहिरारा में शिवकुमार के घर से सरकारी ट्यूबेल तक इण्टरलाकिंक निर्माण कार्य	9.97	20000.00	500.00	6 माह	पंचम राज्य वित्त आयोग
7	ग्राम पंचायत जियापुर खनवारी में महेश मौर्या के घर से जयदत्त द्विवेदी के खेत तक इण्टरलाकिंक निर्माण कार्य	9.95	20000.00	500.00	6 माह	पंचम राज्य वित्त आयोग
8	ग्राम पंचायत बिछौरा में नन्द लाल यादव के ट्यूबबेल से ज्ञान सरोज के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	9.97	20000.00	500.00	6 माह	पंचम राज्य वित्त आयोग
9	ग्राम पंचायत रामपुर धमावां मजरा भैसहापुर रामखेलावन के घर से जीवन लाल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	9.95	20000.00	500.00	6 माह	पंचम राज्य वित्त आयोग
10	ग्राम सभा करनपुर सौरई सराया रोड से इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	9.97	20000.00	500.00	6 माह	पंचम राज्य वित्त आयोग

(प्रभात सिंह)
अवर अभियन्ता
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग
सिराथू कौशाम्बी

(भवेश शुक्ला)
खण्ड विकास अधिकारी
सिराथू कौशाम्बी

(श्रीमती सीतू मौर्या)
प्रमुख
क्षेत्र पंचायत सिराथू
कौशाम्बी

पुलिस के बल पर आवाज दबा रही है योगी सरकार - वीके शुक्ला

कांग्रेस पार्टी द्वारा विधान सभा घेराव के आवाहन पर नेताओं को किया गया हाउस अरेस्ट

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष वीके शुक्ला, पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, पूर्व पालिकाध्यक्ष मो. इलियास सहित दर्जनों पदाधिकारी गिरिफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। उ0प्र0 की बिगड़ती व्यवस्था, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, छात्रों की समस्याओं, बढ़ती बेरोजगारी, मँहगाई आदि को लेकर कांग्रेस पार्टी ने 18 दिसम्बर 2024 को विधान सभा घेराव का कार्यक्रम घोषित किया था। कांग्रेस के प्रदर्शन को विफ्ल करने के लिए उ0प्र0 की योगी सरकार ने पूरे प्रदेश में जिलेवार कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को लखनऊ पहुंचने से रोकने के लिए उन्हें हाउस अरेस्ट किया और बाहर निकलने वालों की गिरिफ्तारी की। गिरिफ्तार नेता कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वीके शुक्ला ने कहा कि उ.प्र. की योगी सरकार पुलिस के बल पर जनता की आवाज दबाने का काम कर रही है।

निर्दोषों को जेल भेज रही है। अपराधियों को संरक्षण दे रही हैं।नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने कहा कि भाजपा सरकार समाज में नफ्रत फैला रही है। मंदिर-मस्जिद के झगड़े लगाकर समाज को तोड़ने का काम किया जा रहा है। योगी सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद कांग्रेसी शेर विधान सभा के पास तक पहुंचने में सफ्ल हो गये। श्री सोनकर ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं महिला कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा की गयी अमानवीय कार्यवाही की निन्दा की। रायबरेली जनपद में पूर्व विधायक अशोक सिंह, वरिष्ठ नेता राजकुमार दीक्षित, सुशील पासी, जेपी त्रिपाठी, गौरव मिश्रा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हाफिज रियाज, सूर्य कुमार बाजपेयी, जफरूल हसन, अखिलेश अवस्थी, विनय द्विवेदी, अरूण श्रीवास्तव, सुल्तान खान, पिन्टू सोनकर, पंकज शर्मा, अंशू सोनकर, शिवा सोनकर, हरिश्चन्द्र मिश्रा, रामनरेश यादव, संजय सोनकर, राहुल मिश्रा, संतोष सोनकर, विनीत पासवान, राहुल सोनकर, लक्ष्मीशंकर चौधरी, आमीन पठान, अरशद खान, विजय लोधी, रामू चौरसिया, पुष्पा यादव, राजू बीज, अमर चौधरी, राजेश चौधरी, प्रदीप सोनकर, अशोक चौधरी, हंसराज चौधरी, विजय सिंह प्रधान, गुड्डू पासी, शैलेन्द्र कुमार पाल, अमित मौर्या, राजकुमार मौर्या, आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा गिरिफ्तार किया गया, जिन्हें बाद में रिहा कर दिया गया।

रायबरेली से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों ने लखनऊ पहुँच कर किया विधानसभा का घेराव

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा घेराव कार्यक्रम में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी रायबरली से सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचे, 24 घंटे पहले से पुलिस प्रशासन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जोर आजमाईश होनी शुरू हो गई थी, पुलिस द्वारा कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को एक दिन पहले हाऊस अरेस्ट कर दिया गया और सुबह से ही नेशनल हाईवे के चुरूवा बार्डर टोल प्लाजा पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था, लखनऊ की ओर जाने वाली सभी गाड़ियों को पूंछताछ के लिए रोका जा रहा था। उक्त की जानकारी देते हुए कार्यवाहक प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुबह से पुलिस प्रशासन को छका रखा था ।

जगह-जगह रोके जाने के बावजूद सैकड़ों की संख्या में जनपद के कांग्रेसियों ने लखनऊ पहुंचकर विधानसभा घेराव कार्यक्रम में अपना योगदान दिया, और लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ गिरफ्तारी दी।

महाकुंभ के प्रचार प्रसार को निकली यात्रा का लालगंज में हुआ भव्य स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के प्रचार प्रसार को निकली कलश यात्रा का लालगंज के अटल चौक गांधी चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नेतृत्व में संभ्रांत लोगों ने कलश यात्रा की आरती उतारी और माल्यार्पण कर नमन किया था। कलश यात्रा का स्वागत करने वालों में भाजपा के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, अतुल त्रिपाठी, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, रमाशंकर बाजपेई, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, संजय चड्ढा ,सुरेंद्र गुप्ता, शीलू त्रिवेदी, कैलाश वाजपेई, चंद्र प्रकाश पांडे, बबलू सोनी ,सोनू सोनी, रामसेवक सोनी, महेश सोनी, सोनू मिश्रा, देवी कुमार गुप्ता, राजेश निर्मल ,रिंकू बाजपेई, राम प्रताप सिंह, अविनाश सिंह, नागेंद्र सिंह, विमलेश अग्निहोत्री, सानू बाजपेई, सत्यम मिश्रा, राजन अवस्थी, मोहम्मद परवेज, कौशलेंद्र कंचन, अर्पित गुप्ता, रामबाबू सोनकर, रामबाबू सोनी, अनिल सोनी, बबलू सोनी, आशुतोष शुक्ला, शिवम सोनी,हंसराज विश्वकर्मा आदि प्रमुख रूप से लोग मौजूद रहे।

विधानसभा घेरने जा रहे कांग्रेसी नेता सुशील पासी को पुलिस बल ने रोका

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। भाजपा सरकार के विरोध में विधानसभा घेराव करने जा रहे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं बिहार प्रभारी सुशील पासी को भारी मात्रा में पुलिस बल ने महराजगंज के एक होटल पर ही रोका, जिससे आहत सुशील पासी ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा तथा कहा कि उत्तर प्रदेश में जंगल राज कायम है तथा भाजपा के तानाशाह मुख्यमंत्री व बड़े नेता लोकतंत्र की हत्या कर गरीबों, नौजवानों और मजलूमों को अपनी आवाज उठाने नहीं दे रहे हैं, तथा जुर्म व अत्याचार का पूरे प्रदेश में बोलबाला है।

बताते चले की कांग्रेस पार्टी द्वारा महंगाई महिला अत्याचार पेपर लीक व पूरे प्रदेश में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने जैसे अनेक मुद्दों को लेकर आज पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ नेताओं द्वारा विधानसभा का घेराव करने हेतु कांग्रेस पार्टी के नेताओं को लखनऊ पहुंचना था। उसी के परिपेक्ष में आज दिनांक 18 दिसंबर को सुबह 10:00 बज कर 15 मिनट पर जैसे ही कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व बिहार विधानसभा प्रभारी सुशील पासी दलबल के साथ अपने घर से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले वैसे ही तहसील गेट के पास स्थित एक होटल के समीप भारी मात्रा में सुशील पासी व उनके कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया और कार्यक्रम में नहीं जाने दिया। जिससे आहत सुशील पासी की अगुवाई में अनेक कार्यकर्ताओं ने कस्बे के तिराहे से होते हुए तहसील परिसर में जाकर सरकार विरोधी जमकर नारे लगाए और कहा कि भाजपा की तानाशाह सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है, तो वहीं राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश में जंगल राज है महिलाएं सुरक्षित नहीं है किसान हैरान व परेशान है गरीब लाचार है सरकार खुद दंगा करा रही है, चाहे वह संभल का मामला हो या बहराइच का मामला हो हर जगह जातिवाद में बांटने का कार्य भारतीय जनता पार्टी के नेता कर रहे हैं तथा हम सभी अन्याय जुल्म व अत्याचार तथा किसानों की जनहित की समस्याओं को लेकर लखनऊ जा रहे थे। हम सभी लोगों को भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस बल ने रोका जो लोकतंत्र की हत्या है। वही सुशील पासी ने कहा कि आज लोकसभा के अंदर अमित शाह ने डॉ भीमराव अंबेडकर जो संविधान निर्माता है उनके अपमान करने का काम किया है, जो अक्षम्य है, और देश के करोड़ों लोग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सम्मान करते हैं। उनका अपमान करने वाले ऐसे भाजपा नेता को माफी मांगनी ही पड़ेगी नहीं तो यह आंदोलन उग्र रूप धारण करेगा।

इस मौके पर भगवान दिन फौजी सत्रोहन पासी छेदी पासी बृजेश पासी रमेश पासी अर्जुन पासी राधेश्याम पासी विचित्र चौधरी सहित साइकिलों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

"विधान से समाधान" महिलाओं के हितार्थ विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य की अध्यक्षता में तहसील सभागार महराजगंज में ''विधान से समाधान'' महिलाओं के हितार्थ एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला एवं न्यायालय सत्र अधिवक्ता शैलजा सिंह व सुनीता सिंह अधिवक्ता जिला एवं सत्र न्यायालय रायबरेली के अलावा उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव, तहसीलदार महराजगंज ध्रुव नारायण यादव, खंड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री, आशा बहुएं, एनआरसीएम समेत पैराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

आपको बता दें कि, महराजगंज तहसील सभागार में आयोजित महिलाओं के अधिकार विषय पर जानकारी देते हुए जिला एवं न्यायालय सत्र रायबरेली की अधिवक्ता शैलजा सिंह ने महिलाओं के अधिकार विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, किसी भी प्रकार का यौन हमला विषय पर बताया।

कार्यक्रम में मौजूद सुनीता सिंह अधिवक्ता जिला एवं सत्र न्यायालय रायबरेली ने महिलाओं को मानव तस्करी, दहेज उत्पीड़न, समान काम के लिए समान वेतन की जानकारी दी। सचिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली अनुपम शौर्य अपर जिला जज ने महिलाओं को जन सामान्य से संबंधित विभिन्न कानूनी जानकारी तथा महिलाओं से शिकायतों के समाधान में एनसीडब्ल्यू एवं नालसा की भूमिका और जागरूकता के बारे में बताया।तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव द्वारा तहसील स्तर से जारी विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत रूप से बताया गया।

पुलिस की निगरानी में रहे कांग्रेसी

लालगंज रायबरेली। कोतवाल संजय कुमार सिंह ने लालगंज के कांग्रेसी नेताओं पर मंगलवार से ही नजर बनाए रखी और बुधवार को जब वे लखनऊ जाने के लिए घर से निकले तो उन्हें बाइज्जत ले जाकर कोतवाली में बिठा दिया। करीब 1 बजे तक कोतवाली में ही कांग्रेस नेता डेरा डाले रहे लेकिन उन्हें लखनऊ जाने की इजाजत नहीं मिली। उधर कांग्रेस के महामंत्री महेश शर्मा को भी पुलिस ने हाउस अरेस्ट बता कर नई बाजार लालगंज स्थित उनके आवास से नहीं निकलने दिया। कांग्रेस के महामंत्री महेश शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में आंदोलन की रोक कभी नहीं थी लेकिन भाजपा सरकार आंदोलन भी नहीं करने दे रही है। वही लालगंज नगर पंचायत की अध्यक्ष सरिता गुप्ता और प्रांतीय नेता दीपेंद्र गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व व कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी,पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी के निर्देश

पर बुधवार को विधानसभा का घेराव होना था। भारतीय जनता पार्टी की लोकतंत्र विरोधी, संविधान विरोधी, महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर पार्टी ने कांग्रेस विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। लालगंज से सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को लखनऊ पहुंचना था लेकिन प्रशासन की दखलंदाजी के चलते हमें यहीं पर गैर कानूनी तरीके से हिरासत में ले लिया गया और लखनऊ नहीं जाने दिया। वहीं कोतवाल संजय कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस ने किसी को अरेस्ट नहीं किया है। पुलिस की निगरानी में बैठने वालों में महेश सिसोदिया, मोहम्मद फैजल, फारुख राणा, कुलदीप सेठ, जीतू सिंह, अतुल शर्मा शामिल रहे। उधर कांग्रेस के पूर्व विधायक अशोक सिंह ,ब्लॉक अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़, ब्लॉक सेक्टर अध्यक्ष बबलू तिवारी को भी पुलिस ने सरेनी थाने में बिठा रखा जिससे वह भी लखनऊ विधानसभा घेराव में नहीं जा सके। पूर्व विधायक अशोक सिंह ने सरकार की कार्यवाही को तानाशाही बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने का हक है लेकिन भाजपा सरकार लोकतंत्र को कुचलने में जुटी हुई है।

किशोरी से छेड़छाड़ पर दोषी को दो वर्ष का कारावास

बांदा। बरहौं संस्कार के दौरान 16 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने व उसके साथ अभद्रता करने के मामले में दोषी को विशेष न्यायाधीश पाक्सो हेमंत कुमार कुशवाहा की अदालत में दो वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनायी। साथ ही अन्य धाराओं में सजा सहित पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दो माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दोषी को उच्च न्यायालय में अपील प्रस्तुत करने का समय देते हुए जमानत पर रिहा कर दिया गया। विशेष लोक अभियोजक रामसुफल सिंह व वीरेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 28 नवंबर 2017 को प्राथमिकी दर्ज करायी कि वह अपने परिवार सहित कोतवाली नगर क्षेत्र के एक गांव में निवास करता था। मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके पड़ोस में बब्बू लोध उर्फ प्रेमनारायन पुत्र महेश पढ़ा-लिखा शातिर बदमाश है। जिसकी नीयत उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री के प्रति खराब है। पड़ोसी मोतीलाल के नाती का बरहौं हुआ था। जिसमें चंगेली डांस में रात में गांव में घुमाने के दौरान बब्बू चुपचाप उसकी पुत्री का पीछा करता रहा। उसकी पुत्री अंधेरे में लघुशंका के लिए गई तब अंधेरे का लाभ उठाकर उसकी पुत्री को जबरन घसीट कर एकांत स्थान में ले जाने लगा तभी वह चिल्लायी तब तमाम लोग एकत्र होकर आए तब वह भाग निकला। उक्त घटना को पीड़िता ने मां से बताया। 21 नवंबर 2017 की शाम उसकी लड़की अपनी छोटी बहन के साथ नहर की तरफ शौच क्रिया के लिए गई थी। लौटते समय बब्बू लोध मिल गया और गंदी-गंदी गालियां देकर कहा कि मैं बर्बाद करके रहूंगा और जान से मार करके ही दम लूंगा। तुम मेरा कुछ न बिगाड़ पाओगे। इस मामले का आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया। दोषी के विरुद्ध 16 मई 2019 को आरोप बनाया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से पांच गवाह पेश किए गए। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों व विशेष लोक अभियोजक रामसुफल सिंह व वीरेंद्र सिंह व बचाव पक्ष के अधिवक्ता के तर्क सुनने के बाद न्यायाधीश ने अपने 39 पृष्ठीय फैसले में बब्बू लोध को दोषी पाते हुए सजा से दंडित किया। साथ ही पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। उच्च न्यायालय में अपील करने के लिए अदालत ने समय देते हुए उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

कैंडल मार्च निकालकर दिवंगत मनीष कश्यप को दी लेखपालों ने श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। लालगंज तहसील के लेखपाल संघ ने लेखपाल मनीष कश्यप की हत्या का जबरदस्त विरोध किया और कहा कि सरकार लेखपालों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कानूनी कार्यवाही करें। वरिष्ठ लेखपाल प्रियम पांडे ने कहा कि सरकार ऐसी व्यवस्था करें कि हत्यारे को जल्द से जल्द सजा मिले और मृतक लेखपाल के पारिवारिक जनों को 50 लाख रुपए की सहायता दी जाए। साथ ही जल्द से जल्द मनीष कश्यप के एक परिजन को नौकरी भी दी जाए। मनीष कश्यप की हत्या से लालगंज के लेखपालों में आक्रोश प्राप्त है।

बुधवार को तहसील लालगंज के लेखपाल प्रियम पाण्डेय, आलोक सिंह, आनंद कुमार, जितेंद्र सिंह , दीपक, दिलीप, आशीष,मनमोहन, उमाकांत,अजीत, राजकुमार, मंजू आदि ने जहां मनीष कश्यप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की वहीं कैंडल मार्च निकालकर मनीष कश्यप को श्रद्धांजलि भी दी है।

मानव कल्याण के लिए नववर्ष की प्रथम सुबह शिव भक्त करेंगे पदयात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। नव वर्ष की प्रातः काल शिव भक्त सराफ मंडी स्थित पंचमुखेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन कर बाबा भैरवनाथ मंदिर, बाबा बालाजी मंदिर से होते हुए बाबा बाल्हेश्वर मंदिर ऐहार तक पदयात्रा कर शिवजी का जलाभिषेक कर लोक कल्याण की कामना करेंगे। कस्बे के तुलसी गेस्ट हाउस में नव वर्ष की पदयात्रा को लेकर सभी सेवादारों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें जय बाबा अमरनाथ बर्फानी भूखे को अन्य प्यासे को पानी के उद्घोष के साथ ओम शिव शक्ति मानव सेवा समिति लालगंज द्वारा विगत 16 वर्षों से चलाई जा रही विशाल पदयात्रा एवं भंडारे को लेकर बैठक संपन्न हुई। सभी सेवादारों के विचार सुने गए और नियोजित तरीके से 1 जनवरी 2025 दिन बुधवार को होने वाली 17वीं विशाल पदयात्रा व भंडारे के विषय में चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष रविंद्र मुरारका और प्रचार मंत्री प्रतीक शर्मा के द्वारा बताया गया कि यह पदयात्रा सराफ मंडी से शुरू होकर 6 किलोमीटर की पदयात्रा करने के पश्चात बाबा बाल्हेश्वर धाम ऐहार मंदिर के प्रांगण मे एक विशाल भंडारे का आयोजन ओम शिव शक्ति मानव सेवा समिति द्वारा किया जाएगा ।इस यात्रा की प्रेरणा हमें बाबा अमरनाथ बर्फानी की की यात्रा करके प्राप्त हुई है। इस बैठक में सचिन गुप्ता ,पारुल गुप्ता, विनय गुप्ता ,सारंग पाणि त्रिवेदी, शिव प्रताप गुप्ता, जयशंकर गुप्ता, प्रतीक शर्मा, उमाशंकर गुप्ता, रौनक भदौरिया, मोहित गुप्ता, रिंकू इंजीनियर ,अंशू गांधी,अनूप चौधरी, नीरज गुप्ता, भगवान गुप्ता,विजय राज सिंह ,सत्यम गुप्ता, पुष्कर गुप्ता ,आशुतोष गुप्ता, हरीश त्रिपाठी ,शशिकांत शर्मा, अक्षय गुप्ता, गोपाल गुप्ता आदि सेवादार मौजूद रहे।

गीता जयंती पर बजरंग दल ने निकाला गया भव्य शौर्य संचलन

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन,रायबरेली। गीता जयंती पर बजरंग के द्वारा सलोन नगर में भव्य शौर्य संचलन निकाला गया। इस संचलन में तहसील क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक शमलित हुए। जिला सयोंजक सुरेश सिंह के मुताबिक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कस्बे के बाबा माधव दास मंदिर पर संचलन में पहुंचे स्वयंसेवक श्रीराम की सुंदर झांकी और जयश्रीराम के उदघोष के साथ अनुशासनपूर्वक कतारबद्ध होकर नगर भ्रमण के लिए निकले है।बुधवार को आयोजित हुए गीता जयंती कार्यक्रम में भ्रमण को निकले बजरंग दल के भव्य शौर्य संचलन का स्वागत नगरवासियों द्वारा किया गया।संचलन तहसील रोड से नगर भ्रमण करते हूए सब्जी दुर्गा पूजा पंडाल,पुरानी सब्जी मंडी बस स्टेशन सलोन से पुनः संचलन स्थल पर पहुँचकर समाप्त हुआ।इस भव्य कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन में बजरंग दल जिला ईकाई के सभी दायित्व वान सदस्य, समाज के सभी वर्गों के सनातन धर्मावलंबियों का सहयोग रहा।इस मौके पर विभाग सयोंजक रमाशंकर त्रिपाठी,नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रशेखर रस्तोगी,दिनेश लोधी,मेवालाल,पप्पू कौशल, आदि लोग मौजूद रहे।

देईबाध पूर्व माध्यमिक विद्यालय कायाकल्प योजना से कोसों दूर

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। एक तरफ प्रदेश सरकार शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान के तहत सब पढ़ें सब - बढ़े के गांव - गांव प्रचार - प्रसार करने के लिए लाखों रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा है। वहीं आज भी पूर्व माध्यमिक विद्यालय देईबाध कायाकल्प से कोसों दूर है। गांव के सामाजिक कार्यकर्ता विकास पांडेय ने बताया कि इस परिसर में मिट्टी भराई के लिए शासन द्वारा धन निर्गत किए गए थे।

लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा एक वर्ष पूर्व को खाते से धन निकालकर डकार लिए। जिससे बच्चों को खेलने कूदने में काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। इतना ही नहीं विद्यालय परिसर में बने शौचालय जर्जर हालत में लावारिस की तरह पड़ा हुआ है। जबकि ग्राम प्रधान ने मरम्मत कार्य के लिए आया धन को डकार लिए जाने से विद्यालय के छात्र - छात्राओं को खुले में शौच जाने से मजबूर होना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालयों में टाइल्स लगाने का ग्राम प्रधान के खाते में धन उपलब्ध कराया गया है। जबकि दो कमरों में लगाकर उसे छोड़ दिया गया। जिससे आज भी कच्ची जमीन पर बच्चों को बैठना पड़ रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संदीप यादव ने बताया कि हमारे यहां कक्षा छह से आठ तक बच्चों की संख्या 107 है। अकेले शिक्षक है। बरसात के दिनों में परिसर में पानी का जलभराव होने से दिक्कत उठानी पड़ती है। इस संबंध में कई बार ग्राम प्रधान से अवगत कराया गया लेकिन अभी तक मिटटी नहीं डलवाया गया। जिससे बच्चों को खेलकूद करने में काफी दिक्कत उठानी पड़ती है।

शौचालय में छत बनाना भूल गए जिम्मेदार

लेड़ियारी (प्रयागराज) विकास खंड कोरांव अंतर्गत ग्राम सभा देईबांध में बने शौचालय निर्माण कार्य बंदर बांट किए जाने से आज भी सैकड़ों लोगों के घरों में बने शौचालय में छत न होने से आसपास के घरों तक दुर्गंध से लोगों को जीना दुश्वार हो गया है। जबकि इसके जिम्मेदार इस कार्य को कराना भूल गए।

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत देईबांध वर्ष 2016 - 17 में ग्राम प्रधान व ठेकेदार के मिली भगत से पात्रता के घरों में शौचालय निर्माण कार्य कराया गया था। लेकिन इतना घटिया सामग्री लगाने में कुछ लोगों का ध्वस्त हो गया। जो शेष बचे है उनमें आज भी अधूरा पड़ा हुआ है । जबकि बने टैंक और छत नहीं लगने से लोगों को खुले में शौच करने जाने से मजबूर होना पड़ रहा है।

गांव के मणिद्रिका प्रसाद, बृजभान चौहान, हरिशंकर, तौलन वर्मा, लोलर कोल आदि ने बताया कि ग्राम प्रधान के द्वारा एक ठीकेदार को ठेका देकर सौ लोगों का शौचालय निर्माण कार्य कराया गया था। जबकि आज तक न तो टैक एवं छत का काम नहीं कराएं जाने से मजबूर होकर खुले में जाना पड़ रहा है। जबकि महिलाओं को रात में घर के बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जबकि दिन में अगर कोई घर की शौच पड़ने पर उन्हें काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। शौचालय जर्जर हालत में है। खराब होने से इसकी रगाई पोताई भी नहीं किया जा रहा है। अभिभावकों ने जिला अधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उक्त प्रकरण को जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

सत्याग्रह आंदोलन की मांग पर ग्राम पंचायत कौहट पहुंची जांच टीम

सरकारी धन के आरोपियों को सजा मिलने तक जारी रहेगा सत्याग्रह

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। विकास खंड मुख्यालय मेजा में बीते तीन दिनों से चल रहा भारतीय किसान यूनियन (किसान) का सत्याग्रह आन्दोलन जारी है।सत्याग्रह के दूसरे दिन बीडीओ मेजा को सत्रह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था, जिस पर बीडीओ ने तत्काल प्रभाव से रोजगार सेवक को ग्राम पंचायत कौहट से हटाकर ईटवा खुर्द पंचायत से सम्बद्ध कर दिया गया है।श्री चंदेल ने कहा जांच और कार्यवाई के बाद ही सत्याग्रह समाप्त होगा।

ग्राम पंचायत कौहट में विकास कार्यों में की गयी धांधली की जांच के लिये चार अधिकारियों की टीम गठित की गयी थी।जांच टीम द्वारा स्थलीय भौतिक सत्यापन के लिये मौके पर पहुंचते ही वहां भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये। जांच शुरू होने से पहले ही भीड़ में शामिल कुछ लोग उग्र हो उठे और शिकायत कर्ताओं व रोजगार पक्ष के बीच कहासुनी के साथ मारपीट की नौबत आ गयी। माहौल शांत होता न देख डिप्टी एसपी एलआइयू व इंस्पेक्टर खीरी से मौके पर पुलिस फोर्स भेजने की मांग की गयी। करीब आधे घंटे बाद जब खीरी थाने पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची तब अधिकारियों विकास कार्य का क्रमानुसार भौतिक सत्यापन प्रारंभ किया। सत्याग्रह का नेतृत्व कर रहे राजीव चन्देल ने बताया कि जब तक मनरेगा के तहत हुए भ्रष्टाचार एवं ग्राम पंचायत के विकास निधि की लूट पर कार्रवाई नहीं होगी अनवरत सत्याग्रह जारी रहेगा।

सत्याग्रह स्थल पर महिला मोर्चा की मंडल महासचिव मोहिनी पांडे, तहसील अध्यक्ष करछना श्याम नारायण पांडे, जिला उपाध्यक्ष निशा कुशवाहा, तहसील प्रभारी रामरती आदिवासी, ब्लॉक अध्यक्ष शंकराचार्य भूर्तिया, तहसील प्रभारी रमाकांत बिन्द, ब्लॉक अध्यक्ष करछना ममता पटेल, लोहारा से कुसुम देवी सोनी, जिला उपाध्यक्ष रमाकांत यादव, मंडल उपाध्यक्ष पंकज चंदेल, पवन सिंह, विष्णु मिश्रा, राजदेव सिंह, आनंद प्रताप सिंह शाहिद सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

करमन की रेखा न्यारी विधिना टारे नाहीं टरे- विनोदानंद सरस्वती

नैनी(प्रयागराज) । श्रमिक बस्ती स्थित मानस पार्क में चल रहे पांच दिवसीय सार्वजनिक श्री रामचरितमानस सम्मेलन मे मानस मर्मज्ञ कथा व्यास दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि विधाता के आगे किसी की नहीं चलती। परम ज्ञानी, ब्रह्मर्षि वशिष्ठ ने राम राज्याभिषेक का मुहूर्त निश्चित किया था परंतु राम को वनवास हो गया। महाराज दशरथ जो कहते थे - कहु केहि रंकहि करौं नरेसू। कहु केहि नृपहि निकासौं देसू॥ ऐसे महा प्रतापी राजा महारानी कैकई के आगे विवश हो जाते हैं और उन्हें अपने प्राण तक त्यागने पड़ते हैं।

महाराज दशरथ ने जान बूझकर श्रवण कुमार को नहीं मारा था। यह भूल उनसे अनजाने में हो गई थी जिसका परिणाम उन्हें पुत्र वियोग के रूप में भोगना पड़ा।

गुरु नानक देव जी ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहते हैं - तुमरी गति मिति तुम ही जानी। नानक दास सदा

कुरबानी।क्षेत्र के प्रतिष्ठित कथा वाचक विनोद मालवीय ने सती प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि जो राम कथा का प्रेमी होता है, वह संतों का कृपा पात्र बन जाता है।

संतो को किसी की धन-संपदा, ऐश्वर्य, पद, प्रतिष्ठा से कोई मतलब नहीं होता। जब माता सती भगवान भोलेनाथ के साथ कुंभज ऋषि के आश्रम राम कथा सुनने जाती हैं तो महर्षि कुंभज उन्हें सती, जग जननी, भवानी कहकर संबोधित करते हैं किंतु जब सती में राम कथा के प्रति अरुचि दिखती है तो विदाई के समय महर्षि कुम्भज उन्हें मात्र दक्ष कुमारी कहकर संबोधित करते हैं।

कथा में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान शिव शंकर दीक्षित, राजकुमार त्रिपाठी, आर के शुक्ला, रमेश विष्ट, सुभाष प्रधान, जितेंद्र शर्मा, देवी प्रसाद त्रिपाठी, अतुल सिंह, आदर्श श्रीवास्तव, प्रमोद दुबे, पी एन मिश्र, जे एन यादव, हरिशंकर मिश्रा, श्रीप्रकाश शुक्ला, शालिनी त्रिपाठी, नीलम सिंह आदि उपस्थित रहे।

हंस फाउंडेशन के नि:शुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर में 145 ग्रामीणों को दी गई सेवाएं

कोरांव(प्रयागराज)। कोरांव के ग्राम पंचायत उल्दा गरन में बुधवार को ग्राम प्रधान दिलीप सोनी के सौजन्य से गैर सरकारी संस्था द हंस फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में ग्राम सभा से आए हुए 145 लाभार्थियों की सेवा की गई। नेत्र परीक्षण उपयुक्त परामर्श के साथ साथ सामान्य ओपीडी द्वारा लोगों का उपचार किया गया। ज्ञात हो कि हंस फाउंडेशन एक गैर सरकारी संस्था है जो 2009 से निरंतर स्वास्थ शिक्षा आजीविका पर कार्य कर रही है। उल्दा में संस्था द्वारा संचालित एमएमयू पिछले 3 साल से निरंतर 15 दिनों में एक निश्चित दिन अपने दौरे पर आती है। एमएमयू टीम द्वारा एक निश्चित स्थान पर लाभार्थियों का उपचार किया जाता है। लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी के साथ

घर पर ही उनके रोग का निदान किया जाता है। एमएमयू में ही लैब से संबंधित जांचे भी होती है और ये सारी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। इस दौरान किशोरियों के साथ माहवारी स्वच्छता प्रबंधन का कार्यकम भी किया गया जिसमें 21 किशोरियों को सेनेटरी पैड वितरण करके उनको इसके बारे में गहन रूप से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ सुनील दीपक कुमार सुमित कुमार रीता सिंह (एएनएम) प्रभा शंकर मिश्र , स्वास्थ्य सखियां वंदना अंतिमा संगीता रंजना , मरीज लाभार्थियों में संतोष कुमार साहब लाल राम लाल पटेल शकुंतला देवी महेश्वरी नीलम शर्मा सहित कई अन्य लाभार्थी मौजूद रहे।

अतरौरा के प्रधान और पूर्व प्रधान के बीच भ्रष्टाचार की जंग

प्रधान पर लगा 16 लाख रुपए निकाले जाने का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। हंडिया तहसील के विकासखंड सैदाबाद के अतरौरा प्रधान और पूर्व प्रधान में भ्रष्टाचार की जंग छिड़ गई है। पूर्व प्रधान का आरोप है कि वर्तमान प्रधान के द्वारा अपनी पत्नी भतीजे समेत परिजनों के खाते से 16 लाख रुपए निकाल लिया गया है। पूर्व प्रधान के द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र देकर भ्रष्टाचार की जांच की मांग की गई है। आपको बता दे की ग्राम प्रधान अतरौरा फलराज सरोज के द्वारा पत्नी सुमन के खाते से 92693 रुपये, भतीजा विजय कुमार के खाते से 504497 रुपये, भाई नौरोत्तम के खाते से 15499, भाभी औतारी देवी के खाते से 143736 रुपये, एक अंत भाई अभिमन्यु व भाभी सावित्री देवी दोनों के खाते से 26937, चाचा बृजलाल के खाते से 202887 रुपये, एक अन्य भतीजा अखिलेश कुमार के खाते से 227395 रुपये,

चाचा गामा के खाते से 16656 रुपये, चचेरा भाई रंजन कुमार के खाते में 158483 रुपये व धर्मेन्द्र कुमार के खाते से 197246 तथा चाचा चाची गुलाब, मैना देवी के खाते से 52201 रुपये कुल धनराशि 1594230 रुपये डाल कर निकाला गया है। पूर्व प्रधान गुप्ता प्रसाद गुप्ता का आरोप है कि नियम कायदे को ताक पर रखकर ग्राम प्रधान द्वारा गांव में खूब जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। पूर्व प्रधान द्वारा मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देकर गांव में प्रधान फलराज द्वारा की गई भ्रष्टाचार की जांच की मांग की है।

पानी की आस में नहर ताक रहे किसान

लेड़ियारी (प्रयागराज)। क्षेत्र में किसानों द्वारा खरीफ की फसल कटाई के बाद अब रवि की फसल बुवाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। निजी संसाधन से जुड़े ज्यादातर किसान खेत को समय से तैयार कर रवि की फसल बुवाई भी कर लिए हैं। लेकिन नहर से जुड़े ज्यादातर किसान पानी की आस में नहर ताक लगाए बैठे हैं। नहर में समय से पानी न छोड़े जाने से रवि सीजन के खेती का कार्य पिछड़ रहा है। कालू का पूरा गांव के किसान परमानंद पटेल, अन्तहिया गांव के किसान देवी प्रसाद मिश्रा ने बताया कि करछना क्षेत्र के विभिन्न नहरों में विभाग के द्वारा समय पर पानी कभी नहीं छोड़ा जाता। जब किसानों को पानी की अधिक दरकार होती है उसे समय विभाग कुंभकरनी नींद में सो रही होती है। किसान किसी प्रकार से जमा पूंजी इकट्ठा कर फसल उगा लेता है तब विभाग ओवरफ्लो नहर में पानी छोड़कर किसनों की जमा पूंजी डूबाने का काम करती है। नहर विभाग की उदासीनता के चलते सरकार के किसनों की दुगनी आय करने का दवा खोखला साबित होकर रह जाता है। नहर में पानी न छोड़े जाने से ताक लगाए बैठे किसानों में मायूसी है।

बसपा कार्यकाल में बनी सड़के उखड जाने से आवागमन हो रहा प्रभावित

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। बसपा कार्यकाल में बनी सड़कें उखड जाने से गड्ढे बन गए हैं। जिससे वाहनों के आवागमन में बड़ी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

मऊआइमा ग्राम महमदपुर सराय अली तिराहे से ग्राम मटियारी, मानी उमरपुर, डीहवा, शाहबाजपुर, महरौंडा, छीतेमऊ, हरखपुर आदि दर्जनों गांवों से होते हुए कल्याणपुर को मिलने वाली सड़कें अत्यंत जर्जर होकर गिट्टियां उखड कर स्पीड ब्रेकर के समान हो जाने से बाइकों और वाहनों के गुजरने में बडी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। बताते हैं कि स्कूल वाहनों पर बैठे बच्चे गढ्डों के कारण भयभीत रहते हैं। बताया गया है कि सड़क के दोनों ओर झाड, झंकार होने से इस सिंगल मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है। बताया

गया है कि इसी प्रकार सरपताही नहर से हरखपुर मार्ग की हालत बहुत ही दयनीय है। जिसपर चलना मुसीबत को दावत देना है। ग्रामीणों के अनुसार बसपा कार्यकाल में तत्कालीन विधायक मुज्तबा सिद्दीकी ने उक्त सड़कों का निर्माण और मरम्मतीकरण कराया था।उसके बाद से उक्त मार्ग की मरम्मतीकरण न होने से ग्रामीणों को वर्षा के दिनों में बहुत ही मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने उक्त मार्गों के मरम्मतीकरण तथा सड़कों के चौड़ीकरण की मांग शासन प्रशासन से की है।

सचिवालयों में लटक रहे ताले, झोले में सरकार

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। ग्रामीणों को आय , जाति या अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील , ब्लाक या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। इसके लिए शासन ने हर ग्राम पंचायत में लाखों रुपए खर्च कर पंचायत भवन का निर्माण कराया । पंचायत सहायक भी नियुक्त किए गए । लेकिन इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है । अधिकतर ग्राम पंचायत में ताले लटक रहे हैं । ग्राम प्रधान अपने साथ झोले में मोहर और अन्य का कागजात रखते हैं । और जरूरत पड़ने पर किसी का भी प्रमाण पत्र जारी कर देते हैं। मंगलवार को ब्लाक के चार ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों की पड़ताल गई तो ऐसे ही सच्चाई सामने आई । जहां से

विकास विभाग की योजनाएं चलाई जा रही है । उन भवन में ही ताला लगता मिला । देईबाध , करपिया, चैलारी व बघोल ग्राम पंचायत के लोग अपने कार्य के लिए ब्लाक और तहसील का चक्कर लगाते हैं । ब्लाक में कई ऐसे ग्राम पंचायतें हैं । जहां पंचायत भवन हमेशा बंद रहता है । इससे सरकार की छबि धूमिल हो रही है` । एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा का कहना है कि पंचायत भवनों का निर्माण ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए कराया गया है । छोटे-छोटे काम के लिए ग्रामीणों को ब्लाक , तहसील व का चक्कर न लगाना पड़े । इसके लिए पंचायत भवनों में व्यवस्थाएं कराई गई है । पंचायत भवन में बंद मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।

मेजा रोड में ट्रेनों के ठहराव की मांग पर हुई चर्चा

स्टेशन सलाहकार समिति ने उठाई अनेक मांग

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। मेजारोड रेलवे स्टेशन पर बुधवार को रेलवे सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र में ट्रेनों के ठहराव की मांग पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में मुंबई जनता एक्सप्रेस (13201) को मुंबई से लौटते समय मेजा रोड पर रोकने, दिल्ली जाने के लिए पुरुषोत्तम एक्सप्रेस (12801) का ठहराव और दिल्ली से लौटते समय पुरुषोत्तम एक्सप्रेस (12802) के ठहराव की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

इस दौरान अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई कर क्षेत्रवासियों की समस्याओं का

समाधान किया जाएगा। बैठक में रेलवे के अधिकारी एसके अकेला, स्टेशन अधीक्षक, मंडल मंत्री गिरीश मिश्रा और सलाहकार समिति के सदस्य राजीव तिवारी, साधन सहकारी समिति सिरसा के अध्यक्ष सत्यम शिवम तिवारी और कामेश्वर पटेल उपस्थित रहे।

सलाहकार समिति के सदस्यों ने तर्क दिया कि मेजारोड पर इन ट्रेनों के ठहराव से कोरांव और मध्य प्रदेश बॉर्डर के निवासियों को बड़ी सुविधा होगी। इस मांग को क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधा के लिए आवश्यक बताया गया। रेलवे अधिकारियों ने इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करने का भरोसा दिलाया।

फरार मुलज़िम के खिलाफ हुई धारा 82 की कार्रवाई

लोकमित्र ब्यूरो

खीरी(प्रयागराज)। थाना करमा जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत धारा 3।5।8 मो. नि. अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित अभियुक्तगण शाहरुख खान पुत्र शमीम अहमद तथा मुख्तार अहमद पुत्र स्व.नसीरुद्दीन निवासी कुड़वा उर्फ ऊचगांव थाना खीरी प्रयागराज का है। उक्त दोनों व्यक्ति उपरोक्त मुकदमे में वांछित थे जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास पुलिस द्वारा किया जा रहा है लगातार गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों फरार चल रहे हैं अंततः धारा 82 सीआरपीसी का आदेश निर्गत किया गया है। धारा 82 के अधीन उद्घोषणा जारी करने वाला न्यायालय,ऐसे कारणों से उद्घोषणा जारी किये जाने के पश्चात् किसी भी समय, उद्घोषित व्यक्ति की जंगम या स्थावर, अथवा दोनों प्रकार की किसी भी संपत्ति की कुर्की का आदेश दे सकता है जिसके तहत न्यायालय द्वारा अभियुक्त गण के विरुद्ध निर्गत आदेश का पालन करते हुए थाना करमा पुलिस द्वारा स्थानीय पुलिस की सहायता से नियमानुसार 12 दिसंबर को कराया गया। जिसमें उ.नि. जितेंद्र कुमार यादव तथा का.मनोज कुमार द्वारा कार्यवाही की जा रही।

लोगों को जोड़ने से सनातन होगा समृद्ध-स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती

नर सेवा ही असली नारायण सेवा-महेश चंद चतुर्वेदी

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। दिव्यांगोत्थान श्रीराम सेवा न्यास के वैनर तले बुधवार को क्षेत्र के जेवनियाँ गांव में शोषितों,वंचितों के सहयोग व कल्याण के लिए कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जगतगुरु स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने आशीर्वचन के साथ कहा कि हम सनातन के ध्वज वाहक तभी बने रहेंगे, जब हिन्दू समाज संगठित व एकजुट रहेगा।इस मंच को साझा करते हुए संतुष्टि मिली है। इस आयोजन से अभिषेक तिवारी ने लोगो को जोड़ा है, जिससे हमारा सनातन समृद्ध होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे उच्च न्यायालय के अपर महाधिवक्ता महेश चंद चतुर्वेदी ने कहा कि हर सेवा ही असली नारायण सेवा है। मुझे फक्र होता है जब मैं जेवनियाँ का मंच साझा करता हूँ।बीते दस वर्ष से लगातार इस आयोजन का हिस्सा रहा हूँ।इसकी वजह आयोजक अभिषेक तिवारी का मेरा सम्बंध भाई जैसा है। मैं इसे सदा सदमार्ग पर चलने की सीख दी है। वह मेरी बात को आदेश मानकर आगे बढ़ रहा है। उन्हें जन्म दिन की अनन्त शुभकामनाएं देते हुए मैं उनकी जीवन संगिनी शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि तिवारी को भी साधुवाद हूँ जो अपने जीवन साथी के जन्मदिन के जश्न के लिए केक काटने के बजाय गरीबों,शोषितों और वंचितों के लिए ठंढ से बचाव के लिए गर्म कपड़े या कोई सौगात देती हैं जो उनके जीवन को सुखद और महफूज रख सके।आयोजन में भव्य कम्बल वितरण, निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोक कलाकार तिवारी बन्धु व अमित अमिलिया की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को ऊँचाई दी।

भव्य आयोजन के आयोजक अलौकिक संत जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के कृपा पात्र रुचि अभिषेक तिवारी रही। कार्यक्रम ज्योतिषाचार्य पँ कमला शंकर उपाध्याय के संयोजन में सम्पन्न हुआ। समागम मंच से जगतगुरु स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती आशीर्वचन से लोगों को तृप्त किया है। वतौर अतिथि मौजूद रही किन्नर अखाड़े की महामण्डलेश्वर कौशल्या नंद गिरी,रिटायर आईपीएस लालजी शुक्ल,कर्नल बृजेंद्र सिंह ने अभिषेक को जन्मदिन की बधाई दी है।

साल दर साल कार्यक्रम का हुआ विस्तार

शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी ने कहा कि दीन दुखियों की सेवा ही हमारी सच्ची पूजा है। गरीब और निर्धन के आशीर्वाद से यह सब कुछ संभव हो पता है इनकी मदद करते हुए मुझे अपार खुशी मिलती है। कार्यक्रम में सुजीत मनजीत तिवारी बंधुओं के साथ अमित मिश्रा की टीम ने अपने सुरों से कार्यक्रम को सजाया। कार्यक्रम में यूनाइटेड मेडिसिटी के द्वारा निशुल्क स्वास्थ शिविर सहित कई अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध रही। स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने कैंप का लाभ उठाया।

आयोजक अभिषेक तिवारी ने कहा कि आज दिन मेरे लिए विशेष है क्योंकि इस दिन मुझे जनसेवा का मौका मिला है। श्री तिवारी ने धर्म के प्रति सोचने से सद्बुद्धि मिलती है, जब जब समाज के लिए कुछ करने के प्रयास में लोगों का भरपूर सहयोग मिला है।युवा पीढ़ी की सनातन के रास्ते जोड़ना ही मेरे जीवन की सार्थकता है। उन्होंने अपनी पूरी युवा टीम को भी धन्यवाद व्यापित किया है।गरीब कल्याण व सहयोग का यह कार्यक्रम प्रदेश सचिव शिवसेना रुचि तिवारी की जनसेवा अभियान का हिस्सा रहा है जो बीते 10 वर्ष से अनवरत चल रहा है।

मौके पर अष्टभुजा तिवारी, मुन्नन शुक्ल, नित्यानंद उपाध्याय, सिद्धांत तिवारी ,राहुल मिश्रा,अनीस मिश्रा सोनू पप्पू उपाध्याय,ओपी पांडेय, नितेश तिवारी, आशीष सिंह,दिनकर मिश्रा, डब्बू दुबे, अभिषेक शुक्ला ,सुजीत तिवारी मंजीत तिवारी , अमित मिश्रा,विकास तिवारी विक्की, धीरू शुक्ल, धीरज दुबे, राहुल तिवारी, लखन केसरी,बृज बिहारी दास अनिल शुक्ला, शिवाकांत दुबे,राजू पांडेय, अंकित मिश्रा,कवीस मिश्रा,राजा तिवारी,राजू तिवारी,डॉ अमरेश तिवारी,दीपक गौड़ सहित भारी भीड़ मौजूद रही।

बांग्लादेश सीमा पर दिखे यूएवी, भारतीय वायु सेना ने लड़ाकू विमानों से बढ़ाई निगरानी

▶▶ भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने पर बांग्लादेशी यूएवी मार गिराने का बीएसएफ को निर्देश

नई दिल्ली, (हि.स.)। बांग्लादेश सीमा पर मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के देखे जाने के बाद मेघालय पुलिस की ओर से सतर्क किये जाने पर वायु सेना ने अपनी निगरानी गतिविधि बढ़ा दी है। राज्य के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा और शेला के पास बेराकटार टीबी-2 मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के देखे जाने के बाद भारतीय राडार और लड़ाकू विमान नियमित रूप से इन पर नजर रख रहे हैं। मेघालय सीमा के बहुत नजदीक एक बांग्लादेशी ड्रोन के देखे जाने के बाद निर्देश दिए गए हैं कि भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने पर बांग्लादेशी यूएवी को मार गिराया जाएगा।भारत-बांग्लादेश सीमा के पास पिछले हफ्ते में कई बार टीबी-2 यूएवी देखे जा रहे हैं। बांग्लादेश में छतक और सुनामगंज के आस-पास के इलाकों में यूएवी उड़ते हुए पाए गए। इसके अलावा सीमा के पास मेघालय राज्य के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा और शेला के पास बेराकटार टीबी-2 मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को उड़ते हुए देखा गया है। हालांकि, यूएवी से भारतीय सीमा में आधिकारिक तौर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन सीमा पर तैनात बीएसएफ ने इस बारे में मेघालय सरकार को जानकारी दी। बीएसएफ का मानना है कि यूएवी की तैनाती बांग्लादेश में अशांति के बीच घरेलू स्तर पर अपनी ताकत दिखाने का प्रयास हो सकता है।बांग्लादेश ने इस साल की शुरुआत में अपने सैन्य आधुनिकीकरण प्रयासों के तहत यह ड्रोन हासिल किए थे। बांग्लादेश के तेजगांव एयरबेस से एक यूएवी संचालित किया गया था, जिसका ट्रांसपोंडर कोड ्रक्र2क्र071 था। तुर्की कंपनी बायकर ने बेराकटार टीबी-2 यूएवी को विकसित किया है, जिसे निगरानी और सटीक हमला मिशनों में अपनी दोहरी क्षमताओं के लिए जाना जाता है। ये यूएवी 300 किमी. की परिचालन सीमा और 27 घंटे की धीरज के साथ अपनी तरह के सबसे उन्नत में से हैं। सीमा पर टीबी-2 यूएवी देखे जाने की जानकारी मिलने पर मेघालय पुलिस के महानिदेशक इदाशीशा नोंग्रांग ने इस घटना के बारे में भारतीय वायु सेना को भी अवगत कराया। इसके बाद भारतीय वायु सेना ने बांग्लादेश सीमा पर अपनी निगरानी गतिविधि बढ़ा दी है।सुरक्षाबलों ने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां अक्सर पड़ोसियों के लिए सीधे सुरक्षा खतरा पैदा करने के बजाय आंतरिक समर्थन जुटाने का काम करती हैं। भारत सीमा पर निगरानी और खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को बढ़ाकर स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। भारतीय सशस्त्र बल अपने हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संभावित जवाबी उपायों का भी मूल्यांकन कर रहे हैं। बांग्लादेशी सेना के टीबी-2 हमलावर ड्रोन देखे जाने के बाद बीएसएफ को भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट उड़ने वाली किसी भी हवाई वस्तु को मार गिराने का निर्देश दिया गया है, इसीलिए भारतीय राडार और लड़ाकू विमान नियमित रूप से इन ड्रोन पर नजर रख रहे हैं।

मंगेतर की हत्या में दोषी युवक यूके से सूरत की जेल में स्थानांतरित

● अंतरराष्ट्रीय संधि के तहत देश और जेल ट्रांसफर का यह पहला मामला

सूरत,(हि.स.)। यूनाइटेड किंगडम (यूके) के लेस्टर कोर्ट से आजीवन कैद की सजा पाने वाले कैदी जिगु सोरठी को भारत की सूरत स्थित लाजपोर जेल में ट्रांसफर किया गया है। जेल ट्रांसफर का यूके और भारत सरकार के बीच अंतरराष्ट्रीय संधि के तहत यह पहला मामला है।दरअसल वर्ष 2020 में यूके के लेस्टर शहर में जिगु सोरठी ने अपने मंगेतर भाविनी प्रवीणा की क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी थी। इस घटना से यूके में ही नहीं, बल्कि जिगु के देश भारत में भी हड़कंप मच गया था। युवक ने भाविनी के साथ वर्ष 2017 में सिविल मैरिज करने के बाद यूके में रहने चला गया था। उन्होंने विधिवत रूप से शादी की योजना बनाई थी, लेकिन मतभेदों के कारण भाविनी ने शादी करने से इनकार कर दिया था, इससे नाराज जिगु ने भाविनी की छुरे से हत्या कर दी थी। इस घटना का ट्रायल लेस्टर कोर्ट में चला, जिसके बाद आरोपित जिगु को दोषी ठहराते हुए 28 साल कैद की सजा सुनाई गई। करीब 4 साल तक यूके की जेल में रहने के बाद जिगु सोरठी के परिवार के सदस्यों ने सरकार के समक्ष भारत के जेल में ट्रांसफर करने की मांग की थी।इसके बाद यूके और भारत के बीच अंतरराष्ट्रीय करार के अनुसार कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई और दोनों देशों के अधिकारियों व दूतावास के समन्वय से जेल ट्रांसफर की मंजूरी दी गई। दो दिन पूर्व 16 दिसंबर को ब्रिटिश एस्कोर्ट स्टाफ कैदी जिगु को दिल्ली लाया। यहां सूरत पुलिस के अधिकारियों के विशेष दल में शामिल पुलिस उपाधीक्षक, पीआई समेत अन्य पुलिसकर्मी उसे लेने पहुंचे। यूके और भारत की पुलिस ने कैदी को सौंपने की जरूरी प्रक्रिया को पूरा किया गया। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल हवाई अड्डा पर कैदी की सुपुर्दगी लेने की वीडियोग्राफी की गई। सूरत पुलिस 17 दिसंबर को कैदी जिगु को लेकर लाजपोर जेल पहुंची और अधिकारियों को सौंप दिया। कैदी को अब बाकी की सजा यही पर काटनी होगी।

बाबासाहेब आंबेडकर के मुद्दे पर राज्यसभा में जोरदार हंगामा

नई दिल्ली, (हि.स.)। राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार को हंगामे के भेट चढ़ गई। सुबह कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की गई थी। फिर दो बजे कार्यवाही शुरू होते ही बाबा साहब आंबेडकर को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष ने अमित शाह के बयान पर सत्ता पक्ष से माफी मांगने की मांग की। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने बाबा साहब के अपमान का आरोप लगाते हुए सदन से वॉकआउट किया। सदन में हंगामे के बीच कार्यवाही को गुरुवार सुबह ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।राज्य सभा में बुधवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बाबा साहेब अंबेडकर के अपमान को लेकर विपक्ष को घेरते हुए कहा कि कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में बाबा साहेब के प्रति हमारे श्रद्धा भाव को स्पष्ट रूप से दर्शाया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने आंबेडकर का अपमान किया।

कांग्रेस पार्टी ने इतने सालों तक उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। 1952 में एक साजिश के तहत उन्हें चुनाव में हराया। कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने बाबा साहेब आंबेडकर के इतिहास को खत्म करने की कोशिश की। उन्हें सही स्थान नहीं दिया। इसके कारण आंबेडकर को पंडित नेहरू के कैबिनेट से इस्तीफा देना पड़ा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब को सम्मान देने का काम किया गया है। उनके सम्मान में संविधान दिवस मनाने का काम किया। उनसे जुड़े सभी देश विदेश के स्थलों को तीर्थ भूमि के रूप में विकसित करने काम किया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के बयान को ठीक से नहीं दिखाया गया है। कांग्रेस उनके 12 सेकंड की क्लिप को दिखाकर देश को गुमराह कर रही है। भाजपा के लिए बाबा साहेब पूजनीय हैं। वंदनीय हैं।किरेन रिजीजू के बयान का जवाब देने उठे सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा ने हमेशा बाबा साहेब का मजाक उड़ाया है।

भाजपा देश को गुमराह कर रही है। उन्होंने हमेशा बाबा साहेब और संविधान का अपमान किया है। कल ही अमित शाह ने अपने भाषण में कहा कि आंबेडकर का जितना नाम लिया है, उतना नाम भगवान का लेते तो स्वर्ग चले जाते। यह साफ संविधान का अपमान है।इस पर सदन में सत्ता पक्ष के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि गृह मंत्री का पूरा बयान नहीं दिखा कर एक 12 सेकंड की क्लिप को दिखा कर कांग्रेस देश को गुमराह कर रही है। कांग्रेस ने जीते जी भी बाबा साहेब को सम्मान नहीं दिया। सत्ता में रहने के बावजूद उन्हें भारत रत्न नहीं दिया।

अमित शाह के बयान पर विपक्ष का हंगामा, नहीं चली संसद

नई दिल्ली, (हि.स.)। संसद के दोनों सदनों में बुधवार को गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के हंगामा के चलते कोई कामकाज नहीं हो सका। दोनों सदनों में विपक्ष लगातार गृहमंत्री के बयान को डॉ. आंबेडकर का अपमान बताता रहा और गृहमंत्री से इस्तीफा और माफी की मांग करता रहा। दूसरी ओर सत्ता पक्ष की ओर से आरोप लगाया गया कि कांग्रेस झूठ बोलकर सदन और देश को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।संसद के दोनों सदनों- लोकसभा और राज्यसभा में डॉ. आंबेडकर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के चलते कार्यवाही पहले 02 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की पूर्वाह्न 11 बजे कार्यवाही शुरू होने पर विपक्षी सदस्य सदन के बीचों-बीच आकर गृहमंत्री के इस्तीफे और माफी की मांग करने लगे। इस पर संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीते जी अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी उन्हें भारत रत्न नहीं दिया, कभी उनका सम्मान नहीं किया। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी डॉ. आंबेडकर को बेहद सम्मान देती है। हमारी सरकार के उनकी विरासत को संजोने के प्रयासों के चलते आज देशभर का ध्यान उनके विचारों पर गया है। हमारे लिए वे हमेशा प्रातः वंदनीय और सदैव अनुकरणीय हैं। इसके बाद कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर विपक्ष का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। शोर-शराबे के बीच कुछ मंत्रियों ने कागजात और वक्तव्य सदन में प्रस्तुत किए। हंगामे के चलते कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी।दूसरी ओर राज्यसभा में सुबह संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस अमित शाह के बयान के एक हिस्से का उपयोग कर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर को दो बार हराया है। सभापति जगदीप धनखड़ ने भी मामले में हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर हम सबके लिए प्रातः वंदनीय, सदैव आदरनीय और अनुकरणीय हैं। हम सभी के लिए वह बहुत आदरणीय हैं, सदैव आदरणीय हैं और यह प्रसन्नता की बात है कि उनके शिक्षण, उपदेश और देश या विदेश में, जहां भी वे गए, उन्होंने जो प्रभाव छोड़ा, उस पर ध्यान दिया जा रहा है। हंगामा जारी रहने पर कार्यवाही को 02 बजे तक स्थगित कर दिया गया।कार्यवाही के दोबारा शुरू होने पर संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने बैंकिंग रेगुलेशन विधेयक और विनियोग विधेयक पर चर्चा कराए जाने का विपक्ष से अनुरोध किया।

हालांकि कांग्रेस सदस्य प्रमोद तिवारी और बाद में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गृहमंत्री के बयान का मुद्दा उठाया। खरगे ने कहा कि शाह ने डॉ. आंबेडकर का मजाक उड़ाया है। वह कहते हैं कि आंबेडकर की जगह भगवान का नाम लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग जाते। खरगे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दलित विरोधी सरकार है।इस पर जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि खरगे सदन को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीते जी आंबेडकर का तिरस्कार किया। उन्हें हराने का काम किया। उनकी कोई बात नहीं सुनी और न ही कोई बात मानी। दूसरी ओर सभापति जगदीप धनखड़ ने भी कहा कि बाबा साहब हम सबके लिए पिता समान है। उन्होंने स्वयं दो बार गृहमंत्री का वक्तव्य देखा है। किरण ने रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस आंबेडकर का फोटो लेकर ढोंग कर रही है। भाजपा के लिए आंबेडकर आराध्य हैं और पूजनीय हैं। वहीं कांग्रेस ने कई बार डॉ आंबेडकर का अपमान करने का पाप किया है। इसके बाद हंगामे को बढ़ता देख सभापति ने कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

आंबेडकर पर टिप्पणी को लेकर खरगे ने गृहमंत्री अमित शाह से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली,(हि.स.)। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के बारे में कथित ÷अपमानजनक टिप्पणी÷ के लिए इस्तीफे की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अमित शाह को देश से माफी मांगनी चाहिए।संसद के बाहर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में खरगे ने कल सदन में संविधान पर बहस के दौरान शाह द्वारा की गई टिप्पणी का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने (अमित शाह) विपक्षी सदस्यों से कहा था कि जितनी बार वे (विपक्षी सदस्य) बाबा साहेब का नाम लेते हैं, अगर उतनी बार वे भगवान का नाम लेंगे तो उन्हें सात बार स्वर्ग मिलेगा।खरगे ने कहा कि इससे पता चलता है कि गृहमंत्री खुद डॉ. आंबेडकर के संविधान का सम्मान नहीं करना चाहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी से पूरे देश में गुस्सा फैल सकता है, क्योंकि कोई भी डॉ. आंबेडकर और देश के संविधान का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि शाह को इस्तीफा देना चाहिए और डॉ. आंबेडकर का अपमान करने के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस की मांग नहीं है, बल्कि पूरे विपक्ष की मांग है।

दलितों और उपेक्षितों के एकमात्र भगवान बाबा साहेब आम्बेडकर- मायावती

लखनऊ, (हि.स.)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के नाम पर राजनीतिक रोटी सेंकने की बजाए उनका आदर सम्मान करें।मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस व भाजपा एण्ड कम्पनी के लोगों को बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की बजाय, इनका पूरा आदर-सम्मान करना चाहिये। इन पार्टियों के लिए इनके जो भी भगवान हैं, उनसे पार्टी को कोई ऐतराज नहीं है।लेकिन दलितों व अन्य उपेक्षितों के लिए एकमात्र इनके भगवान केवल बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर हैं। उनकी वजह से ही इन वर्गों को जिस दिन संविधान में कानूनी अधिकार मिले हैं, तो उसी दिन इन वर्गों को सात जन्मों तक का स्वर्ग मिल गया था।अतः कांग्रेस, भाजपा आदि पार्टियों का दलित व अन्य उपेक्षितों के प्रति प्रेम विशुद्ध छलावा है। इनसे इन वर्गों का सही हित व कल्याण असंभव है। इनके कार्य दिखावटी ज्यादा, ठोस जनहितैषी कम है। बहुजन समाज व इनके महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों को समुचित आदर-सम्मान बसपा की सरकार में ही मिल पाया है।मायावती ने कहा कि यूपी में भी गरीबी बेरोजगारी व महंगाई आदि से लोग त्रस्त है। ऐसे लोगों के हितों में यहां चल रहे विधानसभा सत्र में सरकार को कुछ ऐसी योजनाओं को भी शुरू करना चाहिए जिससे इनको थोड़ी राहत मिल सके। इनकी ओर से पार्टी की यह ख़ास अपील।

सुरक्षाबलों ने गांव में लगाया कैंप, घबरा कर इनामी नक्सली ने तोड़ा अपना घर

जगदलपुर, (हि.स.)। सुकमा जिले के पूवर्ती गांव में स्थित नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी सदस्य व एक करोड़ के इनामी नक्सली माड़वी हिड़मा और बटालियन नंबर-1 के कमांडर देवा बारसे का मकान नक्सलियों ने स्वयं तोड़ दिया है।दोनों नक्सलियों के मकानों को आसपास के लोगों के तोड़ने की खबर है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बुधवार को बताया की बार-बार नक्सली हिड़मा के घर को लेकर मीडिया रिपोर्टिंग हो रही थी। जिसके बाद गांव वालों ने नहीं बल्कि स्वयं नक्सलियों ने अपने लीडरों नक्सली हिड़मा एवं देवा का घर तोड़ा है। हम भी इस बारे में और पता लगा रहे हैं कि किसके कहने पर किसने उस मकान को तोड़ा है।दरअसल, सुकमा जिले के पूवर्ती गांव में हिड़मा और देवा का घर है। यहां सुरक्षा बलों का कैंप खुलने के बाद हिड़मा अपनी मां को लेकर कहीं चला। इसी बीच कुछ तस्वीरें वायरल हुई जिसमें एक घर पूरी तरह से टूटा दिख रहा है। इस घर को नक्सली लीडर देवा बारसे का बताया जा रहा है। जबकि दूसरी तस्वीर नक्सली हिड़मा के घर की है। ऐसा बताया जा रहा है कि इस घर के पीछे का कुछ हिस्सा टूटा हुआ है। यहां से कुछ ही दूरी पर सुरक्षाबलों का कैंप है। दोनों मकानों के टूटने के बाद सवाल उठता है कि इस घर को किसने तोड़ा ? क्या इनके घर को ग्रामीणों ने तोड़ा ? घर को तुड़वाने में क्या पुलिस की भूमिका है? क्या इस घर को वाकई नक्सलियों ने ही तोड़ा है? फिलहाल इन सवालों के जवाब में अभी संशय बना हुआ है।नक्सली हिड़मा खुद ले गया अपनी मां को !उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में पूवर्ती गांव में सुरक्षबलों का कैंप खुला है। जिस दिन कैंप खुला, उसी दिन हिड़मा की मां अपने घर में ही थी। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने हिड़मा की मां से मुलाकात की थी। लेकिन एक दिन हिड़मा की मां भी गांव से कहीं चली गई। ऐसा बताया जा रहा है कि नक्सली हिड़मा स्वयं ही अपनी मां को लेकर यहां से चला गया। उसे किस गांव में रखा है। इसकी जानकारी नहीं है।गांव के ही प्राथमिक स्कूल में पढ़ता था हिड़मा बस्तर के पूवर्ती गांव में रहने वाला माड़वी हिड़मा गांव के ही प्राथमिक स्कूल में पढ़ाई करता था। उस दौरान इलाके में सक्रिय एक नक्सली ने हिड़मा को नक्सलियों के बाल संघम में भर्ती करा दिया था। इसके बाद हिड़मा की आगे की पढ़ाई नक्सली स्कूल में ही हुई थी। हिड़मा के फुर्तीले शरीर को देखते हुए नक्सलियों ने इसे अपने संगठन में एलओएस ग्रुप में शामिल किया था। हिड़मा नारायणपुर, बीजापुर, गढ़चिरौली में कई सालों तक सक्रिय था। फिर हिड़मा को कोंटा एरिया कमेटी के ज्वाइंट प्लाटून का कमांडर बनाया था। हिड़मा ने वर्ष 2007 से लेकर 2021 तक इसने कई बड़ी नक्सली वारदात को अंजाम दिया। नक्सली माड़वी हिड़मा पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित है।नक्सली देवा बारसे भी पूवर्ती गांव का रहने वाला है। हिड़मा के सेंट्रल कमेटी में जाने के बाद नक्सलियों की सबसे मजबूत बटालियन नंबर-1 की जिम्मेदारी देवा बारसे को सौंपी है। अब इस बटालियन नंबर-1 को देवा बारसे संभाल रहा है, इस पर भी लाखों रुपये का इनाम घोषित है।

दिल्ली की आबोहवा फिर बेहद खराब, एक्यूआई 440 पहुंचा

नई दिल्ली, (हि.स.)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर प्रदूषण गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। इसके साथ कोहरे ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। आज सुबह औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 440 दर्ज किया गया। कुछ स्थानों पर एक्यूआई 450 के पार पहुंच गया है। इससे लोगों को सांस लेने में परेशानी के साथ आंखों में जलन महसूस होने लगी है। गले में भी खराश की शिकायत हो रही ही। उधर, मौसम विज्ञान विभाग की ओर से अगले तीन दिन के लिए दिल्ली-एनसीआर में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है।बीते सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 379 दर्ज किया गया। मंगलवार को यह बढ़कर 433 पहुंच गया। प्रदूषण की गंभीर होती स्थिति को देखते हुए सीएक्यूएम ने सोमवार को ग्रेप-तीन की बंदिशें लागू कर दी थीं। उसके बाद देररात ग्रेप चार की भी पाबंदियां लागू की गईं। इसके तहत दिल्ली की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों पर निगरानी बढ़ा दी गई। इसके अलावा ग्रेप 4 के तहत दिल्ली एनसीआर में 9वीं तक और 11वीं क्लास भी अब हाईब्रिड मोड में चलेगी। यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में स्कूल चलेंगे। सिर्फ दसवीं और 12वीं क्लास का फैसला स्कूल ले सकता है। ग्रेप 3 में पहले से ही पांचवीं क्लास तक हाइब्रिड मोड लागू किया गया था।दिल्ली के प्रमुख इलाकों में एक्यूआई का स्तर चिंताजनक रहा। आनंद विहार में यह 481, अशोक विहार में 461, लोधी रोड पर 417, नई दिल्ली में 453, बुराड़ी क्रॉसिंग में 483 रहा ।

राष्ट्रपति निलयम में 29 दिसंबर से शुरू होगा 'उद्यान उत्सव'

नई दिल्ली, (हि.स.)। राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति निलयम, बोलारम, सिकंदराबाद 29 दिसंबर से 15 दिवसीय पुष्प एवं बागवानी महोत्सव 'उद्यान उत्सव' की मेजबानी करेगा।राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज) हैदराबाद और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से आयोजित उद्यान उत्सव का उद्देश्य लोगों की भागीदारी के माध्यम से प्रकृति का जश्न मनाना, पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देना है। लोग विषयगत स्टालों पर जाकर और कार्यशालाओं में भाग लेकर कृषि और बागवानी में नवाचार और तकनीकी विकास के बारे में खुद को जागरूक कर सकते हैं।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को उद्यान उत्सव के उद्घाटन की तैयारियों और आगंतुकों के लिए सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने राष्ट्रपति निलयम के आगंतुक सुविधा केंद्र में मिट्टी कैफे के एक भोजनालय और एक स्मारिका दुकान का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने परिसर में खाद बनाने की प्रक्रिया को देखने के लिए खाद इकाई का भी दौरा किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह खाद इकाई बगीचे के कचरे से जैविक खाद बनाकर एक मिसाल कायम करेगी।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति निलयम पूरे साल जनता के लिए खुला रहता है, सिवाय राष्ट्रपति के दक्षिणी प्रवास के दौरान यह बंद होता है।

कुपवाड़ा में आतंकी ठिकाने से हथियार और चार किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद

कुपवाड़ा,(हि.स.)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सेना और पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान में एक आतंकी ठिकाने से हथियार और नशीला पदार्थ बरामद किया गया है। खुफिया सूचना पर की गई कार्रवाई में यह सफलता मिली है।एक अधिकारी ने बताया कि 17 दिसंबर की देरशाम आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए कुपवाड़ा के तंगधार सेक्टर में तलाशी अभियान शुरू किया।

इस दौरान इस सेक्टर के अमरोही में एक आतंकी ठिकाने से चार पिस्तौल, छह मैगजीन और लगभग चार किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

बांग्लादेश में तब्लीगी जमात के आयोजन स्थल पर हिंसा, दो की मौत

ढाका, (हि.स.)। बांग्लादेश में तब्लीगी जमात के प्रमुख आयोजन स्थल टोंगी इज्तेमा मैदान में नियंत्रण के लिए आज तड़के करीब 03 बजे दो मुस्लिम धर्मगुरुओं मौलाना साद और मौलाना जुबैर के समर्थकों के बीच हुई हिंसक झड़प में दो लोगों की मौत हो गई। इसके बाद तनाव फैल गया। पूरे क्षेत्र में पुलिस और सशस्त्र बल के जवानों को तैनात किया गया है।ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, हिंसा में जान गंवाने वाले बच्चू मिया (70) और बेलाल हुसैन (60) मौलाना जुबैर गुट के हैं। बच्चू किशोरगंज के पाकुंडिया उपजिला और बेलाल ढाका के दक्षिणखान से तब्लीगी जमात में शामिल होने आए थे। दोनों की मौत से गुस्साए तब्लीगी जमात के मौलाना जुबैर गुट के समर्थकों ने प्रदर्शन करते हुए सुबह 10 बजे गाजीपुर में ढाका-मैमनसिंह राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने टोंगी इज्तेमा मैदान उनके इज्तेमा को सौंपने और हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की। श्रीपुर पुलिस थाना प्रभारी खंडाकर ज़ैनल आबेदीन मंडल ने कहा कि प्रदर्शनकारी दोपहर को वापस चले गए।

यूपी के विधायकों को जल्द मिलेगी टोल टैक्ससे मुक्ति

डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने विधानपरिषद में किया ऐलान

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधायकों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय टोल टैक्स के झंझट से मुक्ति मिलने जा रही है। उन्हें टोल से छूट के लिए न तो पहचान बतानी होगी और न ही उन्हें अपना आईकार्ड, पहचान पत्र या कोई पास दिखाना नहीं पड़ेगा। उनकी गाड़ियों पर अब मुफ्त फास्ट टैग लगाया जाएगा।

जिसके बाद वो नेशनल हाईवे पर फर्राटा भरते हुए निकल सकेंगे।यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने यूपी विधान परिषद में सरकार की ओर विधायकों को ये आश्वासन दिया है।उन्होंने कहा प्रदेश में जितने विधायक है उनकी गाड़ियों पर जल्द ही फ्री फास्ट टैग लगाया जाएगा, जिससे वो टोल टैक्स पर बिना पास दिखाए ही सफर कर सकेंगे। इस संबंध में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को पत्र लिखेंगे और यूपी के विधायकों को ये सुविधा दिलाएंगे। यूपी विधान परिषद में निर्दलीय सदस्य आकाश अग्रवाल ने सरकार से ये सवाल पूछा था, जिसका जवाब देते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ये स्थिति ठीक नहीं है कि विधायकों को टोल प्लाजा पर सत्यापन के लिए इंतजार करना पड़े।इसलिए जल्द ही विधायकों के लिए फ्री फास्ट टैग की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

आकाश अग्रवाल ने कहा था कि दो दिसंबर को जब वो लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे से होते हुए जा रहे थे तो रास्ते में फतेहाबाद टोल प्लाजा पर उन्हें रोक लिया गया। टोल संचालक ने पांच मिनट तक उन्हें रोककर जांच की और उनके साथ अभद्रता भी की।

अतुल प्रधान और ब्रजेश पाठक में हुई जमकर बहस

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को संसदीय मर्यादाएं ताक पर रख दी गईं। समाजवादी पार्टी के विधायकों और डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के बीच तीखी नोक झोंक हुई। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सपा के सवाल के जवाब में जब ब्रजेश पाठक बोल रहे थे, तब उनकी सपा के विधायक अतुल प्रधान के साथ जमकर बहस हो गई।बात बढ़ गई तो अतुल प्रधान को ब्रजेश पाठक ने कह दिया कि क्या शाम की दवा पी ली है,जिसके बाद गली-गली में शोर है3स्वास्थ्य मंत्री चोर हैं, का नारा लगाया गया। अतुल प्रधान लगातार चिल्ला रहे थे, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अतुल प्रधान को पूरे सत्र के लिए सदन से निष्कासित कर दिया गया। अतुल प्रधान जब नहीं उठे तो मार्शल ने बलपूर्वक उनको सदन से बाहर कर दिया। इसके बाद सदन स्थगित कर दिया गया।सदन जब दोबारा शुरू हुआ तो सपा विधायक वेल में चले गए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सप के विधायकों से अपनी सीट पर जाने के लिए कहा, मगर समाजवादी पार्टी के विधायक इस बात पर अड़े रहे कि ब्रजेश पाठक माफी मांगे। उसके बाद में पाठक ने कहा कि शाम की दवाई से मतलब उनका वह नहीं था जो यह लोग समझ रहे हैं,शाम की दवाई से मतलब केवल दवाई था।

सतीश महाना ने तो एक समय यह भी कह दिया कि इस पूरी कार्यवाही में जो भी असंसदीय हुआ है उसके लिए मैं खुद क्षमा चाहता हूं।इसके बावजूद सपा के विधायक नहीं माने। सदन चलता रहा और वेल में समाजवादी पार्टी के विधायक हंगामा करते रहे। सदन में ब्रजेश पाठक ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि उनके विधायक हमारे मंत्रियों के लिए लगातार गलत आरोप लगाते रहते हैं। ऐसे में विरोध करना मेरा अधिकार है। मैंने कुछ भी ऐसा असंसदीय नहीं कहा, जो विपक्ष समझ रहा है।

दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने ब्रजेश पाठक पर आरोप लगाया कि वे जब-जब सदन में बोलते हैं, उनकी भाषा बहुत खराब होती है।हर सदन में यह चीज देखी जाती है।इस पूरे मसले पर कोई भी हल नहीं निकाला और नारेबाजी होती रही। संसदीय कार्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर सिंह ने इस मामले में विपक्ष से माफी मांगी मगर विपक्ष उनकी माफी से राजी नहीं हुआ।

अतुल प्रधान को सदन से किया बाहर

विधानसभा में सपा विधायक से बहस के बाद भड़के स्पीकर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आज बुधवार को बड़ा हंगामा हुआ।विधानसभा के स्पीकर और समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान के बीच तीखी बहस हो गई।मामला इतना बढ़ गया कि स्पीकर ने अतुल प्रधान को पूरे सत्र के लिए निष्कासित कर दिया और उन्हें सदन से बाहर निकालने का आदेश दे दिया।

इस घटना के बाद सदन में भारी हंगामा हुआ और स्थिति को काबू में करने के लिए मार्शल को बुलाया गया।यह मामला स्वास्थ्य के मुद्दे पर चल रही बहस के दौरान शुरू हुआ।जब सदन में चर्चा हो रही थी, तो अचानक समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान व राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण के बीच नोकझोंक तेज हो गई। स्थिति इतनी बिगड़ी कि स्पीकर को दखल देना पड़ा। इस पर समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि योगी सरकार के मंत्री ने हमारे विधायक पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है। शिवपाल ने इसके खिलाफ विरोध जताया और कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से गलत है। घटना के बाद सदन दोपहर ढाई बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस वाकये के बाद यूपी विधानसभा में और बाहर दोनों जगह हंगामा हुआ। अब देखना यह है कि इस विवाद के बाद विधानसभा के आगामी सत्रों में क्या माहौल बनता है।

पर्यटन मंत्री ने किया भातखंडे संगीत उत्सव का शुभारम्भ

भातखंडे विश्वविद्यालय भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने में निभा रहा अहम भूमिकाः जयवीर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि भातखंडे विश्वविद्यालय अपने विकास यात्रा के दौरान देश के निर्माण में सराहनीय भूमिका अदा की है। विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्रायें अपनी लगन और निष्ठा से जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़े और प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। यहां से निकलने वाले छात्र वैज्ञानिक बने, संगीतकार बने, जिस क्षेत्र में जाये, सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित करें। जयवीर सिंह आज त्रिदिवसीय भातखंडे संगीत उत्सव-2024 का शुभारम्भ के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रायें, कला प्रेमियों, कत्थक, नृत्य, गायन, संगीत वादन आदि विधाओं से जुड़े छात्र-छात्राओं की उपस्थिति थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जो सपना हमारे देश के नेताओं ने देखा था, उसको साकार करने की जिम्मेदारी छात्र-छात्राओं पर है। 2047 तक भारत को विश्व गुरू बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पर्यटन मंत्री ने कहा कि छात्र-छात्रायें पूरी ईमानदारी से देशसेवा का संकल्प लें। जिस विधा में उनकी रूचि हो, उस विधा को ऊचांईयों पर लेकर जायें। यह विश्वविद्यालय देश की ही नहीं बल्कि विश्व का सर्वोच्च विश्वविद्यालय होगा। इस विद्यालय के बच्चे अपनी कला एवं निष्ठा से समाज एवं राष्ट्र के निर्माण का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में इस संस्थान को डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाता था। अब विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करके स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा के विभिन्न विषयों पर शोध कार्य भी संचालित किये जा रहे हैं। संस्कृति विभाग के संस्थाओं तथा अकादमी को विश्वविद्यालय द्वारा संबद्ध कर दिया गया है। यह विद्यालय भारत की सांस्कृतिक समृद्धि एवं गौरवशाली विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए शिक्षा तथा कलात्मक विधाओं में देश-विदेश में अमूल्य योगदान प्रस्तुत कर रहा है। इस अवसर पर प्रो माण्डवी सिंह, कुलपति भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, डा सृष्टि धवन, कुलसचिव पद्मभूषण पं साजन मिश्रा, पं सरयू सहाय, संजय बली आदि उपस्थित थे।

पुलिस से बहस के बाद अजय राय बेहोश

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय खुद बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। नीचे उतरे तो उनकी पुलिस से बहस हो गई। इसके बाद वो बेहोश हो गए। कार्यकर्ताओं ने उन्हें लिटाया। पानी छिड़का। तब जाकर वो होश में आए। दरअसल, कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा जाने पर अड़े थे, जबकि पुलिस ने उनको रोकने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रखी थी। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर सभी रास्तों में पुलिस ने डबल बैरिकेडिंग कर रखी है। दोपहर को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ी तो पुलिस से झड़प हो गई। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। कई कार्यकर्ता दीवार कूद गए। कांग्रेस पार्षद ममता चौधरी की पुलिस से झड़प हो गई। पुलिस महिला नेताओं को खींचकर ले गई और गाड़ी में बैठाया। ममता चौधरी घर से विधानसभा जाने के लिए अड़ी हुई थीं। बाद में पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया। अजय राय ने कहा हमारे बब्बर शेर डटे हुए हैं। अत्याचार और अन्याय के खिलाफ कांग्रेस का हर कार्यकर्ता सीएम योगी को जवाब देगा। पुलिस की घेराबंदी को तोड़कर प्रदेश प्रभारी अविनाश राय प्रदेश कार्यालय पहुंच गए। दरअसल, यूपी कांग्रेस ने बुधवार को विधानसभा का घेराव करने का ऐलान किया था।

मायावती बोलीं, बाबा साहेब के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंक रही बीजेपी कांग्रेस

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। संविधान पर संसद में चल रही बहस के दौरान डॉ बीआर आंबेडकर को लेकर गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर सियासत गरमा गई है। इसे लेकर कांग्रेस, समेत समूचा विपक्ष भाजपा पर हमलावर है इसी कड़ी में बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। मायावती ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस और भाजपा के लोगों को बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की बजाय, उनका पूरा आदर एवं सम्मान करना चाहिये। मायावती ने बुधवार को 'एक्स पर कहा, ''कांग्रेस और भाजपा एवं कम्पनी के लोगों को बाबा साहेब की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की बजाय, उनका पूरा आदर एवं सम्मान करना चाहिये। इन पार्टियों के लिए इनके जो भी भगवान हैं, उनसे पार्टी (बसपा) को कोई ऐतराज नहीं है। उन्होंने कहा कि दलितों एवं अन्य उपेक्षितों के लिए एकमात्र भगवान केवल बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर हैं, जिनकी वजह से इन वर्गों को सात जन्मों तक का स्वर्ग मिल गया था, जब संविधान में उन्हें कानूनी अधिकार दिये गये थे। मायावती ने कहा कि अतः कांग्रेस और भाजपा आदि पार्टियों का दलित एवं अन्य उपेक्षितों के प्रति प्रेम विशुद्ध छलावा है। इनसे इन वर्गों का सही हित व कल्याण असंभव है। उन्होंने कहा, ''इन दलों के कार्य दिखावटी ज्यादा और जनहितैषी कम। बहुजन समाज व इनके महान संतों, गुरुओं तथा महापुरुषों को समुचित आदर-सम्मान बसपा सरकार में ही मिल पाया। हालांकि डॉ बीआर आंबेडकर की टिप्पणी को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर तंज कसा है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''कल संसद में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस द्वारा किए गए बाबा साहब के घोर अपमान के संदर्भ में कांग्रेस व उनके नेताओं को तथ्य और तर्कों के माध्यम से स्पष्ट आईना दिखाया था। दलित और आंबेडकर विरोधी कांग्रेस का सच सामने आने पर बौखलाए कांग्रेसियों ने झूठा नैरेटिव (विमर्श) गढ़ने का प्रयास किया है! उन्होंने कहा, ''बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवित रहते हुए कांग्रेस ने उनका घोर अपमान किया, आज कांग्रेस वोटबैंक की राजनीति के लिए उनके नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंक रही है!

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का मकसद अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करना है

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आज अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के मौके पर कहा की यह एक महत्वपूर्ण दिवस है जब हम अपने देश में रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों और कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत एक बहु-सांस्कृतिक और बहु-धार्मिक देश है, जहां विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के लोग सद्भाव से रहते हैं। संविधान सभी नागरिकों को समानता, समान अवसर और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार प्रदान करता है। पूर्व सरकार में अल्पसंख्यक समुदायों को हमेशा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेलने का काम किया गया। उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सेवा और अन्य बुनियादी सुविधाओं तक से दूर रखा। आज केंद्र और प्रदेश की सरकार अल्पसंख्यको को समान शिक्षा, रोजगार, स्वास्थय मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी नागरिकों को समान अवसर मिले और वे अपने पूर्ण क्षमता का विकास कर सकें। अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार अनेक कदम उठा रही है।

विदेशी विश्वविद्यालय आने से प्रदेश के छात्रों को सस्ती मिलेगी उच्च स्तरीय शिक्षाः योगेन्द्र

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने वाले चार विधेयकों को पारित कर दिया है। इन विधेयकों के तहत राज्य में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना और विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों के लिए मार्ग प्रशस्त किया गया है। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को शैक्षिक हब बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उच्च शिक्षा क्षेत्र में यह सुधार राज्य की छवि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेगा। नए विश्वविद्यालयों और विदेशी परिसरों के माध्यम से छात्रों को उनके गृह राज्य में ही विश्व स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विदेशी विश्वविद्यालय के आने से प्रदेश के छात्रों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें उच्च स्तरीय शिक्षा अपने प्रदेश में ही अब सस्ती और सहज मिलेगी। अभी तक उत्तर प्रदेश में ही रजिस्टर्ड संस्थायें विश्वविद्यालय स्थापित कर सकती थी परन्तु अब इस नये संशोधन विधेयक द्वारा किसी भी अन्य राज्य में रजिस्टर्ड संस्थायें, कम्पनियाँ, ट्रस्ट जिनका ट्रैक रिकार्ड भी अच्छा हो, उत्तर प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय खोलने के लिए अर्ह होगें। यदि यूजीसी द्वारा विदेशी विश्वविद्यालय जिनको उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता दी जाती है तो ऐसी संस्थाये भी उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय स्थापित कर सकेगी।यह विधेयक प्रदेश के छात्रों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेंगे। योगी सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश को शैक्षिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के साथ-साथ स्थानीय और वैश्विक स्तर पर रोजगार और शोध के अवसरों को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल नए विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में उच्च शिक्षा को सुलभ और उन्नत बनाने के लिए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 सन् 2019 में संशोधन किया गया है। इसके तहत विद्या विश्वविद्यालय मेरठ, विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर तथा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव नए विश्वविद्यालयों की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इन विश्वविद्यालयों की स्थापना से न केवल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

बीजेपी अध्यक्ष यूपी, बिहार और पूर्वांचल के लोगों को से माफी मांगें: आप

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ।राज्यसभा में कल भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान पर हंगामा खड़ा हो गया जब उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, बिहार और पूर्वांचल के लोग रोहिंग्या है।

इस पर आप सांसद संजय सिंह ने पलटवार करते हुए आक्रमक तेवर में कहा कि आप दिल्ली में रह रहे यूपी और बिहार, पूर्वांचल के लोगों को रोहिंग्या कैसे कह सकते है, जो 40-50 साल से यहां रह रहे हैं, अगर आप उनके नाम मतदाता सूची से हटाना चाहते हैं, तो क्या मैं अपनी आवाज नहीं उठाऊंगा? अगर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्हें बांग्लादेशी और रोहिंग्या कहते हैं तो क्या हम इसे बर्दाश्त करेंगे? हम उन लोगों के खिलाफ लड़ेंगे जो यूपी, बिहार और पूर्वांचल के लोगों का अपमान करेंगे।÷ आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष ने संसद में उत्तर प्रदेश, बिहार और पूर्वांचल के लोगों को श्रोहिंग्याश, श्बांग्लादेशीश् और श्घुसपैठियाश् कहकर उनका अपमान किया है।

वंशराज दुबे ने इस टिप्पणी को भाजपा की दोगली नीति और पूर्वांचल के लोगों के प्रति नफरत का उदाहरण बताया।उन्होंने भाजपा को घेरते हुए कहा कि नड्डा का यह बयान दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों के साथ भाजपा के गहरे विरोध को दर्शाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा ने जानबूझकर इन लोगों को अपमानित किया और उनके वोटों को निशाना बनाया। दुबे ने भाजपा से इस बयान के लिए माफी की मांग की और कहा कि इस तरह की बयानबाजी दिल्ली के आगामी चुनावों में भाजपा के लिए बहुत महंगी साबित होगी।

विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेस नेता अविनाश पांडे नजरबंद

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आज बुधवार को यूपी विधानसभा के घेराव का ऐलान किया है, जिसके लिए हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कल शाम से ही लखनऊ में पहुंचना शुरू कर दिया है। कांग्रेस दफ्तर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन के लिए जुटने लगे हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रशासन की ओर पार्टी के बड़े नेताओं को रोका जा रहा है।

कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे को उनके होटल में ही पुलिस ने नजरबंद कर लिया है। नाराज कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं गुस्साए कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेट को भी तोड़ दिया है। वहीं पुलिस विधानसभा घेराव कार्यक्रम के लिए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि निषेधाज्ञा लागू है और राज्य विधानसभा का सत्र चल रहा है, ऐसे में किसी को भी आदेशों का उल्लंघन नहीं करने दिया जाएगा। विधानसभा की ओर जाने वाली सड़कों पर अवरोधक लगा दिए गए हैं तथा यहां मॉल एवेन्यू क्षेत्र में कांग्रेस कार्यालय के बाहर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता मनीष हिंदवी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को डराने-धमकाने तथा उन्हें रोकने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल करने के बावजूद हजारों कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पहुंच का अपनी अवाज को बुलंद कर रहे है। कि कांग्रेस राज्य सरकार के ष्निरंकुश रवैयेष् और पुलिस के जरिये दमन का कड़ा जवाब देगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसी कार्रवाई जारी रही तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

पसमांदा मुस्लिम समाज का साथ नहीं दे रही सरकारः अनीस मंसूरी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। अल्पसंख्यक दिवस पर मुसलमानों के हितों की सुरक्षा को लेकर मांग उठाई गई। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने कहा कि लगातार अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन हो रहा है। मुस्लिम समुदाय को संविधान से मिले अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है।

अनीस मंसूरी ने कहा कि यूपी अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल खत्म हुए 6 माह हो गया, लेकिन अभी तक किसी की नियुक्ति नहीं हुई। यह दर्शाता है कि सरकार को अल्पसंख्यकों में कोई दिलचस्पी नहीं है। आयोग का अध्यक्ष ना होने के कारण प्रदेश के अल्पसंख्यकों को न्याय मिलने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि आयोग के अध्यक्ष से अल्पसंख्यक समुदाय को बहुत उम्मीदें होती हैं। प्रदेश में कहीं भी अल्पसंख्यक समुदाय के साथ भेदभाव होता है, तो आयोग इसका संज्ञान लेता है। हमारी मांग है कि तत्काल किसी ऐसे व्यक्ति को आयोग का अध्यक्ष बनाया जाए जो अल्पसंख्यक समाज को न्याय दिलाने का काम करे। अनीस मंसूरी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय मुसलमान है। मुसलमान में 80ः पसमांदा समाज के लोग हैं। यह बेहद अफसोस नाक है कि यह समाज सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सबसे ज्यादा पिछड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस बात को स्वीकार किया है, कि पसमांदा मुसलमान की स्थिति बेहद दयनीय है। सरकार पसमांदा समाज की स्थिति को जानने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। अनीस मंसूरी ने कहा कि सरकार से हमारी मांग है, कि अल्पसंख्यक समुदाय के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की जाए।

विधानसभा घेराव को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव ने ली चुटकी

लखनऊ। यूपी कांग्रेस के विधानसभा घेराव को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सपा में फूट हो चुकी है। संभल मामले में भी दो धाराओं में सपा कांग्रेस बंटे नजर आ रहे हैं।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को विधानसभा सत्र में भाग लेने से पहले पत्रकारों से कहा कि सपा कह रही है कि लोकसभा चुनाव में जीत उनके कारण मिली है। कांग्रेस का कहना वह उनके कारण जीते हैं। दोनों अपने अपने महत्व को दर्शाना चाहते हैं लेकिन कांग्रेस मुक्त उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी का समाप्तवादी होना तय हैं। इसलिए 2027 में 2017 की तरह ही भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। प्रदर्शन खोखला है। न इनके पास कोई नेता है न ही नीति।सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए मांग की है।

केंद्र सरकार अल्पमत में हैं, प्रदेश में भ्रष्टाचार व्याप्त है, कानून व्यवस्था जीरो है

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा शीतकालीन सत्र का आज तीसरा दिन है। विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर विपक्षी दल लगातार हमलावर हैं। जहां एक तरफकांग्रेस विधानसभा का घेराव करने की जद् में लगी हुई है। वहीं दूसरी ओर सपा और बसपा तीखी बयानबाजी कर रही हैं। इसी बीच सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा पर कई मुद्दों को लेकर हमला बोला है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव उत्तर प्रदेश विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन विधानसभा पहुंचे। इस मौके पर शिवपाल यादव ने वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर कहा कि कल की वोटिंग के हिसाब से केंद्र सरकार अल्पमत में आ गई। केंद्र सरकार को 272 मत चाहिए थे, 269 मत पड़े। कांग्रेस के प्रदर्शन पर शिवपाल यादव ने कहा, हम इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं और हम इंडिया गठबंधन के साथ हैं।ष् इसके अलावा केशव मौर्य के बयान पर शिवपाल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति यही है कि फूट डालो और राज करो। प्रदेश में भ्रष्टाचार व्याप्त है। कानून व्यवस्था जीरो है। लेकिन ये लोग बेवजह की बातें करते हैं।

संक्षिप्त खबरें

मानस मंदिर डालीगंज में कन्या दान उत्सव 22 दिसम्बर को

लखनऊ। राधा सखी सेवा परिवार समिति की ओर से छठा कन्यादान उत्सव 22 दिसम्बर दिन रविवार को डालीगंज स्थित मानस मंदिर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर आज एक बैठक मानस मन्दिर मे समिति की अध्यक्ष व संस्थापिका सुषमा अग्रवाल व मौसमगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष घनश्यामदास अग्रवाल की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। सुषमा अग्रवाल ने बताया कि इस बार भी पांच कन्याओं का कल्याण मंडप होगा। सुषमा ने बताया कि विवाह से पूर्व 22 को पूर्वाह्न 11 बजे नयागंज डालीगंज से पांचों दूल्हे बरात लेकर आयेगी। 11.30 बजे द्वारचार, साढ़े 12 बजे जयमाल और शाम साढ़े चार बजे डोली में गोधुली बेला में विदाई कार्यक्रम होगा। शाम को साढ़े पांच बजे यहां भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अंजलि बंसल, गीता गुप्ता, कविता, बीना जैन, उर्मिला अग्रवाल, निरुपमा, विधि बंसल शीला सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ

लखनऊ। शहर में बढ़ती ठंड को देखते हुए सामाजिक संस्था रोटरी क्लब औफ लखनऊ निराला नगर के अध्यक्ष रोटेरियन विनोद चंनदिरमानी व सदस्यों ने बुधवार को कम्बल वितरण का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्लब के भूतपूर्व अध्यक्ष रोटेरियन आनंद स्वरूप अग्रवाल एवं अध्यक्ष नामित रोटेरियन गिरधर गोपाल यादव के सहयोग से 800 कम्बल वितरित किया। वितरण की शुरुआत मोती नगर के अग्रवाल कालेज से की गई। फिर सदस्यों ने मलिहाबाद के एक गाँव बखतयार नगर में जरूरतमंदों को कम्बल बाँटें। तीसरे चरण में सीतापुर रोड पर भिन्न भिन्न गाँवों में जैसे कि नौबसता एवं दुदोली मार्ग पर गर्म कम्बल बाँटें गए। रोटरी क्लब औफ लखनऊ के बहुत से सदस्यों ने अपने हाथों से कम्बल बाँटें जिसमें मौके पर भूतपूर्व मंडलाअध्यक्ष रोटेरियन चन्द्र प्रकाश अग्रवाल, सचिव अशोक टंडन, भूतपूर्व अध्यक्ष वाई के गोयल, भूतपूर्व अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, अध्यक्ष नामित रोटेरियन गिरधर गोपाल यादव ,कोषाध्यक्ष रोटेरियन विभोर अग्रवाल एवं भूतपूर्व अध्यक्ष प्रवीन मितल आदि मौजूद रहे। गरीबों ने रोटेरियनस को बहुत आशीर्वाद व दुआएँ दीं।

चालक संघ वन विभाग के पदाधिकारियों ने ली शपथ

लखनऊ। राजकीय वाहन चालक संघ वन विभाग का पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह मुख्यालय के पंचवटी पेक्षाग्रह में सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्ष राजकीय वाहन चालक महासंघ के अध्यक्ष रिजवान अहमद के द्वारा की गई। महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहजराम यादव ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष मो. अकरम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवजी सिंह, उपाध्यक्ष बसन्त कुमार ओझा, महामंत्री जयप्रकाश उपाध्याय, मंत्री सरवर अली, संयुक्त मंत्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, संगठन मंत्री धर्मेन्द्र कुमार, प्रचार मंत्री आनंद कुमार, कोषाध्यक्ष शिवशंकर, आडिटर संतोष कुमार देवरिया एवं सलाहकार इन्द्रदेव सिहं और संरक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरान्त अपने सम्बोधन में मो. अकरम ने कहा कि संघ द्वारा दैनिक वेतन भोगी एवं संविदा कार्मिकों की समस्याओं को संज्ञान में लाकर आउटसोर्सिंग की जगह नियमितीकरण, समय से चालकों की पदोन्नति, विभाग में चालक के रिक्त लगभग 70 प्रतिशत पदों पर नियमित भर्ती, चतुर्थ श्रेणी से चालक पद पर पदोन्नति सहित पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष के साथ समय समय पर विभागाध्यक्ष, प्रमुख सचिव एवं विभगीय मंत्री से वार्ता की जाएगी। इस अवसर पर आल इण्डिया गर्वमेन्ट चालक फैडरेशन के सलाहकार रामफेर पाण्डेय, महासंघ के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार नेगी, सलाहकार शहीद अली, संरक्षक महासंघ वीरेन्द्र पाण्डेय, चालक संघ स्वास्थ्य विभाग के पूर्व मंत्री तेजकुमार चौहान ने सम्बोंधित किया।

मेरी पत्नी को उसके पिता के चुंगल से छुड़वाया जाए

लखनऊ। सआदतगंज निवासी हर्षित कुमार लखनऊ पुलिस कमिश्नर ऑफिस महानगर पहुंचे और अपनी नवविवाहित पत्नी रीतू यादव को उनके पिता के चुंगल से छुड़ाने का प्रार्थना पत्र दिया। हर्षित कुमार ने बताया कि गत माह 28 नवम्बर को उनका विवाह रीतू यादव से पहले मंदिर में हुआ फिर उन्होंने कोर्ट मैरिज की थी। इसके बाद 2 दिसम्बर को रीतू के पिता जो पुलिस विभाग से रिटायर्ड है उनके घर नितेश यादव और बेटी रंजना यादव तथा अन्य 5-6 लोगों के साथ पहुंचे और जबरन रीतू को अपने साथ ले गए। जब रीतू अपने पिता के घर कैम्पवेल रोड़, राम नगर पहुंची तो वहां पर उसे डरा धमकाकर दूसरा विवाह करने का दबाव डाला जाने लगा। हर्षित ने बताया कि रीतू के पिता हरिनाथ यादव पुलिस विभाग में होने का नाजायज फायदा उठा रहे हैं और थाना सआदतगंज में उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवा दिया है। रीतू के परिवार वाले मुझे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। लखनऊ पुलिस कमिश्नर ऑफिस के सामने मीडिया से बातचीत करते हुए हर्षित कुमार ने कहा कि पत्नी रीतू यादव के परिवार से उन्हें जान का खतरा है। शासन प्रशासन से पत्नी की रिहाई की गुहार लगाते हुए कहा कि इस साजिश का खुलासा हो और उनकी पत्नी को उनके पास वापस भेजा जाए। बहरहाल लखनऊ पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी पश्चिमी कार्यालय केसरबाग को जांच करने का आदेश दे दिया। अब देखने वाली बात होगी कि कब बिछड़े पति-पत्नी का मेल मिलाप हो सकेगा।

ग्रेजुएशन छात्र ने लगाई फांसी

लखनऊ। राजधानी के गाजीपुर इलाके में 19 साल के लड़के ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के वक्त लड़का घर पर अकेले था। फांसी के फंदे से लटका देख परिजनों ने लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। हमीरपुर के रहने वाले शिवांग शुक्ला (19) पुत्र आनंद शुक्ला लखनऊ के सेक्टर-19 में परिवार के साथ रहता था। शिवांग ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा था। आनंद लखनऊ में रहकर पंडिताई करते थे। मंगलवार रात करीब 9 बजे शिवांग ने घर के कमरे की छत में लगे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन पोस्टमार्टम के लिए भी नहीं तैयार थे। काफी समझाने के बाद पीएम के लिए तैयार हुए। हालांकि परिजनों ने कोई शिकायत नहीं की है।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, बीजेपी विधायक ने निकाली यात्रा,5 हजार से अधिक लोग सड़क पर उतरे

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के तेलीबाग बाजार में बुधवार को हिंदू रक्षा संकल्प यात्रा निकाली गई। इसमें 5000 लोग शामिल हुए। यात्रा की शुरुआत वरदानी हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन कर हुई। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। अब तक 2000 से ज्यादा घटनाएं हुई हैं, जिनमें हिन्दुओं के घरों को जलाया गया। मां-बहनों की इज्जत लूटी गई। मंदिरों को तोड़ा और लूटा जा रहा है। विधायक ने यात्रा के दौरान ढोल, नगाड़े और संख की धुनों के बीच जनसमूह का उत्साहवर्धन किया। पदयात्रा का समापन शनि मंदिर चौराहे पर हुआ। यहां जनसभा में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा आज पूरे देश में आवाज जा रही है कि सरोजनी नगर की जनता अन्याय के खिलाफ खड़ी हुई है। आज समय चुप रहने का नहीं है, हर व्यक्ति को आवाज उठानी है। विधायक ने बताया कि वर्ष 1947 में बाग्लादेश में हिंदुओं की आबादी 22: थी। यह अब घटकर 7: पर आ गई है। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भी भारत के करीब 4 हजार वीर सैनिकों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। विधायक ने बताया कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान में हिंदुओं और महिलाओं की स्थिति चिंताजनक है। अफगानिस्तान में लड़कियों को शिक्षा और रोजगार तक से वंचित रखा जा रहा है। विधायक ने कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा वोट बैंक की राजनीति के चलते कांग्रेस ने शाहबानो केस में सुप्रीम कोर्ट का फैलसा पलटा। ट्रिपल तलाक को मान्यता दी। यह मुस्लिम महिलाओं के शोषण का माध्यम बना। विधायक ने हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह के मारे जाने पर लखनऊ में हुए प्रदर्शनों की निंदा की। अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलाए जाने की घटना को लेकर समाजवादी पार्टी को भी निशाने पर लिया।

पिस्टल दिखाकर बी-टेक छात्रा से गैंग रेप

इंस्टाग्राम से की दोस्ती, नोएडा से मिलने बुलाया हत्या की धमकी देकर भेजा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बी-टेक छात्रा को बंधक बनाकर 4 युवकों ने गैंग रेप किया। युवती गोरखपुर की रहने वाली है। वह नोएडा में बी-टेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट है। कुछ दिन पहले उसकी इंस्टाग्राम पर लखनऊ के युवक से दोस्ती हुई। वह उससे मिलने के लिए लखनऊ पहुंची। आरोप है कि दोस्त अपने तीन साथियों के साथ मिलकर गैंग रेप किया। घटना 12 दिसंबर की इंदिरा नगर इलाके की है। गैंग रेप के चार आरोपियों में से तीन आरोपी 13 दिसंबर से चोरी के मामले में पुलिस की हिरासत में हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर सतीश कश्यप ने रिक्वेस्ट भेजा। मैं एक्सेप्ट नहीं की तो लगातार मैसेज भेज रहा था। हम दोनों के बीच में कुछ दिन बाद बातचीत शुरू हो गई। वह ऑनलाइन कॉलिंग करने लगा। बाद में अपनी बातों में फंसाकर नंबर मांगा। दोनों के बीच ऑनलाइन और डॉरेक्ट कॉलिंग से बातचीत होने लगी। उस पर भरोसा हो गया। सतीश के कहने पर 12 दिसंबर को उससे मिलने लखनऊ आई। उसने बीबीडी कॉलेज के पास अपनी एसयूवी में बैठाया। इसके बाद गोमती नगर की तरफले गया। रात को घर पर रुकने के लिए कहा। उसकी बातों में आकर मैं उसके घर पर रुक गई। सतीश इंदिरा नगर के तकरोही का रहने वाला है। वह रात में अमराई गांव स्थित अपने कमरे में ले गया। यहां उसके तीन दोस्त युसूफ, जतिन और मन्नू यादव पहले से मौजूद थे। सतीश मेरे पास बैठा था। वह अचानक से अश्लील बातें करने लगा। फिर मेरे शरीर में टच किया। विरोध करने पर पिस्टल निकाल लिया। फिर सभी ने मिलकर मेरे साथ गैंग रेप किया। चारों आरोपी रात भर मेरे साथ रेप करते रहे। मैं चीखती, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था। विरोध करती तो जान से मारने की धमकी देते। सुबह 13 दिसंबर को सतीश अपनी कार से ठठक् तक लेकर आया। वह मुझे यहीं पास छोड़कर चला गया। मैं इतना डर गई थी कि पुलिस के पास नहीं जा सकी। वापस नोएडा लौट गई। दो दिन तक मैं घटना के बारे में सोचती रही। अब मैं सजा दिलाने की ठान ली और हिम्मत जुटाकर फिर से लखनऊ आई। यहां इंदिरा नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि सतीश का आपराधिक रिकॉर्ड पुराना है। मई 2017 में वह इलाके की एक नाबालिग लड़की को भगा ले गया था। मामला दर्ज होने के बाद जांच में सामने आया कि उसने नाबालिग के साथ रेप भी किया था। तब उस पर पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई हुई थी। पुलिस के मुताबिक गैंग रेप के आरोपी सतीश, जतिन और यूसुफ 13 दिसंबर को गाजीपुर थाने से चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए थे। पीड़िता के आरोपों की जांच की जा रही है। सतीश कपड़े की दुकान चलाता है। जतिन और यूसुफ उसकी दुकान पर काम करते हैं।

सफाई निरीक्षक सुनील वर्मा पर पीडित ने दर्ज कराई एनसीआर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। नगर निगम जोन-7 के सफाई निरीक्षक सुनील वर्मा का सुपरवाइजर को गाली गलौज व जाति सूचक शब्द कहने का आडियो वायरल होने के पांचवे दिन बाद भी कार्रवाई न होने से विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। पीडित ने न्याय मिलने की आस न देखते हुए एनसीआर दर्ज करवाई है।

मामला नगर निगम जोन-7 का है जहां सफाई निरीक्षक सुनील वर्मा चेकिंग के नाम पर शुक्रवार को वार्ड में सफाई का काम करा रहे सुपरवाइजर से मां बहन की गालियां देते नजर आ रहा है वहीं खास जाति को टारगेट कर पूरी ही जाति को गाली देकर संबोधित कर रहा है। इन सबसे जाति विशेष में आक्रोश की भावना पनप रही है। नगर निगम की सफाई व्यवस्था को देखने के बजाय काम कर रहे कर्मचारी को गाली देते नजर आ रहे। इसका एक आडियो वायरल हुआ है जिसमे वार्ड संख्या 42 में तैनात सुपरवाइजर पवन कुमार तिवारी ने आरोप लगाया है कि सुनील वर्मा ने चेंकिग के नाम पर उन्हें मां-बहन की गाली देते हुए अभद्रता की जिसकी शिकायत वह नगर आयुक्त व मेयर से करेंगे और कार्रवाई की मांग करेंगे। पीडिघ्त का कहना है वह उनपर पार्षद के विरुद्ध कार्य करने का दबाव बनाते हैं और तरह- तरह के हथकंडे अपनाकर उन्हें परेशान करते हैं। गौरतलब है कि सफाई निरीक्षक सुनील वर्मा का विवादों से गहर नाता है इससे पहले भी अभद्रता के कारण जोन 7 उनका तबादला मुख्यालय कर दिया गया था लेकिन अपनी ऊंची पहुंच के कारण वह फिर से उसी जोन में आकर अपनी दबंगई दिखा रहा। सूत्रों से पता चला है कि इसके पहले वह जोन- में तैनाती के दौरान कबाड़ी वालों से वसूली को लेकर भी हटाया जा चुका था। पिछली सदन की बैठक में कई पार्षदों ने उनका विरोध किया था जिस पर मेयर ने उनको 24 घंटे के अंदर हटाने के निर्देश दिए थे लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे उसका मनोबल जैसे सांतवे आसमान पर है। अब देखना है कि इनकी इस अनुशासनहीनता को लेकर पांच दिन बीत जाने के बाद भी नगर आयुक्त कोई कार्रवाई करतें हैं या इनकों पहले की तरह ही छूट देते हैं।

हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद, एडीजे कोर्ट ने 30 हजार का लगाया जुर्माना

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ की एडीजे प्रथम अदालत ने इटौंजा थाना क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में तीन आरोपियों को उम्रकैद और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने यह फैसला ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत लखनऊ पुलिस और अभियोजन विभाग की सघन पैरवी के बाद सुनाया। 2016 में इटौंजा थाना क्षेत्र के इंदारा गांव में एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया था। घटना में पुलिस ने तीन अभियुक्तों- रामकिशोर सिंह, बुद्धा और प्रदीप कुमार उर्फ बड़कन्ने को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जांच में तीनों के खिलाफहत्या के पर्याप्त सबूत मिलने के बाद अदालत ने उन्हें दोषी करार दिया। अदालत का फैसला अपर जिला न्यायाधीश (एडीजे) प्रथम ने धारा 302 (हत्या) के तहत दोष सिद्ध होने पर तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही, हर आरोपी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न चुकाने की स्थिति में छह महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। लखनऊ पुलिस और अभियोजन विभाग ने इस मामले में गहन जांच और प्रभावी पैरवी की। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) के निर्देशन में मामले की पूरी तैयारी की गई। थाने के पैरोकार सिपाही संजीव कुमार यादव ने अदालत में मजबूत पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सजा सुनाए जाने वाले दोषियों में रामकिशोर सिंह, बुद्धा और प्रदीप कुमार उर्फ बड़कन्नेरू निवासी इंदारा, थाना इटौंजा के रहने वाले है। तीनों दोषियों- रामकिशोर सिंह, बुद्धा और प्रदीप कुमार उर्फबड़कन्ने पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। जुर्माना न भरने पर उन्हें छह महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

8 सालों से नहीं मिला वेतन

मदरसा मॉडर्न शिक्षकों का प्रदर्शन, महाआंदोलन की चेतावनी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी में बुधवार को मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से इको गार्डन में मदरसा मॉडर्न टीचर्स जमा हुए।

प्रदर्शन कर रहे अशरफअली ने बताया कि 2018 से मॉडर्न शिक्षकों को वेतन नहीं मिला है। इको गार्डन में विगत 23 दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आज अल्पसंख्यक दिवस है मगर अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार नहीं मिल रहा है।

मदरसा आधुनिकरण शिक्षक एकता समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशरफअली ने कहा कि 23 दिनों से इको गार्डन में अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वेतन न मिलने के कारण परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। बीमार मां-बाप का इलाज नहीं करवा पा रहे हैं। कई शिक्षा ऐसे हैं जो अपने बच्चों की स्कूल फीस जमा नहीं कर पा रहे हैं। परिवार भुखमरी के कगार पर है। अशरफअली ने बताया कि 2018 से मदरसा मॉडर्न शिक्षकों को वेतन नहीं मिला है। पूरे उत्तर प्रदेश में 21546 मदरसा आधुनिकरण के शिक्षक सेवाएं दे रहे हैं। विगत 8 सालों से वेतन के लिए संघर्ष कर रहे हैं मगर सुनावई नहीं हो रही है। इन्होंने कहा कि जब मॉडर्न शिक्षक स्वयं भूखा रहेगा तो बच्चों को कैसे शिक्षा दे पाएगा। संगठन के महासचिव महासचिव सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हम लोग लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। विभाग की तरफ से सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। कई बार हमने प्रयास किया कि सीएम योगी से मुलाकात करके अपनी बात रखें मगर अधिकारी मिलने नहीं देते। इन आठ सालों में संघर्ष के दौरान 250 से अधिक शिक्षकों की आर्थिक तंगी से मौत हो चुकी है।

उसके बाद भी विभाग और अधिकारी हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। शिक्षकों ने कहा कि सरकार से हमारी मांग है कि तत्काल 8 साल का वेतन जारी किया जाए। भविष्य में वेतन रुकने की समस्या नहीं होगी यह सुनिश्चित किया जाए। मांगे पूरी नहीं हुई तो आगामी दिनों में शिक्षकों के द्वारा महा आंदोलन किया जाएगा।

वेतन बहाली की मांग को लेकर शिक्षा निदेशक कार्यालय को शिक्षकों ने घेरा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। शिक्षा निदेशक कार्यालय का शिक्षकों ने घेराव कर दिया है। सभी वेतन बहाली की मांग कर रहे हैं। शिक्षकों के इस प्रदर्शन को माध्यमिक शिक्षक संघ ने भी समर्थन दिया है। पूरे प्रदेश के शिक्षक सुबह 11 बजे पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशक के शिविर कार्यालय पर इकट्ठा हुए हैं। यहां से दोपहर करीब तीन बजे विधानसभा की ओर रवाना हुए, जहां शिक्षक अपनी प्रमुख मागों को लेकर ज्ञापन देंगे। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष और प्रवक्ता डॉ. आर पी मिश्रा का कहना है कि निदेशालय में बैठने वाले कई अफसरों की गाढ़ी काली कमाई है। इसके बाद भी एक दिन का वेतन रुक जाता है तो इन्हें बर्दाश्त नहीं होता। तदर्थ शिक्षक तो न जाने कब से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। हमारी मांग सीमित और सरल है। लंबे समय से इन मांगों को लेकर विभाग को अफसरों को बता रहे हैं, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। अगर हमारी मांग मान ली जाती तो हम लोगों को प्रदर्शन के लिए विवश नहीं होना पड़ता। लखनऊ में प्रदेश के कई जिलों से शिक्षक पहुंचे हैं। पूरा परिसर खचाखच भरा है। प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों का दावा है कि ऐसा विरोध पहले कभी नहीं हुआ है। जब तक मांगे नहीं मानी जाती लगातार हल्ला बोल जारी रहेगा। तदर्थ शिक्षक संगठन के राजमणि सिंह ने नियमितीकरण और वेतन बहाली की मांग को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मंच से रोते हुए माध्यमिक शिक्षक संघ से सहयोग मांगा है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला शिक्षक भी पहुंची हैं। शिक्षकों की मौजूदगी को देखते हुए और कुर्सियां मंगाई गई हैं। शिक्षकों की मांग को आज शिव कुमार त्रिपाठी सदन में उठाएंगे। माध्यमिक शिक्षक संघ के इस प्रदर्शन में तमाम मंडलों से शिक्षक संघ के पदाधिकारी पहुंचे हैं।

कांग्रेस के प्रदर्शन से हर तरफ जाम

स्कूली बच्चे रास्ते में फंसे, कईयों की ट्रेनें छूटीं

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में कांग्रेस के प्रदर्शन से जाम का आलम है। तीन घंटे तक शहर के प्रमुख मार्ग जाम रहे। इससे स्कूली बच्चे रास्ते में फंस गए। कई लोगों की ट्रेनें तक छूट गई। जाम से बचने के लिए रूट डायवर्जन और बेरिकेडिंग की व्यवस्था बेअसर रही। बुधवार को विधानसभा सत्र और कांग्रेस के प्रदर्शन के कारण कांग्रेस कार्यालय के आसपास चौतरफा बैरिकेडिंग की गई है और रूट डायवर्ट किया गया।

सुबह से ही कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। इसके बाद पुलिस ने कांग्रेस मुख्यालय जाने वाले विधानसभा मार्ग, मुख्यमंत्री आवास मार्ग और अन्य सभी मार्गों पर बैरिकेडिंग लगाकर रास्तों को बंद कर दिया। बैरिकेडिंग और डायवर्जन के कारण शहरवासी जाम से परेशान रहे। हजरतगंज चौराहा और विधानसभा मार्ग पर भीषण जाम लगा। स्टेशन रोड पर जबरदस्त जाम के चलते ट्रेन पकड़ने वाले लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा। स्कूल से छुट्टी होने के बाद बच्चों को भी जाम में जूझना पड़ा। लालबत्ती चौराहा से एनेक्सी तिराहा की ओर जाने वाला रास्ता डाइवर्ट किया गया है। इधर जाने वाले वाहन एसएन ओवरब्रिज से नेहरु चौराहा, वाल्मीकि चौराहा होकर सदर ओवरब्रिज से बर्लिंगटन चौराहा की ओर डायवर्ट किया गया था। जाम में ये रास्ते पूरी तरीके से ब्लॉक हो गए। लखनऊ का मुख्य मार्ग हजरतगंज चौराहे से रायल होटल चौराहा तक प्रदर्शन और सत्र के कारण बैरिकेडिंग लगाकर डायवर्ट किया गया। वाहनों को हजरतगंज से सिसेंडी तिराहा, एनेक्सी तिराहा से रॉयल होटल और बर्लिंगटन की ओर डायवर्ट किया गया। शहर में प्रदर्शन के कारण हजरतगंज लालबाग, कैसरबाग, अशोक लाट चौराहा से बर्लिंगटन चौराहा, सदर ओवरब्रिज , वाल्मीकि चौराहा, नेहरू चौराहा होकर जाएगा, उदयगंज हुसैनगंज, सदर मॉल एवेन्यू में भीषण जाम लग गया। आईटी चौराहा से हजरतगंज चौराहा की तरफ आने वाले मार्ग पर भी भीषण जाम है। चारबाग से हजरतगंज चौराहा की तरफ आने वाला रास्ता पूरी तरीके से जाम है। चारबाग रेलवे स्टेशन पर और चारबाग बस अड्डे पर यात्रियों को जाम से जूझना पड़ा। बर्लिंगटन चौराहे से हजरतगंज, अमीनाबाद ,चारबाग और सदर जाने वाले सभी रास्ते जाम की वजह से पूरी तरीके से ब्लॉक हैं। रूट डायवर्जन और रास्तों को बंद करने की वजह से स्कूल के बच्चों और उनके अभिभावकों को परेशानी हो रही है।

वीवीआईपी चौराहे के सामने बने लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ने वाली छात्र के पिता अनुराग ने बताया कि 3 किलोमीटर पैदल चलकर बच्ची को स्कूल से लेकर आए हैं। घर पहुंचने का रास्ता 10 मिनट का है जाम को देखते हुए 1 घंटे से ज्यादा लग गया। इन्होंने कहा कि अगर ऐसी स्थिति थी तो स्कूल बंद कर देना चाहिए या फिर प्रशासन को अच्छी व्यवस्था देनी चाहिए। जाम की वजह से बच्ची को भी 3 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा।

यूपी रुद्र ने उत्तर प्रदेश की समृद्ध हॉकी विरासत का सम्मान करते हुए अपनी जर्सी का अनावरण किया

मेजर ध्यानचंद, केडी सिंह बाबू और राज्य की महान हॉकी विरासत को श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। यूपी रुद्र ने आज शहर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हीरो हॉकी इंडिया लीग के लिए अपनी जर्सी लॉन्च की। इस कार्यक्रम में यूपी रुद्र के सितारे हार्दिक सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, शारदा नंद तिवारी और सिमरनजीत सिंह मौजूद थे। यह टीम के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि वे लीग में अपने पहले सीजन की तैयारी कर रहे हैं, जो सात साल बाद वापस आ रही है। जर्सी उत्तर प्रदेश की गहरी हॉकी विरासत और भारतीय हॉकी में राज्य के योगदान का जश्न मनाती है।

उत्तर प्रदेश ने देश को कुछ महान हॉकी दिग्गज दिए हैं, जिनमें प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद और केडी सिंह बाबू शामिल हैं, जिनकी विरासत आज भी खिलाड़ियों को प्रेरित करती है। नारंगी और नीले रंग की जर्सी इस गौरवशाली परंपरा का प्रतिबिंब है, जो टीम को आगे बढ़ाने वाले जुनून और एकता का प्रतीक है। लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए टीम के कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, ‘‘हॉकी इंडिया लीग जल्द ही शुरू होने वाली है और यह आयोजन भारतीय हॉकी के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। मैं इस जर्सी को पहनकर मैदान पर उतरने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यूपी की जर्सी पहनना वाकई गर्व की बात है क्योंकि खेल के प्रति राज्य का योगदान बहुत बड़ा है। लखनऊ को नवाबों के शहर के रूप में जाना जाता है और हमारी टीम का नाम खूबसूरती से 11 रुद्रों का प्रतिनिधित्व करता है, जिन्हें सबसे शक्तिशाली के रूप में सराहा जाता है- और हम यूपी रुद्रों को एचआईएल खिताब जीतने में मदद करने के लिए एक शक्तिशाली लड़ाई लड़ने के लिए उत्सुक हैं। जर्सी का नारंगी रंग 11 रुद्रों की ऊर्जा और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, जबकि नीला रंग लचीलापन और टीम वर्क को दर्शाता है।

रिटायर्ड एसआई के बेटे का शव मिला

[परिजन बोले, हत्या करके लाश नाले में फेंकी]

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मड़ियांव इलाके में दो दिन से लापता युवक का शव नाले में मिला। रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर का बेटा रविवार शाम को घर से निकला था। परिजनों ने तलाश किया। इसके बाद मड़ियांव में गुमशुदगी दर्ज कराई। मंगलवार रात को नाले में शव मिलने की जानकारी हुई। परिजनों ने जूते से शव की पहचान की और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिजनों ने बेटे की हत्या करके शव नाले में फेंकने की आशंका जताई है। अलीगंज के सेक्टर-ए के रहने वाले शशिकांत उर्फ पिंटू (35) स्ट्रीट लाइट लगाने का काम करते थे। उसके पिता राम प्रकाश पुलिस विभाग के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर हैं। भाई अजय सिंह ने बताया पिंटू रविवार शाम करीब 6 बजे घर से निकला था। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। सोमवार को परिजनों ने राम-राम बैंक पुलिस चौकी में बेटे की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान परिजन पिंटू की तलाश की जा रही थी। मोहल्ले के लोगों ने परिजनों को बताया कि जीएसआई कॉलोनी के पास नाले में शव पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंचे और जूते से शव की शिनाख्त की। साथ ही मडियांव पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पिंटू शराब पीने का आदी था। फिलहाल परिवार की तरफ से तहरीर नहीं मिली है। भाई ने हत्या की आशंका जताते हुए बताया कि पिंटू की करीब 15 दिन पहले मोहल्ले के कुछ लोगों से मारपीट हुई थी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने पिंटू को जान से मारने की धमकी दी थी। परिजनों का कहना है कि जिस नाले में उसका शव मिला है, पिंटू वहां कभी आता-जाता नहीं था। न ही उस क्षेत्र से पिंटू का कोई नाता है। हत्या के शव को नाले में फेंका गया है। शशिकांत की शादी उन्नाव के अचलगंज निवासी सावित्री से हुई थी, लेकिन शादी के कुछ दिन बाद पत्नी से उसका तलाक हो गया था। उसके परिवार में मां गोमती देवी हैं। छोटे भाई सोमप्रकाश की इसी साल होली में मौत हो चुकी है।

ऑफिसर सिटी-2 में हेल्थ कार्ड वितरण व आयुष्मान कार्ड निर्माण का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। ऑफिसर सिटी-2 में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 परिवारों को हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। इसके साथ ही, 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी प्रारंभ किया गया।

यह कार्यक्रम फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन सोसायटीज (स्नत्रञ्क्षहस्) के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्नत्रञ्क्षहस् के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ की सह प्रमुख वाणी भारद्वाज, सोसायटी की कोषाध्यक्ष रश्मि, और वरदान हॉस्पिटल की ओर से विक्रांत सिंह व रचित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के निवासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं तक आसान पहुंच प्रदान करना और वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाना था।

इस पहल को सभी उपस्थित प्रतिभागियों और सोसायटी के निवासियों द्वारा सराहा गया। स्नत्रञ्क्षहस् और वरदान हॉस्पिटल की इस संयुक्त पहल ने न केवल स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्काउट गाइड कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक सम्पन्न

▸▸ जनेश्वर मिश्र सभागार में 27 दिसम्बर को होगा स्काउट गाइड की भव्य कार्यशाला का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में स्काउट गाइड कार्यकारिणी की अतिआवश्यक बैठक कलक्ट्रेट में आयोजित की गई। डीएम ने बैठक के दौरान जिले में संस्था के पदाधिकारियों से संस्था के कार्यकलापों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान जिला परिषद के गठन को लेकर भी विस्तार से विचार विमर्श किया गया। डीएम ने कहा कि जनपद में स्काउट गाइड गतिविधियों का वृहद स्तर पर संचालन किया जाएगा।

इस हेतु कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी सौंपे दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। इस दौरान जिला मुख्यालयुक्त डा0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यो से अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला परिषद् स्काउट गाइड की अध्यक्षता में जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों के सभी प्रधानाचार्यों की एक वृहद कार्यशाला 27 दिसम्बर को अपरान्ह 04 बजे से जनेश्वर मिश्र सभागार जिला पंचायत एटा में आयोजित की जायेगी। जिसमें जिला परिषद स्काउंट गाइड, रोवर रेंजर, कब बुलबुल का गठन, दल पंजीकरण तथा नवीनीकरण को बढ़ाने पर विचार, कैम्प स्काउट गाइड कैम्प तथा प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान के प्रशिक्षण इत्यादि पर विचार, प्रदेश मुख्यालय द्वारा दिये गये वार्षिक कार्यक्रम व लक्ष्य पर चर्चा आदि विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री भावना विमल, डिप्टी कलेक्टर विमल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 इन्द्रजीत प्रजापति, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त अलीगढ़ मण्डल कविता पाण्डेय, जिला मुख्यायुक्त डॉ0 डी0के0 सिंह, जिला सचिव आदित्य यादव, रामनिवास यादव, रनवीर सिंह, गुमान सिंह, सुधीर गुप्ता, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

हाईब्रिड मोड में चलेंगी कक्षाएं, नौ बजे खुलेंगे सभी स्कूल

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। ग्रैप-4 के प्रावधान के तहत जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला विद्यालय निरीक्षक ने मंगलवार को स्कूलों को हाइब्रिड कक्षाएं चलाने के निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार सभी स्कूलों में कक्षा एक से नौवीं और ग्यारहवीं को हाइब्रिड तरीके से चलाया जाएगा। इसके साथ सर्दी बढ़ने के कारण जिला विद्यालय निरीक्षण डॉ. धर्मेंद्र शर्मा ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों को सुबह नौ बजे खोलने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा अग्रिम आदेशों तक स्कूलों को सुबह नौ बजे ही खोला जाए। यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के लिए निर्देश जारी करते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षकों की ड्यूटी लगाई जानी है। इसके लिए स्कूलों के प्रधानाचार्यों की ओर से दिए गए शिक्षकों के विवरण की एक बार फिर से जांच कर ली जाए। इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि एक शिक्षक का विवरण एक से अधिक विद्यालयों से अग्रसारित न हो। पोर्टल पर दी गई सूचना के अनुसार यदि कोई अयोग्य शिक्षक परीक्षक के तौर पर नियुक्त हो जाता है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रधानाचार्य की होगी। इसके अलावा अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर माध्यमिक विद्यालयों में 18 से 25 दिसंबर तक अलग अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने निर्देश जारी कर बताया है कि इस दौरान निबंध, भाषण, अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर क्विज, एकल काव्य पाठ आदि प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

महिलाओं के हितार्थ विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार बुधवार को दिनेश चन्द, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के तत्वावधान में विकास खण्ड सकीट, एटा के सभागार में प्रातः 11.30 बजे माँ सरस्वती के समक्ष दीप एवं पुष्प माला अर्पित कर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के द्वारा उपस्थित सभी आंगनवाड़ी, आशा कार्यकत्री तथा समूह की महिलाओं को विधान से समाधान कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न कानून तथा शासन द्वारा महिलाओं के हितार्थ चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। कमालुद्दीन, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा द्वारा सभा कक्ष में उपस्थित समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं समस्त महिलाओं, आंगवाड़ी कार्यकत्री को सम्बोधित करते हुये यह कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के बिना किसी भी देश का विकास करना संभव नहीं है। उनके द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए पी0सी0पी0एन0डी0 टी0 ऐक्ट, घरेलू हिंसा एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम शादी के बाद ही लागू नहीं होता बल्कि शादी से शादी के लिए यदि कोई व्यक्ति धन की मांग करता है तो उस पर भी दहेज प्रतिषेध अधिनियम लागू होता है। इसी तरह घरेलू हिंसा कानून आदि के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी।

इसी क्रम में डॉ0 नीतू यादव, प्रधानाचार्या महारानी लक्ष्मीबाई बालिका इण्टर कॉलेज एटा द्वारा महिलाओं के हितों में शिक्षा विभाग द्वारा महिला शसक्तीकरण के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान करायी गई तथा महिलाओं के हितार्थ चालाये जा रहे हेल्प नं0-181 एवं 1090 एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।इसी क्रम में डॉ0 नीतू सिंह के द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के हित में सरकार द्वारा स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं एवं सर्वाइकल कैंसर आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही साथ आग्रह किया गया कि जो जानकारी आप यहां प्राप्त करके जाओगी उसे अपने ग्राम की महिलाओं को प्रदान करें जिससे हम अपने देश की महिलाओं का सशक्तीकरण किया जा सके। इसी क्रम में डॉ0 सुनीता सक्सेना पूर्व प्राचार्या, जे0एल0एन0 कॉलेज, एटा ने कविता के माध्यम से उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया।

चोरी का पर्दाफाश न होने पर आरडब्ल्यूए टीम ने सांसद से की मुलाकात

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। पॉकेट 7 सेक्टर 82 नोएडा की आर डब्ल्यू ए की टीम उपाध्यक्ष रवि राघव के नेतृत्व में क्षेत्रीय सांसद डॉ महेश शर्मा से मिली।

सोसाइटी के चार घरों में हुई चोरी के संबंध में बातचीत की इस अवसर पर आर डब्लू ए के सदस्य गोरेलाल ने सांसद जी से कहा कि हमारी सोसाइटी के चार घरों से करीब 50 लाख की चोरी हुई है और चोरों को पुलिस ने पकड़ भी लिया है। लेकिन हमारा माल अभी तक बरामद नहीं हुआ है इस पूरे मामले में पुलिस की कार्यवाही असंतोष जनक रही है ।क्षेत्रीय सांसद ने आश्वासन दिया वह इस मामले में पुलिस प्रशासन से बातचीत करेंगे और इस विषय में उचित कार्यवाही करवाएंगे, इस अवसर पर रवि राघव, गोरे लाल,विनय त्रिवेदी श्री राम त्रिपाठी, महेंद्र शर्मा ,हरिशंकर सिंह, अनूप सिंह आदि पॉकेट वासी उपस्थित रहे।

किसानो की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। भारतीय किसान यूनियन स्वराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा साहब खान एवं राष्ट्रीय महासचिव संगठन सुनील पाराशर के संयुक्त नेतृत्व में किसानो की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन प्रधानमंत्री को संबोधित द्वारा प्रभारी उपनिरीक्षक अलीगंज को कार्यालय किला रोड अलीगंज पर दिया गया। बताते चले कि किसान यूनियन अपनी मांगो को लेकर लगातार ज्ञापन दें रहे है लेकिन कोई सुनवाई न होने से किसानों में आक्रोश फेल जाता है वही प्रशासन किसान नेताओं को को जनपद एटा जाने से रोक दिया और वही से ज्ञापन लेकर कोवरा पुलिस बल लगा दिया। देश की आर्थिक स्थिति में कृषि का सबसे अहम योगदान रहता है। अन्न भण्डार से लेकर गरीब की थाली तक अगर कोई अन्न पहुँचा रहा है वह देश का अन्नदाता है। समय-समय पर सरकारें किसान हितैषी नीतियों के निर्माण हेतु अपना सर्वस्व लगा देती है, लेकिन किसान के हित से ज्यादा उसका नुकसान अधिक हो जाता है। नीतियों का निर्माण कर रहे कृषि विशेषज्ञों को जमीनी हकीकत को समझना होगा तब जाकर इस खेत कमाऊँ वर्ग का उद्धार हो सकता है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौ0 चरणसिंह ने कहा था कि देश की तरक्की का रास्ता खेत-खलिहानों से होकर गुजरता है।

आज के दौर में देश के द्वितीय नागरिक होने के नाते उपराष्ट्रपति जी ने किसानों के दर्द को समझा और उसे अपने वक्तव्य में जाहिर किया। हम सभी किसान आज संकट के उस दौराहे पर आकर खड़े हो गये हैं जहाँ से खेती घाटे का सौदा होती चली जा रही है। फसलों के भाव भी उसी अनुपात में बढ़ने चाहिए जिस तरीके से डीजल, पेस्टीसाईडस सहित खेती में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं के मूल्य बढ़ रहे हैं। ज्यादातर बीज सरकार के द्वारा किसानों को ऐसे उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिसमें अत्यधिक पेस्टीसाईडस का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। जिसका बोझ किसान वहन नहीं कर पा रहा है। जब दिल्ली का आन्दोलन स्थगित किया गया तब से लेकर आज तक किसान एमएसपी गारंटी कानून सहित सभी किसान मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहा है। देश का यह वर्ग पिछले 10 माह से शम्भू व खनौरी बॉर्डर पर आन्दोलनरत है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 20 दिनों से आमरण अनशन पर हैं उनका स्वास्थ्य का स्तर प्रतिदिन गिरता जा रहा है।

बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा करना भारत सरकार की जिम्मेदारी

लोकमित्र ब्यूरो



साहिबाबाद। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक व अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया साहिबाबाद पहुंचे। राजेंद्रनगर सेक्टर-2 के एक निजी अस्पताल में उन्होंने चिकित्सकों एवं प्रबुद्धजनों के संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस्राइल की तर्ज पर बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए भारत सरकार को आगे आना होगा। पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश के भी दो टुकड़े न हों, इससे पहले मोदी सरकार को सख्त कदम उठाना होगा। उन्होंने संभल मामले पर कहा कि जहां पुलिस पर हमला होता है, इससे निंदनीय और कोई घटना नहीं हो सकती। पहले तो मस्जिदों में शिवलिंग निकलता था अब घरों में भी शिवलिंग मिलने लगा है, यह अच्छी बात है। हम सब वहां जाकर पूजा करेंगे। यूपी में योगी आदित्यनाथ के नाम की चर्चा और उन्हें प्रधानमंत्री बनाए जाने की मांग पर उन्होंने कहा कि वह यह भाजपा तय करेगी। वह तो योगी एवं मोदी दोनों के साथ हैं। जनसंख्या नियंत्रण पर कानून पर उन्होंने कहा कि जब तक कानून नहीं बनता तब तक प्रत्येक हिंदू परिवार में तीन बच्चे होने चाहिए। सभी के लिए परिवार में दो बच्चे ही अनिवार्य होना चाहिए। अस्पताल में चिकित्सकों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने महाकुंभ में सहयोग करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था कुंभ में प्रतिदिन आठ हजार लोगों के रहने खाने की व्यवस्था करेगी।

श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति द्वारा 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह आयोजित

▸▸ परम पूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने कथा में श्रद्धालुओं को सुनाया श्री हनुमान जन्म, श्री राम विवाह व सामूहिक विवाह का प्रसंग

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री राम कथा व बालाजी महोत्सव के चौथे दिन 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन रोहिणी स्थित जापानी पार्क जेएमडी टेन्ट के सामने धूमधाम से किया गया। इन गरीब कन्याओं को आर्शीवाद देने के लिए विभिन्न जगहों से लोग एकत्रित हुए थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर परं संस्था चेयरमैन रितेश बंसल, संस्थापक अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महासचिव महेश अग्रवाल, संरक्षक मुकेश मित्तल, सह-सचिव रमेश लुथरा, कोषाध्यक्ष सतीश सिंघल, कोषाध्यक्ष सतीश सिंघल, सह-कोषाध्यक्ष प्रणीत कानोडिया, प्रवीण चैधरी, उमेष अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राजीव गुप्ता, आशीष मित्तल, सतपाल बंसल, अमित जैन सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए थे। परम पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने कथा में श्रद्धालुओं को सुनाया श्री हनुमान जन्म, श्री राम विवाह व सामूहिक विवाह का प्रसंग। इस समारोह में परम पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने पंडाल में उपस्थित वर वधू को आशीर्वाद भी दिया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि सभी कन्याएं सास ससुर को माता पिता का सर्वोच्च सम्मान दें। संस्थापक अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा करवाया जा रहा 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि संस्था समयपर दिव्यांगजनों व अन्य गरीब लोगों के लिए भी आर्थिक सहायता मुहैया करवाती रहती है और समाज में इससे बढ़कर कोई कार्य नहीं है। संस्था द्वारा इन कन्याओं को गृहस्थी जीवन शुरु करने के लिए आवष्यक संसाधन भी मुहैया कराया है। उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दू रीति रिवाज में कन्यादान का विशेष महत्व होता है। संस्था की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक वर वधु को तुलसी का एक पौधा भी भेंट किया गया था। उसे यादगार के रूप में घर के आसपास लगाने एवं पौधे के पल्लवन और संरक्षण के लिए प्रेरित किया किया। वर वधु ने पौधे लगाने का संकल्प भी लिया।

श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति के चेयरमैन रितेश बंसल ने कहा कि कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि इस अवसर पर बेटियों को आशीर्वाद देने का मौका मिला है, वर वधुओं ने पारंपरिक रस्मों को पूरा किया।

दूधेश्वरनाथ मंदिर की सड़क बनेगी ऊंची, होगी पार्किंग की व्यवस्था

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। दूधेश्वरनाथ मंदिर की सड़क को ऊंचा किया जाएगा साथ ही पार्किंग भी बनाई जाएगी। मंगलवार को दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर के निर्माण की रूपरेखा तैयार करने के लिए जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने प्रारंभिक समन्वय बैठक की। बैठक में जीडीए, पर्यटन विभाग, लोक निमार्ण विभाग, जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मंदिर का इतिहास, भौगोलिक स्थिति, पौराणिक महत्ता की जानकारी ली।

बैठक में पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया की रूपरेखा में मंदिर का द्वार, उसका सुंदरीकरण, सड़क का उच्चीकरण कराने की योजना है। इसके साथ ही मंदिर के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था कराने का भी प्रस्ताव है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोजेक्ट के लिए मंदिर समिति से भी बातचीत करके उनके सुझाव लेने होंगे। उन्होंने बताया कि जल्द से जल्द कॉरिडोर तैयार हो जाए इसके लिए लगातार बैठक की जाएगी। उन्होंने नगर निगम, जीडीए, पीडब्ल्यूडी, पर्यटन विभाग, मंदिर समिति को अपनी-अपनी रिपोर्ट और सुझाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान जीडीए सचिव राजेश सिंह, एडीएम ई रणविजय सिंह, , पीडब्ल्यूडी से रामराजा, पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत मौजूद रहे।

इंद्रधनुष 3 का हुआ भव्य आयोजन

▸▸ प्रतियोगिता में 2000 बच्चों ने हिस्सा लिया

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। इंद्रधनुष 3 का आयोजन शिवालिक पार्क, नोएडा में बच्चों के लिए एक रंगीन और प्रेरणादायक प्रतियोगिता के रूप में किया गया। यह कार्यक्रम एक सांस्कृतिक और शैक्षिक पहल के तहत आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न विद्यालयों से 2,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे हुई।

इस प्रतियोगिता में तीन आयु वर्गों में छात्रों ने भाग लिया 1. पहला समूहः कक्षा 2 और 3 के छात्र। 2. दूसरा समूहःकक्षा 4 और 5 के छात्र। 3. तीसरा समूहः कक्षा 6, 7 और 8 के छात्र। इसके अलावा, शिक्षकों के लिए एक रंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन सौम्या श्रीवास्तव, एवं श्रीमती सौम्य श्रीवास्तव आईएएस, , ग्रेटर नोएडा, श्रीमती वंदना त्रिपाठीआईएएस और आनंद मोहन, निदेशक, होटी कल्चर द्वारा किया गया। इसके अलावा, निम्नलिखित अतिथि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।1.श्री प्रभात कुमार आईएएस 2. श्री योगेंद्र नारायण, आईएएस, 3. श्री जे पी शर्मा आईएएस, 4.श्री देवदत्त शर्मा, आईएएस, 5. पी सिंग आईएएस,6. एन के अंबष्ट, 7. डॉ श्रीमती रेनू अग्रवाल, 8. श्री अंकित सेंगर, सहायक निदेशक, उद्यान विभाग,9.श्री एन पी सिंह 10- एन के अभीष्ट।

कार्यक्रम के दौरान, सभी अतिथियों ने बच्चों को प्रेरित किया।

उनके संदेश में यह कहा गया कि प्रतियोगिता में जीतने से अधिक महत्वपूर्ण है भाग लेना और अपने प्रयासों से सीखना। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि यह प्रतियोगिता हर साल और बेहतर होती जा रही है, और इसमें भाग लेना स्वयं एक बड़ी उपलब्धि है। सभी छात्रों के कला और उनके प्रयासों की सराहना की गई। अतिथियों ने प्रतियोगिता की सफलता पर खुशी जताई और भविष्य में ऐसे और आयोजनों की आशा व्यक्त की।

शहर के व्यस्ततम मार्गों पर चलाया गया अतिक्रमण मुक्त अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में ऋषि मार्केट से माया पैलेस तक हटवाया गया अतिक्रमण। अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत शहर के अतिव्यस्त मार्ग पर अतिक्रमण कर रहे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराया।

ऋषि मार्केट से शुरु हुए इस अभियान में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में माया पैलेस तक सड़क के किनारे अतिक्रमणकारियों से सड़क को खाली कराया गया।

जो दुकान के आगे तिरपाल और बांस का घेरा लगाकर दुकान चला रहे थे उन्हें वहां से हटवाया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री अमित राय ,प्रभारी नि0 थाना कोतवाली नगर राजेश चौहान, प्रभारी यातायात अनिल वर्मा सहित नगर पालिका तथा प्रशासन के अधिकारी व भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

रामलीला मैदान पर चार दीवारी निर्माण कार्य में डाल रहे बाधा, की शिकायत

▸▸ राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजकर कराई पैमाइश

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। अलीगंज कस्बे में रामलीला मैदान पर चार दीवारी निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे की लोगो की शिकायत उप जिलाधिकारी अलीगंज से की गई। जिस पर उप जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल पुलिस व राजस्व टीम को मौके पर भेज कर जगह की पैमाइश कराई इस दौरान अवैध कब्जा धारकों से कमेटी की नोकझोक हुई। अलीगंज क्षेत्र के ग्राम कैल्ठा स्थित रामलीला मैदान पर चारदीवारी और सौंदर्यकरण कराने का कार्य चल रहा है।

जिस पर स्थानीय लोगों के द्वारा बार-बार बाधा डाली जा रही थी। जिस पर श्रीरामलीला प्रबंध समिति अलीगंज के कार्यकरणी अध्यक्ष विनोद कुमार आर्य ने उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि श्रीरामलीला मैदान पर चारदीवार बनाने का कार्य चल रहा है।

निर्माण कार्य में कायमगंज रोड स्थित कुछ लोगों के लगातार बाधा उत्पन्न कर रहे हैं तथा नीव नहीं खोदने दे रहे थे। उप जिलाधिकारी ने तत्काल राजस्व विभाग की टीम के साथ पुलिस को भेज कर मैदान की पैमाइश कराई गई पैमाइस करते समय अवैध कब्जा धारकों के बीच कमेटी से नोक झोंक हुई। प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार आर्य ने बताया रामलीला मैदान पर निर्माण कार्य चल रहा है परंतु गांव के लोग बार-बार निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे है कायमगंज रोड स्थित एक मकान के मालिक के द्वारा जबरदस्ती रामलीला मैदान में दरवाजा निकालने की बात कर रहे थे।

जिस पर कमेटी ने 7 फीट जगह उनके निकास के लिए दे दी गई थी परंतु वह लोग जबरदस्ती 10 फीट जगह लेना चाह रहे थे। कमेटी के मना करने के बाद उक्त लोगों के द्वारा देख लेने की धमकी भी दी गई। उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता ने बताया रामलीला मैदान की पूरी जगह की नापतोल कराई जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

चोर समझकर ग्रामीणों ने युवक को धुना

सुबेहा, बाराबंकी। रिस्तेदार के घर पहुंच कर सुनसान स्थान पर मोबाइल से बात कर रहे युवक को चोर समझकर ग्रामीणों ने लाठी डंडों से पिटाई कर दिया। कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के बारीखेरा गांव निवासी मायाराम पुत्र रामकिशोर सुबेहा थाना क्षेत्र स्थित अमान का पुरवा गांव निवासी अपने रिस्तेदार विजय कुमार के घर गया था।वह रात में सुनसान स्थान पर खड़े होकर किसी से बातें कर रहा था। गांव वासियों ने चुपचाप ढंग से बात कर रहे युवक को चोर समझकर पिटाई कर दिया। युवक चोटिल हो गया। जिसके बाद घायल युवक सुबेहा पुलिस को तहरीर देकर गुरुपाल कुलदीप व रामकिशोर के खिलाफ मारपीट की तहरीर दिया। जिसके बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके चोटिल युवक को इलाज केव लिए अस्पताल भेज दिया।

सदमार्ग पर चलने से मात्र प्रभु के होते दर्शन- विनोदाचार्य

मसौली बाराबंकी। जीव का कल्याण संतों की संगति के बिना नहीं हो सकता। सन्तों की ओर से बताए गए सदमार्ग में चलने से हि प्रभु के दर्शन सम्भव है। रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है कि बिन सत्संग विवेक न होई,रामकृपा बिन सुलभ न सोई,जब प्रभु कि अटूट कृपा होती है, तभी संतों की संगति मिलती है ओर अगर संतों सानिध्य मिल गया तो जीव का कल्याण होना निश्चित है। सिसवारा स्तिथ श्री दिगम्बर नाथ मंदिर पर स्वामी विनोदाचार्य दासजी महाराज की अध्यक्षता में चल रही श्री रुद्रात्मक हनुमत महायज्ञ एवं मानस वेदान्त संत सम्मेलन अमृत महोत्सव में नेमिषरण से पाधारे अरुण व्यास मानस लहरी जी ने ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाया। ध्रुव चरित्र में भगवान ने भक्त की तपस्या से प्रसन्न होकर अटल पदवी देने का वर्णन किया। ध्रुव कथा प्रसंग में बताया कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े। बारिश आंधी तूफान के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रकट हुए और उन्हें अटल पदवी प्रदान की। उक्त अवसर पर अरविंद कुमार, बलराम कनौजिया, महादेव ,राजेश वर्मा ,रमेश चंद्र यादव ,नारेन्द्र ,विजय बहादुर, रामकृपाल, विवेक, कल्लू, मोती लाल, समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

बीआरसी कार्यालय में अपार आईडी बनाये जाने का दिया गया प्रशिक्षण

मौरावां उन्नाव। ब्लॉक संसाधन केंद्र हिलौली स्थिति मौरावां में अपार आईडी बनाएं जाने के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी ने भी जानकारी दी। बुधवार को ब्लॉक संसाधन केन्द्र हिलौली स्थिति मौरावां में उत्तर प्रदेश शासन के दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार ब्लॉक के समस्त परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों की एक बैठक का आयोजन किया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार की अध्यक्षता में जानकार प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण दिलवाया गया इस प्रशिक्षण में यू-डाइस पोर्टल से विद्यालय में अध्यनरत बच्चों की अपार आईडी बनाए जाने के संबंध में समस्त जानकारी दी गई है।

इलाज कराने आयी वृद्धा की इलाज शुरू होने से पहले ही मौत

बांगरमऊ,उन्नाव। स्थानीय सरकारी अस्पताल में इलाज कराने आई वृद्धा अचानक चक्कर खाकर गिर पड़ी। चिकित्सकों ने जांच करने के बाद वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम झरतेरा निवासिनी वृद्धा इंद्राना 70 वर्ष के आज बुधवार को सीने में तेज दर्द उठने लगी। यह देखकर उसका बेटा सजीवन अपनी वृद्ध मां को आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक द्वारा इलाज शुरू होने के पहले ही वृद्धा को अचानक चक्कर आ गया और वह अस्पताल के फर्श पर गिर पड़ी। चिकित्सक ने जांच कर वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बाद में परिजन शव लेकर अपने घर चले गए।

घरेलू कलह के चलते युवक फाँसी पर झूला,पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा

बाँगरमऊ,उन्नाव। घरेलू कलह के चलते एक युवक ने गांव के बाहर पेड़ की डाल से मफलर के सहारे फांसी के फंदे पर झूल गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव तकिया निगोही निवासी संतोष उर्फ माखन 42 वर्ष पुत्र पन्ना का शव गांव के बाहर एक पेड़ की डाल से फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। सूचना मिलते ही परिजन सहित तमाम ग्रामीण घटनास्थल पर जा पहुंचे। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बेहटा मुजावर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। चर्चा के अनुसार मंगलवार की शाम संतोष की किसी बात को लेकर परिजनों से कहासुनी हुई थी। कहासुनी के बाद उसकी पत्नी नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। आज बुधवार की सुबह उसका शव फांसी पर लटका लटका मिला। बेहटा प्रभारी फूलसिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जायेगी।

सर्दी बढ़ने से लोग कंपकंपाए, सुबह घने कोहरे की छाई धुंध

शुक्लागंज, उन्नाव। बुधवार भोरपहर सर्दी और कोहरे ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। मंगलवार सुबह से ही सर्दी का असर दिखना शुरू हो गया था, और सुबह के समय कोहरे की घनी धुंध ने दस से तीस मीटर की दृश्यता कायम कर दी। लोग कंपकंपाते हुए घरों से बाहर निकले, जबकि सड़कें कोहरे से ढकी हुई थीं। पास खड़े व्यक्ति तक दिखाई नहीं दे रहे थे, जिससे वाहन सवारों को अपनी गाड़ियों की लाइटें जलाकर चलना पड़ा। सुबह छह बजे के आसपास कोहरा इतना घना था कि स्थानीय फोरलेन, आजाद मार्ग, नवीन पुल और हाइवे से गुजरने वाले वाहन धीमी गति से चल रहे थे। इस दौरान कई वाहन चालकों को अपनी गाड़ियों की लाइट जलाकर रास्ता तय करना पड़ा। जैसे-जैसे समय बढ़ा, कोहरा कुछ कम हुआ और करीब दस बजे के बाद दृश्यता में सुधार हुआ, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि, सर्दी की हवा ने फिर से लोगों को परेशान किया, और लोग ऊनी कपड़ों में लिपटे दिखाई दिए। ग्रामीण इलाकों में सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव जलाकर बैठते रहे। कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार भी धीमी रही, और कई ट्रेनें देरी से चल रही थीं। दिन में धूप निकलने के बाद कुछ राहत मिली, लेकिन शाम होते-होते सर्दी फिर से बढ़ गई और लोग ठंड से बचने के लिए घरों की ओर दौड़ते नजर आए।

जिलाधिकारी मजार पर चादर पोसी कर करेंगे तकिया मेले का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

पाटन,उन्नाव। हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक लगने वाले तकिया मेला इतिहास बड़ा रोचक है । ÷रमता जोगी बहता पानी÷ की उक्ति का अनुसरण करने वाले संत महात्माओं के जीवन वृत सहज एवं स्वाभाविक होता है। मोहब्बत शाह भी चरैवेति, संस्कृति के संत थे। उनके जन्म स्थान समय और वंश- परिवार का प्रमाणिक वृतांत उपलब्ध नहीं है।

विद्वानों ने अपने-अपने ढंग से इस गुत्थी को सुलझाने का प्रयत्न किया है। काका बैसवारी उनका जन्म स्थान खाड़ी देश के मक्का में मानते हैं तो कुछ इतिहासकार बसरा -बगदाद को । तकिया स्थित मदरसा मोहब्बत उल उलूम के मौलवी इब्राहिम रजा के अनुसार मोहब्बत शाह का जन्म इराक के हेरात नामक नगर मे मानते है । जो भ्रमण करते हुए घूमते -घूमते तकिया पाटन में आकर घने जंगलों के बीच रम बस गए । उनका अंतिम समय तकिया में बीता और यहीं पर उन्होंने पर्दा फरमाया।सूफी संत बाबा मोहब्बत शाह व सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर पर लगने वाला तकिया मेला हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक है । मेंले सामाजिक तथा सांस्कृतिक सद्भाव की एक झांकी प्रतिवर्ष देखने को मिलती है। बाबा मोहब्बत शाह अपनी भारत यात्रा के दौरान जहां-जहां रुके उन स्थानों को तकिया कहा जाने लगा । ऐसे कुल 14 तकिया स्थापित किए थे। अवध गजेटियर में भी उल्लेख है कि मोहब्बत शाह का इंतकाल नवाब असाउदौला के शासनकाल में हुआ था।

जानकारों के अनुसार गद्दीधरों की नियुक्ति मोहब्बत शाह के पर्दा लेने के बाद शुरू हुई होगी। दरगाह के मौलाना बताते हैं कि प्रारंभ के छह गद्दी धर मोहब्बत शाह के प्रत्यक्ष शिष्य थे । न्यामत शाह ने मोहब्बत शाह के सामने ही पर्दा ले लिया था। गद्दीधर गुलाम हुसैन शाह को 18वां गद्दी धर बताते हैं। बाबा मोहब्बत शाह देश दुनिया का भ्रमण करते हुए अंत में पाटन तकिया आ कर बस गए ।

बाबा मोहम्मद शाह के बहुत शिष्य थे परंतु प्रमुख रूप से न्यामत शाह का स्थान रहा।

बाबा मोहब्बत शाह एक सिद्ध पुरुष होने के साथ समाज सुधारक भी थे। धार्मिक समन्वय स्थापित करने के लिए सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना किया करते थे । यह परंपरा उनके गद्दी धरों द्वारा आज निभाई जा रही है।

तकिया पाटन स्थित सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर बाबा मोहब्बत शाह की मजार पर प्रतिवर्ष पौष माह के प्रथम बृहस्पतिवार को बाबा के शिष्य न्यामत शाह के सम्मान में तकिया मेंला लगता है।

पशु मेला में कठपुतली नृत्य व बाइसकोप फिल्म गयी

लोकमित्र ब्यूरो

सुबेहा, बाराबंकी। पलिया पशु मेला में दो दिवसीय कठपुतली नृत्य व बाइस कोप फिल्म दिखाई गई। राजस्थान राज्य के सीकर जिले से आएं कलाकारों ने मेला परिसर में कठपुतली का नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों का मन मोह लिया।

पलिया पशु मेला में बुधवार के दिन विलुप्त हो गई कठपुतली नृत्य को प्रस्तुत करके मेलार्थियों का मन मोह लिया। राजस्थान के सीकर जिले से आए कलाकार अजय भट्ट ने कठपुतली नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान हजारों की संख्या में कठपुतली नृत्य देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। कलाकारों ने कठपुतली नृत्य के साथ साथ बाइस कोप फिल्म भी लोगों को दिखाई गई। जिसका आनंद बड़े बूढ़ो के साथ साथ बच्चों ने भी लिया।

पलिया पशु मेला के प्रबंधक जावेद आलम ने बताया कि कठपुतली नृत्य धीरे धीरे समाज से विलुप्त होती जा रही है। जिससे हमने पहली बार इस मेला में इस नृत्य को लोगों के बीच लाने का फैसला लिया। जिससे लोगों को इस नृत्य के विषय में जागरुक किया जाए। कठपुतली नृत्य के माध्यम से समाज में फैले अंध विश्वास व जाति पात के भेदभाव को समाप्त करने के बारे में जागरूक किया गया।

एएसपी ने बीघापुर कोतवाली का किया निरीक्षण

> बुधवार की दोपहर एएसपी अखिलेश सिंह बीघापुर थाने का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई और थाने की बॉउंड्री वाल की मरम्मत को लेकर प्रस्ताव भेजने की बात कही

लोक मित्र संवाद

बीघापुर,उन्नाव। एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने बीघापुर थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था और महिला अपराधों के रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों का मूल्यांकन किया।

बुधवार की दोपहर एएसपी अखिलेश सिंह बीघापुर थाने का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई और थाने की बॉउंड्री वाल की मरम्मत को लेकर प्रस्ताव भेजने की बात कही । उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना और शस्त्रागार का भी बारीकी से निरीक्षण किया। शस्त्रागार में रखे हथियारों की स्थिति व कारतूसों का संख्या का मिलान किया और उनके रखरखाव को जांचा। उन्होंने 2005 के बाद से मुकदमों में जब्त सभी प्रकार के सामान के निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।अपर पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीएनएस की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। उन्होंने दर्ज मामलों और उनके निपटारे की स्थिति के बारे में जानकारी ली और इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने कर्मचारियों को इस प्रणाली के सुचारू संचालन और अपडेट रखने के लिए निर्देशित किया।

एएसपी ने थाने के रिकॉर्ड और अभिलेखों की प्रविष्टियों की जांच की। उन्होंने थाना प्रभारी राजपाल को 50 से लंबित विवेचना में देरी न करने व सर्दी के मौसम को देखते हुए रात्रि में गस्त बढ़ाने का निर्देश दिया। महिला हेल्प डेस्क के निरीक्षण के दौरान एएसपी ने सुनिश्चित किया कि पीड़ित महिलाओं को तत्काल सहायता मिले और थाने में उनके साथ संवेदनशील व्यवहार हो। एएसपी ने कहा कि महिला उत्पीड़न के मामलों में तुरंत कार्रवाई की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाए।

विश्व हिंदू रक्षा परिषद का राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप मिश्रा को बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर, बाराबंकी। विश्व हिंदू रक्षा परिषद का राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप मिश्रा को बनाए जाने पर रामनगर सहित आस पास के गाँवों में उनके शुभ चिंतको ने खुशी जताई है।उनसे उम्मीद की है कि संगठन को मजबूत बनाकर हिदुओ की एकता पर बल देंगे। बता दें कि नियुक्ति के बाद जनपद बाराबंकी में प्रथम आगमन पर आयोजित स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री मिश्रा ने समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों पर खुलकर चर्चा की थी। उन्होंने 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान हिंदू समुदाय पर हुए अत्याचारों का जिक्र करते हुए इसे इतिहास का काला अध्याय बताया था। उनका साफ कहना था कि विभाजन के समय लाखों हिंदुओं को अपनी संपत्ति, घर, और आजीविका छोड़कर पलायन करना पड़ा था जो हिंदू समाज के आत्मसम्मान पर आघात था ।श्री मिश्रा ने मांग की है कि इस ऐतिहासिक अन्याय को दुनिया के सामने लाया जाए और पीड़ित परिवारों के सम्मान में स्मारक का निर्माण हो।

उन्होने दो बच्चों के कानून का विरोध करते कहा कि समाज और राष्ट्र की मजबूती के लिए तीन बच्चे होना बेहद जरूरी है। उन्होंने इसे सरकार द्वारा सुविधाओं से वंचित किए जाने की आशंका से जोड़कर खारिज किया। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के दो करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने ने कहा कि यह अभियान एक वर्ष में पूरा होगा।

बाराबंकी को अपनी प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव होने के नाते उनकी जिम्मेदारी पूरे राष्ट्र की है लेकिन अपने गृह जनपद के लिए भी वह हरसंभव प्रयास करेंगे। उनके मनोनयन पर सत्या पंडित विधायक, सूरज रावत, आकाश सिंह, मधुकर त्रिपाठी, प्रांजल श्रीवास्तव, आलोक द्विवेदी, राजा मिश्रा, राहुल कुमार, और अतुल कुमार,शाश्वत शुक्ला,अंबरीश मिश्रा आदि ने खुशी जताई है।

अंतर-विद्यालय वार्षिक कार्यक्रम लक्ष्य का मनाया जश्न

> इस अवसर पर कनाडा से आए विशिष्ट अतिथि क्रिस और सुश्री लारा के साथ-साथ हरि राम सिंह और ए.पी. सिंह भी मौजूद थे

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। ऐंसी ग्रुप ने अपने अंतर-विद्यालय वार्षिक कार्यक्रम लक्ष्य का ऐंसी स्कूल में शानदार आयोजन किया। यह कार्यक्रम बहुत सफल रहा, जिसमें छात्रों ने कई रोमांचक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर कनाडा से आए विशिष्ट अतिथि क्रिस और सुश्री लारा के साथ-साथ हरि राम सिंह और ए.पी. सिंह भी मौजूद थे। समारोह में उत्सव और खुशी के माहौल में विजेता छात्रों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

अंतर-सदनीय प्रतियोगिताओ में 20 खेलों की एक गतिशील श्रृंखला शामिल थी। जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मुख्य खेलों में क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल , रस्सी कूद, जी.के. क्विज , लूडो व और भी कई रोमांचक गतिविधियाँ खेल प्रतियोगिता में शामिल रही।

प्रतिष्ठित ऐंसी समूह के अंतर्गत द ऐंसी स्कूल, ऐंसी किड्स और किडजी ने बहुप्रतीक्षित लक्ष्य स्पोर्ट्स इवेंट में अपने उत्साह और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए जाने जाने वाले इस कार्यक्रम में इन प्रतिष्ठित स्कूलों के छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। द ऐंसी स्कूल, ऐंसी किड्स और किडजी के नन्हे-मुन्नों ने अपनी ऊर्जा, दृढ़ संकल्प और टीम भावना से दर्शकों को चकित कर दिया। मजेदार दौड़ से लेकर कौशल-आधारित गतिविधियों तक के कार्यक्रमों के साथ, युवा प्रतिभागियों ने अपनी एथलेटिक क्षमता और अनुशासन से सभी को प्रभावित किया। बच्चों के जीवंत और आकर्षक प्रदर्शनों ने टीम वर्क, दृढ़ता और स्वस्थ जीवन शैली के मूल्यों को उजागर किया।

चेयरमैन डॉ. आशीष यादव ने छात्रों को आशीर्वाद दिया, उनके असाधारण प्रदर्शन और समर्पण की सराहना की। किड्ज़ी हेड मिस्ट्रेस अंजू कौल ने लक्ष्य की मेजबानी करने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति और समर्थन के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया।

निदेशक डॉ. नेहा सिंह ने अपने प्रेरक शब्दों से छात्रों को प्रेरित किया और उन्हें उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने, स्कूल समुदाय के भीतर एकता, प्रतिस्पर्धा और गर्व की भावना को बढ़ावा देने के साथ हुआ।

लक्ष्य एक बार फिर छात्रों के लिए अपने कौशल को प्रदर्शित करने और खेल, शिक्षा और पाठ्येतर गतिविधियों में चमकने का एक शानदार मंच साबित हुआ। ऐंसी समूह के प्रबंधन ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के अथक प्रयासों और उत्साह के लिए उनके प्रति गर्व और आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में बोलते हुए, ऐंसी स्कूल की प्रिंसिपल आरती बाजपेयी ने कहा, ÷यह भागीदारी समग्र विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। हमारे युवा शिक्षार्थियों को खेलों में इतनी गहरी दिलचस्पी लेते देखना दिल को छू लेने वाला है, जो उनके विकास का एक अभिन्न अंग है।÷लक्ष्य खेल कार्यक्रम ने नन्हे एथलीटों के लिए अपनी क्षमता का पता लगाने, यादें बनाने और आजीवन कौशल विकसित करने के लिए एक बेहतरीन मंच के रूप में काम किया। ऐंसी समूह छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे आत्मविश्वासी और सर्वांगीण व्यक्ति के रूप में विकसित हों।

अज्ञात हमलावरों ने युवक को पीट कर किया घायल

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सुखलाल खेड़ा गांव में मंगलवार रात कुछ अज्ञात हमलावरों ने एक युवक मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित युवक अर्जुन यादव, जो गांव का ही रहने वाला है, ने बताया कि वह अपनी चाचा की ससुराल से रात करीब साढ़े दस बजे घर लौट रहा था। जब वह सुखलाल खेड़ा गांव के पास पहुंचा तो कुछ अज्ञात लोगों ने उसकी गाड़ी को रोक लिया। इन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठियों से जमकर मारपीट की। इस हमले में अर्जुन के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। अर्जुन ने बताया कि हमलावरों की संख्या तीन थी और वे एक मोटरसाइकिल पर सवार थे। उन्होंने हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

जेल से छूटे देवर ने की भाभी की हत्या

> भाभी ने लगाया था रेप का आरोप, कुल्हाड़ी से काटने के बाद किया जलाने का प्रयास

लोक मित्र संवाद

सफीपुर,उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के जेल से छूटे दुष्कर्म के आरोपी देवर ने भाभी की हत्या कर दी।इसके बाद घर के सामने 50 मीटर दूर खेत रखे पुवाल से शव जलाने का प्रयास किया।मृतका के बेटे को देख लेने पर घटना का पता चला आसीवन क्षेत्र के विजय खेड़ा गांव में घर पर अकेली बच्चो के साथ रह रही महिला की उसके ही देवर ने सोमवार रात गर्दन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और हत्या कर दी। घर से 50 मीटर दूर खेत में ले जाकर शव को पुवाल से जलाने का प्रयास किया जिससे शव झुलस गया। मृतक के दोनो बच्चो को देख लेने पर वह चीखे तो पड़ोसी ने आग बुझाई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की।आरोपी की तलाश में पुलिस ने छापेमारी की तो कोड़वाखेड़ा मोड़ के पास पुलिस और आरोपी में मुठभेड़ हो गई।जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी।जिससे वह घायल हो गया। आसीवन थाना क्षेत्र के गांव विजयखेड़ा निवासी हरिश्चंद्र पाल की पत्नी मीना 30 वर्ष की सोमवार रात 2ः30 बजे देवर रोहित ने कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद घर से 50 मीटर अपने ही खेत में लगे पुवाल से शव को जलाने का प्रयास किया।चारपाई पर मां को न देख उसमे खून लगा होने और खेत में आग जलते देखा मृतका 9 वर्ष के बेटे ने पड़ोसियों को बताया आनन फानन पड़ोसियों ने पानी डालकर आग बुझाई लेकिन तब तक शव काफी झुलस चुका था।पड़ोस में रहने वाले मृतका के अन्य ससुरालीजन भी पहुंच गए करीब एक घंटे बाद लखनऊ में काम करने वाले मृतका के पति के आने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की तो उसके कोड़वाखेड़ा मोड़ के पास खड़े होने की सूचना मिली।मौके पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी।जवाबी फायरिंग में पुलिस को भी गोली चलानी पड़ी गोली आरोपी के बाएं पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।

कार और बाइक की टक्कर के बाद मारपीट

शुक्लागंज उन्नाव। मंगलवार देर रात कानपुर लखनऊ हाइवे के आजाद मार्ग स्थित सुखलाल खेड़ा गांव के पास एक कार और बाइक में टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि एक कार कानपुर की ओर जा रही बाइक को ओवरटेक करने की कोशिश में थी, इसी दौरान दोनों वाहन आपस में टकरा गए।

हादसे के बाद दोनों वाहन चालकों के बीच विवाद हो गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया।

पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के कारण हाइवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को बहाल कराया।

बीडीओ ने ली गौ शालाओं व विकास कार्यो की समीक्षा

> गौ शालाओं में पशुओं को ठंडक से बचाने के लिए सभी सचिव उपाय करें

> बीडीओ ने समीक्षा मे जंहा जंहा मनरेगा के कच्चे कार्य नहीं होते पाए उन सचिवों को लगाई फटकार

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर, बाराबंकी। गौ शालाओं में पशुओं को ठंड से बचाने व वर्मी कम्पोस्ट बनाने सहित गाँवों में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए बीडीओ जितेंद्र कुमार ने ब्लॉक कार्यालय में बैठक की।

उन्होंने मौजूद सचिवों से कहा कि ठंडक बढ़ी है लिहाजा गौ शालाओं के प्रति सतर्क रहें और पशुओं को ठंडक से बचाने के लिए टिन शेड में दोनो साईडो पर मजबूत पन्नी लगवाए। दोनो टाइम ताजा पानी उपलब्ध रहे यह भी सुनिश्चित करें।पशुओं को समय पर चारा चोकर मिले व बीमार रहने पर दवा उपचार हो।प्रति दिन गौ शालाओं की रिपोर्ट भी दी जाए।उन्होंने सभी गौ शालाओं में वर्मी कम्पोस्ट खाद बनवाने के भी निर्देश दिए। बीडीओ ने समीक्षा मे जंहा जंहा मनरेगा के कच्चे कार्य नहीं होते पाए उन सचिवों को फटकार लगाते कहा कि कार्य जल्द शुरु कराए जाए। चल रहे कार्यो की ग्राम पंचायत वार प्रगति जान जल्द पूरा कराने को कहा। स्वयं सहायता समूहों की सक्रियता,पंचायत भवनो की क्रिया शीलता तथा शामुदायिक व व्यक्तिगत शौचालय सहित ग्राम विकास के कई बिन्दुओ पर गहन समीक्षा की। इस अवसर पर ए डी ओ पंचायत अभय शुक्ला,ऋषभ पांडेय, श्यामली जायसवाल,अमित मौर्य ,आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

विधान सभा घेराव में पहुंचे अमेठी के कांग्रेस कार्यकर्ता

अमेठी। पुलिस हाऊस अरेट करती रही। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जत्था लखनऊ के लिए रवाना हुआ , गांव गांव से भोर से निकलना शुरु हुआ। तिराहे और चौराहे पर कांग्रेस नेताओ का हुजूम वाहनो के काफिले से लखनऊ की ओर कूच किया। कडी सर्दी मे कांग्रेस नेताओ का हुजूम देखने लायक रहा ।कांग्रेस संगठन ने इस बार विधान सभा घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने मे कामयाब रहा। कांग्रेस न्याय पंचायत अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश शुक्ल भेटुआ,रत्नाकर सिंह भीमी,शिव बहादुर मौर्य घटकौर,बीके सिंह मडेरिका,राम भुआल कोरी सनहा,बिजय कुमार तिवारी मनीरामरामपुर आदि ने अपने अपने अपने ग्राम पंचायत कांग्रेस अध्यक्षो के साथ रवाना हुए। तो वही कांग्रेस सेवादल कमेटी अमेठी जिलाध्यक्ष राम बरन कश्यप,जिला उपाध्यक्ष भारत धुरिया,जिला संगठन मंत्री उदय राज यादव,निजामुद्दीन मुख्य संगठक ब्लाक कांग्रेस सेवादल कमेटी आदि नेताओ का जत्था रेलवे ट्रेन से देर शाम तो भोर मे बुधवार को इन्टर सिटी ट्रेन से लखनऊ कूच किए। जिले के कई हजार कांग्रेस कार्यकर्ताओ का जत्था राजधानी की राह पकडी। पुलिस कांग्रेस नेताओ को हाऊस अरेट करती रही। लेकिन संगठन के पदाधिकारियो ने घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने मे कामयाब रहे। इस कार्यक्रम मे कांग्रेस कमेटी भेटुआ ब्लाक अध्यक्ष अजित कुमार यादव,अमेठी अध्यक्ष डा देव मणि तिवारी,संग्रामपुर ब्लाक अध्यक्ष हीरा मणि कनौजिया,भादर ब्लाक अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार सिंह(राजा,), आदि नेताओ की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की मुख्य विकास अधिकारी ने की बैठक

अमेठी। जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सभी स्टेक होल्डर्स विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र तथा ब्लैक स्पॉट के चिन्हीकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र व ब्लैक स्पॉट पर साइनेज बोर्ड, रबर स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर तथा लाइट आदि लगवाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी सम्बन्धित आधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर लें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने एआरटीओ तथा पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चला कर यातायात नियमों के संबंध में 03 साल पुराने ई-रिक्शा चालकों के फिटनेस सम्बन्धित कार्य किये जाने, जनसामान्य को जागरूक करने तथा उल्लंघन किए जाने पर चालान आदि तथा नेशनल हाइवे पर सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सम्बन्धित को आवश्यक कार्य किये जाने एवं विश्वकर्मा पोर्टल पर वर्ष 2023-24 में ब्लैक स्पॉट की सूची पुलिस विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने टोल प्लाजा पर मूलभूत सुविधाओं का उल्लेख करते हुए मानक स्टैण्डर्ड को पूरा किये जाने के साथ ही अनिवार्य रूप से एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये एवं जनपद के समस्त टेन्ट हाउस के मालिक के साथ सम्बन्धित अधिकारियों को बैठक कर पार्किंग प्लान उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में सड़क के किनारे ट्रक आदि बड़े वाहन न खड़े हो इससे दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं अधिक होती हैं, वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा हो जिससे रात्रि में लोगों को वाहन चलाने में सुविधा न हो। वाहन चालकों का समय समय पर नेत्र परीक्षण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

- गरीब, असहाय, रिक्शा चालकों व मुसाफिरों को डीएम ने बांटा कम्बल
- नगर क्षेत्र का भ्रमण कर अलाव व्यवस्था का लिया जायज़ा

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को देर रात्रि नगर क्षेत्र अन्तर्गत रोडवेज़ बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन के सामने ओवर ब्रिज के नीचे स्थापित किए गए रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। डीएम ने स्वयं न केवल रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को परखा बल्कि श्रमिकों, जरूरतमंदों को संवेदना की गरमाहट भी दी। रैन बसेरे में ठहरे लोगों ने बातचीत में बताया कि अधिक ठंड लग रही है तो डीएम ने अपने हाथों से कंबल ओढ़ाया। डीएम ने एक-एक कर सभी से बातकर सुविधाओं के बारे में पूछा। रैन बसेरे में सभी ने व्यवस्था को अच्छा बताया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने रात्रि नगर क्षेत्र का भ्रमण कर नगर क्षेत्र में जलाये गये अलावों को देखा तथा इस दौरान रोडवेज़, रेलवे स्टेशन तथा संकटा देवी चौराहे पर गरीब मुसाफिरों, रिक्शा चालकों, जरूरतमंदो को कम्बल ओढ़ाया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधि.अधि. नगर पालिका परिषद को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र में अलाव प्वाईन्ट्स को बढ़ा दिया जाय। ठंड से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए डीएम ने अधिकारियों को जरूरतमंदों को कंबल वितरण पर गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां अभी तक जरूरतमंदों को कंबल प्राप्त न हो सके हो। उन्हें अतिशीघ्र कंबल अवश्य प्रदान कराएं।

इस अवसर पर एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार, नायब तहसीलदार सुनील कुमार मौजूद रहे।

सीएम साहब आपके विजय रथ में रोड़ा अटकाने का प्रयास कर रहें अवैध कब्जाधारी

लोकमित्र,शोभित श्रीवास्तव

लखीमपुर-खीरी। सूबे में आसीन योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन की सरकार जहाँ महिलाओं के सशक्तिकरण को नये आयाम तक पहुचाने के लिये पुरजोर कोशिश कर रहें हैं, तो वहीं पर उनके नुमाइन्दे उनके विजय रथ में रोड़ा अटकाने का भरपूर प्रयास करते नजर आ रहें हैं।

आइये एक ऐसी ही दास्तां से आपको अवगत करवातें हैं।

जिले के थाना खीरी व नगर पंचायत खीरी के मोहल्ला कटरा निवासी महिला ने थाना प्रभारी खीरी को शिकायती पत्र देकर तीन लोगों पर जबरजस्ती प्लाट की भूमि पर अवैध कब्जा करने के साथ लूट व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए बताया कि इसी प्रकरण का मामला हाई कोर्ट लखनऊ में विचाराधीन होने के बाद भी दबंगों द्वारा कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार जिले के थाना व नगर पंचायत खीरी के मोहल्ला कटरा निवासी महिला रफीकुन निशा पत्नी अलाउद्दीन खां ने थाना पुलिस खीरी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरे एक किता प्लांट पर नसीर खां पुत्र सब्बीर खां,सोनू व हारुन पुत्र गण मारुफ खां द्वारा बीते दिनों सुबह 10 बजे आकर जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास किया व मेरे पुत्रो के साथ मारपीट करने के साथ 1100 रुपए की नगदी लूट लिया है। महिला के मुताबिक जबकि उपरोक्त प्रकरण से संबंधित एक वाद माननीय हाईकोर्ट लखनऊ में विचाराधीन होने के बावजूद भी उपरोक्त दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया गया।पत्र के अनुसार उपरोक्त लोग काफी दबंग व सर्कस व्यक्ति है। उपरोक्त मामले में थाना प्रभारी ने अपना पल्ला झाड़ते हुये बताया कि जाँच चल रही है, जो सही होगा वही किया जायेगा, परन्तु जब प्लाट पर अवैध कब्जे के बारे में जानकारी चाही गयी तो बताया कि कब्जा तो मैं खाली नही करवा पाऊँगा,जबकि प्लाट से सम्बंधित सारे दस्तावेज पीड़िता के पास उपलब्ध हैं और माननीय न्यायालय में विचाराधीन मामला है।

कई जर्जर मार्गो को मरम्मत की है दरकार, लोगों को होती है दिक्क़त

- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क थी जो दो साल पहले लोक निर्माण विभाग को सौपी गई थी।इस मार्ग की हालत काफी जर्जर है

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर, बाराबंकी। बंजरिया बिलखिया मार्ग इस कदर जर्जर है कि उसमें रोडे निकल आए है।इसे बनाने का कार्य नही किया जा रहा है। ग्रामीणों को आवगमन में दिक्क़ते हो रही हैं।

उक्त सड़क पहले प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क थी जो दो साल पहले लोक निर्माण विभाग को सौपी गई थी।इस मार्ग की हालत काफी जर्जर है।इस समय करीब चार किमी सड़क पूरी उखड़ चुकी है और नीचे के रोडे दिखाई देने लगे है।आने जाने वालो को बड़ी तकलीफ होती है मगर विभाग को यह जर्जर सड़क नहीं दिखाई देती कि इसका नव निर्माण कराकर आम जनता के लिए सुगम यातायात व्यवस्था संचालित करें। बुधई पुरवा मार्ग भी खराब नामेपुर सिरौली पुल के बगल से निकली बुध ई पुरवा सड़क शुरु में ही बाढ़ के पानी से कट गई थी व आगे पुलिया के पास किनारे धन्स गए थे मगर इसकी मुकम्मल मरम्मत नही हो सकी है।शुरु की जगह मिट्टी पटवाकर आवगमन जारी किया गया मगर पूरी सड़क ठीक नही की गई। चौकाघाट मरकामऊ भी मरम्मत योग्य यह मार्ग रामनगर के लिए बाई पास मार्ग्है जो जगह जगह जर्जर हो गई है व नालिया बन गई है। कई जगह सड़क चिटकी हुई है। यह सड़क ऊँची नीची हो गई है जिसका नव निर्माण जरूरी है।इसी सड़क पर कटका नाला पुल भी बनना है मगर विभाग ध्यान नहीं दे रहा।आम जनता परेशानी उठा रही है। नचना बाँध की सड़क भी कई जगह उखड़ गई है।

छात्र का मोबाइल छीन उचक्के हुए फरार

अमेठी। कोतवाली क्षेत्र में 72 घन्टें के भीतर दो बड़ी घटनाएं हुई है। पुलिस मुकदमा लिखने के बजाय जांच में लगी हुई है। मंगलवार शाम स्कूल से छात्रा वापस घर जा रही थी खेरौना गांव के पास बाइक सवार दो उचक्कों ने छात्रा का मोबाइल छीन कर फरार हो गए। छात्र के पिता ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दी है। मंगलवार की शाम कोतवाली क्षेत्र के प्रतापगढ़ रोड स्थित इफको केंद्र के पास मुंशीगंज कॉलेज में पढ़ने वाली शालू गुप्ता निवासी संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तारापुर गांव की रहने निवासी है। कॉलेज से वह अपने घर लौट रही थी। रास्ते में जब उसके परिजनों का फोन आया। तो वह बातचीत शुरू की, तभी पीछे से बाइक सवार दो उचक्के आए और झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीनकर भाग निकले।छात्रा ने घटना के बाद शोर मचाया, जिससे आसपास के राहगीर इकट्ठा हो गए। राहगीरों के फोन से शालू ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और पी आर वी 112 भी घटनास्थल पर पहुंच गई।

ब्रम्हा के बाये अंग से मनु व दाहिने से सतरुपा की हुई उत्पत्तिः बाजपेयी जी

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। कस्बे में चल रही धार्मिक कथा के तीसरे दिन व्यास द्वारा श्रोताओं को नारद मोह व महार्षि दक्षीचि के जीवन चरित्र का व्याख्यान किया।

धौरहरा कस्बे के सतं फकीर दास स्मारक मठ पर आयोजित धार्मिक कथा में कथा व्यास गरुज्ध्वज बाजपेई ने सर्व प्रथम नारद मोह के जीवन चरित्र की कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि राजा दक्ष के दस हजार पुत्रों से महर्षि नारद ने कहा कि दुनिया में दोनों तरफ बहने वाली नदी का नाम माया है। तो दक्ष के पुत्र अचम्भित हो गये।तब महर्षि नारद ने दक्ष पुत्रो को बताया कि माया संसार का सृजन व संघार भी करती हैं।

इस बात से सभी दस हजार पुत्र तपस्या में लीन हो गए।तब राजा दक्ष प्रजापति ने पुनः योगमाया से 1000 पुत्र प्राप्त किए। व्यास जी ने बताया कि लोग लक्ष्मी को प्राप्त करने के लिए लोग दिन रात मनाने के लिए पूजा अर्चना करते आ रहे हैं लेकिन लक्ष्मी मां के अगर भगवान विष्णु की भी पूजा अर्चना करें तो जल्दी माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।कथा व्यास के अनुसार उनके पति विष्णु को लोग भूल जाते हैं क्योंकि लक्ष्मी चलायमान है एक जगह नहीं रुक सकती।

क्योंकि पत्नी व पति अलग-अलग नही रह सकते। हिन्दी व्याकरणाचार्य पंडित गरुड़ध्वज बाजपेई ने उपस्थित श्रोताओं को ज्ञानार्जन कराते हुए कहा कि सर्व प्रथम देवताओं द्वारा आपस में चर्चा करते हुए सृष्टि की रचना करने का विचार किया गया इसके लिए भगवान ब्रह्म ने सबसे पहले अपने दाहिने अंग से-मनु को व बाये अंग से सतरुपा को प्रकट किया।बाद में कथा व्यास द्वारा मनु सतरुपा के जीवनकाल पर विस्तार से चर्चा कर मौजूद श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

किसान दिवस में किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण होः डीएम

- किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा प्रशासनः डीएम

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। डीएम ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।यह भी बताया कि प्रशासन के समक्ष अन्नदाता किसानों की समस्या का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता का है।अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं को तत्काल एवम दीर्घकालिक समाधान की कैटेगरी में प्रस्तुत करें। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। डीएम ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने उपस्थित किसानों से फार्मर रजिस्ट्री की आईडी बनवाने तथा अन्य किसानों को भी इस हेतु प्रेरित करने का अनुरोध किया। आईडी बनाने से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा यह भी अवगत कराया कि आईडी न बनने से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अगली क़िस्त से योजना का लाभ नही मिलेगा। डीडी कृषि एवम बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा फसलों को प्राकृतिक आपदा से नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए फसल बीमा की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई।बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, डीएचओ मृत्युंजय सिंह, अध्यक्ष/वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके,अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहें।

उतराई का पैसा मांगे तो करें शिकायत, होगी कार्यवाही: डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि गन्ना किसानों से क्रय केंद्र पर तौल के उपरांत गन्ना उतरवायी के नाम पर यदि पैसे की मांग की जाए तो वहां लगे बैनर पर अंकित अफसरों के नंबरों या उनके मोबाइल नंबर पर तत्काल सूचना दें। आपकी सूचना पर तत्काल कड़ी कार्यवाही की जाएगी। किसानों का शोषण किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला गन्ना अधिकारी से सुनिश्चित कराएंगे। सोलर लगवाएं किसान, मुफ्त में नलकूप चलाएं, निजी नलकूपों को सोलर से लैस करेगा विभिन्न क्षमता के तहत स्थापित मीटर्ड निजी ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन किया।

सिंचाई विभाग की मनमानी के चलते नहरो की सफाई में खेला जा रहा है खेल

लोक मित्र संवाद

असोहा,उन्नाव। वैसे नहरो की सफाई के नाम पर प्रतिवर्ष लाखों रुपए का खेल खेला जाता है परंतु इस बार कुछ तरीका अलग ही है

जानकारों का कहना है कि माइनर और राजबहो की सफाई में मशीनों का खुलकर इस्तेमाल किया जा रहा है जो सरासर गलत है सरकार की मंशा है कि मनरेगा के माध्यम से अधिक से अधिक हाथों को काम मिले परंतु ठेकेदारी प्रथा से माइनरो की कराई जा रही सफाई में खाना पूरी की जा रही है।असोहा क्षेत्र में माइनरों रज बहो में सफाई के नाम पर ठेकेदारों ने लूट मचा रखी है और नहर विभाग व सिंचाई विभाग के आलाधिकारी पूरी तरह से इस धांधली की ओर से मुंह मोड़े हुए हैं।माइनर रजबहो में टेल तक पानी पहुंचाने की नीयत से सिंचाई विभाग प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च कर सफाई करता है लेकिन सफाई करने के कुछ मानक भी निश्चित है और मांनको के तहत काम न होने पर ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई होना भी चाहिए लेकिन नीचे से ऊपर तक गठ जोड के चलते सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है लेकिन धरातल पर देखने से हकीकत समझ में आती है

क्षेत्रीय संवाददाता ने जब असोह क्षेत्र के रजबहा माइनरो की हकीकत जानने के लिए निकले तो देख कर दंग रह जहां पर नहरो की सफाई के नाम पर नहरो की जुताई की गई है सहारा वा रजबहा असोहा रजबहा मौरावा रजबहा शाहपुर रजबहा कांथा माइनर समांधा माइनर कुसली खेड़ा माइनर सिकरी माइनर मदारी खेड़ा माइनर में खाना पूरी कर सफाई की गई है। मौरावा रजबहा की चौड़ाई को घटाकरनाली का रूप दिया जा रहा है जबकि इसके पहले इसी नहर को चौड़ा कर खोदा गया था। वैसे सारे रजबहा पुरवाविधानसभा क्षेत्र की माइनर रजबाहो में खेला जा रहा है जब किसानों को पानी की माहिती आवश्यकता है।

सिंचाई के लिए रवी की तब सफाई का काम जल्दबाजी में चलाया जा रहा है वह भी मशीनों से जब की जानकारो का मानना है कि मनरेगा के तहत काम होना चाहिए। वैसे क्षेत्र विधायक का हमेशा यही कहना रहता है कि उनके रहते वही होगा जो सही होगा परंतु शायद इन माइनर रजबहो की सफाई की धांधली की जानकारीउन तक नहीं है फिलहाल सिंचाई विभाग के अधिकारी पूरी तरह से मस्त हैं और ठेकेदार काली कमाई करजेबे भरनेकर का काम कर रहे हैं। यह क्षेत्र में आम चर्चा है कि पहले की सरकारों में और इस सरकार में कोई अंतर नहीं है क्योंकि जो पहले धाधली हुआ करती थी वही आज भी सफाई के नाम पर की जा रही है।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ किसान दिवस का आयोजन

- किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया
- किसानों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। किसान दिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराई गई तथा किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी गई।

किसान दिवस में जनपद के प्रगतिशील किसानों ने भी अपने-अपने विचार साझा किए तथा बताया कि कैसे उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर खेती की और अच्छा मुनाफा कमाया। किसान दिवस में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को दिया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई नलकूप सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान बंधु मौजूद रहे।

युवती को मेले में सरेआम पीटता दिखा धोखेबाज पति

- चिल्लाती रही पत्नी लेकिन धोखेबाज पति का नहीं पसीजा दिल,इस वारदात को मौजूद शख्स ने मोबाइल में किया रिकॉर्ड, वीडियो देख कोई भी सिहर जाए
- युवती चीखती व चिल्लाती रही...फरेबी पति व उसके बिगड़ैल साथी सरे-आम मेले मे की पिटाई, वायरल हो रहा है दरिंदगी का वीडियो

लोकमित्र, ललित वर्मा

लखीमपुर-खीरी। सोशल मीडिया पर दिन-दहाड़े औरंगाबाद कस्बे के मेले में युवती के साथ दरिंदगी का वीडियो वायरल हो रहा है। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी में मेले मे दो हमलावरों ने एक युवती को जमकर पीट-पीटकर किया लहुलूहान,14 सेकेण्ड के वाइरल वीडियो में लाल साड़ी व लाल जाकेट पहने हुए युवती को मेले में खड़ी ट्राली के पास एक दबंग सफेद कुर्ता व काली सदरी पहने हाथ में डंडा लेकर अपने साथियों के साथ युवती को घेरकर खुलेआम तालीबानी पिटाई किए जा रहे हैं।

शायद इन दबंगों को पुलिसिया डंडे का खौफ नहीं।

14 सेकेण्ड के वाइरल वीडियो में हाथ में डंडा लिए दिखा..दे रहा तालीबानी सजा, वही युवती चिल्ला रही..नही पसीजा दिल वीडियो के मुताबिक नवविवाहिता युवती की धुनाई करते हुए हमलावर बुरी तरह से प्रताड़ित करते दिख रहे। इस शर्मनाक वारदात को देखने के लिए कस्बे में लगे मेले में उपस्थिति भीड़ भी इकट्ठा हो गयी लेकिन, किसी ने हमलावरों के चंगुल से बचाने के लिए मदद करने की कोशिश नहीं की।

हांलांकि दर्जनों की संख्या मे भीड़ में एक शख्स वीडियो बनाने को रोकने की आवाज आ रही हालांकि वह न रुका वही और भी कुछ लोग सेल्फी व फोटो खींचने मे मशगूल रहे।

उक्त वारदात का वीडियो वायरल व लिखित तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने दोषियों के खिलाफ ब्न्हस्र की धारा 115 (2),118 (1), 74, 310 (2), 352,351 (3), 324 (5), 191 (2) सम्बंधित मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई करने मे जुट गई।

क्या है मामला: 17 दिसंबर को एक पत्रकार ने सोसल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें भीड़ में एक दबंग माननीय की तरह दिखने वाला शख्स हाथ में ÷समझावन लाल÷ रूपी डंडा थामे सफेद कुर्ता पायजामा व काली सदरी पहने हुए भीड़ को दूरी बनाने की चेतावनी दे रहा वही उसके दबंग साथी लाल साड़ी पहने युवती को घेरकर खुल्लेआम बेरहमी से ÷पीटते नारी के सम्मान, हमलावर मैदान में÷ उतरते देखा जा सकता हैं। हालांकि युवती को घेरकर भीड़ में उसे लगातार पीटा जा रहा लड़की बराबर चीख रही किंतु तमाशाई भीड़ कानूनी पचड़े के डर से यह सब दूर से देखती रही।

हालांकि मारपीट के पीछे का कारण सूत्रों के मुताबिक लगाया गया जो काफी शर्मनाक है कि किस कदर युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसाकर आर्य समाज मंदिर अलीगढ़ लखनऊ मे हिन्दू रीति-रिवाज से फेरे व साथ मे जीने-मरने की कसमें खाकर प्राप्त सार्टिफिकेट के मुताबिक् दूल्हे का नाम नीलेश उर्फ पियूष मिश्रा पुत्र प्रभात कृष्ण मिश्रा निवासी औरंगाबाद, थाना मैगलगंज जनपद खीरी सीतापुर जिले की 25 वर्षीय लड़की से 24 फरवरी 2023 को शादी करता है और बंद कमरों में शारीरिक शोषण का सिलसिला शुरू करता हालांकि युवती को ब्राह्मण समाज का भय दिखाकर माइके मे छोड़ा और अपने परिजनों को मनाने का कुछ समय लेकर अपने घर औरंगाबाद आता है हालांकि इसी बीच नये नवेले दूल्हे के पिता का देहांत हो जाता है जो एक सरकारी टीचर हैं हालांकि युवक भी पढ़ा-लिखा था।

सीएचसी जगदीशपुर की दुर्दशा जिम्मेदार कौन

- सीएमओ के औचक निरीक्षण में उजागर हुई स्वास्थ्य सेवाओं की खामियां

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जगदीशपुर का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई गंभीर खामियां उजागर हुईं।

बड़ी संख्या में चिकित्सक और कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिससे क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर सवाल खड़े हो गए हैं। सीएचसी में संविदा डॉक्टर, डेंटल सर्जन, स्टाफ नर्स और अन्य कर्मचारियों की अनुपस्थिति की बात सामने आई है। इनमें डॉ. पूनम सिंह, डॉ. प्रियंका, शिवबालक यादव, प्रीति गौतम, संतोष कुमारी, ममता उपाध्याय, डॉ. प्रवीर कुमार और अन्य कर्मचारी शामिल हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब तक डॉ. प्रदीप तिवारी सीएचसी जगदीशपुर के अधीक्षक पद पर थे, स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर थीं। उनके स्थानांतरण के बाद से लापरवाही के मामले बढ़ गए हैं।

कर्मचारियों की ड्यूटी पर अनुपस्थिति ने जनता को जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित कर दिया है।सीएमओ ने लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है और कहा है कि इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। जगदीशपुर क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सीएचसी की कार्यप्रणाली को सुचारु बनाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।

संक्षिप्त खबरें

फैजाबाद बार एसोसिएशन चुनाव - एस एन सिंह अध्यक्ष, चंद्रभान उपाध्यक्ष और गिरीश बने महामंत्री

अयोध्या। फैजाबाद बार एसोसिएशन के चुनाव परिणामों में एस एन सिंह ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की, जबकि चंद्रभान उपाध्यक्ष और गिरीश चंद्र तिवारी महामंत्री पद पर चुने गए। इन चुनावों में पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण चुनावी दौड़ में अपनी जीत दर्ज की, जो एसोसिएशन के आगामी कार्यकाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सेना के वीर सपूत रामदेव दुबे का निधन, गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई

अयोध्या। भारतीय सेना के वीर जवान और देशभक्त रामदेव दुबे का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। किला कपासी निवासी दुबे ने 1963 में भारतीय सेना में अपना करियर शुरू किया और 1965 व 1971 की ऐतिहासिक लड़ाइयों में अपनी वीरता का लोहा मनवाया। उन्होंने 1980 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली।

उनके निधन की खबर सुनते ही सेना की डोगरा रेजीमेंट के जवान और अधिकारी उनके पैतृक निवास पर पहुंचे। सेना ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी। इस दौरान स्थानीय लोग और परिजन भावुक हो उठे। रामदेव दुबे ने अपने सैन्य जीवन में कई महत्वपूर्ण मोर्चों पर भारत की सेवा की। 1965 और 1971 की लड़ाइयों में दुश्मनों के दांत खट्टे करते हुए उन्होंने अपनी बहादुरी का परिचय दिया। सेना में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

उनकी अंतिम विदाई में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके देशभक्ति और वीरता की प्रशंसा की। रामदेव दुबे अपने जीवन के हर कदम पर देश सेवा के लिए समर्पित रहे। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

विद्युत पोल टूट जाने से कई घरों की बत्ती गुल शिकायत के बाद भी नहीं लगा पोल

हैदरगंज -अयोध्या। अज्ञात वाहन की टक्कर से विद्युत पोल टूट जाने की वजह से कई घरों की बिजली गुल है। जिसके चलते दो दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। विद्युत विभाग से शिकायत के बाद भी अभी तक पोल नहीं लग सका है। मामला विद्युत उपकेंद्र केलालाल खां का है। ग्राम पंचायत पछियाना में बीकापुर जाना मार्ग पर कॉलोनी के पास सोमवार की रात एक विद्युत पोल अज्ञात वाहन की टक्कर से टूट कर जमीन पर गिर गया है। जिससे करीब 35 घरों व 10 दुकानदारों की विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई है। 48 घंटा का समय बीत जाने के बाद भी अभी तक टूटे हुई एलटी पोल को विद्युत विभाग लगवा नहीं सका है। जिसके कारण सैकड़ो की संख्या में उपभोक्तागण अंधेरे में रहने को विवश है। श्यामलाल प्रजापति, नोहरलाल शर्मा, रामप्रताप सिंह, पप्पू मोदनवाल, संतोष वर्मा, डॉ विनीत वर्मा, देवीचरण कसौधन, संजय मिस्त्री, डब्लू खान, अंजनी गुप्ता, लंबरदार वर्मा, शिवबहादुर वर्मा, अवधेश गुप्ता, विनोद वर्मा, श्यामलाल यादव आदि उपभोक्ताओं का आरोप है कि अभी तक विद्युत व्यवस्था बहाल न होने से सबसे बड़ी समस्या पढ़ने वाले बच्चों को होती है। जेई देवीचन्द भारती ने बताया कि जानकारी मिली है। पोल टूट गया है, जल्द ही पोल लगवा कर विद्युत व्यवस्था बहाल की जाएगी।

राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में नवाचार का प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। शहर के एसएसवी इंटर कालेज में आयोजित 52वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के दूसरे दिन 18 मंडलों के बाल वैज्ञानिकों ने अपने अनूठे मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में यातायात, आपदा प्रबंधन, ऊर्जा, संचार और श्रीअन्न जैसे विषयों पर आधारित मॉडलों ने दर्शकों को प्रभावित किया।

लखनऊ के एक बाल वैज्ञानिक का टोल प्लाजा पर शराब का पता लगाने वाला सिस्टम चर्चा का केंद्र रहा। यह मॉडल वाहन में शराब की उपस्थिति की जानकारी टोल प्रबंधन तक पहुंचाने में सक्षम है। कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज, अवध विश्वविद्यालय और साकेत महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रदर्शनी का मूल्यांकन कर रहे हैं। कार्यक्रम का अवलोकन बापू बालिका इंटर कॉलेज और एमएल एमएल इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया।

मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन

अयोध्या। शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति पर मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन 26 दिसम्बर 2024 को आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में किया जाएगा। यह बैठक तीन सत्रों में होगी विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा 10ः30 बजे से 12ः30 बजे तक, कानून व्यवस्था की समीक्षा 12ः30 बजे से 01ः30 बजे तक,राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा 02ः30 बजे से 04ः00 बजे तक। संयुक्त विकास आयुक्त, अयोध्या मण्डल विजय कुमार के अनुसार, सभी संबंधित अधिकारी बैठक में व्यक्तिगत रूप से प्रतिभाग करेंगे।

निराश्रित महिला पेंशन योजना का आधार आधारित भुगतान

अयोध्या। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को अब आधार आधारित प्रणाली के तहत भुगतान किया जा रहा है। इस वर्ष की प्रथम, द्वितीय और तृतीय किश्त की धनराशि पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से लाभार्थी के आधार लिंक खातों में स्थानांतरित की गई है। लाभार्थी अपने आधार लिंक खातों (जैसे गैस सब्सिडी या खतौनी में दिए गए खाते) को चेक कर बैंक से अपनी पेंशन राशि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जानलेवा हमला करने वाले चार दोषियों को सात-सात वर्ष की सजा

बांदा। शहर के अंदर 20 हजार रुपये की रंगदारी न देने पर दो सगे भाइयों समेत चार लोगों ने युवक को मारपीट कर ज मी कर दिया था। इसके साथ ही जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर भी झोंका था। इस घटना में युवक ज मी हो गया था। घायल की मां ने नगर कोतवाली में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग की अदालत ने इस मामले की सुनवाई करते हुए चारों दोषियों को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा से दंडित किया और 37 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।वर्ष 2018 में शहर के छिपटहरी मोहल्ले में रहने वाले आदिल नामक युवक से चार लोगों ने 20 हजार रुपये की रंगदारी मांगी थी। उसने रंगदारी देने से इनकार कर दिया था। इस पर 30 जनवरी 2018 को दो सगे भाइयों समेत चार लोगों छिपटहरी निवासी शेरू और उसका भाई इमरान समेत मोहसिन और काले ने उसे रास्ते में घेर लिया था। उसके साथ मारपीट करते हुए रंगदारी मांग रहे थे। लेकिन आदिल ने रंगदारी नहीं दी। चारों लोगों ने आदिल के साथ मारपीट करते हुए जानलेवा हमला करते हुए तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगने से आदिल घायल हो गया था। आदिल की मां ने नगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग ने मामले की सुनवाई करते हुए चारों दोषियों शेरू, इमरान, मोहसीन, काले उर्फ सलमान निवासीगण छिपटरी को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 37 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

खेल महोत्सव का आयोजन-बच्चों में जोश और उत्साह, भविष्य के निर्माण की प्रेरणा

खेलकूद केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास का आधार है- राजेंद्र कुमार दूबे

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । ओ एन अकादमी में आज खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के जोश और उत्साह ने माहौल को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र कुमार दूबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ÷खेलकूद केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास का आधार है। यह बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देता है। विद्यालय का यह प्रयास सराहनीय है, जो शिक्षा के साथ-साथ खेलों के महत्व को भी बढ़ावा दे रहा है।

विद्यालय प्रबंधक धर्मपाल पांडेय ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, ÷बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, और खेल उनके शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। हमारे प्रशिक्षक, जो स्वयं राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी रह चुके हैं, अपनी मेहनत और अनुभव से बच्चों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। उनका यह योगदान अत्यंत प्रेरणादायक है।÷कार्यक्रम में खेल संयोजक रविंद्र कुमार पांडे, पत्रकार ज्ञानेंद्र मिश्रा, खेल प्रशिक्षक बृजेश कुमार मिश्रा और अमित कुमार यादव के समर्पण और प्रबंधन कौशल की सराहना की गई। उनके प्रयासों ने बच्चों के हुनर को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

खेल महोत्सव में बच्चों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। ग्रीन हाउस की टीम विजेता रही, और उनकी कोऑर्डिनेटर किरण ओझा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया, जिससे उनका उत्साह और बढ़ा। विद्यालय के इस आयोजन की सराहना सभी अतिथियों और अभिभावकों ने की और ऐसे प्रेरणादायक आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास और निर्माण सम्बंधी योजनाओं की आयोजित हुई समीक्षा बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में विकास और निर्माण सम्बंधी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्यमंत्री कमाण्ड सेन्टर द्वारा जारी सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग के आधार पर विभिन्न योजनाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदनों का सत्यापन और प्रचार-प्रसार बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग को सिल्ट सफाई की समीक्षा के लिए आदेश दिए और जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों को समय पर लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में अस्पतालों में आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने सड़कों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण, निराश्रित गोवंश के लिए आश्रय स्थल सुनिश्चित करने और आईजीआरएस शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। बैठक में विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की समीक्षा भी की गई, जिसमें ऊर्जा, कृषि, जलापूर्ति, शिक्षा, और समाज कल्याण से जुड़ी योजनाओं का समावेश था। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

गौ संरक्षण में अयोध्या को प्रदेश में पांचवां स्थान

- एक हफ्ते के लिए चला था अभियान, लक्ष्य से भी अधिक 411 गोवंशों का किया संरक्षण
- जिले की 81 गोशालाओं में हैं 15 हजार से अधिक गोवंश

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। एक सप्ताह तक चले गोवंश संरक्षण अभियान के दौरान जिले ने प्रदेश में टॉप टेन में जगह बनाई है। लक्ष्य से भी अधिक गोवंशों को संरक्षित कर पांचवां स्थान हासिल किया है। संरक्षित किये गए गोवंशों को गौशालाओं में शासन की ओर से नामित किये गए नोडल अधिकारी डॉ. अजय कनौजिया की देखरेख में रखाया गया है।

प्रदेश की योगी सरकार के सत्ता में आते ही गोवंशों के संरक्षण का काम शुरू हो गया। प्रदेश के हर जिलों में गोशालाएं खोली जाने लगी है। अभी शासन की तरफ से सात दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक के लिए निराश्रित गोवंशों के लिए अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रदेश भर में चला, जिसकी रिपोर्ट आ गई है। 75 जिलों में टॉप पर अलीगढ़ जिला है। वहीं पांचवां स्थान अयोध्या जिले को मिला है।

411 पशुओं को किया संरक्षित

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शिव मूर्ति प्रसाद ने बताया कि अयोध्या जिले में ही 81 गोशालाएं हैं, इनमे सर्वाधिक मिल्कीपुर में है। सभी गोशालाओं में 15 हजार से भी अधिक गोवंशों को संरक्षित किया गया है। शासन की तरफ से जिले को एक हफ्ते के दौरान 350 गोवंशों को संरक्षण का लक्ष्य मिला था। इस दौरान जिले के पशुपालन विभाग ने 411 पशुओं को संरक्षित किया है। यह अपने आप मे ही रिकार्ड है। इन गोवंशों को 81 में से 10 गोशालाओं में रखा गया है।

चीफ फार्मासिस्ट और तीमारदार के बीच विवाद, दवा काउंटर पर हुआ विवाद

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। जिला चिकित्सालय में फार्मासिस्ट और तीमारदार के बीच एक विवाद सामने आया है, जहां चीफ फार्मासिस्ट ने तीमारदार के साथ अभद्रता की और दवा की पर्ची को फर्जी बता दिया। घटना में फार्मासिस्ट ने चिकित्सक द्वारा लिखी पर्ची को नकारते हुए तीमारदार को काउंटर से भगा दिया, जिससे मामला तूल पकड़ गया।घटना के अनुसार, ग्राम सरियावां निवासी समाजसेवी प्रमोद कुमार तिवारी अपनी पत्नी और बेटे का इलाज कराने जिला चिकित्सालय आए थे। उन्हें स्किन रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी श्रीवास्तव ने दवा की पर्ची दी और काउंटर नंबर 4 से निःशुल्क दवा लेने को कहा। जब प्रमोद तिवारी काउंटर पर गए, तो चीफ फार्मासिस्ट प्रभा शंकर दूबे ने पर्ची पर डॉक्टर के हस्ताक्षर न होने की बात उठाई। इसके बाद प्रमोद तिवारी पुनः डॉक्टर के पास गए और पर्ची पर ÷÷ लिखवाकर वापस काउंटर पर आए, फिर भी फार्मासिस्ट ने दवा देने से इंकार कर दिया।इससे विवाद बढ़ गया, और तीमारदार और फार्मासिस्ट के बीच गाली-गलौज की स्थिति उत्पन्न हो गई। चिकित्सक डॉ. पल्लवी भी काउंटर पर पहुंची, लेकिन फार्मासिस्ट ने उनकी बात भी अनसुनी कर दी। इस बीच, फार्मासिस्टों की एकजुटता से स्थिति शांत कराई गई।आखिरकार, चीफ फार्मासिस्ट ने सीएमएस को पत्र लिखकर तीमारदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की और डॉक्टर के हस्ताक्षर की जांच की अपील की। वहीं, तीमारदार ने चीफ फार्मासिस्ट की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जिला चिकित्सालय में धरना देंगे।

कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला लखनऊ जाने के प्रयास में मवई चौराहा पर गिरफ्तार

रुदौली-अयोध्या। कांग्रेस नेता व दिल्ली में शीला दीक्षित की सरकार में राज्यमंत्री रहे दयानन्द शुक्ला अभी कुछ देर पहले मवई चौराहा पर लखनऊ जाते समय अरेस्ट कर लिए गए।आज सुबह से ही मवई थानाध्यक्ष संदीप त्रिपाठी तथा पटरंगा थाना प्रभारी शशिकांत यादव भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद थे।पुलिस को सुबह से भनक लगी थी कि कांग्रेस नेता मवई चौराहा से गुजरेंगे।दोनों थाना प्रभारी मवई चौराहा पहुंच गए।जैसे ही दयानन्द शुक्ला मवई चौराहा पहुंचे वैसे ही पुलिस उनकी गाड़ी के सामने पहुंच गई।पुलिस ने दयानन्द शुक्ला को उनके आवास रानीमऊ निर्मल कुटिया पर हाउस अरेस्ट कर दिया।अरेस्ट होते ही दयानन्द शुक्ला ने योगी सरकार पर जम कर निशाना साधा और कहा कि हमेशा भाजपा सरकार नहीं रहेगी।

युवती को मनचले युवक द्वारा घर में घुस कर जबरन बनाया हवस का शिकार

लोकमित्र ब्यूरो

मिल्कीपुर-अयोध्या। इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती को मनचले युवक द्वारा घर में घुस कर जबरन बनाया।हवस का शिकार बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर केस दर्ज करके मामले में तत्परता दिखाते हुए घटना के कुछ घंटे बाद ही युवती व आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार आरोपी युवक को भेजा जेल।

इनायत नगर थाना की पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि मंगलवार को पति-पत्नी दोनों भेंड़ चराने गये थे। घर में उनकी बेटी को अकेली देख गांव निवासी अशोक कुमार यादव उनके घर में घुस आया और बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया तथा बेटी को घटना की जानकारी किसी से न बताने की

धमकी देते हुए दीवाल कूद कर भाग गया। शाम को जब पति-पत्नी वापस घर आये तो बेटी ने मां से रो-रोकर अपने साथ हुई घटना की आपबीती के बारे में बताया। जिसके बाद युवती की मां इनायत नगर थाने पहुंच कर अशोक कुमार यादव के खिलाफ तहरीर देते हुए मामले में प्रभावी कार्यवाही किए जाने की मांग की, जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने मामले में बिना देरी किये केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दिया। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए घटना के कुछ घंटे बाद ही खड़भडिया तिराहे से आरोपी को दबोच कर गिरफ्तार कर लिया है। वही पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। आरोपी दो बच्चों का पिता भी है,प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ इनायत नगर थाने में पहले से भी छेड़खानी का केस दर्ज है। जिसमें बीते 7 जुलाई 2024 को आरोप पत्र दाखिल किया गया है। प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि आरोपी अशोक कुमार यादव के खिलाफ पूर्व में भी छेड़छाड़ के मुकदमे दर्ज हैं।आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

कांग्रेस अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष के आवास पर छापा मारकर उन्हें किया हाउस अरेस्ट

अयोध्या। कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की बिगड़ती स्थिति को लेकर आज विधानसभा घेरने का कार्यक्रम तय किया था, जिसे शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन के रूप में आयोजित किया जाना था। इस कार्यक्रम की तैयारी के तहत, कांग्रेस अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष और पीसीसी सदस्य राम सागर रावत ने अपनी टीम के साथ इसमें शामिल होने के लिए योजनाएँ बनाई थीं। हालांकि, 17 दिसंबर की रात को थाना पूराकलंदर के हल्का इंचार्ज ने अपनी टीम के साथ उनके आवास पर छापा मारकर उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। राम सागर रावत ने इस हाउस अरेस्टिंग की कड़ी निंदा करते हुए इसे सरकार की कायरता करार दिया।

गोसाईगंज में 2 जोड़ी महाकुंभ स्पेशल ट्रेन का ठहराव दिए जाने पर सभासद ने रेल मंत्री का जताया आभार

लोकमित्र ब्यूरो

गोसाईगंज-अयोध्या। 10 जनवरी से 28 फ़रवरी तक चलने वाले कुंभ मेले में स्नान ध्यान के लिए आने जाने वाले रेल यात्रियों को कोई परेशानी न हो,इसके लिए रेल प्रशासन ने गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर अप/डाउन साइड की दो जोड़ी ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित किया है।दोनों गाड़ियों का ठहराव गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर दिए जाने पर गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीताराम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जयसवाल ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव सहित मुख्य परिचालन प्रबंधक बड़ोदरा हाउस नई दिल्ली का आभार व्यक्त किया है।

12 कोच वाली महाकुंभ स्पेशल ट्रेन 547 किमी0 की दूरी लगभग 12 घंटे में पूरी करते हुए 21 स्टेशनों पर रुकेगी व जंघई-जौनपुर-अकबरपुर- गोसाईगंज-अयोध्या धाम,सुल्तानपुर- मां बेल्हा धाम(प्रतापगढ)-होकर प्रयागराज जंक्शन पहुंचेगी। गोसाईगंज स्टेशन अधीक्षक महेंद्र नाथ मिश्र ने बताया कि 10 जनवरी को गाड़ी संख्या 04111 सुबह 06 बजे प्रयागराज जंक्शन से चलकर रामबाग स्टेशन पर 06ः10 बजे, झुसी में-06ः28, हंडिया खास पर-06ः50, ज्ञानपुर रोड-सवा 7 बजे, माधो सिंह-07ः33, बनारस- 08ः10, भदोही-09ः13, जंघई जं- 09ः55, मडियाहूं-10ः33, जफराबाद जं0-11 बजे, जौनपुर जं0-सवा 11 बजे, शाहगंज जं0-11ः55, अकबरपुर- 12ः48, गोशाईगंज-दोपहर सवा 1 बजे, अयोध्या धाम जं0-2 बजे, अयोध्या कैंट जं0-ढाई बजे, सुल्तानपुर-साढ़े 3 बजे, प्रतापगढ़ जं0-साढ़े 4 बजे, मऊआइमा-सवा 5 बजे, फाफामऊ जं0-साम 6 बजे, प्रयाग जं0-18ः20 एवं प्रयाग राज जं0 पर साम-18ः50 पर जहां पहुंचेगी वहीं गाड़ी संख्या 04112 सुबह साढ़े 6 बजे प्रयागराज जंक्शन से चल कर प्रयाग जं0 पर 06ः43 बजे, फाफामऊ जं0-06ः55, मऊआइमा- 07ः40, प्रतापगढ़ जं0-08ः25, सुल्तानपुर-09ः20, अयोध्या कैंट जं0-साढ़े 10 बजे, अयोध्या धाम जं0-10ः50, गोशाईगंज- 11ः50, अकबरपुर जं0-12ः18, शाहगंज जं0-13ः10, जौनपुर जं0-13ः50, जफराबाद जं0- 14ः08, मड़ियाहूँ-14ः35, जंघई जं0-साढ़े 3 बजे, भदोही- 16ः13, बनारस-साम 5 बजे, माधोसिंह-सवा 6 बजे, ज्ञानपुर रोड-18ः48, हंडिया खास-19ः48, झुसी-साम सवा 8 बजे, प्रयागराज रामबाग-रात साढ़े 8 बजे एवं प्रयागराज जं0 रात 9 बजे पहुंचेगी। एस एस श्री मिश्रा ने बताया कि दूसरी स्पेशल ट्रेन 04113 प्रयागराज जं0 से साम साढ़े 5 बजे चलकर वाराणसी 19ः40, जफराबाद 22ः40, शाहगंज 23ः35, गोसाईगंज रात 00ः55, अयोध्या कैंट रात ढाई बजे, सुल्तानपुर 3ः35, मां बेल्हा धाम (प्रतापगढ़) सुबह 4ः40, प्रयागराज जं0 पर जहां पौने 8 बजे पहुंचेगी वहीं गाड़ी संख्या 04114 प्रयागराज जं0 से साम पौने 6 बजे छूटकर प्रतापगढ़ 19ः40, सुल्तानपुर 20ः35, अयोध्या कैंट 21ः45, गोसाईगंज रात 11ः05, शाहगंज 00ः25, जफराबाद 1ः23, वाराणसी सुबह सवा 4 बजे एवं प्रयागराज सुबह 8 बजकर 20 मि0 पर पहुंचेगी।

एसोसिएशन ने अवैध वसूली रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। उत्तर प्रदेश अटैच बस ओनर वेलफेयर एसोसिएशन ने अवैध वसूली रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम से अनुबंधित बसों के साथ-साथ प्राइवेट गाड़ियों को फैजाबाद अयोध्या और बस स्टेशन पर पैसे लेकर आने की अनुमति दी जाती है। इसके अलावा, अयोध्या नाका बाईपास पर परिवहन निगम की बसों का 500 से 2500 रुपये का जबरन चालान काटा जा रहा है, जबकि प्राइवेट बसों को संरक्षण मिल रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सपा कार्यालय के पास एक दबंग युवक वाहन स्वामियों से प्रतिदिन □100 गुंडा टैक्स वसूलता है, नहीं तो पुलिस के साथ मिलकर चालान करवा दिया जाता है। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष रामनयन तिवारी, वरुण कुमार पांडेय, सचिन कृष्णकांत मिश्रा, और अन्य लोग शामिल थे।

फैजाबाद अधिवक्ता संघ अयोध्या के अध्यक्ष बने एसएन सिंह महामंत्री गिरीश चंद्र तिवारी

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। देश के अति विशिष्ट माने जाने वाले फैजाबाद अधिवक्ता संघ अयोध्या के अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह महामंत्री गिरीश चंद्र तिवारी वर्ष 2025 के पदाधिकारी चुने गए। उच्च न्यायालय के निर्देश पर गठित एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जोखू प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न हो गया। 2353 मतदाताओं ने 12 पदों के पदाधिकारी का चयन किया। चुनाव परिणाम में अध्यक्ष पद पर सूर्य नारायण सिंह 712 मत और उपाध्यक्ष चंद्रभान सिंह 620 मत महामंत्री गिरीश चंद्र तिवारी 739 मत कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा 621 मत पाकर विजई घोषित हुए। संयुक्त मंत्री प्रथम पद पर ऋषि कुमार मिश्र संयुक्त मंत्री द्वितीय पद पर राजीव तिवारी कार्यकारिणी ए पद पर पूर्णिमा सिंह दिलीप मिश्र कार्यकारिणी सी पद पर अरविंद पाण्डेय ममता सिंह कार्यकारिणी सी पद पर माधव कृष्णा पांडे उर्फ लकी एवं मयंक तिवारी विजय घोषित किए गए। अधिवक्ता संघ के निर्वाचित पदाधिकारी को अधिवक्ताओं ने बधाई दी और फूल मालाओं से लादकर सबका भव्य स्वागत किया गया उनके समर्थकों ने लड्डू बाँटकर खुशियां मनाई। निर्वाचित पदाधिकारी को एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जेपी तिवारी वरिष्ठ सदस्य बाबू प्रियनाथ सिंह विजय कुमार श्रीवास्तव गिरीश प्रताप सिंह अरविंद कौल ने शुभकामनाएं दी। जीते हुए पदाधिकारी को पूर्व अध्यक्ष पंडित कालिका प्रसाद मिश्र सहित अधिवक्ताओ ने बधाई दिया।

आत्मविश्वास से मानसिक एवं शारीरिक विकास की होती वृद्धि- शुभम

कंपोजिट स्कूल मुजेहनी में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का हुआ समापन

बलरामपुर। आत्मविश्वास से न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक विकास भी प्रबल होता है, यह बातें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने कंपोजिट विद्यालय मुजेहनी में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर बालिकाओं को संबोधित करते हुए कही। बीएसए ने कहा कि इस प्रशिक्षण से बालिकाओं में केवल आत्मविश्वास का ही विकास नहीं हुआ है ,बल्कि इसके साथ-साथ उनमें कठिन परिस्थितियों में किस प्रकार से अपने आप को बचाया जा सकता है। यह क्षमता भी प्रशिक्षण में विकसित हुई है। विभाग से निर्देशित 24 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षिका संध्या गुप्ता ने उच्च प्राथमिक स्तर की बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण दिए । जिसका प्रदर्शन भी मुख्य अतिथि के सामने बालिकाओं ने किया । प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं जिला स्काउट मास्टर महमूद उल हक ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से उन बालिकाओं में आत्मविश्वास की वृद्धि हुई है, बाहर निकलना डरती थी। इस प्रशिक्षण से परिवार के लोगों में भी एक आस जगी है, जो दूर के इलाकों से विद्यालय में पढ़ने के लिए आई थी सुरक्षा की दृष्टि से उनके अभिभावक बालिकाओं को विद्यालय नहीं भेज पाते थे। कार्यक्रम के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम् शुक्ला एवं ज़िला समन्वयक मध्यान्ह भोजन फिरोज़ अहमद ने सभी बालिकाओं को प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया साथ बेस्ट परफॉर्मर के तौर पर कक्षा 8 की मन्ना मौर्य, कक्षा 7 की अमृता शर्मा एवं सनम का चयन हुआ जिन्हें ट्रॉफी भी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के स्टाफ अनिल कुमार, अमित कुमार, नंदिनी शुक्ला, जितेंद्र कुमार, अल्पना कुमारी, अंशु, महेश्वरी और कदम वालंटियर माया यादव का विशेष सहयोग रहा।

कमलम या ड्रैगन फ्रूट की खेती करे एक बार मुनाफा कमाये

जौनपुर। सालो साल जनपद मे नवाचार की राह पर कदम बढाते हुए ड्रैगनफ्रूट की खेती शुरू की गयी है। ड्रैगनफ्रूट को इजराइल एवं वियतनाम जैसे देशों मे उगाई जाने वाले इस फसल को जनपद के विकासखंड मछलीशहर, बदलापुर, मुफ्तीगंज के किसानों ने अपनाया है इस फसल मे कम लागत व अधिक मुनाफा होने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अधिक होती है। ड्रैगनफ्रूट के पौधे को आवारा पशु भी नुकसान नही पहुचाते है। ड्रैगन के पौध एक बार लगाने से 25 से 30 साल तक उत्पादन मिलता है यह इम्यूनिटी बूस्टर का अच्छा विकल्प माना जाता है। एक ड्रैगेनफ्रूट की कीमत बाजार मे 100 से 150 रू0 तक पहुचती है मछलीशहर ब्लाक के ग्राम घिसुआखुर्द के प्रतीक कुमार गुप्ता, विकासखंड बदलापुर ग्राम तियरा के कृषक तिलकधारी और विकासखंड मुफ्तीगंज ग्राम पसेवा के कृषक मोर्टसन मेसी एवं विकासखंड बदलापुर के ग्राम तियरा के किसान बृजेश यादव ने 1195 लाल गुदा

किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मानवाधिकार दिवस का आयोजन

सुलतानपुर। ग्राम पंचायत मल्हेपुर पंचायत भवन में मानवाधिकार दिवस का आयोजन पानी संस्थान के द्वारा किया गया। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस का विषय हमारा अधिकार हमारा भविष्य अभी से है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गीता सिंह अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय पिंगिरियावा, ग्राम प्रधान मल्हेपुरए आआंगनवाडी मल्हेपुर पंचायत सहायक मल्हेपुर एवं पानी संस्थान की वरिष्ठ कार्यकर्ता गीता एवं लीलावती द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। उक्त कार्यक्रम में पानी संस्थान द्वारा भीटी ब्लाक में चल रहे किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम में 07 ग्राम पंचायत से लगभग 300 किशोरियो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में किशोरियों द्वारा स्वागत गीत, नुक्कड़नाटक, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रस्तुत किया गया। परियोजना समन्वयक रागिनी विश्वकर्मा द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य एवं मानवाधिकार दिवस के बारे में बताया गया। इस दौरान 07 ग्राम पंचयात के विद्यालयों के अध्यापकगण, आआंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा पानी संस्थान की वरिष्ठ कार्यकर्ता लीलावती, गीता एवं पानी सस्थान की टीम उपस्थित रही।

सुनीति और सुरुचि का ज्ञान ही मोक्ष का साधन है-कथा व्यास

हरौरा बाजार में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत का तीसरा दिन

बल्दीराय/सुल्तानपुर। जो नीति नियम व सिद्धांत के अनुसार काम करे वह सुनीति व जो अपनी रुचि इच्छा से काम करे वह सुरुचि। सुरुचि से किया गया कार्य कभी-कभी बड़ी हानि पहुंचाता है। उक्त बातें कथा व्यास कैलाश नारायण तिवारी गायत्री शक्तिपीठ सुल्तानपुर ने बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हरौरा बाजार में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा में कही। तृतीय दिवस की कथा में कथा व्यास जी ने भक्त ध्रुव प्रहलाद की कथा का मनोरम वर्णन किया। कथा व्यास ने अनेक छोटी-छोटी लोक कथाओं के माध्यम से परिवार व समाज मे हो रहे विघटन कारी घटनाओं पर ध्यानाकर्षण किया। कथा के क्रम मे उन्होंने मन की दशा का बड़ा ही मनोरम वर्णन किया। उन्हाने कहा कि जब मन नियंत्रित होगा तो कार्य भी सुंदर होगा व सन्तुष्टि भी मिलेंगीं। मन को साधने से ही जीवन में परमानन्द की प्राप्ति होती है। कथा व्यास ने सुरुचि द्वारा बालक ध्रुव को राजा की गोद से नीचे उतार देने की कथा का बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया। बच्चों के मन मे सांसारिक बातों के साथ ईश्वर व ब्रह्म की तरफ भी प्रेरित करें।तभी बच्चों में सदुणों का विकास होगा।बच्चे के कोख में आने पर माताओं के द्वारा किये गए कार्यों का प्रभाव कोख में पल रहे बच्चे पर सीधा असर डालता है। अस्तु माताओं को व परिवार सभी को सदैव सदाचरण को अपनाना चाहिए।तभी विश्व का कल्याण होगा।देश व धर्म को बचाना है तो परिवार अपने बच्चों में श्रद्धा पैदा करें। परम पिता को प्राप्त करने के लिए तप की आवश्यकता होती है।जब संकल्प शक्ति मजबूत होती है तो कार्य की सिद्धि होती है। इस प्रकार कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत से जुड़े अनेक प्रसंगों का बड़ा ही मनहर वर्णन किया। मेरा जीवन सारा बीते तेरा नाम जपते जपते।

कोई बाधा न आने पाए,तेरी राह चलते चलते।जैसे भजनों पर भक्तगण देर रात तक झूमते रहे।

आयोजक मथुरा प्रसाद विश्वकर्मा ने व्यास पीठ की आरती उतारी। इस मौके पर चंदन उपाध्याय, नीरज पांडेय, दिलीप उपाध्याय, ज्ञान चंद्र मोदनवाल, सूरज विश्वकर्मा, नीरज विश्वकर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए "अनुगम 2024' का आयोजन

सुलतानपुर। कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में बी. टेक. तथा पालीटेक्निक के सत्र 2024-25 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रेशर्स पार्टी अनुगम 2024' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एन्ड सोशल साइंसेज के पूर्व उप प्राचार्य प्रो.(डा.) सुशील कुमार सिंह रहे द्य कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। तत्पश्चात संस्थान के निदेशक प्रो.(डा.) डी.एस.पुन्डीर ने अपने उद्बोधन में संस्थान के गौरवशाली इतिहास को सभी छात्र छात्राओं एवं उपस्थित अतिथियों के समक्ष रखा एवं नवागंतुक छात्र छात्राओं को सदैव अपने लक्ष्य के प्रति केन्द्रित रहने को कहा। प्रो.(डा.) सुशील कुमार सिंह ने छात्रों को अपने आत्मबल को बढाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है, सकारात्मकता के साथ मेहनत जरुरी है।

संस्थान के डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्रों को संस्थान की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और कठिन परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अन्त में निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार डिप्लोमा के छात्र नीलेश रावत को मिस्टर प्रेशर तथा छात्रा अंकिता वर्मा को मिस प्रेशर तथा बी. टेक. में दिलीप कुमार को मिस्टर प्रेशर तथा नव्या शुक्ला को मिस प्रेशर चुना गया। वर्षा प्रजापति तथा प्रिंस को सर्वश्रेष्ठ एंकर के रुप में चुना गया द्य अर्पित सिंह को बेस्ट सिंगर, बी. टेक. कम्प्यूटर साइंस की टीम को बेस्ट ग्रुप डांस, चंचल मौर्या को बेस्ट सोलो डांस, बी. टेक. कम्प्यूटर साइंस की टीम को इंडियन आर्मी पर आधारित बेस्ट ड्रामा, का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अन्त में संयोजक मनोज भार्गव ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग संकाय के सभी विभागाध्यक्ष , डा. रामसागर सिंह,एवं शिक्षकगण ए के सिंह, सैनुद्दीन, कौस्तुभ कुन्दन श्रीवास्तव, जय चन्द, ग्रीष्मा श्रीवास्तव, जे पी मिश्रा, मनोज भार्गव, अखंड प्रताप सिंह, प्रदीप द्विवेदी, कसीम खान, आनन्द प्रताप, तथा बी. टेक. एवं पालीटेक्निक प्रथम वर्ष के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

खड़ंजा निर्माण, डेस्टबिन, डेंक्स बेंच के नाम पर लाखों का घोटाला, जांच करेगे गन्ना अधिकारी

सुल्तानपुर। विकासखंड जयसिंहपुर के ग्राम पंचायत उमरी में बिना कार्य कराए ही धन उगाही करने की घोर लापरवाही सामने आने से जिला अधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने जिला गन्ना अधिकारी राजेंद्र कुमार को जांच अधिकारी नामित किया है। शपथपत्र दाखिल कर शिकायत कर्ता विकासखंड जयसिंहपुर के ग्राम पंचायत उमरी के गांव सपाही निवासी गेंदा लाल ने कहां है कि वर्ष 2018-19 में पूर्व प्रधान रामदयाल वर्मा व उनके प्रतिनिधि द्वारा पक्की सड़क बिरसिंहपुर पिच रोड से गेंदालाल के घर तक खडंजा निर्माण के नाम पर लगभग लख रुपए से अधिक का धन निकाल लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी व शासन से किया, जिस संबंध में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी जिला स्तरीय टीम गठित कर प्रारंभिक जांच करवाया, जांच में पुष्टि होने पर मामले को गंभीरता से लेते ही पुनः जिला गन्ना अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश में कहां है कि जांच के क्रम में उक्त अधिकारी 30 दिवस के भीतर जिला मजिस्ट्रेट को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। विभाग की माने तो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1997 संशोधित 2001 में दिए गए प्रावधानों के अंतर्गत यह निर्देश है कि प्रारंभिक जांच के बाद ही सख्ती से वसूली सहित अन्य कार्यवाही संभव है। जिला गन्ना अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने कहा है कि उक्त के संबंध में जिला अधिकारी के पत्र 26 /11 /2024 प्राप्त होने के पश्चात खंड विकास अधिकारी जयसिंहपुर को अभिलेख सहित प्रस्तुत होने के लिए पत्र जारी किया है। काफी समयांतराल के बाद दोबारा पत्र भेजा गया है, अभिलेख आने के बाद जांच की गति आगे बढ़ेगी। जांच में ग्राम पंचायत अधिकारी, प्रधान दोष छिपा नहीं सकते कार्यवाही होना संभव है।

रुके विकास कार्यों को लेकर गोमती मित्रों ने ईओ से की मुलाकात

सुल्तानपुर। सीताकुंड धाम पर रुके विकास कार्यों को लेकर गोमती मित्र मंडल परिवार ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज से मुलाकात की।

इस मुलाकात में गोमती मित्र मंडल परिवार ने अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने रुके हुए विकास कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग की। अधिशासी अधिकारी ने इस मांग पर सहमति जताते हुए रुके कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। जिसमें गोमती मित्र मंडल परिवार के राकेश सिंह ददादू, अजय वर्मा, विकास शर्मा, मुन्ना पाठक, आलोक तिवारी, सुजीत कसौधन, आदि लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं /विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

सुलतानपुर। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक उ0प्र0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से आयोजित की गयी। उक्त बैठक में विभागवार संचालित परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा सम्बन्धित विभाग के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि की उपस्थिति में की गयी। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विभागवार संचालित परियोजनाओं की गहन समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में 05 करोड़ से अधिक लागत वाली संचालित परियोजनाओं का निरीक्षण कर उसकी आख्या प्रत्येक माह उपलब्ध करायें। इसके लिये सभी परियोजनाओं के नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं। उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं से सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं यथा-यूपीपीसीएल, सिडको, सीएलडीएफ, राजकीय निर्माण निगम आदि के अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ससमय कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार पर्यटन, सेतु निगम, निर्माणाधीन राजकीय इण्टर कॉलेज पिपरी, सद्भावना मडंप आदि के निर्माण कार्यों की भी प्रगति समीक्षा की गयी।जिलाधिकारी महोदया द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की प्रगति, बेसिक शिक्षा, पर्यटन, जल जीवन मिशन, सेतु निर्माण, लोक निर्माण विभाग, ओ0डी0ओ0पी0, कन्या सुमंगला योजना, पंचायती राज विभाग, यूपी नेडा आदि विभागों की सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से प्रगति समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन-जिन विभागों की रैंकिंग में इस माह गिरावट हुई है वे सभी विभाग अपनी रैंकिंग सुधारने हेतु डाटा फीडिंग का कार्य सावधानी पूर्वक समय से कर लें। जिलाधिकारी महोदया ने विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं/कार्यों तथा जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को पात्र व्यक्तियों तक प्रत्येक दशा में पहुँचाया जाये।

कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन

जौनपुर। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर उपनिदेशक कृषि ने फार्मर रजिस्ट्री के सम्बध में जानकारी दी। डिप्टी आर एमओ ने धान क्रय के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराये, धान क्रय 28 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि बाजरा के खरीद की तिथि 31 दिसम्बर 2024 निर्धारित है जो किसान बेचना चाह रहे, नजदीक के धान क्रय केन्द्र पर अपना बाजरा विक्रय कर सकते है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि एक्सईएन सिचाई को निर्देश दिया कि समय से नहरों में पानी पहुचाना सूनिश्चित करें। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी और ए आर कापरेटिव को निर्देश दिया कि जनपद में यूरिया की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रहे कही से भी शिकायत न आने पाये। उन्होने एलडीएम को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों को केसीसी के माध्यम से लोन वितरित कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्होने उप निदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को सहयोग करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुनते हुए निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर डिप्टी पीडी आत्मा रमेश चन्द्र यादव सहित किसान संगठन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण (सीडा) का औचक निरीक्षण

जौनपुर। जिलाधिकारी/मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीडा डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण (सीडा) का औचक निरीक्षण और सीडा सभागार में बैठक की गयी।

सीडा प्राधिकरण के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आवास निर्माण के कार्य की प्रगति को देखा गया और कार्य की गति धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा अर्द्धनिर्मित भवन (टाईप-4) को 07 जनवरी 2025 तक पूर्ण रूप से तैयार कर सीडा को हस्तगत कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये और कार्यदायी संस्था को नोटिस निर्गत किये जाने के निर्देश भी दिये गये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुरूप होना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण कार्य की प्रगति को देखा और निर्देशित किया कि सीडा में सड़क संख्या-11 को शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था को नोटिस निर्गत किया जाय एवं किसी भी प्रकार की शिथिलता संस्था द्वारा न बरती जाय। इसके साथ ही उन्होंने पिछले निरीक्षण में जो भी दिशा-निर्देश दिये थे उनके अनुपालन का अवलोकन किया तथा कार्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये।

इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सीडा के उद्यमी संगठन के प्रतिनिधि, अध्यक्ष, नगर पालिका मुंगराबादशाहपुर एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ महाकुम्भ-2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा के दृष्टिगत सीडा के उद्यमी संगठनों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-31 से होकर गुजरने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु 01 होल्डिंग एरिया का निर्माण कराया जाय। जिसमें आवश्यकतानुसार बेड, विस्तर, कम्बल एवं प्रसाधन की अस्थायी व्यवस्था करायी जाय।

इस दौरान उन्होंने मुरली बिन्द नामक वयोवृद्ध को कंबल प्रदान करते हुए उनका कुशलक्षेम भी पुछा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर, उपायुक्त उद्योग सन्दीप कुमार, औद्यागिक संगठन एवं प्रमुख उद्यमीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

विद्यालयो के प्रचार्य/प्रधानाचार्य के साथ बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई

जौनपुर। पूर्वदशम् छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर गठित अनुश्रवण समिति की व जनपद की राजकीय/राजकीय सहायता प्राप्त/वित्त विहिन विद्यालयो के प्रचार्य/प्रधानाचार्य के साथ बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा के द्वारा अवगत कराया गया कि पिछड़ी जाति के कक्षा 9 एवं 10 के छात्रो के द्वारा जनपद में कूल 36554 छात्रवृत्ति के आवेदन अंतिम रूप से भरे गये है जिसके सापेक्ष विद्यालयों के द्वारा मात्र 19865 आवेदन पत्रों को ही अग्रसारित किया गया है। एवं दशमोत्तर कक्षाओं के छात्रो के द्वारा जनपद में कूल 77978 छात्रवृत्ति के आवेदन अंतिम रूप से भरे गये है जिसके सापेक्ष विद्यालयों के द्वारा मात्र 13793 आवेदन पत्रों को ही अग्रसारित किया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि सामान्य जाति के कक्षा 9 एवं 10 के छात्रों के द्वारा 6007 आवेदन पत्र अंतिम रूप से भरे गये है जिसके सापेक्ष विद्यालय के द्वारा 836 आवेदन पत्रों को ही अग्रसारित किया गया है। एवं अनुसूचित जाति के कक्षा 9 एवं 10 के छात्रों के द्वारा 19265 आवेदन पत्र अंतिम रूप से भरे गये है जिसके सापेक्ष विद्यालय के द्वारा 2408 आवेदन पत्रों को ही अग्रसारित किया गया है एवं दशमोत्तर कक्षाओं में सामान्य जाति के छात्रों के द्वारा 19023 आवेदन पत्र अंतिम रूप से भरे गये है जिसके सापेक्ष विद्यालय के द्वारा 11083 आवेदन पत्रों को ही अग्रसारित किया गया है। एवं अनुसूचित जाति के छात्रों के द्वारा 35488 आवेदन पत्र अंतिम रूप से भरे गये है जिसके सापेक्ष विद्यालय के द्वारा 24054 आवेदन पत्रों को ही अग्रसारित किया गया है।

बैठक में जनपद के सभी विद्यालयों के प्राचार्य/प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया कि विद्यालय स्तर से छात्रो के डाटा को अतिशिघ्र सत्यापित/डिजटली लॉक करने का कष्ट करें। जिससे कोई पात्र छात्र/छात्राऐ छात्रवृत्ति से वंचित न रह जाये।

धनराशि के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में 15वें वित्त से प्राप्त धनराशि के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में कुल सात नगर निकायों द्वारा विभिन्न कार्यों का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी द्वारा विधिवत अवलोकन एवं विचार विमर्श के उपरांत आगामी महाकुंभ की दृष्टिगत एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्यो की स्वीकृति प्रदान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मोबाइल टॉयलेट एवं यूरिनल खरीद के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया की कुंभ मेला के दृष्टिगत मार्गो पर महाकुंभ से संबंधित होल्डिंग लगाने के के साथ-साथ साफ सफाई सुनिश्चित करा लिया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, इशिता किशोर, नगर पालिका परिषद जौनपुर, मुंगराबादशाहपुर, शाहगंज, के अध्यक्ष व नगर पंचायत मडियाहूं, केराकत, खेतासराय, जफराबाद के अध्यक्ष एवं संबंधित निकायों के अधिशाषी अधिकारीगण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

ग्राम पंचायतों के सशक्तीकरण को उठाए जाएं कदम

बांदा। अखिल भारतीय प्रधान संगठन पदाधिकारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि संविधान विधेयक के तहत 29 विषयों व उनके अधिकार पंचायत कर्मियों को पंचायतों को सौंपकर सत्ता विकेन्द्रीयकरण की आदर्श व्यवस्था को लागू किया जाए। ज्ञापन में सरकार की ओर से छोटी पंचायतों को अतिरिक्त विकास कोष देने के वायदे को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की गई। इसके साथ ही जिन पंचायतों से खनिज निकासी हो, उन पंचायतों से प्राप्त धनराशि पर ग्राम पंचायतों का भी समस्त अधिकार होना चाहिये। ग्राम पंचायत में कार्यरत सभी कर्मचारियों की उपस्थिति कार्य प्रमाणन निलंबन में भी कार्य ग्राम पंचायतों की संस्तुति का अधिकार सुनिश्चित करने की मांग की। इसके साथ ही ग्राम पंचायतवार सचिवों की नियुक्ति प्रति पंचायत एक सचिव होना चाहिये। जनपद स्तर पर डीएम, एसपी और मासिक बैठक लेना सुनिश्चित किया जाना चाहिये। ग्राम पंचायतों के सशक्तीकरण के लिए सभी प्रकार के करों को लगाने और वसूल करने का अधिकार दिए जाने के साथ ही अन्य मागें भी की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह गौतम के अलावा कोषाध्यक्ष लाला भईया प्रधान, जिला मीडिया प्रभारी रत्नेश, कोरा प्रधान कुरौली, जिला महा सचिव पुष्पेंद्र कुमार प्रधान बड़ोंखर, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह प्रधान जौहरपुर, जिला महामंत्री जगपत सिंह प्रधान बिछवाही, जिला मंत्री आनंद कुशवाहा प्रधान , जिला महामंत्री कमलेश कुमार प्रधान अतर्रा ग्रामीण, सिकहुला प्रधान, आशा वर्मा प्रधान पचनेही, लियाकत प्रधान, अशोक कुमार अलिहा प्रधान आदि लगभग आधा सैकडा जिला समिति के प्रधान मौजूद रहे।

ब्लाकों व पंचायतों में समस्या समाधान के लिए आयोजित हों विशेष शिविर

बांदा। गांवों में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किए जाने के लिए शासन के निर्देश पर सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी वेदप्रकाश मौर्य ने बताया कि सभी विकास खंडों और ग्राम पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन किए जाना सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ ने बताया कि 19 से 24 दिसम्बर के बीच शासन के निर्देश पर सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी विकासखण्डों व ग्राम पंचायतों को निर्देश प्रदान किये गये हैं कि 19 दिसम्बर को शिकायतों का निराकरण के लिए विशेष शिविर का आयोजन करना सुनिश्चित करें। 22 दिसम्बर को ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी के लिए विशेष कैम्प आयोजित होंगे, जिसमें जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र, किसान सम्मान निधि, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, कृषि तथा उद्यान से सम्बन्धित आवेदन पत्रों का निस्तारण किया जायेगा। 24 दिसम्बर को जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय अधिकारियों की एक कार्यशाला होगी। इस कार्यशाला में सप्ताह में किये गये कार्यों की समीक्षा की जायेगी। 19 तारीख से 24 तारीख के बीच में आयोजित किये गये कार्यक्रमों की वेबसाइट पर गतिविधियों की अपलोडिंग भी सुनिश्चित कराई जाए।

प्राइमरी विंग ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस-डे

बांदा। बुधवार को यूरो किड्स श्रीनाथ विहार और भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी के प्री-प्राइमरी विंग में क्रिसमस-डे का भव्य आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथियों राम लखन कुशवाहा, चंद्रकला कुशवाहा, अकादमी निर्देशिका वृंदा जिनराल, प्रधानाचार्य भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी शिवेंद्र श्रीवास्तव और प्रधानाचार्य भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज राजेंद्र सिंह ने ईसा मसीह की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर और केक काटकर किया।

प्री-प्राइमरी के बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। बच्चों ने लाल और सफेद रंग की पोशाक पहनकर माहौल को क्रिसमस के रंग में रंग दिया। यूकेजी कक्षा के बच्चों ने ÷सौदा खरा-खरा, गाने पर जोरदार प्रदर्शन किया। नर्सरी कक्षा के बच्चों ने हैप्पी न्यू ईयर गाने पर मनमोहक नृत्य किया। एलकेजी कक्षा के बच्चों ने डीएलई गाने पर शानदार परफॉर्मेंस दी। यूरो किड्स के सभी बच्चों ने मटरगस्ती, जूबी-जूबी व इति सी हंसी, गाने पर धमाकेदार नृत्य कर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने ईसा मसीह के जन्म की झांकी भी प्रस्तुत की। सेंटा क्लॉज के रूप में आए बच्चों ने ढेर सारे उपहार वितरित किए, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और खुशियों का माहौल बना रहा। शिक्षिकाएं कोपल यादव, मेहरुन्निशा, अंशिका त्रिपाठी, अंशिका श्रीवास्तव, संदीपिका तिवारी एवं मेनका गोस्वामी, कृतिका कश्यप, प्रियंका तिवारी, रिजवाना प्रवीन, संस्कृति जैन, संचिता श्रीवास्तव सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की सफलता ने यह साबित कर दिया कि जब बच्चे और शिक्षक मिलकर मेहनत करते हैं, तो हर आयोजन यादगार बनता है। संस्था के चेयरमैन शिवशरण कुशवाहा ने इस कार्यक्रम के लिए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं और सभी शिक्षको को प्रोत्साहित किया। विद्यालय की निर्देशिका संध्या कुशवाहा ने अतिथियों और अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया और बच्चों को क्रिसमस डे की शुभकामनाएं दीं।

पत्नी से अनबन पर पति ने फंदा लगाकर जान दी

बांदा। पत्नी से अनबन के बाद युवक ने दो मंजिला मकान में पंखा की हुक पर दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मढिया नाका मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय आनंद पुत्र कमलेश ने बुधवार की सुबह दो मंजिला मकान मे बने कमरे में पंखा की हुक पर दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकला तो पिता ने कुड़ी खटखटाई लेकिन अंदर से कोई हरकत नही हुई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़ कर कमरे के अंदर पहुंची देखा तो आनंद फंदे पर लटक रहा था।मृतक के छोटे भाई अंकित ने बताया कि आनंद राज मिस्त्री का काम करता था। बताया कि आनंद बीड़ी पीता था। बीडी की बदबू पत्नी शिवानी को पसंद नही थी। उसने कई बार मना किया लेकिन वह नही माना इसके चलते पत्नी शिवानी ने आनंद से दूरिया बना लिया था। पत्नी के दूरिया बना लेने से परेशान होकर आनंद ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

विधानसभा घेराव से पहले कांग्रेसियों को किया हाउस अरेस्ट

पूरे प्रदेश से लखनऊ पहुंचकर विधान सभा घेराव का किया था ऐलान

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जनता मांगे जवाब कब दोगे हिसाब के नारे के साथ विधानसभा घेराव को फ्लाप करने के लिए शासन-प्रशासन ने एक दिन पहले ही कमर कस ली और कांग्रेस के बड़े नेताओं को हाउस अरेस्ट करने का अभियान चला दिया। पुलिस ने जिलाध्यक्ष से लेकर पार्टी के सभी बड़े नेताओं के घर पर देर रात दस्तक दी और उन्हें घर पर गिरफ्तार करके बैठाए रखा।

हालांकि जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे अपने घर पर नहीं मिले तो उनकी खोज खबर करके उन्हें चित्रकूट पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस की इस कार्रवाई को कांग्रेसियों ने दमनात्मक कार्रवाई बताते हुए प्रदेश की योगी सरकार को अब तक की सबसे डरपोक सरकार बताया।

विधानसभा घेराव के लिए निकलने से पहले ही पुलिस प्रशासन एक्टिव हुआ और मंगलवार की रात में ही सभी कांग्रेसी नेताओं के घर पर पुलिस ने डेरा डाल दिया। जिलाध्यक्ष लालू दुबे घर पर नहीं मिले तो उनकी लोकेशन ट्रेस की गई और उनके चित्रकूट में होने की सूचना पर वहीं अरेस्ट कर लिया गया। इसके अलावा पुलिस ने मंगलवार की देर रात महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान को उनके अलीगंज स्थित आवास पर धावा बोला और उन्हें उनके घर पर हाउस अरेस्ट कर लिया। महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती खान का कहना है कि बड़े-बड़े दावे करने वाली प्रदेश की योगी सरकार अब तक की सबसे डरपोक सरकार है। सरकार कांग्रेस के विधानसभा घेराव के ऐलान को लेकर घबराई हुई है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। कहा कि योगी सरकार ने अपनी नाकामी को छिपाने के लिए एक बार फिर से पुलिस को आगे करने का काम किया है और कांग्रेसियों को दमनात्मक रवैये से रोकने का प्रयास किया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह को भी पुलिस ने रात में ही उनके निम्नीपार स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेसी कार्यकर्ता सरकार के दमनात्मक रवैये का मुंह तोड़ जवाब देने को तैयार हैं। कांग्रेस ने तो केवल प्रदेश की योगी सरकार से सात साल का हिसाब मांगने का ऐलान किया था, लेकिन सरकार पुलिस के बल पर जनता की आवाज को दबाना चाहती है। जबकि कांग्रेस के प्रांतीय नेता मुमताज अली और जिला उपाध्यक्ष संकटा प्रसाद त्रिपाठी को भी उनके घरों में ही कैद कर लिया। कांग्रेस की महिला नेत्रियों महिलाओं को हाउस अरेस्ट करने के लिए महिला पुलिस कर्मियों की गैरमौजूदगी पर सवाल उठाए। कहा कि सरकार चाहे जितना प्रयास कर ले, लेकिन कांग्रेसियों को रोक पाना सरकार की पुलिस के बस की बात नहीं है। कांग्रेस के सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता पहले ही लखनऊ के लिए कूच कर चुके हैं।

कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभागियों को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

नरैनी। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की हौसलाफजाई की गई। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रधानाचार्य राकेश कुमार पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी सर्वेश कुमार तिवारी रहे। स्थानीय कस्बा के राजकुमार इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 12 की शना, अर्चना, इंद्रजीत, नाज़रीन, व कक्षा 10 के आदर्श, कक्षा 9 की सुहानी गर्ग, पूजा ,रंजना को पुरस्कृत किया गया। जैवलिन थ्रो, बाधा दौड़, 200 मीटर दौड़, संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश पटेल, शिक्षक श्रीनिवास गर्ग, रामबाबू पटेल, रोहित नंदन, राजाभैया, दिलीप सिंह, मयंक, प्रदीप पटेल, कुंजबिहारी शुक्ला, मंजूषा कचेर, राधा त्रिपाठी, आनंद कुमार व अन्य सभी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से नए मुकाम हासिल होते हैं।

अर्चना प्रथम, प्रेमता द्वितीय और संजना को तीसरा स्थान मिला



लोकमित्र ब्यूरो

नरैनी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर आठ दिनों तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। निबंध प्रतियोगिता के साथ ही अन्य प्रतियोगिताएं भी शामिल हैं। बुधवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

राजकुमार इंटर कॉलेज में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर 18 से 25 दिसंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। पहले दिन बुधवार को अटल जी एवं सुशासन विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा 12 की छात्रा अर्चना देवी ने प्रथम, कक्षा 10 की प्रेमता ने द्वितीय और कक्षा 12 की संजना ने तृतीय स्थान हासिल किया। 100 शब्दों में प्रतिभागियों ने निबंध लिखा। प्रतियोगिता में कालेज प्रधानाचार्य राकेश पटेल और कार्यक्रम प्रभारी श्रीनिवास गर्ग, रोहित नंदन यादव, प्रमोद कुमार, सर्वेश तिवारी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

संयुक्त निरीक्षण में दुरुस्त मिलीं कारागार की व्यवस्थाएं

70 वर्ष से अधिक उम्र के बंदियों की रिहाई को चलाया जा रहा विशेष अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। जिला जज डॉ. बब्बू सारंग ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर जिला जज श्रीपाल सिंह , सीजेएम भगवानदास गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डीएम नगेंद्र प्रताप और एसपी अंकुर अग्रवाल और पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खंड रूपेश सोनकर भी मौजूद रहे। संयुक्त निरीक्षण में जिला जज ने पाकशाला और बैरिकों का निरीक्षण भी किया गया। जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

पाकशाला के निरीक्षण में मीनू के अनुसार दोपहर के भोजन के लिए उड़द व चने की मिक्स दाल, रोटी व आलू बैंगन की सब्जी तैयार होती मिली। कारागार अस्पताल के निरीक्षण में कैंसर से पीड़ित दो बन्दियों से उनके इलाज व खान-पान के सम्बंध में जानकारी ली। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अस्पताल में एडमिट बन्दियों को बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 70 वर्ष से अधिक आयु के बन्दियों और गम्भीर अवस्था के बीमार बन्दियों की रिहाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें कैंसर से पीड़ित दोनो बन्दियों के नाम प्रेषित किये जा चुके हैं।निरीक्षण के दौरान सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में योजित रिट याचिका (सिविल) संख्या 1404/2023 सुकन्या सान्था बनाम भारत संघ व अन्य में पारित निर्णय 3 अक्टूबर के अनुपालन में जिला जज औत बोर्ड ऑफ विज़टर्स के सदस्यगण द्वारा समस्त बन्दियों से किसी भी प्रकार का जातीय भेदभाव किये जाने अथवा अस्पृश्यता किये जाने के सम्बंध में जानकारी ली गई और बन्दियों को जानकारी दी गयी कि आप सभी आपस में किसी प्रकार की जातीय भेदभाव व अस्पृश्यता की भावना एक-दूसरे के लिए न रखें। इसके अतिरिक्त महिला बैरकों का निरीक्षण किया गया। जहां पर जिला जज ने आर्थिक रुप से कमजोर महिला बन्दियों के पास मुकदमों की पैरवी के लिए निजी अधिवक्ता न होने की दशा में निशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने के लिए जानकारी ली गयी तो चार महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि उन्हें मुकदमों की पैरवी के लिए अधिवक्ता प्रदान किये जा चुके हैं। जिलाधिकारी द्वारा महिला बैरक निरीक्षण में महिला बन्दियों को प्राप्त होने वाले वेजेज़ के संबंध में जानकारी ली तो बताया गया कि महिला बन्दियों के आधारकार्ड न होने के कारण बैंक खाते में खोले जाने में बाधा उत्पन्न हो रही है, जबकि कारागार अधीक्षक द्वारा वेजेज राशि का चेक दे दिया जाता है। इस पर पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक आलोक सिंह को कारागार के ही सीयूजी मोबाइल नम्बर पर आधार कार्डों में डालने के लिए निर्देशित किया, ताकि ओटीपी सीयूजी नम्बर पर प्राप्त हो सके। महिला बन्दियों के आधार कार्ड बिना किसी बाधा के बनाये जा सकें।

इससे उनके बैंक खाते खोले जा सकेंगे। इसके साथ ही महिला बंदियों के द्वारा बनाए जा रहे हैण्ड बैग, गुलदस्ते व स्वेटर आदि को बाजार में विक्रय कराने के लिए कारागार प्रशासन को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक आलोक सिंह, जेलर राकेश कुमार मौर्य, उप जेलर निर्भय सिंह, आलोक त्रिवेदी व नरेन्द्र सिंह, राशिद अहमद डीईओ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समेत गजेन्द्र कुमार आशुलिपिक आदि मौजूद रहे।

कर-करेत्तर की वसूली में तेजी लाएं ः डीएम

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई कर-करेत्तर व राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। डीएम नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर व राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्टाम्प देयकों, आबकारी, व्यापार कर, परिवहन आदि विभागों की कर-करेत्तर वसूली की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देशित किया कि कर करेत्तर वसूली में तेजी लाएं। लक्ष्य के अनुरूप करों की वसूली को पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष करों की वसूली तेजी के साथ करें। उन्होंने व्यापार कर व मध्यम सिंचाई की वसूली में वृद्धि करने के निर्देश दिये। उन्होंने मण्डी में प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाये जाने तथा लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने की बात कही। उन्होंने नरैनी में व्यापार कर की वसूली बढ़ाए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विविध देयकों की वसूली तथा विभिन्न आरसी की वसूली की समीक्षा करते हुए आरसी की वसूली के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के सहयोग से मिलान कराकर वसूली कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिये।

उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए पुराने वादों का तेजी से निस्तारण किये जाने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि ठण्ड से बचाव के लिए अपने-अपने क्षेत्र के रैन बसेरों को संचालित रखने के निर्देश दिये। प्रमुख भीड़ वाले स्थानों पर अलाव जलाये जाने और गरीब लोगों को कंबल वितरण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने हदबन्दी के मामलों का निस्तारण प्राथमिकता पर राजस्व निरीक्षकों के द्वारा कार्यों को कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में डीएम ने मत्स्य पट्टा आवंटन की फीडिंग पूर्ण किये जाने, भूमिहीनों को कृषि पट्टा आवंटन शीघ्र किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने 10 बड़े बकायेदारों से धनराशि की वसूली किये जाने के सम्बन्ध में तेजी लाकर वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित करों की वसूली लक्ष्य के अनुरूप तेज गति से करें। बैठक में एडीएम राजेश कुमार, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव समेत सभी एसडीएम, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, तहसीलदार और कर-करेत्तर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

मिट्टी के ढेर से टकराई बाइक, युवक की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। सड़क किनारे लगे मिटटी के ढेर में बाइक आनियंत्रित होकर टकरा गई। इसमें सवार एक युवक की मौत हो गई। पीछे बैठा युवक मामूली रूप से चोटहिल हो गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के धौसड़ गांव निवासी 26वर्षीय लखन सिंह पुत्र रामसिंह मंगलवार की शाम बाइक से सब्जी लेने अपने साथी के साथ तिंदवारी जा रहा था। तभी तिंदवारी कस्बे में नाले की खुदाई चल रही थी। मिटटी सड़क पर पड़ी थी। बाइक आनियंत्रित होकर मिटटी के ढेर से टकरा गई। जिससे लखन बाइक से नीचे जा गिरा उसकी मौके पर मौत हो गई। पीछे बैठा युवक मामूली रूप से चोटहिल हो गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

केन जल आरती में अवैध खनन के खिलाफ नारेबाजी

बांदा। केन जल आरती के आयोजन में लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान अवैध खनन के खिलाफ नारेबाजी की गई। मशीनों से कैचमेंट एरिया में अवैध खनन किए जाने का विरोध किया। कहा कि खनन किए जाने की वजह से जलीय जीव जंतु मर रहे हैं। गंगा समग्र संगठन के द्वारा जल्द ही मुख्यमंत्री को मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की जाएगी।

मालुम हो कि हाल ही में मुख्यमंत्री ने राजस्व को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। राजस्व अधिकारी उनके निर्देश का पालन नहीं कर पा रहे हैं। नदी से चोरी से बालू निकाली जाती है और उसको मोटरसाइकिल, ई - रिक्शा के माध्यम से या फिर ट्रैक्टर में लोडिंग करके बेचा जाता है, जिससे राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। लगातार नदी से बालू निकालकर नदी के आसपास सड़कों के किनारे पर बड़े-बड़े ढेर लगाकर बोरियों में भरकर बालू बेची जा रही है, जो ई रिक्शा के माध्यम से घरों में पहुंचती है और लोग उसे बालू का उपयोग करते हैं। जिससे राजस्व का विशेष रूप से घाटा हो रहा है, क्योंकि पहले लोग नदी से बालू रॉयल्टी देकर खरीदते थे, लेकिन अब इन सभी साधनों का उपयोग करके रॉयल्टी न देकर बालू डायरेक्ट घरों में पहुंच रही है, जिससे सरकार को भारी नुकसान हो रहा है। बहुत जल्द गंगा समग्र के द्वारा इन सभी मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री के पास रखा जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करवाई जाएगी। केन जल महा आरती के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने अवैध खनन के खिलाफ नारेबाजी की और केन नदी का अस्तित्व बनाने की शपथ ली। इस मौके में गंगा वाहिनी की प्रमुख अनीता शुक्ला, जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम, जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र द्विवेदी, जिला मंत्री कमलेश कुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष ब्रज किशोर द्विवेदी, सदर तहसील अध्यक्ष विनय कुमार प्रजापति, उपाध्यक्ष संदीप सेन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

महाकुम्भ में 'दक्ष' पुलिस करेगी 45 करोड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा

कुम्भ मेला पुलिस, ड्यूटी में आये पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण देने के साथ ही और परीक्षा के जरिए दक्ष बनाने पर दे रही जोर

कुम्भ मेला ड्यूटी के लिए आए पुलिस कर्मियों की तैयारियों को परखने के लिए ली जा रही है लिखित परीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। योगी सरकार महाकुम्भ 2025 के आयोजन के लिए विभिन्न आयामों से तैयारी कर रही है। महाकुम्भ 2025 की सुरक्षा और सफलता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार कुम्भ मेला पुलिस, ड्यूटी में आये पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण और परीक्षा के जरिए दक्ष बनाने के लिए नवीन प्रयोग कर रही है। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों की तैयारियों को परखने और उन्हें हर चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण सत्र और परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

प्रशिक्षण सत्रों में आपदा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, श्रद्धालुओं से व्यवहार और कुम्भ के धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं पर गहन जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के बाद आयोजित लिखित परीक्षा में पुलिस कर्मियों की तत्परता का मूल्यांकन किया जा रहा है, ताकि महाकुम्भ के दौरान सुरक्षा और सेवा

➪परीक्षा में महाकुम्भ से संबंधित सवालों पर परखी जा रही पुलिस कर्मियों की नॉलेज

का सर्वोत्तम मानक सुनिश्चित किया जा सके। वहीं लिखित परीक्षा में प्रशिक्षण के दौरान बताए गए विभिन्न आयामों से संबंधित सवालों को पूछा जा रहा है जिसमें आपदा से बचने, श्रद्धालुओं से व्यवहार और कुंभ के धार्मिक और आध्यात्मिक पहलुओं से संबंधित प्रश्न पूछे जा रहे है।

कुम्भ मेला मे आये पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के लिए पूरी तरह तैयार करने के लिए उनकी क्लास चलाई जा रही है और उनकी तैयारियों को परखने के लिए उनकी परीक्षा भी कराई जा रही है। एसएसपी कुम्भ मेला राजेश कुमार द्विवेदी के अनुसार कुम्भ मेला ड्यूटी में आने वाले सभी पुलिस कर्मियों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण क्लास चलाई जा रही है। जो सुरक्षा, आपदा और व्यावहारिक पहलुओं जैसे विभिन्न आयामों पर आधारित है।



इसके बाद क्लास में बताई गई जानकारी के अनुसार उनकी परीक्षा करायी जा रही है, जिसमे कुम्भ मेला में आपदा को पहचानना, आपदा की स्थिति में त्वरित समाधान , रास्तो की जानकारी ,कुम्भ की आध्यात्मिक एवं धार्मिक जानकारी, और भौगोलिक स्थितियों से संबंधित सवाल पूछे जा रहे है।

पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षण संदीप वर्मा ने बताया कि प्रश्नपत्र का प्रारूप बहुविकल्पीय है। 100 नंबर के प्रश्न पत्र में 20 सवाल पूछे जा रहे है। परीक्षा का समय एक घंटे निर्धारित है। परीक्षा में फेल होने पर उनको दोबारा तीन दिनों का प्रशिक्षण क्लास करने और परीक्षा देने का प्रावधान है। जिससे पुलिस कर्मी कुंभ में ड्यूटी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाए।

कुशीनगर से आए इंस्पेक्टर विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद परीक्षा देने से हम लोगों को कुम्भ की भली-भांति जानकारी हो गई है।

हर तरह से तैयार की जा रही फोर्स

प्रयागराज। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रशांत कुमार ने बताया कि महाकुंभ के दौरान पुलिसकर्मियों के लिये सभी तरह की ड्यूटी चुनौती पूर्ण होगी। इसके लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण और परीक्षा के माध्यम से हर तरह से तैयार किया जा रहा है, जिससे वो अपनी ड्यूटी से भिज्ञ रहते हुए किसी भी परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहें।

अब पुलिस मेले की ड्यूटी के लिए पूर्णतया तैयार है। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर संजय कुमार चौबे ने बताया कि यहां आने पर महाकुम्भ के बारे में नई जानकारियां मिली है, जो ड्यूटी में सहायक होंगी। महिला कांस्टेबल स्वेतलाना मौर्य ने बताया कि पूरे पुलिस फ़ोर्स को इस तरह से ट्रेंड किया जा रहा है, जिससे असली परीक्षा महाकुम्भ के शुरू होने पर वे डिस्टिंक्शन नंबरो से पास हो जाए।

देश क्रांतिकारियों का सदैव ऋणी रहेगा

पूर्व संध्या पर काकोरी कांड के बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि

प्रयागराज। अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी के नेतृत्व में मुंशी राम प्रसाद के बगिया नारायण वाटिका में काकोरी कांड को अंजाम देने वाले अमर क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह राजेंद्र नाथ लाहिड़ी एवं अशफ़ाकउल्ला खान को उनके बलिदान दिवस के पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी, भाजपा नेता कुमार नारायण, पूर्व पार्षद विजय वैश्य ने कहा कि देश सदैव क्रांतिकारियों का ऋणी रहेगा 9 अगस्त 1925 में काकोरी कांड के महानायकों ने काकोरी स्टेशन पर अंग्रेजी सरकार के द्वारा हथियार और देश की संपत्ति लूटकर देश से बाहर ले जा रहे थे। जिसे महान क्रांतिकारियों ने ट्रेन पर हमला करके देश की संपत्तियों की रक्षा की थी। इस कांड से अंग्रेजी सरकार की चूले हिल गई थी और उनकी नींद हराम हो गई थी। इस कांड को अंग्रेजी सरकार ने लूट कांड कहा और काकोरी कांड को अंजाम देने वाले महान क्रांतिकारियो को 19 दिसंबर 1927 को अलग-अलग जिले के जेलों में फांसी दी थी। पंडित राम प्रसाद बिस्मिल को को गोरखपुर की जेल में, ठाकुर रोशन सिंह को नॉर्थ मालाका जेल इलाहाबाद, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, 17 दिसंबर को गोंडा में और अशफाक उल्ला खान को फैजाबाद जेल में फांसी दी थी।

कार्यक्रम के संयोजक अभिलाष केसरवानी और शत्रुघ्न जायसवाल रहे। संचालन अजय अग्रहरि ने किया।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कुमार नारायण, राजेश केसरवानी, पूर्व पार्षद विजय वैश्य, कमलेश कुमार, किशनचंद्र जायसवाल , पद्माकर श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, दिलीप केसरवानी, संजय केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, रजनीकांत श्रीवास्तव, श्रेष्ठ चौरसिया आदि रहे।

त्रिवेणी और संगम सिटी क्लब क्वार्टर फाइनल में

प्रथम एमएम हैकेट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। संगम सिटी फुटबाल क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रथम एमएम हैकेट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता में त्रिवेणी क्लब और संगम सिटी क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

त्रिवेणीपुरम झूंसी मैदान पर बुधवार को खेले गये पहले मैच में त्रिवेणी क्लब ने सुल्तानपुर क्लब को 2-0 से हराया। विजेता टीम के लिए ऋत्विक और अनवर अहमद ने गोल किये। अनवर अहमद को वरिष्ठ फुटबालर अश्विनी पटेल ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। अमन सिंह मैच के रेफरी रहे।

दूसरे मैच में संगम सिटी क्लब ने रेड टेप यूनाइटेड को 7-0 से हराया। आमिर खान ने दो, देवेंद्र कुशवाहा, अनूप यादव, आजाद पांडेय, विश्वजीत सिंह, संतोष यादव ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम के अर्सलान को मैन ऑफ दि मैच चुना गया। मैच रेफरी जितेंद्र कुमार (जैक) रहे।

आयोजन सचिव बृजेश कुमार सिंह के अनुसार गुरुवार को एटीके जूनियर व परेड ब्वॉयज के बीच दोपहर ढाई बजे और नाइट राइडर्स व अली स्टार के बीच अपरान्ह साढ़े तीन बजे से मैच होगा।

गुजरात हस्तशिल्प उत्सव 20 दिसंबर से

महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज मे फिर एक बार 20 से 29 दिसंबर तक

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुंभ के अवसर पर, इन्डेक्ष्ट-सी, गुजरात सरकार द्वारा शिल्प हाट, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज मे 20 से 29 दिसंबर तक गुजरात के शिल्पकारो की कलाकृति का प्रदर्शन-एवं-बिक्री का आयोजन किया गया है।गुजरात राज्य के उद्योग और खनन विभाग के कॉटेज एंड रूरल इंडस्ट्री तहत इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन कॉटेज (इन्डेक्ष्ट-सी) कार्यरत है। इन्डेक्ष्ट-सी का मूलभुत उद्देश्य शिल्पकारों की आजीविका को बढ़ावा देना और गुजरात राज्य के दूर दराज गांवों की जीवंत कलाकृतियों, हस्तशिल्प, कॉटेज और ग्रामोद्योग की वंशानुगत कला को जीवित रखते हुए ओर कलाकृतिओ का सर्जन करने वाले शिल्पकारो को गुजरात राज्य के विभिन्न शहर एवं देश के विभिन्न राज्यों में प्रत्यक्ष विपणन मंच (मार्केटिंग प्लेटफॉर्म) मुहैया करना है। सरकार के द्वारा आत्मनिर्भरता की दिशा मे एक कदम के रूप मे हस्तशिल्प के क्षेत्र से जुडे हुए कला-शिल्पकारो के व्यवसाय-रोजगार मे तेजी ला कर शिल्पकारो को आत्मनिर्भरता हासिल करने और आजीविका के लिए आयोजित किया गया है। इस उत्सव मे प्रवेश और पार्किंग निःशुल्क है।

इस उत्सव मे रमत गमत, युवा और सांस्कृतिक प्रवृत्तिया विभाग, गुजरात सरकार के सहयोग से दिनांक 20, 21 एंव 22 दिसंबर को गुजरात के कन्या विद्यालय अस्तान, सुरत, गुजरात-कलाकृति = प्राचीन गुजराती ट्रेंडीशनल गरबा, अर्वाचीन गरबा एवं श्री राठवा आदीवाशी जनजाती, छोटाउदेपुर, गुजरात-कलाकृति = राठवा ट्रायबल डान्स के गुजराती रास-गरबा कार्यक्रमो का आयोजन किया है।

➪शिल्प हाट, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में है आयोजित

यह उत्सव का उद्घाटन शिल्प हाट, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र मे 20 दिसंबर को प्रयागराज के मनोज कुमार गौतम, कमाडेन्ट के कर कमलो से किया जायेगा। इस अवसर पर उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र एवं इन्डेक्ष्ट-सी-गुजरात के अधिकारी उपस्थित रहेगें। इस उत्सव का आयोजन प्रवीण सोलंकी आईएएस, चेयरमेन, इन्डेक्ष्ट-सी एव सेक्रेटरी एव कमिश्नर कॉटेज एंड रूरल इंडस्ट्री, गुजरात सरकार के दिशा-निर्देश से किया गया है।

अन्याय और अत्याचार के खिलाफ डट कर खड़े रहेगे- राघवेंद्र यादव

प्रयागराज। बीते लगभग एक महीने से नैनी सेंट्रल जेल में बंद समाजवादी लोहिया वाहिनी राष्ट्रीव महासचिव राघेन्द्र यादव को बुधवार को रिहा कर दिया गया है। जिससे उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई आई। मंगलवार को इलाहाबाद हाइकोर्ट ने राघेन्द्र यादव को जमानत दे दी। हाइकोर्ट ने शाम साढ़े चार बजे जमानत मंजूर कर उन्हें रिहा किया गया।राघवेन्द्र उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पर चल रहे आंदोलन वन शिफ्ट वन एग्जाम और नॉर्मलाइजेशन जैसे मांगे को लेकर छात्र- छात्राओं के साथ आंदोलन कर रहे थे और लगभग 11 नवम्बर को उन्हें पुलिस गिरफ्तार कर नैनी सेंटर ले जाती है। जेल से छूटने के बाद कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों द्वारा स्वागत किया गया साथ ही जेल से रिहा होने की खबर सुनते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।

आईपीएल की तर्ज पर होगी प्रयागराज सिंधी प्रीमियर लीग

प्रयागराज। द्वितीय प्रयागराज सिंधी प्रीमियर लीग (पीएसपीएल) का आयोजन आईपीएल की तर्ज पर किया जायेगा। इसके लिए खिलाड़ियों की नीलामी हुई है जो 22 दिसंबर से दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर होने वाली प्रतियोगिता में जोर आजमाइश करेंगे। प्रतियोगिता के आयोजक अनिमेश लखमानी और निखिल मलंग ने बताया कि इसमें 12 टीमें भाग ले रही हैं, जो छह-छह के ग्रुप में बांटी गई हैं। प्रत्येक टीम अपने-अपने ग्रुप की सभी टीमों के खिलाफ मुकाबले खेलेगी। लीग की विजेता को 51 हजार रुपये एवं उपविजेता को 31 हजार रुपये की नगद धनराशि मिलेगी। मैन ऑफ दि टूर्नामेंट को एलईडी टीवी दी जायेगी। इसके अलावा हर छक्के पर बल्लेबाज को सौ रुपये मिलेंगे।इसमें ग्रुप ए में आहूजा सुपरस्टार, जय रामजी की नमकीन और रस्क, मील्स ऑन व्हील्स वॉरियर्स, प्रतीक और ऋषि सिंधी लायंस, आरएमसी क्वालैंडर्स, प्लाजू अल्टीमेट और ग्रुप बी में डेंटल जोन सिंध फाइटर्स, एसपीवीआरएन सुपर किंग्स, बजरंग फीनिक्स, पेपरी एवेंजर्स, रिलैक्स एंड सनशाइन लीजेंड्स, जनप्रिया किंग्स शामिल हैं। उद्घाटन मुकाबला गत विजेता पेपरी एवेंजर्स और बजरंग फीनिक्स के बीच होगा। सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला 29 दिसंबर को होगा।

हरियाली के बीच खुशनुमा माहौल में गार्डन पार्टी का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। इलाहाबाद गार्डन एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा भार्गव की जानकी वाटिका में आज शानदार गार्डन पार्टी संपन्न हुई। वंदे मातरम् सामूहिक गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

गार्डन एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रभा भार्गव ने सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें अपने घर, पास- पड़ोस और शहर को हरा-भरा बनाने में अपना पूरा सहयोग करना चाहिए ताकि वातावरण शुद्ध ,स्वच्छ बना रहे। पर्यावरण का स्वास्थ्य से सीधा संबंध है। फूलों से सजी रंग- बिरंगी क्यारियों के बीच रंग-बिरंगे परिधानों में सजी संवरी सदस्यों के लिए गार्डनिंग से संबंधित

कई खेल और क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमें सबने बढ़- चढ़कर भाग लिया। स्मिता अग्रवाल, कीर्ति टंडन, वेणु अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, मंजुला गर्ग ने विशेष सहयोग दिया। प्रभा ने इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति विजयलक्ष्मी, डॉ शान्ति चौधरी , शर्मिला चटर्जी एवं डॉ गीता को पौधे भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप पौधे प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ रंजना त्रिपाठी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सचिव कीर्ति टंडन ने। वरिष्ठ सदस्य जमनोत्री गुप्ता, अन्नपूर्णा अग्रवाल, शशि कनोडिया, बीना गर्ग, उषा गुप्ता, इंदु गोयल, भावना शिक्षार्थी, दीपक भार्गव समेत कुल 70 सदस्य उपस्थित रहे।

नेत्र दान कर पेश की मानवता की मिसाल

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी के वरिष्ठ लायन सदस्य राजीव सेठ ने एक बहुत ही साहसिक निर्णय बहुत ही कठिन पल में लिया जिसकी क्लब के सभी सदस्यों ने सरहाना की। उन्होंने अपनी दिवंगत माता के नेत्रों को दान कर मानवता की मिसाल पेश की।

यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब सिटी के जनसंपर्क अधिकारी लालू मित्तल ने बताया कि लायन राजीव सेठ की माता जी का देहावसान बुधवार प्रातः 4ः00 बजे हो गया। सूचना मिलते ही अध्यक्ष अनूप सिंह, अचल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राम जी केसरी, अजय अवस्थी, लालू मित्तल, हुकुम केसरवानी आदि

क्लब के सदस्य घर पहुंचे। परिवार के लिए वह बहुत ही कष्टप्रद समय था लेकिन बेटे ने उस विषम समय में एक कठोर एवं महत्वपूर्ण निर्णय लिया कि माता के नेत्र किन्ही दो नेत्र हीन व्यक्तियों के काम आ सकता है और उन्हें जीवन में दिव्य रोशनी प्राप्त हो सकती है। इस कठिन निर्णय को सुखद बनाने के लिए उन्होंने तुरंत एम डी आई नेत्र चिकित्सालय, इलाहाबाद को फोन करके डॉक्टर से बात किया और यथा स्थिति बताते हुए डॉक्टर को तुरंत बुलाकर अपनी स्वर्गीय माता के दोनों नेत्रों को हॉस्पिटल को दान कर समाज को एक संदेश भी दिया। लालू मित्तल एवं अध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा कि आंखें अमोल होती हैं, लायंस क्लब के सदस्य द्वारा ने नेत्रदान करके दो लोगों के जीवन में रोशनी जागने का पुण्य काम किया ।लायंस क्लब सदैव ही आंखों के लिए अनेक सेवा कार्य करता आ रहा है जिसमें मरीज का निशुल्क का ऑपरेशन, निशुल्क चश्मा वितरण किया जाता है।

कोषागार की अकाउंटेंट ढाई घंटे ऑफिस में रहीं डिजिटल अरेस्ट

शक होने पर साइबर सेल में की शिकायत, जांच शुरू

प्रयागराज। साइबर अपराधियों ने कोषागार (ट्रेजरी ऑफिस) में कार्यरत अकाउंटेंट हर्षिता शुक्ला को उनके कार्यालय के केबिन में ही ढाई घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा और उनके मोबाइल सिम व आधार कार्ड पर फर्जी बैंक खाते से लगभग ढाई करोड़ रुपये की मनी लांड्रिंग होने का केस बताया। फिर खाते में जमा रुपये को ट्रांसफर करने को कहा। शक होने पर हर्षिता ने कॉल काटने के बाद साइबर सेल से शिकायत की।

ज्ञात हो कि करेलाबाग में रहने वाली हर्षिता शुक्ला सिविल लाइंस स्थित कोषागार में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं। हर्षिता को मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे अंजान नंबर से फोन कॉल आई। फोन करने वाले ने पहले उनका सिम बंद करने की सूचना दी। इसके बाद उन्हें कथित कस्टमर केयर और फिर ईडी व क्राइम ब्रांच मुंबई से जोड़ने की बात कही। साइबर ठगों ने चौबीस घंटे के अंदर उनकी गिरफ्तारी और नौकरी जाने का डर दिखाया। उनके आधारकार्ड व पैनकार्ड की जानकारी ली। इसके बाद आरबीआई का हवाला देते हुए खाते में जमा सारे रुपये को ट्रांसफर करने की धमकी दी गई। रुपये की मांग पर हर्षिता को शंका हुई और उन्हें कॉल डिस्कनेक्ट कर दी। हालांकि इस दौरान ढाई घंटे तक हर्षिता अपने ऑफिस के केबिन में बैठी रहीं और सीट से हिल नहीं सकीं। उन्होंने इसकी शिकायत तत्काल साइबर सेल में की। उनकी शिकायत पर साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है। डीसीपी अपराध सिद्धार्थ मीणा ने बताया कि कभी पुलिस, ईडी अथवा कोई भी संस्था साइबर अरेस्ट नहीं करती है। हर्षिता शुक्ला ने सूझबूझ से साइबर ठगी होने से खुद का बचाया है। उनकी लिखित शिकायत पर मामले की विवेचना की जा रही है।

दो महीने से लापता घर की मुखिया का नहीं लगा सुराग, परिवार में मचा है कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। तहसील के उतरांव थाना क्षेत्र के डुढुवा गांव में लापता घर की मुखिया को उसकी पत्नी व बच्चे दर-दर खोज रहे है। लेकिन लापता अधेड़ का कहीं पता नहीं चल रहा है। जिससे घर में कोहराम और गम का माहौल बना है। डुढुवा गाँव निवासी अजय कुमार सोनी 45 पुत्र दयाराम 6 अक्टूबर 2024 को दोपहर गांव में घूमने के लिए निकले थे लेकिन वे आज तक लौटकर घर नहीं आए। उनकी पत्नी बेबी सोनी, बेटा दुर्गेश, किशन, सचिन तथा बेटी प्रिया सहित परिवार के सब लोग नात रिश्तेदारी

और हर संभावित स्थानों पर खोजबीन किया लेकिन कहीं कुछ अता पता नहीं चल रहा है। पिता के लापता होने से पीड़ित बच्चों पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है।वही पत्नी बेबी का रो रो कर बुरा हाल है। दो महीने के बाद भी अजय सोनी का कही कुछ पता न चलने पर अनहोनी की आशंका से परिजनों में कोहराम मचा है।

गुरु का लंगर संत बाबा जैमल सिंह भूरिवाले

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी । कुंभ मेला क्षेत्र के झूंसी दक्षिणी पट्टी में सिक्ख संत मेला के दौरान गुरु का लंगर चलाएंगे। इसके लिए मेला क्षेत्र के सेक्टर 22 में भूमि आवंटित किया गया उसके पश्चात सिक्ख संतो का जमावड़ा बुधवार को शिविर की तैयारी के लिए पहुंचे। संत बाबा हरवंश जी ने बताया कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं के लिए गुरु लंगर चलाया जाएगा जो मेला के समापन तक चलेगा। तैयारी का जायजा लेने पहुंचे निर्मल अखाड़े के संत गुरुद्वारा के श्रीमहंत ज्ञान सिंह भी अपने अनुयायियों के साथ पहुंचे ।इस मौके पर संत जगवंत जी के साथ तमाम संत उपस्थित रहे।

मोटर जलने से पानी के लिए मचा हाहाकार

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। विकास खंड बहरिया के कमलानगर मे लगी जल निगम पंप एक सप्ताह से मोटर जलने से दो दर्जन से अधिक ग्रामीणो को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है बता दे कि षटम निर्माण खंड कमलानगर पेयजल योजना के अंतर्गत करीब दो दर्जन से अधिक गांव को पानी आपूर्ति की जाती है परन्तु अधिकारियो की उदासीनता के चलते आये दिन जल निगम की पंप खराब रहती है जिससे ग्रामीणो को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अखिल भारतीय सोहम महामंडल आश्रम

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी। महाकुंभ महोत्सव में शामिल हुए स्वामी महामंडलेश्वर सत्या नन्द जी महाराज सेक्टर 22 छतनाग दक्षिण हवेलियां झूंसी में आश्रम स्थापित किया । महामंडलेश्वर सत्या नन्द जी महाराज के शिष्य स्वामी राजवंत जी महाराज ने बताया कि पजाब, हारयाणा , मुबइ, महाराष्ट्र, पुणे, आदि स्थानों से आ रहे श्रद्धालुओं के लिए पंडाल बनाया जा रहा है जिसमें लोगों को रहने की व्यवस्था किया जा रहा है । आश्रम में मकरसंक्रांति के महापर्व से भागवत कथा प्रारंभ किया जाएगा जो मेला के अंत 26 फरवरी तक चलेगा भागवत कथा में भारी संख्या में भक्त गण उपस्थित होंगे जिसके लिए विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हवेलियां झूंसी में निजी आश्रम है जो बृंदावन शाखा से जुड़ा हुआ है।

सड़क पर बह रहा है गंदा पानी

लोकमित्र ब्यूरो

हनुमानगंज । विकास खण्ड बहादुरपूर अनर्गत हनुमानगंज के फतुहां रोड़ के किनारे बने नाली चोक हो जाने से नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है।गंदा पानी से उतपन्न दुरगंध से दुकानदारों व सड़क के किनारे रहने वाले लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ।नाली की सफाई कई महीनो से न होने से स्थिति दयनीय हो गयी है। वही बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।ज़ब की प्रतिदिन इस सड़क से स्थानीय पुलिस प्रसाशन सहित प्रतिनिधि गुजरते है फिर भी इस समस्या के प्रति सभी अपनी आंख बन्द किये है। बाजार वासियों का कहना है की सड़क के किनारे बने नाली चोक होने से गन्दा पानी नाली के ऊपर सड़क पर बह रहा है जिससे हम लोगों के दुकान मे आने वाले ग्राहकों को भी दिक्कत उठानी पड़ती है।और दुकानदारी भी कम होती है।हनुमानगंज फतुहां रोड निवासी समाजसेवी पृथ्वीराज पटेल, जीतू जयसवाल, सुरेश केसरवानी, रमेश केसरवानी, मो. अरसार, डब्बू, मनोज यादव, उमेश सोनी, मुना जयसवाल, आदि लोगों ने जिम्मेदार लोगों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए चोक हुई नाली को जल्द से जल्द सफाई कराये जाने की मांग की।

पुलिस ने पैदल गश्त करके आम जनता को दिया सुरक्षा का भरोसा

थरवई । पुलिस आयुक्त , पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ए सी पी थरवई चंद्रपाल सिंह के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु थरवई थाना क्षेत्र के फोरलेन हाईवे मार्ग पर थरवई में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम के नेतृत्व में पैदल गस्त किया गया पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक रावेन्द्र श्रीवास्तव उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह उपनिरीक्षक संयम जायसवाल उपनिरीक्षक अंकित यादव महिला उपनिरीक्षक दिव्या वं गोविन्द सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी पैदल गस्त अभियान में शामिल रहे।

मोबाइल चोरी

थरवई । बड़नपुर गांव निवासी राम आसरे भारतीय जो हाई कोर्ट में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं बीती रात राम आसरे अपने घर के बरामदे में सो रहे थे अज्ञात चोरो ने 20000रु कीमत की मोबाइल चोरों ने उड़ा दिया पीड़ित ने चोरी की लिखित सूचना थरवई पुलिस को दी है।

मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चला जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण कर, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा इन्टर कॉलेज सिराथू व क्षेत्र में जाकर, थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा फक्कीर बख्श का पूरा में, थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा कस्बा चायल मे भ्रमण कर ,थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर, थाना कडाधाम पुलिस टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी मेमोरियल स्कूल में, थाना करारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम अगियौना पंचायत भवन में, थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा चावल मंडी कस्बा सराय अकिल मे, थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा ग्राम बैगवा फ्तेहपुर मेला मे भ्रमणशील रहकर ,महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया।

महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्यैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

तहसीलदार ने सिराथू में नौ राजस्व निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किए बदलाव

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। तहसीलदार सिराथू अनंत राम अग्रवाल ने सिराथू तहसील क्षेत्र में कार्यरत नौ राजस्व लेखपालों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए है। तहसीलदार सिराथू ने राजस्व निरीक्षक बजरंग प्रसाद को राजस्व निरीक्षक कार्यालय के साथ राजस्व निरीक्षक क्षेत्र कड़ा प्रथम , राजस्व निरीक्षक अतुल त्रिपाठी को कड़ा से राजस्व निरीक्षक क्षेत्र कड़ा द्वितीय , शंकर दयाल सिंह को शहजादपुर क्षेत्र से राजस्व निरीक्षक क्षेत्र नारा , राजस्व निरीक्षक धर्मपाल को सिराथू क्षेत्र से राजस्व निरीक्षक शहजादपुर , लव प्रसाद को राजस्व निरीक्षक क्षेत्र कोर्रा , दिलीप कुमार श्रीवास्तव को राजस्व निरीक्षक कार्यालय , मिथिलेश कुमार पाल को राजस्व निरीक्षक कार्यालय , राजेंद्र कुमार पाण्डेय को राजस्व निरीक्षक कार्यालय व प्रदीप सिंह को अपने वर्तमान लेखपाल क्षेत्र के साथ प्रभारी राजस्व निरीक्षक क्षेत्र सिराथू का कार्यभार सौंपा है।

टीचर्स प्रीमियर लीग 3.0 के विजेता टीम हुई सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र सिराथू में शिक्षकों की क्रिकेट प्रतियोगिता टीपीएल 2024 की विजेता टीम सिराथू को सिराथू ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। टीपीएल के तीसरे संस्करण का आयोजन गत वर्ष की उपविजेता टीम विकासखंड कड़ा ने करवाया। जिसमें विकासखंड सिराथू ने फाइनल में मंझनपुर को हराकर विजेता बनी। टीम के कप्तान सुशील तिवारी ने बेहतरीन रणनीति बनाते हुए फाइनल विजेता बनने की यह उपलब्धि हासिल किए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि खेलते रहने से शरीर स्वस्थ रहता हैं और स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। जिससे शिक्षक विद्यालय में पूर्ण ऊर्जा और मनोयोग से शिक्षण कार्य करने में सफल होते है। कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता ईश्वरी प्रसाद शुक्ल सुनील शुक्ल के द्वारा कराया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक ईश्वरी प्रसाद शुक्ल ने कहा की खेलते रहने से व्यक्ति मानसिक रूप से फिट रह कर तरोताजा रहता है। जिससे उसके कार्यक्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस मौके पर टीम के कप्तान सुशील तिवारी सहित करुणेश यादव ,सत्येंद्र सिंह, आलोक पटेल, नीरज कुमार, मनोज कुमार ,सुरेश कैथल, प्रशांत यादव , जितेंद्र तिवारी, संजय कुमार , मनमोहन सिंह चौहान, महेंद्र सिंह, आशीष आर्या, विजयपाल यादव ,आशीष त्रिपाठी ,विष्णु वर्मा सम्मानित किए गए। कप्तान सुशील तिवारी के साथ टीम के सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया जिसके परिणाम स्वरूप 2024 संस्करण की विजेता टीम सिराथू बन सकी। शिक्षकों के बीच होने वाली इस प्रकार की प्रतियोगिता फिट इंडिया मुहिम का एक अहम हिस्सा माना जा सकता है। अब वर्ष 2025 में होने वाले टीपीएल संस्करण की मेजबानी सिराथू करेगी।कार्यक्रम में अरुण बाजपेयी, सूर्य प्रकाश राय अनुराग मिश्र, रवि यादव, सत्य प्रकाश, विनोद यादव, राज कुमार सिंह, शनि सिंह ,अमित त्रिपाठी सहित कई शिक्षक उपस्थित रहें।

बाइक सवारों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत एक घायल

मौके पर रोते बिलखते परिजन पहुंचे घायल को कराया अस्पताल में भर्ती

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे के ओवर ब्रिज के ऊपर बाइक सवार दो लोगों को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े हैं एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग पहुंचे हैं मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज बड़ी धन्नी के रहने वाले विजय पटेल उम्र 25 वर्ष पुत्र लच्छी पटेल अपने साथी कुलदीप उम्र 22 वर्ष पुत्र पाले निवासी बड़ी धन्नी के साथ बाइक से किसी काम से सैनी गए थे सैनी से बाइक सवार वापस घर लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनों लोग चाकवन चौराहे के ओवर ब्रिज के पास पहुंचे तेज गति ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दिया है जिससे बाइक समेत दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं

हादसे में विजय पटेल की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है और कुलदीप गंभीर घायल है दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

शिव मंगल सिंह कॉलेज में जल एवं पर्यावरण-संरक्षण की दिलाई गई शपथ

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के अम्बाई बुजुर्ग गांव में स्थित श्री शिव मंगल इण्टर कॉलेज मे बुधवार को जल-संरक्षण के प्रणेता, सामाजिक कार्यकर्ता रणविजय निषाद ने जल संरक्षण के निमित्त एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर कौशांबी की प्राचार्यध् उपशिक्षा निदेशक निधि शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य निधि शुक्ला ने जल की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि जल एवम् पेड़ पौधे प्रकृति द्वारा दिये गये ऐसे उपहार हैं, जो जीवन के आधार स्तंभ हैंय इनका दोहन भविष्य के लिए घातक होगा। हम सबको इस मुहिम में शामिल होकर जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक कदम आगे बढ़ाना चाहिए। जल बचाओ अभियान के प्रणेता जलपुरुष रणविजय निषाद ने कहा कि जल एक ऐसा रसायन है जिसे हम केवल बचा सकते हैं, लेकिन इसे बना नहीं सकते हैं। जल जीवन का पर्याय है। श्री निषाद ने आगे कहा कि सोखपिट के निर्माण, खुली हुई टोंटियों को बंद करने, बाथरूम में जग-मग के प्रयोग करने पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। झीलों, तालाबों आदि का महत्व बताते हुए शिक्षक उदयभान सिंह यादव ने कहा कि पेड़-पौधे, नदी-तालाब, मानव, पशु-पक्षी सभी एक-दूसरे पर आश्रित हैं। इनका सरंक्षण जरूरी है। शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद मौर्य ने जल के महत्त्व को बताते हुए कहा कि जल बिना पूरा संसार सूना है।

बुंदेलखंड में जल की कितनी भयावहता है पर चर्चा किया। कार्यक्रम में अभिमन्यु यादव, शरद यादव, रेखा पाल, आरती निषाद सहित सैकड़ों बच्चे एवम् शिक्षक उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

विजिया चौराहा, कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी व प्रभारी निरीक्षक कौशाम्बी के कुशल निर्देशन में उपनिरीक्षक प्रदीप पांडेय वा उपनिरीक्षक चन्द्र मौल शर्मा व महिला कांसटेबल अर्चना व महिला कांसटेबल स्वाती यादव के द्वारा एंटीरोमियो व शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत ग्राम बैगवा फ्तेहपुर मेला में भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर, मिशन शक्ति,नारी शक्ति,नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन,102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन,181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

सराय अकील से धनबाद अवैध रूप से बिकने जा रहे गेहूं को मण्डी सचिव ने पकड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के रोही चौराहे से बुधवार की शाम 4.10 बजे भरवारी मण्डी सचिव अपने कर्मियों के साथ बिना मण्डी शुल्क जमा किए ट्रैक में गेहूं लादकर सरायअकील से धनबाद अवैध रूप से बिकने जाते समय पकड़ा और गेहूं लदे ट्रक को मण्डी समिति भरवारी में खड़ी करवा दिया।

कोखराज के रोही चौराहे पर मण्डी सचिव केके पांडेय, मण्डी सहायक लवलेश सिंह, सुरक्षा कर्मी नन्दलाल मिश्रा ने मंझनपुर की तरफ से तेज रफ्तार आ रहे 14 चक्का ट्रक को रुकवाया और ट्रक में लदे गेहूं के खरीद बिक्री के कागज मांगे जिसमें चालक ट्रक में लदे गेहूं की मण्डी शुल्क के पेपर नहीं दिखा सका, मण्डी सचिव ने ट्रक को लेकर भरवारी मण्डी समिति में खड़ी करवा दिया और चालक से व्यापारी को सूचना देने को कहा। मण्डी सचिव केके पांडेय ने बताया कि ट्रक में 516 बोरी कुल 310 कुंतल गेहूं लोड है, जिसको ओम ब्रह्मदेव ट्रेडिंग कम्पनी मुट्ठीगंज प्रयागराज ने सरायअकील से खरीदकर कर शक्ति फ्लोर मिल धनबाद, झारखंड बिकने जा रहा था, जिसका मण्डी शुल्क (मण्डी शुल्क, विकाश सेस, समन शुल्क) 132990 रुपए नहीं जमा किए थे स व्यापारी को सूचना दे दी गई है शुल्क जमा कर गेहूं लदे ट्रक को रिलीज करा कर ले जाए।

विद्याज्ञान की प्रारंभिक परीक्षा में जनपद के 36 बच्चे हुए सफल

एक दिसंबर को दुर्गा देवी इंटर कालेज ओसा में आयोजित की गई थी परीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद के परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे कक्षा पांच के छात्र व छात्राओं के लिए विद्याज्ञान प्रवेश के प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया गया है। एक दिसंबर को आयोजित हुई इस परीक्षा में शामिल 508 छात्रों में 12 छात्र व 514 छात्राओं में से 24 छात्राओं ने सफलता हासिल की है। इस तरह विद्याज्ञान की प्रवेश परीक्षा में कुल 36 छात्र छात्राएं प्रथम चरण में सफल हुए हैं। विद्याज्ञान की यह परीक्षा शिवनाडर फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।शिव नाडर फाउंडेशन संस्था के उत्तर प्रदेश के सीतापुर और बुलंदशहर में दो विद्याज्ञान विद्यालय हैं। जहां देशभर के परिषदीय विद्यालयों से चयनित होनहारों को अंग्रेजी माध्यम से इंटरमीडिएट तक की शिक्षा मुफ्त दी जाती है। विद्या ज्ञान की इस परीक्षा में सफल छात्र अब मुख्य परीक्षा में भाग लेंगे जिसमे अंतिम रूप से सफल छात्र छात्राओं का प्रवेश विद्यालय में सत्यापन के पश्चात होगा। जनपद के परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे यह छात्र और छात्राएं सफल हुए है। छात्रों की इस सफलता पर स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी है।

बालक वर्ग में रौनक सैंता, रोहित द्विवेदी अन्दावा, कृष्ण लाल निषाद केवट का पूरा, हेमंत तेजवापुर, रिषभ कोरी लोहाटी पार नितिन कुमार बाबा तारा, प्रवीण कुमार रसूलपुर टप्पा, कालू यादव गोविंदपुर, बृजेंद्र कुमार धुमाई, शिवाकांत तिवारी ऐगवां, हेमराज सिंह जगन्नाथपुर, एनामुल हक अंसारी तिलगोड़ी के छात्रों ने परीक्षा में सफलता हासिल की है। वहीं बालिका वर्ग में आराध्य सोनी सौंरई बुजुर्ग, नैना बुद्धपुरी, पूनम खोंपा, प्रिया घटैयापुर, सलोनी राघवपुर, शिक्षा चौधरी खनवारी, मीनाक्षी देवी गोपाल मिश्र का पूरा, सौम्या पांडेय गोपाल मिश्र का पूरा, प्रिया कुशवाहा पट्टी नटवर देवरा, श्रद्धा सिंह बैसन का पूरा, प्रिया सरसवां, लायबा खातून अकबरपुर कड़ा, अनुष्का मलाक मोहिउद्दीन, रश्मी प्रजापति महिला, ज्योती कुमारी मोहसिनी, आशी तन्नापर, पिंकी देवी फक्कीरबक्श का पूरा, सविता असदुल्लागंज, शान्वी कुमारी गिरिया खालसा, जानवी कुमारी कठरा, रानी रसूलपुर गिरसा, नैना बजहा खुर्रमपुर, नेहा सिंह तोनहा का पूरा, मुस्कान पांडेय भरसवां ने परीक्षा पास कर परचम लहराया है।

जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय पाता मंझनपुर का किया औचक निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकरी मधुसूदन हुल्गी द्वारा प्राथमिक विद्यालय पाता, मंझनपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों से अंग्रेजी की पाठ्य पुस्तक पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने पाया कि बच्चें अंग्रेजी के पाठ्य पुस्तक को अच्छे से पढ़ रहें थे, जिस पर जिलाधिकरी ने प्रसन्नता व्यक्त किया। उन्होंने बच्चों से कहा इसी तरह मन लगाकर पढ़ाई करें और आगे बढ़ें। विद्यालय में पंजीकृत 95 बच्चों में से 85 बच्चें उपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अध्यापकों को शैक्षणिक उन्नयन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बच्चां को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान किया जाय।

सरसवां पीएचसी में निशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सरसवां, कौशाम्बी। सरसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीएचसी में बुधवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए मरीजों का चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क चेकअप व इलाज किया गया। मुफ्त इलाज पाकर लोगों ने राहत की सांस ली है।

अस्पताल में सुबह दस बजे चिकित्सकों की टीम में स्वास्थ्य शिविर में पहुंची। यहां पर आए मरीजों की सबसे पहले चिकित्सकों ने निःशुल्क जांच शुरू किया। जांच के दौरान आए मरीजों का सुगर, श्वास, ब्लड, हार्ट आदि का चेकअप किया गया। इसके बाद मरीजों को चिकित्सकों ने निःशुल्क दवाओं का भी वितरण किया। शाम चार बजे तक चले स्वास्थ्य शिविर में कुल 87 जिसमें महिलाएं 45 व पुरुष 30 बच्चे 12 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच व दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में डॉ पंकज कोटार्य मानसिक रोग विशेषज्ञ ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की।

इस दौरान अधिकतर बुखार, ब्लड प्रेशर, उल्टी-दस्त आदि बीमारियों से पीड़ित मरीज अपनी जांच कराने व दवा लेने आए। मरीजों की जांच कर रहे चिकित्सक डा. प्रसून जायसवाल प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस समय बीमारियों से बचने के लिए सभी को सावधानी रखने की आवश्यकता है। यदि समझदारी न दिखाई तो तीसरी लहर का सामना करना पड़ सकता है। इसके डॉ पंकज कोटार्य मानसिक रोग विशेषज्ञ ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए 1 घंटे का व्यायाम और 7 से 8 घंटे की नींद बहुत जरूरी है, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सुबह एक घंटा अपने शरीर को जरूर दीजिए जिसमें चलना, दौड़ना, खेलना, व्यायाम करना, साइकलिंग इत्यादि शामिल है। संयमित खान पान एवम नशीले पदार्थों से दूरी बनाकर हम अपने हृदय के साथ-साथ शरीर के अन्य अंगों को भी स्वस्थ रख सकते हैं।डॉ पंकज कोटार्य मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक मौर्य अधीक्षक डॉ प्रसून जयसवाल दिनेश सिंह फार्मासिस्ट ब्रिज लाल यादव ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर विनीत कुमार ब्लॉक कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर नीरज पाण्डेय वार्ड बॉय समेत अस्पताल के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहें।

कौशाम्बी जिले के अभिषेक युवा संगम आंध्रप्रदेश में करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अध्ययनरत है अभिषेक, आंध्रप्रदेश में करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र अभिषेक नारायण का चयनएक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत युवा संगम में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधित्व के लिए हुआ है।उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल दल आंध्रप्रदेश जाएगा। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के लिए 75 जिलों में से 45 लोगो का चयन किया जाना था जिस कड़ी में अभिषेक का भी चयन हुआ। नगर पालिका परिषद के वॉर्ड 5 पंडित गिरधारी लाल मेहता नगर के रसूलपुर निवासी संजय दुबे के मझले बेटे अभिषेक नारायण का चयन भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत आयोजित युवा संगम 5.0 में उत्तर प्रदेश के 75 जिलों के 3000 आवेदकों में से दो चरणों के साक्षात्कार के बाद हुआ है। कार्यक्रम एक सप्ताह का है, जो दिसंबर के तीसरे सप्ताह में एसपीए आंध्रप्रदेश राज्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान प्रदान एवं राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना है। इस मौके पर अभिषेक के पिता संजय दुबे और माता आशा दुबे ने कहा कि प्रतिभाशाली छात्र अपनी हुनर व दमखम का परिचय देते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर सकते हैं।

इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स आपरेशन कमेटी आफइंडिया प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश बनाए गए- कृष्ण कुमार मिश्रा

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स आपरेशन कमेटी आफ इंडिया संस्थापक चेयरमैन चन्द्रेश दुबे के निजी सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद भदोही निवासी कृष्ण कुमार मिश्रा पुत्र राम श्रृंगार मिश्रा के इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स आपरेशन कमेटी आफइंडिया संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी एवं समर्पण को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष मिश्रा के प्रस्ताव एवं इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स आपरेशन कमेटी आफ इंडिया संस्थापक चेयरमैन चन्द्रेश दुबे की सहमति पर कृष्ण कुमार मिश्रा को इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स आपरेशन कमेटी आफ इंडिया प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया है कृष्ण कुमार मिश्रा को इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स आपरेशन कमेटी आफइंडिया प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश बनाएं जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष मिश्रा संस्थापक चेयरमैन चन्द्रेश दुबे प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सहित समस्त प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दिया।

पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।